सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 5:12
अधिकतम तापमान : 25.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-164 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 05 दिसम्बर 2024
02 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## महायुति ने राज्यपाल के सामने पेश किया सरकार बनाने का दावा

# फडणवीस लेंगे सीएम पद की शपथ

**संस्पेंस खत्म**

### मान गए एकनाथ शिंदे



**अजित पवार, एकनाथ शिंदे बनेंगे डिप्टी सीएम**

**शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी होंगे शामिल**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की महायुति सरकार में शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे को लेकर बना सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया है। गुरुवार को भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वहीं शिवसेना सूत्रों ने दावा किया है कि एकनाथ शिंदे भी एनसीपी नेता अजित पवार के साथ डिप्टी सीएम बनेंगे। महाराष्ट्र में सीएम पद और सरकार गठन को लेकर चल रहा इंतजार बुधवार को खत्म हो गया। महायुति नेताओं ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया। महायुति में शामिल भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस, शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और एनसीपी नेता अजित पवार ने राजभवन में राज्यपाल को विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा। इस दौरान राज्य के लिए पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और विजय रूपाणी भी मौजूद रहे। देवेंद्र फडणवीस पांच दिसंबर को महाराष्ट्र के सीएम पद की शपथ लेंगे। राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हमने राज्यपाल से मुलाकात की और राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए समर्थन पत्र सौंपा। हमारे गठबंधन सहयोगी शिवसेना और एनसीपी ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि मुझे महायुति के सीएम के रूप में शपथ दिलाई जाए। राज्यपाल ने सभी अनुरोध स्वीकार कर लिए हैं और हमें कल शाम 5.30 बजे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी शामिल होंगे।



# साइबर ठगी का भंडाफोड़

**शिकंजा**

- **दिल्ली में 10 जगहों पर सीबीआई की छापेमारी**




**117 करोड़ की साइबर ठगी पर सीबीआई का बड़ा ऑपरेशन**

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 117 करोड़ रुपये की अंतरराष्ट्रीय साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में दिल्ली और इसके आसपास (एनसीआर) में बुधवार को छापेमारी की। ये छापेमारी लगभग 10 स्थानों पर की गई।

एक अधिकारी के अनुसार, गृह मंत्रालय के साइबर अपराध समन्वय केंद्र से मिली शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। इसी की जांच के तहत यह छापेमारी की गई।प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि अज्ञात संगठित साइबर अपराधी और संदिग्ध विदेशी ठग पूरे भारत में सुनियोजित वित्तीय ठगी कर रहे हैं। सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा है कि अब तक की जांच से पर्दाफाश हुआ है कि विदेश से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे ये ठग भारत में लोगों को अपना शिकार बनाने के लिए वेबसाइट, वॉट्सऐप और टेलीग्राम का इस्तेमाल करते हैं। ये लोगों को अंशकालिक नौकरी, प्रारंभिक निवेश पर ऊंचे रिटर्न के वादे कर लुभाते हैं। पीड़ितों द्वारा जमा की गई रकम को म्यूल अकाउंट के नेटवर्क के जरिये शीघ्र इस तरह अंतरित किया जाता है कि उसके मूल स्त्रोत का पता न चले। म्यूल बैंक खाता किसी दूसरे व्यक्ति का ऐसा खाता होता है, जिसका उपयोग खाताधारक की अनभिज्ञता में वित्तीय गड़बड़ियों के लिए किया जाता है। प्रवक्ता ने बताया कि गुरुग्राम में दो और राष्ट्रीय राजधानी में आठ ठिकानों पर की गई। तलाशी के दौरान 10 लोगों के परिसरों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं वित्तीय रिकॉर्ड समेत अभियोजन योग्य सुबूत जब्त किए गए।

## न्यूज डायरी

### अब चेन पुलिंग करना पड़ेगा भारी



**भोपाल।** बिना गंभीर कारण ट्रेन रोकने के लिए चेन पुलिंग करना अब बहुत महंगा पड़ेगा। रेलवे ऐसा करने वालों से 500 रुपये जुर्माने के अलावा डिटेंशन चार्ज (अवरोधन शुल्क) यानी ट्रेन के ठहराव का खर्च भी वसूलेगा। डिटेंशन चार्ज की गणना आठ हजार रुपये प्रति मिनट की दर से की जाएगी। यानी अगर ट्रेन पुलिंग की वजह से ट्रेन पांच मिनट भी रुकी तो बतौर डिटेंशन चार्ज 40 हजार रुपये और 500 रुपये जुर्माना के रूप में वसूले जाएंगे। रेल अधिकारियों का कहना है कि एक बार चेन पुलिंग के बाद ट्रेन को दोबारा शुरू करने में पांच से सात मिनट लगते हैं।

### असम में गोमांस पर बैन



**गुवाहटी।** असम सरकार के मंत्रिमंडल की बुधवार को कैबिनेट बैठक हुई। इसमें तमाम अहम फैसले लिए गए। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बताया कि असम में रेस्टोरेंट, होटल और सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस (बीफ) नहीं बिकेगा। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में गोमांस उपभोग पर मौजूदा कानून में संशोधन कर नए प्रावधान शामिल करने का निर्णय लिया गया। पहले हमारा फैसला मंदिरों के पास गोमांस खाने पर रोक लगाने का था लेकिन अब हमने इसे पूरे राज्य में विस्तारित कर दिया है कि आप इसे किसी भी सामुदायिक स्थान, सार्वजनिक स्थान, होटल या रेस्तरां में नहीं खा पाएंगे।

### फिर गिरफ्तार हुए बाल्यान



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तम नगर से आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बाल्यान को कोर्ट ने बुधवार को जमानत दे दी, लेकिन कुछ देर बाद ही उन्हें फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। पहले बिजनेसमैन से उगाही करने के मामले में क्राइम ब्रांच ने आप विधायक नरेश बाल्यान को गिरफ्तार किया था। उस मामले में जमानत मिल जाने पर अब मकोका के मामले में क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू गिरोह पर मकोका लगा हुआ है। उसके साथ गढ़जोड़ दिखाकर पुलिस ने बाल्यान पर भी मकोका लगा दिया।

# बहुत सख्त है यूपी का गुंडा एक्ट : सुप्रीम कोर्ट

**सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश का गुंडा और गैर सामाजिक गतिविधि रोकथाम कानून बहुत सख्त है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये बात कही।

दरअसल इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मई 2023 में गुंडा एक्ट के तहत लंबित कार्यवाही रोकने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दी थी। इस पर याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करने का फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर बीते साल नवंबर में उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था। साथ ही शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत किसी कार्रवाई पर भी रोक लगा दी थी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल और अधिवक्ता तन्वी दुबे के जरिए याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि यूपी गैंगस्टर्स एक्ट के तहत उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निराधार है और पिछली प्राथमिकी से उपजी है। याचिका में कहा गया है कि यह प्राथमिकी दर्ज करना कानूनी प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग है। इसमें तर्क दिया गया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ गैंगस्टर्स एक्ट लगाना पक्षपातपूर्ण है।

# नया भारत तय करता है दुनिया के ध्रुवीकरण की दिशा : योगी

अवधनामा संवाददाता

- **दुनिया उसी का अनुसरण करती जो खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का रखता है जज्बा : मुख्यमंत्री**

> पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत को खुद को उसी अनुरूप तैयार किया और परिणाम है कि आज भारत की दिशा के बिना दुनिया की दिशा की कल्पना नहीं की जा सकती है। दुनिया में मानवता के सामने जो चुनौती है, भारत उससे निपटने के विश्वास का प्रतीक बना है। जी-20 का समिट उसका प्रमाण है। आज दुनिया का कोई भी बड़ा आयोजन भारत के बिना नहीं होता है। आज देश विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है।



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के प्रति पूरी दुनिया का विश्वास तेजी से बढ़ा है। एक समय था जब भारत दुनिया के किसी भी गुट में नहीं था। देश के सामने असमंजस की स्थिति थी कि उसकी दिशा क्या होगी, उसे क्या करना है। पर, आज का नया भारत दुनिया के ध्रुवीकरण की दिशा तय करता है। दुनिया का ध्रुवीकरण उधर होता है, जिधर भारत होता है। सीएम योगी बुधवार को महाराणा प्रताप (एम पी) शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज परिसर में समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया उसी का अनुसरण करती है जो खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का माद्दा रखता है। जो स्वयं खड़ा नहीं हो सकता, वह दूसरों को खड़ा होने की प्रेरणा कैसे दे सकता है। सीएम योगी ने देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं होती है। संस्थाओं और व्यक्तियों को भी इसकी जिम्मेदारी उठानी होती है।

# राहुल गांधी और प्रियंका नहीं जा सके संभल, गाजीपुर बॉर्डर से लौटे

- **संभल जाने पर अड़े रहे राहुल गांधी और प्रियंका**
- **विपक्ष के नेता के तौर पर यह मेरा संवैधानिक अधिकार**



**गाजीपुर।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी संभल के लिए निकले, लेकिन उन्हें पुलिस ने यूपी बॉर्डर पर ही रोक लिया। कांग्रेस नेताओं के काफिले को संभल जाने की इजाजत नहीं मिली। बुधवार को करीब दो घंटे बॉर्डर पर तनातनी के बाद राहुल और प्रियंका गांधी के काफिले को वापस दिल्ली भेज दिया गया। दोनों नेताओं के जाने के बाद कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भी दिल्ली की तरफ लौट गए। राहुल और प्रियंका गांधी समेत सभी कांग्रेस सांसद संसद चले गए। यूपी बॉर्डर पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के काफिले को रोकने के लिए सुबह से ही ट्रैफिक को रोक दिया गया था। प्रशासन की सख्ती के चलते कई लोगों को काफी परेशानी हुई। लोग अपने गंतव्य नहीं पहुंच सके। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह उत्तर प्रदेश के संभल जाकर पीड़ित परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें अकेले भी नहीं जाने दिया जा रहा है। वहीं राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि विपक्ष के नेता के तौर पर यह उनका संवैधानिक अधिकार है, लेकिन सरकार संविधान के अधिकार को भी दरकिनार कर रही है और उन्हें जाने की अनुमति नहीं दे रही है। उनका कहना था कि वह संविधान की रक्षा की लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा, हम संभल जाने की कोशिश कर रहे हैं, पुलिस जाने की अनुमति नहीं दे रही है। नेता विपक्ष के तौर पर ये मेरा अधिकार बनता है कि मैं जा सकता हूं पर तब भी ये मुझे रोक रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, मैंने कहा है कि मैं अकेले जाने को तैयार हूं मगर वो भी बात स्वीकार नहीं की। मेरा जो संविधान अधिकार है वो मुझे दिया नहीं जा रहा है ये नया हिंदुस्तान है संविधान को ख़त्म करने का हिंदुस्तान है। मगर हम लड़ते रहेंगे।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहा अत्याचार, एक्शन ले मोदी सरकार



लोकसभा में उठी मांग

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की सांसद हेमामालिनी और अन्य सदस्यों ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार और हिन्दू मंदिरों को तोड़े जाने का मामला उठाया और सरकार से हस्तक्षेप की मांग की। शून्य काल के दौरान हेमामालिनी ने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा खतरे में है। इस्कॉन से जुड़े लोगों को परेशान किया जा रहा है। संत चिन्मय कृष्ण दास को गिरफ्तार किया गया है। उनके विरुद्ध देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि यह हमारी भावनाओं से जुड़ा मामला है, सरकार को तत्काल इस गंभीर मसले पर ध्यान देना चाहिए। भाजपा के ही दिलीप सैकिया ने भी इस मामले को उठाते हुये कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ अमानवीय कृत्य किए जा रहे हैं। वहां सनानत धर्म के विरुद्ध ताकतें सक्रिय हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार बांग्लादेश को संदेश भेजे जिससे हिन्दुओं पर अत्याचार रोके जा सकें।

**बदलाव** यूनुस सरकार के मंत्री के बयान से बढ़ सकती है कड़वाहट

# नए बांग्लादेश को समझे भारत : आलम

- **बड़े बदलाव के बाद होंगे बांग्लादेश में चुनाव**
- **शेख हसीना ने सब कुछ तबाह कर दिया : यूनुस**




**ढाका।** भारत को जुलाई-अगस्त में बांग्लादेश में हुए राजनीतिक बदलाव को स्पष्ट रूप से मान्यता देनी चाहिए। इस बदलाव में शेख हसीना की सरकार को हटा दिया गया था। अब हमारे द्विपक्षीय सहयोग की नए सिरे से शुरुआत होनी चाहिए।

यह बात बांग्लादेश सरकार में प्रभारी मंत्री महफूज आलम ने फेसबुक पोस्ट में कही है। बांग्लादेश सरकार में प्रभारी मंत्री महफूज आलम हसीना सरकार को हटाने वाले छात्रों के आंदोलन के नेतृत्व मंडल में शामिल थे। पोस्ट में कहा गया है कि भारत सरकार बांग्लादेश को लेकर ऐसी छवि बनाने की कोशिश कर रही है कि वहां पर उग्रवादी, हिंदू विरोधी और इस्लामिक ताकतों ने सत्ता पर कब्जा कर लिया है। भारत को अपनी सोच बदलनी होगी उसे नए बांग्लादेश की वास्तविकताओं को समझना होगा। महफूज आलम वही शख्स हैं जिन्हें सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने अमेरिका में ब्रेन बिहाइंड द रिवोल्यूशन बताते हुए पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन से परिचय कराया था। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने कहा है कि शेख हसीना के शासनकाल में सभी कुछ नष्ट कर दिया गया था। संविधान और न्यायिक व्यवस्था में बदलाव करने के बाद देश में चुनाव कराए जाएंगे। यूनुस ने यह बात जापान के अखबार निक्केई एशिया को दिए साक्षात्कार में कही है। उन्होंने कहा, हमें अर्थव्यवस्था, शासन, नौकरशाही और न्यायपालिका में बड़े बदलाव करने होंगे, इसके बाद हम चुनाव कराने की स्थिति में पहुंचेंगे। यूनुस ने कहा, इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के मामलों की सुनवाई पूरी होने पर यदि उन्हें दंडित किया गया तो भारत से उनके प्रत्यर्पण की मांग की जाएगी। अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार प्रत्यर्पण के समझौते पर भारत और बांग्लादेश ने हस्ताक्षर किए हैं, ऐसे में समझौते का पालन करते हुए हसीना का प्रत्यर्पण करने की उसकी जिम्मेदारी बनती है। बांग्लादेश में अगस्त में शेख हसीना सरकार को हटाने के आंदोलन के दौरान देश में कई जेलों पर हमला कर उनमें बंद कैदियों को मुक्त करा लिया गया था।

## आरबीआई ने 5000 रुपये तक बढ़ाई यूपीआई लाइट वॉलेट की लिमिट



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को मोबाइल फोन के जरिए भुगतान करने वालों को खुशखबरी दी है। केंद्रीय बैंक ने यूपीआई लाइट वॉलेट लिमिट को 5000 रुपये और प्रति लेन-देन की लिमिट 1000 रुपये तक बढ़ा दिया है। इस कदम का मकसद मोबाइल फोन के जरिए तत्काल भुगतान की प्रणाली को और अधिक बढ़ावा देना है। **पहले 2000 रुपये थी ऑफलाइन लेन-देन की कुल लिमिट-** यूपीआई लाइट से पैसे का लेन-देन ऑफलाइन होते हैं। यानी इन लेन-देन में अतिरिक्त सुरक्षा प्रमाण (एएफए) की जरूरत नहीं होती और लेन-देन की जानकारी रियल टाइम में नहीं भेजी जाती।अब तक ऑफलाइन लेन-देन की अधिकतम सीमा 500 रुपये थी और एक भुगतान उपकरण पर कुल ऑफलाइन लेन-देन की सीमा 2000 रुपये थी। आरबीआई ने बुधवार को जनवरी 2022 में जारी ऑफलाइन ढांचे में संशोधन किया था, ताकि छोटी राशि के डिजिट भुगतान को ऑफलाइन मोड में सुगम बनाया जा सके।

# दिल की धड़कन रुके तो CPR से बच सकती है जान



**लखीमपुर खीरी।** बीते कुछ सालों में कार्डियक अरेस्ट के मामले बढ़े हैं। कुछ केस तो इतने अचानक से हुए हैं कि किसी को भी चिकित्सक को बुलाने या कुछ संभालने का मौका ही नहीं मिला। हार्टअटैक की स्थिति में व्यक्ति को तुरंत सीपीआर देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में मरीज की जान बचाने के लिए सीडीओ अभिषेक कुमार ने अनूठी पहल शुरू की है। इस पहल में विकास भवन में संचालित सभी दफ्तरों के अधिकारी-कर्मचारियों को सीपीआर यानी कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन की ट्रेनिंग प्रदान की गई सीडीओ अभिषेक कुमार ने अधिकारियों कर्मचारियों के साथ स्वयं भी सीपीआर ट्रेनिंग ली। सीडीओ ने अधिकारी,कर्मचारियों से अपील की कि सभी को यह ट्रेनिंग लेनी चाहिए, ताकि आप किसी के मुसीबत में काम आ सके। सीपीआर एक इमरजेंसी लाइफ सेवर प्रक्रिया है, जिसे तब किया जाता है जब दिल धड़कना बंद कर देता है। सीपीआर देने का तरीका सभी को मालूम होना चाहिए, क्योंकि हृदय गति कहीं भी रुक सकती है। कहीं भी दुर्घटना या कार्डियक अरेस्ट के चलते मृत्यु हो सकती है। ऐसे में सीपीआर जीवन बचाने में एक बड़ा प्रयास हो सकता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि हृदय गति रुकने जैसी कंडीशन में सीपीआर देकर लोगों की जान बचाई जा सकती है सीडीओ अभिषेक कुमार ने विकास भवन में कुशल चिकित्सक बुलवाया, जिन्होंने विकास भवन के प्रांगण में सीडीओ अभिषेक कुमार की मौजूदगी में हार्ट अटैक आने पर चंद मिनट के अंदर सीपीआर के जरिए किसी की जान बचाने का तरीका बताया। उन्होंने इसका लाइव डेमो देते हुए बताया कि किस तरह मरीज को सीपीआर दी जा सकती है सीडीओ अभिषेक कुमार ने अनूठी पहल करते हुए विकास भवन में हेल्थ चेकअप कैंप लगवाया। सभी अधिकारी, कर्मचारियों का मेडिकल चेकअप एवं महत्वपूर्ण जांच (बीपी, शुगर सहित स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य जरूरी जांचे)भी करवाई।

## 01 नफर वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मझगई पुलिस द्वारा 01 नफर वारन्टी अभियुक्त अवधराम पुत्र मंगू निवासी ग्राम लोकनपुरवा पो0 त्रिलोकपुर थाना मझगई जनपद खीरी सम्बन्धित मु0सं0 4372/13 एनसीआर 190/11 धारा 323/504 भादवि को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया।

## एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए शत्रु संपत्ति से अवैध कब्जा हटवाने एवं अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा तहसील के अमेठी गांव की 116 बीघा शत्रु संपत्ति जो पाकिस्तान गए खातेदार के नाम अंकित चल रही थी। चकबंदी अधिकारी ने उसे राज्य सरकार में निहित कर दिया था, लेकिन दबंगों ने उस जमीन पर अपना कब्जा जारी रखते हुए गेहूं की फसल बो दी। इस पर हिंदू संगठनों के साथ अधिवक्ताओं ने बुधवार को कड़ी आपत्ति जताते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है धौरहरा तहसील के गांव अमेठी की गाटा संख्या 1495 रकबा 4.0100 हेक्टेयर, गाटा संख्या 1940 रकबा 2.2500 व गाटा संख्या 2055 रकबा 3.1810 हेक्टेयर भूमि पाकिस्तान गए खातेदार सद्दीक अहमद निवासी धौरहरा वारिदहाल पाकिस्तान के नाम खतौनी में दर्ज थी। जिसे चकबंदी अधिकारी ने खारिज कर इस भूमि को राज्य सरकार के नाम दर्ज कर दिया है, लेकिन आदेश के बाद भी कस्बे के कमर अली आदि ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। उस जमीन पर गेहूं की फसल भी बो दी है इससे नाराज हिंदू संगठनों के साथ अधिवक्ताओं ने एसडीएम राजेश कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए, शत्रु संपत्ति से अवैध कब्जा हटवाने एवं अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया उक्त भूमि से जल्द कब्जा हटवाया जाएगा। इस मौके पर रमेश रस्तोगी, रामनाथ गुप्ता, कन्हैया लाल वाजपेयी, सुशील कुमार कश्यप, श्री प्रकाश श्रीवास्तव, अनुज, अनूप और अखिलेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, उठाएं लाभ



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** रबी 2024-25 के लिए जिले के कृषकों का ÷पीएम फसल बीमा योजना÷ से आच्छादन कराने के उद्देश्य से बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट में ÷पीएम फसल बीमा योजना÷ की समीक्षा बैठक ली। बैठक का संचालन डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि फसल की सुरक्षा और आपदा में नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए जनपद खीरी के लिए फसली वर्ष- रबी 2024-25 के लिए अधिसूचित फसल (मसूर, रेपसीड सरसों, गेहूं ) का पीएम फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई अपनी फसल का बीमा कराएं। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। कहा कि किसानों को क्षति से बचाने के लिए पीएम फसल बीमा का सुरक्षा कवच किसानों को प्रदान किया है। किसान रबी फसलों का बीमा 31 दिसंबर से पहले करा लें, ताकि किसी भी दशा में फसल क्षति होने पर उन्हें मायूस न होना पड़े सीडीओ अभिषेक कुमार योजना का उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से अनुसूचित क्षेत्र में कोई बोई गई अधिसूचित फसल को बीमा कवर प्रदान करना, कृषि में उन्नति तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा देना और आपदा वर्षों में कृषि आय को स्थिर रखता है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना फसल की बुवाई से लेकर कटाई के बाद तक की पूरे फसल चक्र से जुड़ी गतिविधियों के दौरान फसल के नुकसान के खिलाफ किसानों को सुरक्षा चक्र प्रदान करती है समीक्षा के दौरान डीएम ने पाया कि योजना के तहत रबी-2024-25 में 468 हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए 2077 किसानों ने बीमित है। डीएम ने डीडी कृषि, जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि माइक्रो प्लानिंग बनाकर गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाए और सीएससी के जरिए किसानों का योजना में पंजीयन करवाए। एआर कॉपरेटिव को पैक्स सोसाइटी के जुड़े किसानों को जोड़ने के लिए निर्देशित किया। मॉनिटरिंग करे कि गठित टीमों द्वारा कितने आवेदन कराए जा रहे। साप्ताहिक प्रगति से उन्हें भी अवगत कराए जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि फसल की सुरक्षा और आपदा में नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए जनपद खीरी के लिए फसली वर्ष- रबी 2024-25 में जिले के लिए अधिसूचित फसल अधिसूचित फसल (मसूर, रेपसीड सरसों, गेहूं ) का पीएम फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई अपनी फसल का बीमा कराएं।

## गैंगस्टर एक्ट के वांछित दो आरोपियों को भेजा जेल



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना नागल पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना नागल पुलिस ने थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बौद्ध व उपनिरीक्षक सचिन त्यागी के नेतृत्व में गाजियाबाद से गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों साहिल पुत्र फखरुद्दीन निवासी कल्लू गढी ईदगाह वाली मस्जिद थाना मसूरी जिला गाजियाबाद व मोहसीन पुत्र रशीद निवासी कल्लू गढी ईदगाह वाली मस्जिद थाना मसूरी जिला गाजियाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## अभियान के कार्यो व एकल अभियान की दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** भारत लोक शिक्षा परिषद के सहारनपुर चैप्टर के उद्घाटन समारोह में परिषद के पदाधिकारियों ने अभियान के कार्यो व एकल अभियान की जानकारी प्रदान की। स्थानीय दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सुभाष अग्रवाल, संजय गर्ग, डॉ.अजय सिंह, सुधाकर अग्रवाल, मधुकर मिश्रा, केंद्रीय सह अभियान प्रमुख दीप कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में भारत लोक शिक्षा परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज रायजादा ने अभियान के कार्यो व एकल अभियान की जानकारी दी। राष्ट्रीय प्रधान अखिल गुप्ता ने एकल अभियान के कार्य की देश में भूमिका की जानकारी दी। इस दौरान ट्रस्टी जी.डी गोयल व राष्ट्रीय महामंत्री राजीव अग्रवाल, विजय गुप्ता, राष्ट्रीय




कोषाध्यक्ष राजेश मित्तल, श्रीमती बिंदु गोयल, श्रीमती साधना गुप्ता, डीके बंसल, डीके बंसल, राकेश सैनी, उप प्रधान देवेंद्र कुमार बंसल, पंकज बंसल, महामंत्री आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनिल तुली, राजेश गुप्ता, आदेश जिंदल, अनिल गुप्ता गुरु, अमित गोयल, सुनील गुप्ता, संजय कर्णवाल, देवेंद्र कुमार बंसल, मांगेराम चौधरी, डॉ.अनंत अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, कुलदीप धमीजा, सुधाकर अग्रवाल आदि समेत भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## हत्या के मुकदमें में वांछित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने हत्या के मुकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना सरसावा प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 22 नवम्बर को प्रवेश कुमार पुत्र दुलार निवासी ग्राम अंगदपुर थाना दातागंज जनपद बदांयू की तहरीर पर आरोपी बादाम सिंह पुत्र ब्रजपाल निवासी ग्राम अंगदपुर थाना दातागंज जनपद बंदायू द्वारा वादी के भाई विनोद के पेट मे चाकू मारकर गंभीर चोट पहुँचाने की सूचना पर थाना सरसावा में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। बाद में उपचार के दौरान घायल विनोद की मौत हो गयी थी। थाना प्रभारी श्री शर्मा ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गोविंदपुर कट के पास से हत्या के मामले में वांछित आरोपी बादाम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## पार्टी के निष्ठावान व समर्पित व्यक्ति ही बनेंगे मण्डल अध्यक्षः देवेन्द्र



**सहारनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी देवेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि भाजपा के संगठन चुनाव में समर्पित निष्ठावान व सक्रिय सदस्य को ही मण्डल अध्यक्ष बनाया जायेगा। जिला प्रभारी देवेन्द्र कुमार शर्मा आज यहां भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा में जो मण्डल अध्यक्ष बनना चाहता है, वह पार्टी के प्रति निष्ठावान हो तथा कोई आपराधिक किस्म का व्यक्ति न हो। उन्होंने कहा कि इस बार 35 से 45 वर्ष के आयु के व्यक्तियों को ही मण्डल अध्यक्ष बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के सक्रिय सदस्य व सर्व समाज को साथ लेकर आगे बढ़ने वाले व्यक्ति को ही प्राथमिकता दी जायेगी। कार्यशाला को संसदीय कार्य व औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी, रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम, नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी, जिलाध्यक्ष डॉ.महेन्द्र सैनी, पूर्व विधायक बेहट नरेश सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष मनवीर पुंडीर, विजेंद्र कश्यप समेत भारी संख्या में जिला कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कोई भी पात्र न रहे लाभ से वंचितः मंत्री



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री तथा जनपद प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत के तहत बेहतर कार्ययोजना बनाकर जनपद के 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों के अविलम्ब आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ पात्रों तक पंहुचाने में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उत्तर प्रदेश के इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री तथा जनपद प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा आज यहां सर्किट हाउस के सभागार में विकास कार्यो व कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बनाए जा रहे आवासों के सर्वेयर की सूची सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा करते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के लिए फर्नीचर सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में संचालित स्मार्ट क्लास का औचक निरीक्षण कर बच्चों से फीडबैक लिया जाए। उन्होने कहा कि जल्द ही जनपद के शेष विद्यालयों में भी स्मार्ट क्लासेस संचालित कराई जाएंगी। उन्होने निर्देश दिए कि जनपद में जितनी भी परियोजनाएं निर्माणाधीन है, उन्हें निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने पर्यटन विभाग को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर उनकी विधानसभाओं में निर्माणाधीन एवं शुरू होने वाले कार्यो की सूची उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सुनिश्चित करें कि उद्घाटन एवं शिलान्यास के समय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए एवं शिलापट्ट पर उनका नाम अंकित कराया जाए। मंत्री श्री शर्मा ने अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करने के बाद निर्देश दिए कि अवैध कालोनियों पर सख्त कार्यवाही की जाए।

## सैन्य कैंटीन डिपो में नौकरी, लोगों के झांसा देकर हो रही थी ठगी; एसटीएफ ने एक आरोपी दबोचा

अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** सैन्य कैंटीन के डिपो में नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले एक आरोपी को एसटीएफ ने दबोच लिया है। पीड़ित द्वारा आर्मी इंटेलीजेंस में शिकायत करने के बाद ये कार्रवाई हुई। सैन्य कैंटीन डिपो में अस्थायी पद पर नियुक्त का झांसा देकर लोगों से ठगी की गई। मामले की जानकारी पर मिलिट्री इंटेलीजेंस और एसटीएफ ने जांच की। एक आरोपी कैंटीन स्टोर डिपार्टमेंट में कंप्यूटर ऑपरेटर निकला। आरोप है कि उसके माध्यम से जम्मू में तैनात दो सैन्य हवलदार लोगों से रकम ले रहे थे। मामले में थाना सदर में मुकदमा दर्ज किया। है। आरोपी कंप्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार कर लिया गया।एसटीएफ आगरा यूनिट के निरीक्षक यतेंद्र शर्मा ने बताया कि जसवंतनगर, इटावा निवासी अनिल यादव ने मिलिट्री इंटेलीजेंस से शिकायत की थी। बताया कि कैंटीन डिपो में नियुक्त देवरी रोड निवासी धीरेंद्र उर्फ मनोज के माध्यम से सेना के हवलदार क्लर्क मनीष भदौरिया और जसकरन पठानिया ठगी कर रहे हैं। उन्होंने कैंटीन डिपो में अस्थायी पदों पर नौकरी का आश्वासन दिया था। पीड़ित सहित कई लोगों से लाखों की रकम ली गई थी। इस पर जांच की गई। मामले में थाना सदर में धोखाधड़ी सहित अन्य धारा में मुकदमा दर्ज कराया गया। एसटीएफ ने सोमवार रात को मधु नगर चौराहे के पास से धीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं दोनों हवलदार को वांछित किया गया है। एसटीएफ की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कैंटीन स्टोर डिपार्टमेंट में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर अस्थायी रूप से कार्यरत है। सैन्य हवलदार क्लर्क मनीष भदौरिया और उसके साथी जसकरन, जोकि जम्मू में तैनात हैं, पूर्व में आगरा में तैनात थे। मनीष ने दिल्ली में सेना के अधिकारियों से सांठगांठ का आश्वासन दिया।

## चोरी की बाईक समेत आरोपी दबोचा, भेजा जेल



**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को दबोचकर उसके कब्जे से चोरी की बाईक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना जनकपुरी प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 3 दिसम्बर को वादी विशाल पुत्र जयपाल निवासी बचीटी थाना देवबंन्द हाल निवासी पुष्पांजली विहार थाना जनकपुरी की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ वादी की बाईक चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना जनकपुरी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि महिला उपनिरीक्षक सुमन चाहर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जमालपुर पुलिया के पास से एक शातिर वाहन चोर नितिन पुत्र विनोद निवासी पुष्पांजली विहार थाना जनकपुरी को गिरफ्तार कर लिया।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ के मोबाइल ऐप 'आईप्रू एज' का उपयोग कर तुरंत कमीशन प्राप्त किया

अवधनामा संवाददाता

**बरेली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस द्वारा अपने एडवाइज़र्स के लिए विशेष रूप से पेश किए गए मोबाइल ऐप आईप्रू एज के कारण वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में उत्पादकता में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे एडवाइज़र्स की आय में भी इजाफा हुआ है। खास बात यह है कि आईप्रू एज का उपयोग करने वाले 98.1 प्रतिशत एजेंट्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान किया गया। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑफ सेल्स, प्रॉपराइटरी चैनल, श्री दिनेश टाकने कहा,÷हमारे मोबाइल ऐप आईप्रू एज ने हमारे एजेंट्स को अपना व्यवसाय बढ़ाने में सक्षम बनाया है। यह वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में देखी गई 37 प्रतिशत उत्पादकता वृद्धि से स्पष्ट है। इसके अलावा, आईप्रू एज का उपयोग करने वाले 98.1प्रतिशत



एडवाइज़र्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान किया गया। इन पहलों ने हमें देश का सबसे एडवाइजर-फ्रेंडली लाइफ इंश्योरेंस प्रोवाइडर बनने में मदद की है। हमने तकनीकी समाधान भी लागू किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में सेविंग्स बिजनेस सेगमेंट की लगभग 50 प्रतिशत पॉलिसी उसी दिन जारी की गईं।आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ चुनिंदा डिस्ट्रीब्यूटर्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान करने वाली पहली जीवन बीमा कंपनी है।कंपनी के पास 2 लाख से अधिक एडवाइज़र्स का नेटवर्क है, और लगभग 61 प्रतिशत शीर्ष एडवाइज़र्स अब इस ऐप का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहे हैं, जिससे उनके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद मिल रही है।

यह मोबाइल ऐप एजेंट्स के लिए चलते-फिरते कार्यालय की तरह काम करता है, जिससे वे प्रशासनिक गतिविधियों के बजाय नए व्यवसाय विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।आईप्रू एज रीयल-टाइम केवाईसी ऑथेंटिकेशन की सुविधा प्रदान करता है, और इसकी ओसीआर टेक्नोलॉजी ग्राहकों को पेपरलेस खरीदारी का अनुभव देती है। यह छोटे शहरों और गांवों में काम करने वाले एजेंट्स के लिए बहुत उपयोगी है।

## मुलायम सिंह यादव स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में हुए सुपर 16 के मुकाबले



**बरेली।** बरेली में खेले जा रहे स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में आज से सुपर 16 के मुकाबला शुरू हुए। जिसमें पहला मुकाबला फतेहगंज क्रिकेट क्लब बनाम आंवला क्रिकेट क्लब के बीच हुआ फतेहगंज ने पहले बंद बजे करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 77 रन बनाए। आंवला वाला ने 78 रन का टारगेट 7 ओवर में हासिल कर लिया मैन ऑफ द मैच रूपचंद रहे। इसी प्रकार दूसरे सुपर 16 मैच में दीक्षित वॉरियर ने 131 रन बनाए। अरबाज ने शानदार 90 रन बनाए। बढ़ई क्रिकेट क्लब ने आखिरी ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया अभिषेक ने शानदार 104 रन बनाये। गुरुवार को भी सुपर 16 के मैच खेले जाएंगे। आज के मैच के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष सलीम का सुल्तानी रहे। साथ ही महानगर महासचिव पंडित दीपक शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता साजिद अली, छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद फरहान अली, महानगर सचिव राजेश मौर्य उपस्थित रहे। आयोजन कमेटी के सदस्य बृजेश आजाद, अमरीश यादव और जाबेद गद्दी ने बताया के शनिवार को सेमीफाइनल मैच के लिए जाएंगे और रविवार को फाइनल मैच होगा।

# एसएसपी ने फतेहगंज पश्चिमी के थाना प्रभारी को किया निलंबित

अवधनामा संवाददाता

**बरेली।** बरेली में लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई जारी है। मंगलवार को दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित किए गए थे। बुधवार को एसएसपी ने फतेहगंज पश्चिमी थाने के प्रभारी पर कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान थाने में खामियां मिलने पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। बरेली जिले में एसएसपी अनुराग आर्य ने बुधवार को फतेहगंज पश्चिमी थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें वहां कई खामियां मिलीं। गूगल मीट पर 24 घंटे पहले ही निरीक्षण के बारे में निर्देश दे दिए गए थे। इसके बावजूद थाना प्रभारी राजेश बाबू मिश्रा ने इसकी कोई तैयारी नहीं की। जनसुनवाई में मिली शिकायतों को लेकर कोई मॉनीटरिंग नहीं की गई। सिपाहियों को कोई बीट बुक नहीं



बांटी गई, जबकि एक साल से बीट बुक थाने भेजी जा चुकी हैं। इस पर एसएसपी ने थाना प्रभारी राजेश बाबू मिश्रा को निलंबित कर दिया। इस कार्रवाई से थाने में खलबली मच गई। मंगलवार को दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी। मनमानी कार्यशैली और लापरवाही के मामले में एसएसपी अनुराग आर्य ने एक दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया था। सभी के खिलाफ विभागीय जांच बैठाई गई है। जानकारी के मुताबिक सीबीगंज थाने में दर्ज मुकदमे की विवेचना सिरौली थाने में तैनात दरोगा हेमराज सिंह कर रहे थे। उन्होंने एक मुकदमे में आरोपी को दो बार रिमांड पर लिया और विवेचना पूरी कर कोर्ट में गलत तथ्य प्रस्तुत कर दिए। दरोगा ने अधिकारियों से भी तथ्य छिपाए रहा, जिसका लाभ आरोपी को मिला। जांच में सच्चाई सामने आई तो एसएसपी ने हेमराज को निलंबित कर दिया।

## एसपी ने आरक्षी से उपनिरीक्षक बने भोलाराम व प्रताप सिंह यादव के दो स्टार लगाकर बधाई दी



**फर्रूखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा मुख्य आरक्षी से उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुए प्रताप सिंह यादव व भोलाराम को रैंक प्रतीक/दो स्टार लगाकर पदोन्नति की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल का औचक निरीक्षण



**फर्रूखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह द्वारा इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल सकवाई वि0 खंड0 मोहम्दाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विद्यालय में पंजीकृत 74 बच्चो में से 46 बच्चें उपस्थिति पाये गये, विद्यालय में साफ सफाई का अभाव पाया गया इस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई व सफाई कराने के लिये निर्देशित किया,शिक्षा का स्तर खराब पाया गया, बच्चों में सामान्य जानकारी का अभाव पाया गया, विद्यालय में 04 अध्यापक व 02 शिक्षा मित्र तैनात है, एक अध्यापक मेडिकल लीव पर व एक वी0आर0सी0पर ट्रेनिग में गया था, जिलाधिकारी द्वारा उपस्थिति रजिस्टर व मिड डे मील रजिस्टर चेक किये गये।

## मदारपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक हुई



**फर्रूखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रूखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र की प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में नव गठित स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में बड़े ही उत्साह के साथ भाग लेकर बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति का संकल्प लिया। समिति के सचिव/प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने एसएमसी गठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी भी बताई। उन्होंने कहा कि छमाही परीक्षा, द्वितीय सत्र परीक्षा, निपुण एसेसमेंट टेस्ट और मार्च में वार्षिक परीक्षा होगी। अतः सभी बच्चों नियमित स्कूल आना जरूरी है। बच्चों की नियमित उपस्थिति में स्कूल प्रबंधन समिति, ग्राम शिक्षा समिति, पीटीएम, एमटीएम, मां समूह आदि को सक्रिय सहयोग करना चाहिए। श्री शुक्ल ने बताया कि एसएमसी की बैठक हर माह के पहले बुधवार को होती है।मीटिंग में खेतल सिंह,जयवीर, राजेन्द्र,नीरज, मोहिनी, नीलम, चंचला, इसरार, मीना, रामदेवी, वर्षा, ऊषा, रागिनी, अंजू, रेनू, नफीसा, रामप्यारी, मानदेवी आदि उपस्थित रहे।

## जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन के किसान नेताओं ने एसडीएम कायमगंज को ज्ञापन सौंपा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद की तहसील कायमगंज में आज 4 दिसंबर को जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन के जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत ने मंडी सचिव के हाथों द्वारा उपजिलाधिकारी कायम गंज को ज्ञापन सौपा जिसमे 4 दिसंबर को व्यापारियों ने किसान विक्रेताओं को बिना सूचना दिये मंडी बंद कर दीऔर जिससे किसानो ने अपनी सब्जी गेहूँ चावल वाहर फुट पाथ पर रखने को मजबूर हुए मंडी खुलवाने मे एसडीएम व तहसील दार पूर्णता लापरवाह रहे फिर उपजिलाधिकारी कायमगंज ने तहसील सभा गार मे व्यापारियों व किसान नेताओं के साथ बैठक की बाद मे जिला अध्यक्ष कमलेश राजपूत प्रदेश सचिव हरि लाल अल्प संख्यक जिला अध्यक्ष शाह बारिश खान व व्यापारियों को एसडीएम ने अपने ऑफिस मे बुलाया और कहा यदि आपने यह मंडी का मुद्दा दोवारा उठाया तो सभी पर मुकद्दमा लिख्वाऊगा किसान नेता भड़क गए जिला अध्यक्ष कमलेश राजपूत ने खुले शब्दो मे एसडीएम तहसील दार को बहुत बड़ा आंदोलन करने की धमकी दे डाली दूसरा इस मंडी मै टीन शेड के नीलामी चबूतरो जिन पर व्यापारियों का अवैध कब्जा है जिसे हटबाने को जिला अध्यक्ष कमलेश राजपूत ने कई बार एसडीएम को ज्ञापन सौपा लेकिन उपजिलाधिकारी ने एक भी नही सुनी जिला अध्यक्ष कमलेश राजपूत ने स्ष्ठरुव तहसील दार को चेतावनी दी है यदि मंडी से यह अवैध कब्जा नही हटाया गया तो किसानो का बहुत बड़ा आंदोलन होगा।

# यूपी के प्राचीन वैभव को फिर से स्थापित कर रहे हैं सीएम योगी: नरेंद्र सिंह तोमर

- महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ पर मप्र विधानसभा के अध्यक्ष
- गोरक्षपीठ और महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद समूचे देश के लिए प्रेरणास्रोत

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि एक समय वह भी आ गया था जब उत्तर प्रदेश में कोई आने को तैयार नहीं था। पर, योगी आदित्यनाथ ने जबसे मुख्यमंत्री के रूप में यहां कमान संभाली है तबसे यूपी का प्राचीन वैभव पुनर्स्थापित होने लगा है। कानून व्यवस्था की बात हो, निवेश लाने की, स्वास्थ्य क्षेत्र की सुदृढ़ता, गरीबी उन्मूलन या फिर राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की, उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने हर दिशा में सफलतापूर्वक कदम बढ़ाए हैं।

श्री तोमर बुधवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ से वह कई भूमिकाओं में मिलते रहे हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में वह भक्तियोग का मार्ग दिखाते हैं तो उसी के समानांतर राजनेता के रूप में कर्मयोग का भी रास्ता बताते हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में उनकी अपनी जो साधना है वो तो प्रेरणादायी है ही, कर्मयोग के मार्ग पर चलते हुए एक राजनेता, सांसद व मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने जो काम किया है, उनकी जितनी प्रशंसा की जाये उतनी कम है।

उन्होंने भगवान गोरखनाथ की धरा पर आगमन का आमंत्रण पाने के लिए खुद को सौभाग्यशाली बताया। श्री तोमर ने गोरक्षपीठ के प्रकल्प महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के व्यापक लोक सरोकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई भी आध्यात्मिक संस्था, पीठ या मठ सामान्यतः भक्ति योग की प्रेरणा देती है। पर, गोरक्षपीठ एक ऐसी संस्था है जो भक्तियोग के साथ कर्मयोग में रत होकर, इसकी प्रेरणा देकर नागरिकों के जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। इस परिप्रेक्ष्य में गोरक्षपीठ और इसकी संस्था महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद समूचे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि कोई संस्था शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है तो कोई तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में। पर, बात जब महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की आती है तो हमारा ध्यान सर्वांगीण विकास और लोक कल्याण के परम वैभव की समग्र योजना की तरफ जाता है।

आज इस परिषद के द्वारा 50 से अधिक संस्थाओं का संचालन करना यह अपने आप में अद्वितीय उदाहरण है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने शिक्षा के सर्वांगिण विकास के लिए जो काम किया है वह अपने आप में अद्भुत है और निश्चित रूप से प्रेरणादायी है।

## हाफिजे मिल्लत का मनाया उर्स, बच्चे पुरस्कृत



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** तुर्कमानपुर स्थित मकतब इस्लामियात में बुधवार को दीनी तालीम के लिए एशिया में अलग पहचान रखने वाली अरबी यूनिवर्सिटी अल जामियतुल अशरफिया मुबारकपुर के संस्थापक हाफिजे मिल्लत हज़रत शाह अब्दुल अज़ीज़ अलैहिर्रहमा का 50वां उर्स-ए-पाक अदब ओ एहतराम के साथ मनाया गया। बच्चों ने किरात, तकरीर, नात व मनकबत पेश? की। अतिथियों ने बच्चों को पुरस्कृत किया। उलमा किराम ने हाफिजे मिल्लत की दीनी व दुनियावी ख़िदमात पर रोशनी डाली। अध्यक्षता करते हुए मुफ्ती-ए-शहर अख़्तर हुसैन मन्नानी ने कहा कि हाफिजे मिल्लत पूरे तौर पर शरीअत के आमिल थे। लोगों को शरीअत समझाने वाले थे और अमल कराने वाले भी थे। अपनी पूरी ज़िंदगी अल्लाह, रसूल और इंसानों की सेवा में गुजार कर दीन और दुनिया दोनों में अपना नाम रोशन कर लिया। आपका पैगाम था कि ज़मीन के ऊपर काम, ज़मीन के नीचे आराम यानी जब तक इंसान ज़िंदा रहे दीन-ए-इस्लाम, मुल्क व इंसानियत की सेवा कर नेक अमल करता रहे ताकि मौत के बाद कब्र में चैन व सुकून हासिल हो सके। नायब काजी मुफ्ती मोहम्मद अजहर शम्सी ने कहा कि हाफिजे मिल्लत ने कौम की दीनी और दुनियावी रहनुमाई की। मदरसा मिस्बाहुल उलूम को अरबी यूनिवर्सिटी अल जामियतुल अशरफिया का रूप दिया। आपने तौहीद, इत्तेहाद व इत्तेफाक का संदेश दिया, ताकि पूरी दुनिया में तौहीद, इत्तेहाद व इत्तेफाक का माहौल बने और अमन शांति कायम हो सके।

# पुराने आलू को केमिकल के जरिए बनाया जा रहा है नया आलू

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** आलू का सीजन चल रहा है और बाजार में ने आलू की आवक हो रही है पुराने आलू की डिमांड ना होने की वजह से धंधेबाज अब पुराने आलू को केमिकल के जरिए नया आलू बनाने का खेल कर रहे हैं जो मानव जीवन के लिए हानिकारक है असिस्टेंट फूड कमिश्नर डॉ. सुधीर कुमार सिंह के निर्देशन व मुख्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में कार्य करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेंद्र श्रीवास्तव अंकुर मिश्रा के साथ महेवा मंडी में छापेमारी की गई टीम ने वहां से 180 कुंतल आलू बरामद किया गया। केमिकल के जरिए पुराने आलू को नए आलू बनाकर बेचा जा रहा था इसके साथ ही टीम ने सहजनवा में खेसारी की दाल बेचने की शिकायत पर छापेमारी की गई वहां से नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला हेतु जांच के लिए भेजा गया है।

असिस्टेंट फूड कमिश्नर डॉ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि महेवा मंडी में छापेमारी के दौरान यह पाया गया कि पुराने आलू को केमिकल के जरिए नया आलू बनाकर बाजार में बेचा जा रहा है प्रथम दृष्टिया जांच में पाया गया है कि इसमें केमिकल का इस्तेमाल किया गया है। पूछताछ के दौरान कारोबारी ने बताया कि यह बाराबंकी और उन्नाव से आलू आया हुआ है पुराने आलू को जमीन में गड्ढा करके उसमें केमिकल मिलाकर बूट से



कूचलकर उसके छिलके को छुड़ाकर लाल रंग की मिट्टी मिलाकर बाज़ार बेचने का कारोबार कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि इसके मुख्य ठिकाने तक भी जल्दी पहुंच जाएगा उन्होंने उपभोक्ताओं को मौके पर जागरूक भी किया कि आलू की खरीद के समय उसकी जांच परख जरूर कर ले पानी में भीगने पर अगर छिलका रह जाता है या आलू को दबाकर भी चेक किया जा सकता है अगर आलू दब रहा है तो इसका मतलब पुराना आलू है आदि तमाम तरीके से उसकी जांच पर की जा सकती है। फिलहाल मौके पर 180 कुंतल आलू को नष्ट किया गया है केमिकल के प्रयोग से आंत और लीवर पर इसका असर पड़ सकता है। जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है नमूने संग्रहित का प्रयोगशाला हेतु जांच के लिए भेजा गया है जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 150 लोगों की समस्याएं

# घबराइए मत, हर शिकायत पर कराएंगे प्रभावी कार्रवाई : योगी

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, 'घबराइए मत, हर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराया जाएगा। सरकार सबकी समस्या दूर करने को संकल्पित है।' जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं व अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया।

जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए।

## हैण्डपम्प खराब होने से पेयजल संकट से जूझ रहे रामपुरा के ग्रामीण

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** सरकार ने जल संकट को दूर करने के लिए कितने ही उपाय क्यों ना किये हो लेकिन धरातल पर सभी अपर्याप्त साबित



हो रहे हैं। रामपुरा विकास खण्ड के अंतर्गत आने वाली 44 ग्रामपंचायतों में 3136 हैण्डपम्प ग्रामीणों की सुविधा को लगे हैं। लेकिन लगभग 500 से अधिक हैण्डपम्प रीवोर को खड़े हैं। जिन्हे सही करवाने में जिम्मेदारों ने कोई प्रयास नही किया है। विकास खण्ड रामपुरा की ग्राम पंचायतें नरौल व हनुमंतपुरा के ग्रामीण जल संकट की स्थिति से गुजर रहे है उन्हें एक एक बाल्टी पानी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगे हैण्डपम्प खराब है जिन्हे ठीक कराने के लिए जिम्मेदारों से कई बार गुहार लगाई है लेकिन अब तक किसी ने कोई प्रयास नही किया। रीवोर ना होने से हैंडपंप बेकार हो चुके हैं, जबकि ग्रामीणों को दूर दराज जगहों से पानी भरना पड़ता है। मंदिर के पास लगे हैण्डपम्प भी खराब पड़े है जिससे श्रृद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ती है। मुख्य मार्ग में लगा हैण्डपम्प भी रीवोर को खड़ा है। गुजरने वाले ग्रामीण अपनी प्यास नही बुझा पाते हैं। अबतक कई बार हैण्डपम्प रीवोर की मांग की गयी लेकिन किसी जिम्मेदार ने कोई प्रयास नही किया है। ग्रामीण विवेक, सुखवीर, हरीराम, छोटेलाल ने बताया कि कई बार जिम्मेदारों से हैण्डपम्प सही करवाने को कहा गया है लेकिन सही नही करवाते हैं। कहते हैं ग्राम पंचायत में इतनी निधि नही आती है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना भी ग्रामीणों की प्यास बुझाने में नाकाम रही है। सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट नमामि गंगे अधर में लटका है जो कि अब तक ग्रामीणों की प्यास बुझाने में नाकामयाव साबित हुआ है। हर घर जल पहुंचाने का सरकार सपना एक लम्बी दूरी में तब्दील होता दिख रहा है। एडीओ पंचायत भारत सिंह से हैण्डपम्प रीवोर की जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि अभी सूची तैयार नहीं की गयी है।

# मृतक का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम



- प्रशासन के द्वारा शव के अन्तिम संस्कार कराने में छुटे पसीने
- पीड़ित परिवार के 8 सूत्री मांगों को लेकर डीएम से वार्ता के बाद परिजन दाह संस्कार के लिए हुए राजी

अवधनामा संवाददाता

**सहजनवा गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के अमटौरा मे बीतीरात दिनदहाड़े शिवधनी निषाद की गोली मार कर हत्या कर दिया गया था वही पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव जब घर पहुंचा तो परिजन आक्रोशित हो गए और अभियुक्तों पर कार्यवाही व पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता की मांग करने लगे वही पुलिस उनकी मांगों पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे थे उसके बाद देखते ही देखते गांव के ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा था।

वही विभिन्न पार्टियों व निषाद समाज के नेताओं का काफिला भी पहुंचने लगा वही नेताओं ने पहुंचकर मृतक के परिवार को न्याय दिलाने को लेकर अधिकारियों से अड़ गए कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हम शव का दाह संस्कार नहीं करेंगे। वही मौके पर मौजूद उप जिला अधिकारी सहजनवा दीपक गुप्ता, एसपी नार्थ अजय श्रीवास्तव, तहसीलदार राकेश कनौजिया, चौरी चौरा सीओ अनुराग सिंह, गीडा सीओ प्रशाली गंगवार व लगभग भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे वही आए हुए राजनीतिक पार्टियों के नेताओं से पीड़ित परिवार के परिजनों से दाह संस्कार करने के लिए मनाते रहे लेकिन वही सभी लोगों ने अपनी कई मागे रखी जिसमें उनकी मांग थी कि पीड़ित परिवार को नौकरी दी जाए, व परिवार के सुरक्षा के लिए असलहे का लाइसेंस, वह परिवार वालों के भारत पोषण के लिए एक करोड रुपए का मुआवजा दिया जाए, दोषियों के घर पर बुलडोजर की कार्रवाई, व मृतक की बेटी की शादी के खर्चे भी मुहैया करवाया जाए,वही गीडा थाना प्रभारी को बर्खास्त करने की भी माग की उसके बाद उनकी मांगों को लेकर जिला अधिकारी गोरखपुर से उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक गुप्ता ने वार्ता की और परिजनों के सभी मांगों को अवगत कराएगा जिस पर जिलाधिकारी गोरखपुर ने माग पूरी करने के लिए आश्वासन दिया तब जाके मृतक के परिवार के लोग दाह संस्कार के लिए तैयार हुए । वही सुबह से लेकर दोपहर तक शव के दाह संस्कार करने में परिजन वह पुलिस प्रशासन के बीच में गहमा गहमी होती रही और दाह संस्कार करने से मना करते रहे। बाद में मोक्ष धाम कालेश्वर में दोपहर के समय दाह संस्कार का कार्यक्रम पुलिस के मौजूदगी में संपन्न हुआ। वही गीडा पुलिस द्वारा देर रात सभी नामजद अभियुक्तों को हत्या में शामिल बंदूक व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया वही इस हत्याकांड से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। माहौल को देखते हुए गांव में पीएसी व पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।

# हिन्दी भाषा का महत्व-प्रसार एवं प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** नवयुग कन्या महाविद्यालय के हिंदी विभाग की नवज्योतिका संस्था एवं उ प्र भाषा संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी का विषय था हिंदी भाषा का महत्व प्रसार एवं प्रासंगिकता। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर सर्वेश सिंह, बीबीए विश्वविद्यालय विशिष्ट अतिथि डॉ अजिता करामत हुसैन गर्ल्स पीजी कॉलेज, महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो मंजुला उपाध्याय हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रो मंजुला यादव, डॉअपूर्वा अवस्थी, श्रीमती अंकिता पांडे एवं डॉ मेघना यादव उपस्थित रही।

कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का स्वागत पुष्प उत्तरीय और स्मृति चिन्ह द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता प्रो सर्वेश सिंह ने कहा जब हम भाषा की बात करते हैं तो रामचरित



मानस की रचना के समय तुलसीदास ने प्रारंभ में संस्कृत में लिखा और मंगलाचरण के बाद अवधी में वे लिखते समय भाषा बद्ध करब मैं सोई कहकर भदेस शब्द का प्रयोग किया। हिंदी भाषा की प्रकृति का प्रारंभ यहीं से होता है। हिंदी में आजकल संस्कृत के शब्द लुप्त होते जा रहे हैं जो भाषा की दृष्टि से उचित नहीं है। संसार का अंतिम विश्व युद्ध भाषा पर ही लड़ा जाएगा और जीतेगा वही जिसकी भाषा में संस्कार होंगे, संस्कृति होगी। इसलिए हमें अपनी भाषा को संरक्षित करना चाहिए। उन्होंने उतरकांड और गीता के 63वें श्लोक का भी उदाहरण देते हुए भाषा को उद्धृत किया। विशिष्ट वक्ता डॉ अजीता मिश्रा ने कहा कि भाषा वह साधन है जिसके द्वारा सृजन भी होता है और संहार भी। भाषा वाणी की शक्ति है। हमारी मातृभाषा हमारे रग रग में व्याप्त है। आज विश्व की 7 हजार भाषाओं में हिंदी तीसरे स्थान पर है। 8 सौ करोड़ जनसंख्या में 8 प्रतिशत हिंदी भाषी लोग हैं। लेकिन हम हिंदी बोलने में संकोच करतें हैं। आज विदेशों में हिंदी के लिए आई सी सी आर कार्य कर रहा है। मध्यप्रदेश पहला ऐसा राज्य है जिसमें मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में प्रारंभ हुई है।

## सीडीओ की अध्यक्षता में पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए बैठक

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** जिले में पल्प पोलियो अभियान 08 दिसंबर से आरंभ होगा। बुधवार को सीडीओ प्रखर कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। सीडीओ ने सबंधित अधिकारियों से की जा रही तैयारियों के सबन्ध में बारी बारी से बिंदुवार जानकारी प्राप्त की।

सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने निर्देशित किया कि घनी आबादी वाले क्षेत्र में बूथ का आयोजन किया जाए। उन्होंने सुपरवाइजर्स समेत अन्य उच्चाधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान की कड़ी मॉनिटरिंग की जाए और बूथ दिवस पर 50 प्रतिशत अनिवार्य कवरेज सुनिश्चित किया जाए। सीएमओ डा0 नीरज त्यागी ने बैठक का संचालन करते हुए बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वाले बच्चों को पोलियो रोग से बचाने के लिए पोलियो ड्राप ''दो बूंद जिंदगी की'' पिलाई जाती है। इसके लिए सरकार के निर्देश पर समय-समय पर अभियान चलाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि भारत देश पोलियो मुक्त है लेकिन पड़ोसी देश नहीं। ऐसे में सरकार द्वारा अब फिर से पल्स पोलियो अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान 8 दिसंबर से शुरू होगा। जिले में 2081 बूथों पर 06 लाख 17 हजार 400 लक्षित बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई जाएगी। 16 दिसम्बर को बी टीम ऐक्टिविटी के साथ ही हाउस टू हाउस अभियान भी संचालित किया जाएगा। इसको लेकर आशाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, वालंटियर्स, एएनएम को प्रशिक्षित भी किया गया है। पल्स पोलियो कार्यक्रम प्रभारी के मुताबिक अभियान 08 से 13 दिसंबर तक चलेगा। इसके बाद 16 दिसंबर को विशेष अभियान चलाकर छूटे बच्चों को पोलियो ड्रॉप पर पिलाया जाएगा। जिले भर में 2081 बूथों के लिए 1413 सुपरवाइजर्स लगाए गए हैं।

## युवक की तालाब में डूबने से हुई मौत

**उरई (जालौन)।** आटा थाना क्षेत्र के ग्राम सन्दी निवासी साथियों के साथ तालाब पर शिकार करने गए युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। जब साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया और वह सफल नही हुए तो उन्होंने इसकी सूचना ग्रामीणों और उसके स्वजनों को दी। मौके पर ग्रामीणों ने पहुँचकर युवक को तालाब से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो गयी। उसकी मौत की सूचना उसके स्वजनों को लगी तो घर मे मातम छा गया। सुबह सन्दी निवासी 35 वर्षीय विजय अपने साथियों के साथ गाँव मे ही स्थित तालाब पर शिकार खेलने गया था शिकार खेलते समय अचानक वह तालाब में कूंद गया और डूबने लगा तो वहां मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन जब प्रयास सफल नही हुया तो उन्होने ग्रामीणों को और उसके स्वजनों को इसकी सूचना दी। मौके पर एकत्रित ग्रामीणों ने उसे तालाब से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद स्वजनों ने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने कागजी कार्यवाई प्रारम्भ की

## सात नामजद चार अज्ञात के खिलाफ बलवा और मारपीट का केस दर्ज

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के भीटीया निवासी युवक को मारने पीटने वाले सात आरोपियों और चार अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से भीटीया निवासी अमन सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह जो 1 दिसंबर को शाम 7.30 बजे गांव के चौराहे पर गया था। उसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर सात नामजद तथा चार अज्ञात मनबढ़ो ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिए। भाई को फोन कर जान मारने की धमकी दिए।

## अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश/ परिवार न्यायालय महोदय बलरामपुर वाद संख्या एम 250/2024 सन 2024 ई0 सगुफ्ता खातून आदि प्रति वाहिद अली बनाम वाहिद अली पुत्र रिफाकत हुसैन निवासी ग्राम अकुलहिया थाना इटवा बाजार जिला सिद्धार्थनगर। चूंकि ऊपर दिनांकित ..... ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि ..... अतः एवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती हैं कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 24-12-2024 को 10 बजे पूर्वाह्न स्वयं और सम्यक को अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित दिनांक..... को निकाली गई।

## सूचना

एक बैनामा, रकबई 87.50 वर्गगज स्थित ग्राम शेखपुरा कदीम दर आबादी विनय विहार कालोनी, तह. व जि. सहारनपुर, विक्रेता श्रीमती शालिन्तरा त्यागी पत्नि प्रकाश त्यागी व क्रेता श्रीमती कलावती पत्नी हरीश सिंह दिनांक 08.05.2003, जिसकी बही सं.1, जिल्द 621 के पेज 831-850 दस्ता. सं 2958, रजिस्ट्रार सहारनपुर पर दर्ज है दि. 28.11.2024 को करीब 02.30 बजे दोपहर लोन हेतु कम्पनी के वकील को दिखाने गया था, जो कचहरी प्रांगण में कहीं गुम हो गया है यदि मिले तो संपर्क करें।

**मनोज कुमार द्वारा पंकज सिंह एड. चै.141, सिविल कोर्ट, सहारनपुर मो. 9675983535**

# सैलानी अब आसमान से निहार सकेंगे अलौकिक अयोध्या का अद्भुत नजारा



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** वाटर मेट्रो बोट के बाद अयोध्या में अब हॉट एयर बैलून की शुरुआत हुई है। सीएम योगी की मंशा पर अयोध्या में शुरू की गई यह सेवा पर्यटन की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बन गयी है। इस बैलून में बैठने के बाद सैलानी 250 फीट की ऊंचाई से अयोध्या का भव्य नजारा देख सकेंगे। नया घाट हैलीपैड पर बुधवार को इसका शुभारंभ हुआ है। अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही कह चुके हैं की अयोध्या को इस लिहाज से सजाया जाए कि जिससे यहां एक बार पहुंचने वाला श्रद्धालु बार-बार आने का प्रयास करे। इस दिशा में चल रहे कार्यों के तहत अब यहां एयर हॉट बैलून की शुरुआत की गई है। अयोध्या विकास प्राधिकरण और पुष्पक एडवेंचर की मदद से शुरू हुए इस कार्य से निश्चित ही पर्यटन की दिशा में अयोध्या को बड़ा मुकाम हासिल होगा। युवा पर्यटक होंगे आकर्षित अयोध्या में एडवेन्चर स्पोर्टस के माध्यम से पर्यटन गतिविधियां बढ़ाने व युवा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हॉट एयर बैलून का शुभारंभ सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मण्डलायुक्त गौरव दयाल व अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पाण्डेय ने किया। यह अनूठी पहल अयोध्या को एक रोमांचक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने एवं पर्यटकों को सरयू नदी के मनोरम दृश्यों के साथ अयोध्या की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक सुंदरता का अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा। 10 मिनट की राइड, 999 रुपये है किराया अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी पांडेय ने बताया कि हॉट एयर बैलून एक एडवेंचर है। इसमें 10 मिनट की राइड होगी। ऊपर से रामलला का मंदिर, कनक भवन व सरयू का अद्भुत नजारा देखने के लिए 999 रुपये प्रति व्यक्ति खर्च करने पड़ेंगे। इसमें एक साथ चार लोग ही बैठ सकेंगे, जिसमें एक पायलट भी होगा। आने वाले दिनों में कई प्रोजेक्ट धरातल पर उतरेंगेः मंडलायुक्त मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप अयोध्या को पर्यटन की दृष्टि से मजबूत करने का काम किया जा रहा है।

# भारतीय किसान यूनियन का प्रदर्शन, नोएडा आंदोलनकारियों की रिहाई की मांग, सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा के तहत अयोध्या में भाकियू कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने तिकोनिया पार्क में इकट्ठा होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र को सौंपते हुए नोएडा के आंदोलनकारी किसानों की बिना शर्त रिहाई की मांग की और उनकी समस्याओं के समाधान की भी अपील की।ज्ञातव्य है कि गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों ने भूमि अधिग्रहण के विरोध में शांतिपूर्वक आंदोलन चलाया था। इसके बावजूद, गौतम बुद्ध नगर प्रशासन ने आंदोलनकारियों को बर्बर तरीके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके विरोध में देशभर में भाकियू और संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा धरने और प्रदर्शन किए जा रहे हैं।अयोध्या में, भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट की ओर कूच किया। रास्ते में रोडवेज बस स्टॉप पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र ने ज्ञापन लिया और प्रधानमंत्री को भेजने का आश्वासन दिया। इसके बाद आंदोलन समाप्त हो गया।घनश्याम वर्मा ने कहा कि आंदोलनकारी किसानों को बिना शर्त रिहा किया जाए और उनकी अन्य प्रमुख मांगें पूरी की जाएं। उन्होंने उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर की स्थापना पर रोक, गन्ना मूल्य ?500 प्रति क्विंटल घोषित करने, किसानों की मर्जी के बिना भूमि अधिग्रहण न करने की मांग भी की। वर्मा ने शासन-प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि आंदोलनकारी किसानों को जल्दी रिहा नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस प्रदर्शन में भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा, जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य, अभयराज ब्रह्मचारी, भागीरथी वर्मा, विकास वर्मा, रवि शंकर पांडे, रामचंद्र विश्वकर्मा, मस्तराम वर्मा, भोला सिंह टाइगर, रविंद्र मौर्य, संतोष वर्मा, जगन्नाथ पटेल, जगदीश यादव, उर्मिला निषाद, मीना देवी, मालती देवी, जगतपाल, विवेक पटेल, जितेंद्र कुमार और जय नारायण समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## राज्य स्वायत्त शासन कर्मचारी परिषद का 25 वा प्रान्तीय अधिवेशन गोसाईगंज में शुक्रवार को

**गोसाईगंज(अयोध्या)।** राज्य स्वायत्त शासन कर्मचारी परिषद उत्तर प्रदेश का 25 वा अधिवेशन 6 दिसंबर शुक्रवार को सुबह 10 बजे से नगर पंचायत गोसाईगंज के स्व0 श्री नाथ गुप्त सभागार में धूमधाम से मनाया जाएगा।जिसमें विभिन्न निकायों के कर्मचारी एवं संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्षा डॉ विजय लक्ष्मी जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिशाषी अधिकारी इन्द्रभान के अलावा राज्य स्वायत्त शासन कर्मचारी परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष कुशलपाल सिंह एवं प्रांतीय महामंत्री राजीव यादव सहित प्रदेश एवं जिले के कई पदाधिकारी शमिल होंगे।उक्त जानकारी जलकल प्रभारी व कार्यक्रम संयोजक शिव शंकर वर्मा ने दी।श्री वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

## लगातार हो रही चोरियां, खुलासा तो दूर अंकुश तक नहीं लगा पा रही पुलिस

**अयोध्या।** पिछले तीन चार महीनों से सिलसिलेवार अज्ञात चोर गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र में दर्जनों से अधिक मकानों के ताले तोड़ने के साथ चोरी वारदात को अंजाम दे चुके है। बीते दिनों एक डीसीएम से 6 कार्टून दवा वा एक कार्टून सिल्वर पेपर अज्ञात चोरों ने रात लगभग 3~50 बजे तेजापुर बर्मा ट्रांसपोर्ट के सामने मेन रोड गोसाईगंज आजमगढ़ डीसीएम के पीछे का रस्सा काटकर चोरों ने चोरी का अंजाम दिया। वही इस चोरी को पुलिस मानने को तैयार नहीं है। वहीं दूसरे दिन गोसाईगंज कस्बे में दो दुकानों का ताला तोड़कर हजारों की चोरी बस स्टेशन स्थित यादव क्लास हाउस की दुकान पर 30 नवंबर की रात ताला तोड़कर रेडीमेड कपड़े तथा उसके सामने एक जूते की दुकान ताल तोड़ा गल्ले में रखा लगभग ?3000 उठा ले गया। बगल में एक और दुकान का ताला तोड़ रहा था। लेकिन टूटा नहीं। गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरियों पर अंकुश लगाना तो दूर पुलिस अभी तक एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई हैं। इससे कोतवाली क्षेत्र एवं कस्बे वासियों में पुलिस के प्रति आक्रोश हैं। 30 नवंबर की रात के चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में चोर सामान को ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। थाना प्रभारी के ना मौजूदगी में पुलिस की ना हो पाई गस्त के वजह से चोरी का घटना घटी। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे के अनुसार रात 2:40 पर हुई है। मजेदार तथ्य यह है बस स्टैंड के पास दो होमगार्ड व पुलिस पुलिस की पिकेट 4:00 बजे तक रहती है। लेकिन जिस दिन चोरी हुई उसे दिन एक भी पुलिस नहीं थी। सीसीटीवी के हिसाब से अगर देखा जाए तो रात्रि 1:00 बजे के बाद पुलिस गस्त नहीं हुई है। पुलिस 24 घंटे के अंदर चोरी की घटना का खुलासा करने का वादा लिया था। तीन दिन बीत जाने के बाद भी सीसी कैमरे में चोर दिखाई दे रहा है हाथ में हथौड़ी और पेचकस लिए हुए। लेकिन चोरी की खुलासा नहीं कर पाई।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह बंधन में बंधे 244 जोड़े, अतिथियों ने दिया उपहार व आशीर्वाद

अवधनामा संवाददाता



**मिल्कीपुर- अयोध्या।** मिल्कीपुर विकास खण्ड के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मैदान में बुधवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 244 जोड़ें विवाह बंधन में बंधे।तथा दो मुस्लिम जोड़े भी शामिल रहे,अतिथियों ने नव दंपतियों को आशीर्वाद, उपहार व प्रमाण पत्र भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रूदौली विधायक रामचंद्र यादव ने किया। उन्होंने ने कहा कि परिणय सूत्र में बंधे सभी नव दम्पतियों का जीवन खुशहाली से भरा रहे। बेटियों के हाथ पीले करने के लिए पहले गरीबों को सेंठ साहूकारों के यहां हाथ फैलाना पड़ता था आज वे गर्व से अपनी बेटी का विवाह कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि देश भर की निगाहें मिल्कीपुर पर है उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की भारी बहुमत से जीत होगी। सरकार हर गरीब के लिए पक्के छत की व्यवस्था कर रही है। मिल्कीपुर में भी हर गरीब परिवारों को पक्का मकान दिया जाएगा किसानों को किसान सम्मान निधि आसानी से खाते में मिल रही है। मातृशक्ति के सम्मान में मोदी जी और योगी जी अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि योगी जी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को पूरा कर रहे हैं गुण्डों दंगाइयों पर कठोर कार्यवाही कर रहे हैं, सरकार की सभी योजनाएं जनता तक पहुंचा रही हैं, कांग्रेस ने संविधान के साथ छेड़छाड़ किया और ऐ लोग संविधान को लेकर झूठा अफवाह फैला रहे हैं।सपा सरकार में पुलिस भर्ती का रिजल्ट एक मंत्री के कमरे में बनता था, कुछ जिले के लोगों को ही भर्ती किया जाता था वो नौकरी उद्योग अब बंद हो चुके हैं, सत्ता से बाहर हो गये इसलिए छटपटा रहे हैं। पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार की संपूर्ण योजनाएं पारदर्शिता के साथ चल रही है, कार्यक्रम का संचालन कवि अरुण द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह मंडल अध्यक्ष मिल्कीपुर अजय तिवारी, जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा, बब्लू पासी, खण्ड विकास अधिकारी अखिलेश गुप्ता,एड़ियों पंचायत सुरेन्द्र कुमार राव,शान्ती पासी उषा रावत, विनय सिंह टुनटुन, प्रधान अजीत जायसवाल, अनुराग सिंह एस पी ग्रामीण बलवंत, पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयस त्रिपाठी, थानाध्यक्ष इनायत नगर देवेंद्र कुमार पाण्डेय, थाना अध्यक्ष कुमारगंज अमरजीत सिंह सहित भारी संख्या में वर वधू पक्ष के लोग मौजूद रहे।

# शिकायत के आधार पर कार्रवाई पर उठे सवाल

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय अयोध्या में तैनात नर्सिंग स्टाफ संजीव शुक्ला के खिलाफ की जा रही कार्रवाई ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले में साक्ष्यों की कमी और शिकायत पत्र में असंगतियों ने पूरे प्रकरण को संदिग्ध बना दिया है। शिकायत पत्र में कई मरीजों के तीमारदारों के नाम और मोबाइल नंबर दिए गए हैं, लेकिन जांच में कुछ नंबर गलत पाए गए। इसके अलावा, शिकायत पत्र में कोई हस्ताक्षर नहीं है, जिससे इसके सत्यापन पर सवाल उठते हैं। जांच के दौरान जिन तीमारदारों से संपर्क किया गया, उन्होंने नर्सिंग स्टाफ पर लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया। कुछ लोगों ने यह भी दावा किया कि उनसे दबाव डालकर शिकायत पत्र पर हस्ताक्षर कराए गए। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. उत्तम कुमार ने बताया कि जांच रिपोर्ट महानिदेशक को भेज दी गई है। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि यह कार्रवाई मुख्य रूप से मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर की गई है। लिखित शिकायतों का कोई ठोस प्रमाण नहीं था। सीएमएस द्वारा मीडिया रिपोर्ट्स को आधार बनाकर कार्रवाई करने का निर्णय कई स्तरों पर सवाल उठाता है। बिना साक्ष्य के किसी पर आरोप लगाना और मीडिया रिपोर्ट्स को मानक मानना क्या न्यायसंगत है? यह मामला न केवल नर्सिंग स्टाफ की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है, बल्कि अस्पताल की जांच प्रक्रिया और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़ा करता है।

# श्मशान की भूमि को भू माफियाओं से कब्जा मुक्त कराने को लेकर भारतीय बजरंग दल ने किया धरना प्रदर्शन




अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जलालावाद तहसील के ग्राम रौली बौली में गाटा संख्या 339 के अन्तर्गत हिन्दुओं की आरक्षित शमशान मरघट की भूमि है। जिस पर लम्बे समय से मुस्लिम भूमाफिया कब्जा कर रहे हैं। स्थानीय लोग लम्बे समय से अपने मरघट की भूमि को कब्जा मुक्त करवाने हेतु भारतीय बजरंग दल के प्रान्त महामन्त्री मुनिराज सिंह के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों ने समाधान दिवस में जिलाधिकारी से लिखित शिकायत की थी। जिस पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई तब प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्र नाहिल के नेतृत्व में एक शिष्टमण्डल जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा, जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अपर जिलाधिकारियों से भेंट की। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई जिसको लेकर भारतीय बजरंग दल÷ के नेतृत्व में तहसील परिसर में स्थानीय समाज के लोग धरने पर बैठ गए। जिसमें विभिन्न मांगे रखी गईं अगले 15 दिमें उक्त भूमि को पुना मरघट में दर्ज किया जाए। अवैध कब्जा धारियों पर मुकदमा दर्ज करके बुल्डोजर चलाया जाये। पूरी भूमि को खाली करवा कर वाउन्ड्रीवाल के द्वारा सुरक्षित किया जाये। धरना प्रदर्शन में मुख्यरूप से प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्र नाहिल प्रदेश महामन्त्री मुनिराज सिंह, प्रदेश विधिप्रमुख पुष्कर अग्निहोत्री, सचिन पाण्डेय, अनुराग अग्निहोत्री, अमित दीक्षित, विपिन सिंह, सुरजीत सिंह, आकाश कुमार, समर्थ शैले तु गुर्जर, आशीष त्रिपाठी, नितिन सिट, शिवा सक्सेना, रविराम कश्यप, विकास श्रीवास्तव अनुज गुप्ता, सर्वेश सक्सेना, उत्तम गुप्ता, अमन पाठक, अभिषेक वर्मा, अनुराग सिंह , मोनू, सन्चिन सिंह, सचिन कुमार जगपाल, रविन्द्र सिंह, रामवीर सिंह वीरेन्द्र कुमार, नितिन कुमार सौरभ सिंह, अरविन्द्र सिंह हँगेलाल, बालकराम, रंजीत सिंह, सुधान्यु, हरिदत्त, जवाहर, अमन, सर्वेश कुमार दयाराम विदुर औदिच्य, वेदपाल सिंह, हरि सोनेलाल, राजेन्द्र प्रा श्यामपाल हरिपाल सिंह, प्रजापति, अनुराग, गुड्डू भगत निहाल सिंह, अभिषेक सिंह, अजय प्रताप सिंह व्धन्द्र, विक्रम सिंह, विपिन, मोहन, निखिल सिंह, पंकज यादव, मोहित यादव, सुरजीत कुमार, मोहित, मोहन मिश्रा, अभय प्रताप सिंह सहित दर्जनों बन्धु उपस्थित रहे।

# साहित्यिक संस्था इदराक व नज़र मेमोरियल सोसाइटी के तहत महफ़िल-ए-मुशायरा

## एक शाम शायर आफ़ताब कामिल वारसी के नाम में गूंजी ग़ज़लें: कविताएं



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहाँपुर।** साहित्यिक संस्था इदराक और नज़र मेमोरियल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में बीती रात वारसी कोचिंग सेंटर में अलीगढ़ के शायर आफताब कामिल वारसी और मुंबई के शायर आरिफ महमूदाबादी के सम्मान में एक शाम खुश फिक्र शायर आफताब कामिल वारसी के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ शायर अजीम शाहजहांपुरी ने की। मुख्य अतिथि शायर आफताब कामिल वारसी और विशिष्ट अतिथि आरिफ महमूदाबादी, कार्यक्रम अध्यक्ष अजीम शाहजहांपुरी का फूलमाला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इनके अलावा शाहीना खातून शबनम अलीग, आतिश मुरादाबादी, रेहान कादरी, विकास सोनी रितुराज, एम. रिजवान, डॉ. मलिक इस्मत अली, मुनीब शाहजहांपुरी ने भी गजलें पेश कीं। कार्यक्रम में मौलाना बहार आलम रजवी का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। अंत में मुशायरे के अध्यक्ष अजीम शाहजहांपुरी ने कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी सभ्यता को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सफल प्रस्तुति के लिए कवियों, सुधी श्रोताओं और आयोजकों को बधाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज कासिम अख्तर ने कुरआन की तिलावत और रेहान कादरी ने नात पाक से की। इस मौके पर अब्दुल समद खां, फिरोज अहमद खान, इरफान अहमद अंसारी, शकील अहमद खान, मौलाना बहार आलम रजवी, फैसल रियाज खान, सुधाकर तिवारी, फरीद खान, मुहम्मद जावेद, रेहान दानाई, रेहान मुसव्विर, अब्दुल लतीफ, इमरान सईद, इमरानुद्दीन, मुहम्मद यासीन, फैज रियाज, सूफी खलीक अहमद खां, शाहनवाज खां शानू आदि मौजूद रहे। संचालन इशरत सगीर ने की।

## बिजली वितरण निगमों के निजीकरण का फैसला वापस लेने, स्मार्ट मीटर योजना को रद्द करने की मांग

**अयोध्या।** बिजली वितरण निगमों के निजीकरण का फैसला वापस लेने, स्मार्ट मीटर योजना को रद्द करने, बिजली संशोधन बिल 2022 वापस लेने, घरेलू बिजली 300 यूनिट मुफ्त देने तथा ट्यूबवेल कनेक्शनों पर किसानों को बिना शर्त बिजली मुफ्त देने आदि मांगों को लेकर बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा और मजदूर संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत तहसील सदर पर एकत्रित हो कर जमकर नारेबाजी की और सभा किया। सभा की अध्यक्षता किसान सभा के राज्य सचिव अशोक कुमार तिवारी और संचालन भाकपा (माले) के जिला प्रभारी अतीक अहमद ने किया।

# वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

## जयप्रकाश इण्टर कालेज भेड़िया में वार्षिक खेल का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**चिऊटहा(महराजगंज)।** निचलौल विकास खण्ड में स्थित जयप्रकाश इण्टर कालेज भेड़िया में वार्षिक दो दिवसीय खेल का आयोजन किया गया। खेल का शुभारंभ प्रबंधक मानवेंद्र सिंह ने शिक्षा की देवी सरस्वती जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। प्रबंधक मानवेंद्र सिंह ने कहा कि स्व जयप्रकाश सिंह के 18 वीं पुण्य तिथि पर तीन दिसंबर को वार्षिक खेल का शुभारंभ हुआ हैं। स्व सिंह एक सामाजिक और प्रभाव शाली राजनीतिक स्थान रखने वाले विलक्षण प्रतिभा के व्यक्ति थे। खेल प्रतियोगिता में रस्सी खींच,रंगोली, जूनियर दौड़,सीनियर दौड़ रस्सी कूद,कबड्डी, लंबी कूद इत्यादि खेलो को स्थान दिया गया है। खेल प्रतियोगिता में सबसे मनमोहक और आकर्षण का खेल जलेबी कूद रहा। रंगोली में कक्षा 11 की प्रिया पटेल, कामना, रुक्मिणी की टीम प्रथम रही। रस्सा खींच में भी कक्षा 11 की सुनीता, संतोषी, काजल की टीम अव्वल रही। बालिका लम्बी कूद में कक्षा 8 की काजल प्रथम, कक्षा 8 की अर्चना द्वितीय रही वही बालक लंबी कूद में कक्षा 9 के मनीष ने बाजी मार ली। अंग्रेजी इमला में कक्षा 12 की शिल्पी विश्वकर्मा प्रथम रही जूनियर कबड्डी में महेश प्रजापति की रेड टीम प्रथम रही वही सत्यम गुप्ता की ब्लू टीम द्वितीय रही तथा सीनियर कबड्डी में संजेश यादव की येलो टीम विजई रही । उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानेन्द्र सिंह, उपप्रधानाचार्य एसके शर्मा, मनोज सिंह, ब्रह्मदेव पटेल, मिथिलेश, हरेंद्र गुप्ता, विशुनुनंद पटेल, अभिषेक पटेल ,सत्यानंद चौहान, संदीप यादव, विवेक सिंह, विष्णुकांत, प्रीति तिवारी, अंजू मौजूद रही।

# खेल स्टेडियम में निर्माण कार्य का डीएम ने लिया जायजा



**महराजगंज।** जनपद खेल स्टेडियम में निर्माण कार्य का बुधवार को जिलाधिकारी अनुनय झा ने निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने एक्सईएन यूपी सिडको से बिंदुवार जानकारी ली। एक्सईएन यूपी सिडको ने अवगत कराया कि क्रीड़ा स्टेडियम में कुल 4.99 करोड़ की लागत से मल्टीपर्पज हाल का नवीनीकरण, जॉगिंग ट्रैक, वालीबॉल व बास्केट बॉल कोर्ट, टेनिस कोर्ट और स्थल विकास के कार्य कराए जाने हैं। जिलाधिकारी श्री झा ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता आदि की भी जानकारी ली और खुद देखा। उन्होंने मल्टीपरपज हॉल की टाइल्स से एस्कॉर्टिंग पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि इससे खिलाड़ियों की आंखों पर प्रकाश परावर्तित होकर आंखों पर पड़ेगा, जिससे उनका ध्यान भंग होगा। उन्होंने हॉल की मजबूती की जांच हेतु संरचनात्मक स्थिरता विश्लेषण कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही ट्रैक की चौड़ाई की नाप भी अपने सामने करवाया। कहा कि ट्रैक की चौड़ाई 400 मी. के उपरांत न्यूनतम 03 मीटर रखें। जिलाधिकारी ने बास्केट बाल, वालीबॉल और टेनिस कोर्ट के निर्माण के संदर्भ में भी आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एक्सईएन यूपी सिडको मनोज कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बंगलादेश में उत्पीड़न को लेकर विशाल आक्रोश रैली का हुंकार

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज।** बांग्लादेश में हिंदुओं, साधु संतों पर हो रहे अत्याचार व हमले एवं हिंदू धार्मिक स्थलों को तोड़े जाने के विरोध में महराजगंज जिला मुख्यालय पर बुधवार को साधु संतों के नेतृत्व में विभिन्न हिंदूवादी संगठनों एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विशाल जनआक्रोश रैली निकालकर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से इस मामले को प्राथमिकता के आधार पर सज्ञान में लेकर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

जिला मुख्यालय पर निकाली गई रैली में हिंदू नरसंहार बंद करो एवं बांग्लादेश मुर्दाबाद जैसे नारे गूंज रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारी शांतिपूर्ण तरीके से जिला मुख्यालय परिसर में धरने पर बैठकर भारत के शीर्ष नेतृत्व से बांग्लादेश के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। हिंदूवादी संगठनों ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप कर बांग्लादेश के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन कर रहे हिंदूवादी संगठनों का कहना था कि बांग्लादेश में सनातन धर्म के लोगों पर अत्याचार हो रहा वहां मौजूद मंदिरों को तोड़ा जा रहा है इसके साथ ही साधु संतों की हत्या की जा रही है बांग्लादेश में अल्पसंख्यक आज संकट में है उनके राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से मांग है कि हिंदुओं की रक्षा करने के लिए न्यायोचित कदम उठाया जाय। अगर वह इससे भी नहीं मानते हैं तो शस्त्र उठाकर बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की रक्षा के लिए आगे आना पड़ेगा।

# डीएम ने किया डीएलआरसी एवं डीसीसी बैंकिंग कार्यो की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** डी.एल.आर.सी. एवं डी.सी.सी. बैंकिंग कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहो का कम बैक खाता खोले जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विभाग से समन्वय बनाकर कार्य करे। इसके साथ ही जिन बैंको में लाभार्थियों की पत्रावली लम्बित है उन्हे भी स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि लम्बित प्रकरणो को 15 दिवस में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे तथा किसानो को बिना बिचौलियोंके ऋण उपलब्ध कराये। जिलाधिकारी ने लीड बैंक अधिकारी एवं सभी शाखा प्रबन्धको को निर्देश देते हुए कहा कि वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करें। पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के लोन एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के सी.सी.एल के प्रकरण प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया जाये। किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण भी शीघ्र स्वीकृत किया जाये। किसी भी योजना के पात्र लाभार्थी को अनावश्यक परेशान न किया जाये। लीड बैंक अधिकारी ने जिलाधिकारी को बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अन्तर्गत सीसीएल लक्ष्य 3937 के सापेक्ष 2594 पत्रावलियां बैंको को प्रेषित की गयी जिसके सापेक्ष 2248 समूहो को सीसीएल स्वीकृत किया गया एवं 346 लम्बित है।

जिला खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजनान्तर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत वार्षिक लक्ष्य 35 के सापेक्ष 45 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें 24 स्वीकृत हुए। किसान क्रेडिट कार्ड योजना अन्तर्गत शासन से प्राप्त भौतिक लक्ष्य नवीनीकरण हेतु 72011 एवं नया 32567 कुल भौतिक लक्ष्य 104578 के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 के द्वितीय त्रैमास सितम्बर 2024 तक बैंको द्वारा कुल नवीनीकरण हेतु 56338 केसीसी एवं नया केसीसी 29326 निर्गत किये गये है। लक्ष्य के सापेक्ष कुल 85664 केसीसी निर्गत किये गये है जो कुल लक्ष्य का 81.91 प्रतिशत है। त्रैमास सितम्बर 2024 में वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत बैंको को आवंटित वित्तीय लक्ष्य रू0 5252 करोड़ के सापेक्ष रू0 1735.22 करोड़ की उपलब्धि रही जो कुल आवंटित लक्ष्य का 33.03 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय त्रैमास सितम्बर 2024 तक प्राप्त कुल आवेदन 15178 के सापेक्ष रू0 169.87 करोड़ स्वीकृत/वितरित किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत युनिवर्सल सोम्पो जनरल इश्योरेंस कम्पनी लि0 द्वारा फसल बीमा किया जा रहा है। बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा सूचित किया गया है कि खरीफ 2024 फसल हेतु कुल 47743 किसानों के बीमा हेतु रू0 4.60 करोड़ का प्रीमियम प्राप्त किया गया है। रवी वित्तीय वर्ष 2023-24 में 30592 किसानों ने बीमा करावाया था जिसके सापेक्ष 6813 किसानो को रू0 1.79 करोड़ बीमा का भुगतान किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय त्रैमास सितम्बर 2024 तक जिले का ऋण जमा अनुपात (सीडी रेसियो) 41.51 प्रतिशत है।

बैठक में सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, उपायुक्त उदयप्रकाश, लीड बैंक अधिकारी आरके सिन्हा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जीवन लाल, मुख्य प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक, शाखा प्रबन्धक नौगढ़, समस्त बैंको के शाखा प्रबन्धक एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कैरियर गाइडेन्स मेले का हुआ आयोजन

**आलापुर अम्बेडकरनगर।** राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज में कैरियर गाइडेंस मेला का आयोजन कई गतिविधियों के बीच किया गया। भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष रहे,देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जन्म दिवस अवसर पर आयोजित इस कैरियर गाइडेंस मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि स्वरूप उपस्थित राजकीय हाई स्कूल कम्हरिया सहित कई अन्य राजकीय विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाचार्य रह चुके सम्प्रति सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य वंश बहादुर द्वारा विशिष्ट अतिथि स्वरूप उपस्थित राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष व राजकीय हाई स्कूल रामगढ़ के प्रधानाचार्य यदुनाथ प्रसाद यादव एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय जहाँगीरगंज की प्रधानाध्यापिका सुमन पाण्डेय व राजकीय हाई स्कूल कम्हरिया के प्रभारी प्रधानाचार्य अजय वर्मा द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव के साथ माँ सरस्वती एवं डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित करते हुए किया गया। कैरियर गाइडेंस के इस मेले में छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान एवं गृहविज्ञान तथा अन्य विषयों पर आधारित मॉडलों/प्रतिदर्शों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

# मुख्य विकास अधिकारी ने कल्लीपुर में ग्रामीण स्वास्थ स्वच्छता एवं पोषण दिवस का औचक निरीक्षण किया

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** मुख्य विकास अधिकारी, श्री जयेंद्र कुमार द्वारा विकास खण्ड नौगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रसूलपुर के टोला कल्लीपुर में ग्रामीण स्वास्थ स्वच्छता एवं पोषण दिवस का औचक निरीक्षण किया गया। रोस्टर के अनुसार सत्र उपकेन्द्र पिकौरा पर आयोजित किया जाना था, परन्तु निरीक्षण के पाया गया कि सत्र श्रीमती सत्यादेवी, आंगनबाडी कार्यकत्री के निजी मकान पर आयोजित किया गया है।

आयोजित सत्र में एएनएम श्रीमती सुनीता आशा श्रीमती सुशीला एवं नीलम तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री सत्यादेवी उपस्थित मिली। ग्राम भ्रमण के दौरान सुशीलादेवी पत्नी श्री कमलेश एवं गर्भवती महिला श्रीमती रीना देवी के टीकाकरण कार्ड का अवलोकन किया गया। आशा द्वारा गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के लिए सही ढ़ग से प्रेरित नही किया जा रहा है। आशा की डायरी अपडेट नहीं थी, जिसमें माह सितम्बर के उपरान्त गर्भवती महिलाओं को लगे टीका का विवरण अंकित नही किया गया है। निर्देशित किया गया कि डायरी नियमित रूप से अपडेट करें, अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। एएनएम के पास एचआरपी रजिस्टर, पिंक रजिस्टर एवं आरसीएच रजिस्टर उपलब्ध नही पाया गया। निर्देशित किया गया कि अतिशीघ्र रजिस्टर तैयार करें। सत्र पर सभी किट एवं दवा उपलब्ध पाया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा इन्फैंटोमीटर नया अलमारी में रखा पाया गया है। प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है कि इसका प्रयोग नही किया जा रहा है। आगंनबाडी के सचेत करते हुए निर्देशित किया गया कि सत्र में सभी आवश्यक वस्तुओं का प्रयोग करें तथा पुष्टाहार का वितरण नियमित रूप से करें। ए.एन.एम. एवं आंगनबाड़ी को निर्देशित किया गया कि ड्यु लिस्ट के अनुसार नियमित रूप से टीकाकरण करें स गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के परिजनों से आशा भ्रमण का सत्यापन किया गया। निरीक्षण के समय डीएमसी यूनिसेफ, श्री रूपेश सहित बीएमसी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में पांच दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**5 दिवसीय/30 घंटे का इंटर्नशिप कार्यक्रम 25 से 30 नवंबर तक**

**सिद्धार्थनगर।** पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर में पायथन के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग में सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक कोडिंग कौशल बढ़ाने के लिए 5 दिवसीय/30 घंटे का इंटर्नशिप कार्यक्रम 25 नवंबर से 30 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार पी एम श्री विद्यालय के अंतर्गत 8 के छात्रों को पायथन के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग में सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक कोडिंग कौशल बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह भारत सरकार के संस्थान नाइलिट, गोरखपुर के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम के छठे दिन छात्रों ने कंप्यूटर और आईटी उद्योग में नवीनतम रुझानों के बारे में औद्योगिक प्रदर्शन के लिए नजदीकी नाइलिट सेंटर का भी दौरा किया। इसमें छात्रों ने पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ भाग लिया और बहुत सारी कोडिंग स्किल सीखी। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को नाइलिट द्वारा इंटर्नशिप प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया।

## डीएम ने उपकेन्द्र मरवटिया बाजार विकास खण्ड खेसरहा का औचक निरीक्षण किया



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डीएम डा राजा गणपति आर द्वारा उपकेन्द्र मरवटिया बाजार विकास खण्ड खेसरहा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा एएनसी रजिस्टर, एचआरपी रजिस्टर को देखा गया। जिलाधिकारी द्वारा एचआरपी रजिस्टर में अंकित गर्भवती महिला कोमल, प्रियंका जिनका ब्लड 6.9 था उनके दूरभाष नम्बर पर सम्पर्क किया गया मोबाइल नम्बर सही अंकित न होने से वार्ता नहीं हो पाया जिसपर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये एएनएम सरिता को गर्भवती महिलाओं के दूरभाष नम्बर सही अंकित करने के साथ उनके स्वास्थ्य की मानीटरिंग करने का निर्देश दिया। एएनएम द्वारा अवगत कराया गया कि पिछले माह 11 लोगों की जांच की गयी है आशा गांव में गर्भवती महिलाओं को बुलाने के लिए गयी हैं। सीएचओ छुट्टी पर थी। एएनएम/आशा का ड्यू लिस्ट अपडेट नही था गर्भवती महिला का नम्बर सही नही लिखा था। आंगनबाडी कार्यकत्री अर्चना देवी लेट से उपस्थित हुई। जिलाधिकारी द्वारा सैम/मैम बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया अर्चना देवी द्वारा संतोषजनक जानकारी न देने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा एएनएम को एक सप्ताह में सभी रजिस्टर को त्रुटिरहित अपडेट करने तथा सभी कमियों को ठीक करने का निर्देश दिया।

## 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ, के निर्देशानुसार गुरुवार को अरविन्द राय, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की अध्यक्षता में आगामी 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किए जाने हेतु प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया। अरविन्द राय पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा आगामी 14 दिसम्बर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशनों को निस्तारित किये जाने पर बल दिया गया तथा बीमा कम्पनी एवं मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशन मामलों से सम्बन्धित अधिवक्तागणों से अधिक से अधिक पत्रावलियों को निस्तारित कराए जाने का प्रयास करने हेतु विचार विमर्श किया गया। उक्त बैठक में बीरेन्द्र कुमार अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश पाक्सों एक्ट/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/ पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इम्तियाज अली, इजहार अहमद खान, संजय कुमार दूबे, राम प्रकाश धर द्विवेदी, शिव कुमार पाण्डेय, अरूण कुमार त्रिपाठी एवं विनय चन्द्र मिश्र व विद्वान अधिवक्तागण तथा प्री-ट्रायल हेतु नियत पत्रावलियों में कुछ मामलों के पक्षकारगण के साथ-साथ कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के कर्मचारीगण एवं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## भा.कि.यूनियन ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन थानाध्यक्ष को सौंपा

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष इंद्र कुमार त्रिपाठी ने माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन थानाध्यक्ष कुठौंद को सौंपा। जिसमें मांग की गई है कि गौतम बुद्ध नगर में गिरफ्तार किसानों को अविलंब रिहा किया जाए। गौतम बुद्ध नगर के किसानों की शासन द्वारा आश्वासन के बाद लंबित को अविलंब पूरा किया जाए । पूरे प्रदेश में जमीनों के बाजार रेट के हिसाब से सर्किल रेट बनाए जाए। मुआवजों के संपूर्ण भुगतान के बगैर जमीनों को अधिग्रहीत ना किया जाए , लंबित मुआवजे का भुगतान किया जाए । उत्तर प्रदेश में बिजली का निजीकरण न किया जाए । उत्तर प्रदेश में किसानों के निजी नलकूपों को बिना शर्त बिजली मुफ्त की जाए व मीटर ना लगाए जाए। अन्ना पशुओं का पूर्ण रूप से प्रबंध किया जाए । भारतीय किसान यूनियन के समस्त ब्लाक पदाधिगण एवं दर्जनों किसानों की मौजूदगी में थानाध्यक्ष कुठौंद को ज्ञापन सौंपते हुए समस्या से अवगत कराया जिसमें थानाध्यक्ष ने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि आप लोगों की जो भी समस्या है। उसके संबंध में मुख्यमंत्री तक आपका दिया गया ज्ञापन भेजने की पूर्णता जिम्मेदारी रहेगी और इस संबंध में आप लोगों की समस्या का निस्तारण भी कराने का सहयोग आप लोगों के साथ रहेगा।

## पुलिस ने पैदल गस्त कर कस्बे में कराया सुरक्षा का एहसास



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लोटन पुलिस बाड़ी प्रोटेकट्र पहन कर पुरे चौराहे पर पैदल रुट मार्च कर लोटन कस्बे मे बुधवार की सायं भ्रमण किया और लोगों को भरोसा दिया कि पुलिस आपके साथ है। कोई भी व्यक्ति क्षेत्र में बवाल करने की साज़िश करेंगे पुलिस उसके साथ सख्ती से निपटेगी पैदल गस्त के दौरान रोड के बगल में पटरी पर खड़े वाहनों के स्वामी को भी बताया की रोड पर गाड़ी न खड़ा करें चौराहे पर जाम लगता है आने जाने वालों को दिक्कत होती है। ठेला वालो को भी बताये की रोड छोड कर ही सब्जी व फल बेचे कहीं शिकायत मिलेगी तो कार्यवाही किया जायेगा।और संदेश दिया कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो इसकी सूचना फोरन पुलिस को दे। नेपाल सीमा करीब होने के कारण अपराधियों के आने की सम्भावना बनी रहती है। रुट मार्च मे उप निरीक्षक दिवाकर यादव,उप निरीक्षक संजीत कुमार सिंह,हेड कांस्टेबल संजय कुमार गौतम, अनील कुमार, अनिकेत सिंह, राजेश यादव, बुद्धेश कुमार आदि शामिल रहे।

## भारतीय किसान यूनियन क्रांति ने ज्ञापन एसडीएम कायमगंज को सौंपा

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन क्रांति के जिलाध्यक्ष फर्रुखाबाद अंकज यादव ने प्रदेश अध्यक्ष चंदन यादव के आदेशानुसार जो किसानों को गौतमबुद्ध नगर में 2/12/24 से शांती रूप से चल रहे धरना के पदाधिकारी एवं किसानों को दिनांक 3/12/24 को धोखे से गिरिफ्तार किया गया उसी के खिलाफ संयुक्त मोर्चा से भारतीय किसान यूनियन क्रांति ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन एसडीएम कायमगंज रविंद्र सिंह के माध्यम से किसानों की सभी मांगों को मानते हुए उन्हें इज्जत व सम्मान से छोड़ दिया जाये अन्नथा भारतीय किसान यूनियन क्रांति जिला हरदोई एवं अन्य जनपदों व प्रदेश की टीम उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन करेगी और समस्त टीम दिल्ली के लिए जरूरत पड़ने पर रवाना होगी जिसकी समस्त सुरक्षा व्यवस्था एवम जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## इस्लाम धर्म मे दहशतगर्दी का कोई स्थान नहीं : मौलाना हसनैन

**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर के मोहल्ला मीरानपुरा स्थित हुसैनी हाल मे विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी इस्लाम धर्म के अंतिम पैगमबर हज़रत मोहम्मद साहब की इकलौती पुत्री फ़ात्मा ज़हरा सअ की शहादत पर आयोजित मजलिस को सम्बोधित करते हुए मौलाना हसनैन बाकरी ने कहा समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिये शिक्षा एक ऐसा अनमोल ज़रिया है कि जिसके हासिल करने से व्यक्ति अपना मुकाम स्वयं विकसित कर सकता है व्यक्ति को शिक्षा नौकरी पाने के लिये नहीं हासिल करना चाहिए बल्कि दूसरों को नौकरी पर लगाने के लिये हासिल करना चाहिए पांच दिवसीय मजलिस की पहली मजलिस को मौलाना श्री बाकरी ने सम्बोधित करते हुए मौलाना कहा यदि असली और सच्चा मुसलमान है तो वह कदापि दहशतगर्द नहीं हो सकता और इस्लाम धर्म मे दहशतगर्द के लिये कोई स्थान नहीं बनता श्री बाकरी ने शिक्षा को अपनी मजलिस का शीर्षक बनाते हुए मजलिस के अंतिम पड़ाव मे हज़रत फ़ात्मा ज़हरा सअ पर पड़ने वाले मसायब को अपने मखसूस अंदाज़ मे पढ़कर सभी की ऑखें नम कर दी मजलिस की शुरुआत तिलावते कलाम पाक से प्रारम्भ हुई और मजलिस के अन्त मे नौहाख़्वानी व सीनाजनी से सम्पन्न हुई मजलिस मे मुख्य रूप से राजा सैयद काज़िम रज़ा रिज़वान हुसैन कामरान हुसैन सफ़ी हसन अलीशान आब्दी फरमान हुसैन साजिद हुसैन मौलाना महताब हुसैन शाकिर हुसैन नम्मू आदि सैकड़ो लोगो ने मजलिस मे भाग लिया।पूरी मजलिस को को बराय रास टांडा अज़ादारी के माध्यम से आबिद हुसैन ने सभी तक पहुंचाने मे अपना अहम किरदार निभाया।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायलिसिस मशीन लगाए जाने की मांग

**जालौन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में डायलिसिस मशीन लगाई जाने की मांग ग्रामीण ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर की है। कुठौदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजते हुए लिखा कि नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन 500 से लेकर 800 तक मरीज अपना इलाज कराने आते हैं। ग्रामीण अंचल मेंमाधवगढ़, बंगरा, रामपुरा कुठौद, रेढ़र, नावली, शंकरपुर आदि दूर-दराज गांव के लोग भी इलाज कराने के लिए प्रतिदिन सीएचसी आते हैं। सीएचसी में डायलिसिस की सुविधा न होने से मरीजों को परेशान होना पड़ता है। क्षेत्र में सैंकड़ों की संख्या में ऐसे मरीज हैं जिन्हें डायलिसिस की आवश्यकता पड़ती है। उन्हें डायलिसिस के लिए बाहर जाना पड़ता है। इसमें उनका हजारों रुपये आने जाने में ही खर्च हो जाता है।

## अकबरपुर पालिका द्वारा चलाया गया अतिक्रमण अभियान, रहा मात्र दिखावा

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** अकबरपुर नगर पालिका परिषद ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जिसमें में गोरिल्ला कार्यवाही की गई, पिछले दो-चार दिनों से अकबरपुर नगर पालिका परिषद अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर नगर को अतिक्रमण मुक्त करने का असफल प्रयास कर रही है अधिशाषी अधिकारी द्वारा अपने पूरे दलबल के साथ अतिक्रमण हटाओ का असफल अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका अकबरपुर में चलाया जा रहा गोरिल्ला अतिक्रमण हटाओ अभियान एकतरफा जारी।इधर अभियान चलाकर गये नहीं कि उधर फिर ठेला खोमचा वाले कब्जा कर लेते हैं। बता दें दो तीन दिन के अभियान में सब्जी मंडी शहजादपुर, अयोध्या रोड और पटेल नगर से पक्षपात तरीके से अतिक्रमण हटाया गया। एक तो अतिक्रमण आधा अधूरा हटाया गया यानी कि पहुंच और पहचान वालों पर कोई असर नहीं हुआ है। गरीबों और पहुंच से दूर रहने वाले लोग इस अभियान के शिकार हो गये जहां एक तरफ अभियान ही पक्षपात पूर्ण रहा वहीं दूसरी तरफ हटाये गये ठेला खोमचा वाले पुनः अपने स्थान पर काबिज हो गए और भीषण जाम लगवाने में सहायक हो नगर पालिका प्रशासन को चिढ़ाते नजर आ रहे हैं और नगर पालिका प्रशासन कुछ भी करने में असमर्थ है। बता दें कि कल बस स्टैंड और पटेल नगर में अभियान चलाया गया जिसमें कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों को छोड़कर बाकी सभी का अतिक्रमण हटाकर उनका सामान जप्त किया गया। वहीं बहुत से अतिक्रमणकारियों की तरफ देखा ही नहीं गया। इस तरह के अभियान पर जनता में आक्रोश होना लाजिमी है। जिसका असर हुआ कि लोग अभियान पर उंगली उठाते नजर आए। कुल मिलाकर नगर पालिका प्रशासन और अतिक्रमणकारियों में तू डाल डाल और मैं पात-पात वाली कहावत चरितार्थ हो रही है।

## आदर्श विचार सहयोगी संघ के बैनर तले नौनिहाल बच्चों को किया गया पुरस्कृत



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आदर्श विचार सहयोगी संघ के बैनर तले नौनिहाल बच्चों को किया गया पुरस्कृत। मंगलवार को बांसी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसिया चौराहे पर तमाम नौनिहाल बच्चों के मनोबल को बढ़ाने एवं उन्हें पढ़ने के क्षेत्र में रुचि रखने के लिए आदर्श विचार सहयोगी के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ के द्वारा पुरस्कृत किया। जन सेवा के क्षेत्र में आदर्श विचार सहयोगी संघ अपनी अलग पहचान बना रही है।इस दौरान संस्था के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चे हमारे देश के भविष्य है। हम लोगों कि नैतिक जिम्मेदारी है की बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करें जिससे स्वंय समाज और देश हित के लिये कार्य करेंगे। यही नौनिहाल आगे चलकर भारत के गौरव बनतें है। संविधान रचयिता डा. भीमराव अम्बेडकर ने कहा था की शिक्षा उस शेरनी का दूध है जो जितना पीयेगा उतना दहाडेंगा। पुरस्कृत करने के दौरान आबिद हुसेन पुरुषोत्तम मिश्रा, अताऊर रहमान नूरुल हसन सुधीर शर्मा मौजूद रहे।

## सामाजिक समरसता मंच बांग्लादेश की अंतिम सरकार से की अपील

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सामाजिक समरसता मंच बांग्लादेश की अंतिम सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को अपील की है कि हिंदुओं पर अत्याचार करना तुरंत बंद करें और इस्कॉन के हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास जी को तुरंत रिहा करें बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलो हत्याओं लूटपाट मठ मंदिरों के तोड़े जाने हिंदुओं का जबरन धर्मांतरण आगजनी और बर्बर अमानवीय घटनाओं पर चिंता व्यक्त कर इसकी निंदा करता है। और भारत सरकार से आग्रह करता है कि बांग्लादेश के हिंदुओं के सुरक्षा का कोई ठोस उपाय कर उन्हें सुरक्षित करें उनके जान माल की रक्षा करें।

उपरोक्त बातें सामाजिक समरसता मंच संयोजक गोरक्ष प्रांत के राजकुमार अग्रहरि ने कहा। बांग्लादेश में हो रहे हिंदू उत्पीड़न के खिलाफ कल सिद्धार्थनगर दिनांक 5 दिसंबर को कलेक्ट्रेट के प्रांगण में दिन में 11 बजे जन आक्रोश रैली का आयोजन होना है। उसके सफलता के लिए संपर्क करते हुए करते हुए उन्होंने आगे कहा कि पूरी दुनिया के सभी हिंदू हमारे भाई हैं हिंदू जागेगा तब हिंदू बचेगा हिंदू संगठित हो रहे हैं इसका प्रमाण है कि 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्री राम के जन्मभूमि का बनना, धारा 370 का कश्मीर से समाप्त होना अमरनाथ श्राइन बोर्ड को विजय मिलना। भारत सहित दुनिया के सभी देशों के हिंदू बांग्लादेश की घटनाओं से आहत हैं और गुस्से में हैं। बांग्लादेश के हिंदुओं के सुरक्षा के लिए धरना ज्ञापन प्रदर्शन पूरे दुनिया भर में कर रहे हैं। सिद्धार्थनगर के जन आक्रोश रैली में आधिकारिक हिंदू पहुंचे। जिससे बांग्लादेश के हिंदुओं को सुरक्षा मिल सके।



# नए शिक्षा विधेयक के मसौदे में मदरसा शिक्षा को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए शामिल

अवधनामा संवाददाता

**राष्ट्रीय मदरसा संघ नेपाल की जोरदार मांग, शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन**



**कृष्णानगर नेपाल।** हाल के दिनों में, नेपाल सरकार द्वारा एक व्यापक शिक्षा विधेयक का मसौदा तैयार किया जा रहा है, जिसे देश की अब तक की सबसे विस्तृत और बहुआयामी योजना के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसमें देश की दूसरी सबसे बड़ी अल्पसंख्यक समुदाय के शैक्षिक अधिकारों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है। जबकि देश के उज्जवल भविष्य की योजना इतनी बड़ी अल्पसंख्यक समुदाय को साथ लिए बिना पूरी नहीं हो सकती। न ही किसी शिक्षा विधेयक को धार्मिक शिक्षा की स्वतंत्रता के सिद्धांत के तहत इस समुदाय को शामिल किए बिना समग्र माना जा सकता है। इसलिए, मदरसा शिक्षा की सुरक्षा सुनिश्चित करना और मुस्लिम समुदाय की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, मदरसों के कल्याण को बेहतर बनाने और इन मदरसों में पढ़ाने वाले उलमा और अन्य शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित करने के लिए इस मसौदे में उनके अधिकारों को शामिल करना अनिवार्य है। वर्तमान स्थिति में, नेपाल सरकार द्वारा मदरसों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता, जो तीन लाख नेपाली रुपये है, बहुत ही कम है। इसलिए, इस सहायता को कम से कम उस स्तर तक बढ़ाया जाना चाहिए जो मदरसों की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा कर सके। राष्ट्रिय मदरसा संघ नेपाल के महासचिव मौलाना मशहूद खान नेपाली ने राजधानी काठमांडू में इन्हीं विषयों पर आधारित एक ज्ञापन शिक्षा मंत्री विद्या भट्टराई और शिक्षा, स्वास्थ्य और सूचना प्रौद्योगिकी समिति के अध्यक्ष अमर बहादुर थापा को प्रस्तुत किया। काठमांडू में समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई थी जिसमें शैक्षिक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक में शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री विद्या भट्टराई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। राष्ट्रिय मदरसा संघ के अध्यक्ष और जामिया सिराज उल उलूम अल सल्फिया झंडानगर नेपाल के शिक्षक डॉ. अब्दुल गनी अल कौफी ने कहा कि सदियों से मदरसों में पढ़ाने वाले शिक्षकों और उलमा का भविष्य अनिश्चित और संकट में है, जबकि वे आधुनिक स्कूलों के शिक्षकों की तुलना में कहीं अधिक मेहनती, अनुशासित और जिम्मेदारी से काम करते हैं। इसलिए, इन उलमा और शिक्षकों की नियुक्ति को स्थायी करने और उनकी सेवा को सुदृढ़ बनाने के लिए उचित कदम उठाना आवश्यक है। राष्ट्रिय मदरसा संघ नेपाल के उपाध्यक्ष मौलाना जैश मकी ने कहा कि हमने इस अवसर पर यह भी स्पष्ट किया कि हमें केवल तीन लाख रुपये की सहायता दी जा रही है, जबकि मांग यह है कि सभी विषय शामिल किए जाएं। इससे न केवल हमारी पहचान खतरे में पड़ जाएगी, बल्कि मदरसों की स्वतंत्रता ही समाप्त हो जाएगी।

## 'लेखी' लिखेंगी भाजपा की नई कहानी...

'हुनूज दिल्ली दूर अस्त' का सरल अर्थ है, अभी दिल्ली दूर है। वैसे तो यह पंक्तियाँ सूफी संत हजरत निजामुद्दीन औलिया ने गयासुद्दीन तुगलक के लिए कही थी, लेकिन यह वाक्य आज तक राजनीतिक-सामजिक जीवन का एक कड़वा सच बना हुआ है। आमतौर पर इसे सत्ता से जोड़ कर देखा जाता है। इसके निहितार्थ तब भी वही थे, आज भी वही है. तो सवाल है कि क्या भाजपा के लिए दिल्ली की सत्ता (दिल्ली विधानसभा चुनाव) दूर है या फिर 12 साल का वनवास इस बार, यानी दो महीने बाद होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद ख़त्म होगा?

दिल्ली भाजपा ने 2025 चुनाव की शायद सबसे मजबूत तैयारी करनी काफी पहले से शुरू कर दी थी। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, कुछेक मंत्रियों के जेल जाने के बाद से एक ऐसा माहौल तो बना ही अरविन्द केजरीवाल ने इस्तीफा दिया और आतिशी को सीएम बनाया. हालांकि, आज की तारीख में जैन, सिसोदिया आदि जेल से बाहर है। केजरीवाल भी पूरी तरह से चुनाव पर फोकस्ड हैं। लेकिन, इस बीच उनके एक मंत्री का इस्तीफा भी हुआ। तो सबसे पहले आम आदमी पार्टी को एक करप्ट पार्टी बताने, पार्टी के भीतर फूट है, आदि जैसे परसेप्शन गढ़ने की कोशिशें हुई हैं। लेकिन, क्या इतने भर से काम चल जाएगा? क्या आम मतदाता, ख़ास कर निम्न और निम्न माध्यम वर्ग से आने वाली महिला मतदाताएँ, भाजपा या कैलाश गहलोत के आरोपों पर भरोसा करेंगी, जिन्हें प्रत्यक्ष तौर पर बिजली, पानी, स्कूल, स्वास्थ्य, परिवहन सुविधाओं के रूप में आर्थिक लाभ मिल रहा है? फ्री तीर्थ यात्रा करने वाले बुजुर्ग क्या अरविन्द केजरीवाल पर भरोसा नहीं करेंगे? वृद्धा पेंशन पाने वाले बुजुर्ग क्या नरेन्द्र मोदी की बातों पर यकीन करेंगे?

2020 के चुनाव में आम आदमी पार्टी को करीब 54 फीसदी वोट मिले थे. 2015 के चुनाव के मुकाबले यह तकरीबन 1 फीसदी कम वोट था, लेकिन 5 सीटों की संख्या कम हो गयी थी। भाजपा को 39 और कांग्रेस को करीब 4 फीसदी वोट मिले थे. माइनोरिटी वोट (मुस्लिम+सिख) दिल्ली में अच्छी खासी संख्या में है। आम आदमी पार्टी को इनका साथ मिलता रहा है. जाहिर हैं, वे भी अपने वोट को बाँट कर और इस दौर में कांग्रेस को अपना वोट दे कर आम आदमी पार्टी को शासन से हटाना नहीं चाहेंगे। तो, पिछले 5 साल में ऐसा क्या हो गया है, जिससे भाजपा की उम्मीदें बढ़ सकती है? वही परसेप्शन गढ़ने की कोशिशें कि मौजूदा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप है, चाहे पानी की बात हो या शराब की। लेकिन, क्या जनता को इन बातों से मतलब है? क्योंकि, जनता को (ख़ास कर आर्थिक रूप से कमजोर या कम मजबूत बहुसंख्यक आबादी) तो फ़ायदा मिल ही रहा है।

फिर, केजरीवाल ने आतिशी के रूप में एक महिला सीएम दे कर इस आशंका को भी गलत साबित कर दिया कि वे अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को अपना उत्तराधिकारी बनाना चाहते हैं. उलटे, अब राष्ट्रीय संयोजक होने के नाते, उन्हें चुनाव प्रचार करने और स्ट्रेटजी बनाने के लिए अधिकतम समय मिल रहा है। केजरीवाल की दस गारंटी की तर्ज पर इस चुनाव में वे क्या नारा और एजेंडा ले कर आते हैं, देखने वाली बात होगी। फेस निश्चित ही वे खुद होंगे। हाल ही में एक बार उन पर किसी युवक ने पानी या स्प्रिट जैसा कोई तरल पदार्थ फेंका है, जिसे राजनीतिक रूप से ÷हमला÷ बताया जा रहा है और निश्चित ही इससे केजरीवाल खुद को केंद्र सरकार द्वारा विक्तिमाइज (पीड़ित) किए जाने के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। यह फोर्म्यूला राजनीति में हमेशा से कारगर रहा है। ख़ास कर, दिल्ली में केजरीवाल शायद अकेले ऐसा नेता होंगे, जिन पर सर्वाधिक हमले हुए हैं. कभी किसी ने थप्पड़ मारा है, कभी किसी ने स्याही फेंकी है और इस चीज का उन्हें हरदम राजनीतिक फ़ायदा ही हुआ है। हालांकि, सुरक्षा की दृष्टि से इसे एक गंभीर लैप्स मानना चाहिए और दिल्ली पुलिस या गृह मंत्रालय को इस पर संज्ञान लेना चाहिए।

इन पंक्तियों के लेखक को मिली जानकारी के मुताबिक़, इस चुनाव में केजरीवाल के खिलाफ एक दमदार चेहरा की तलाश भाजपा अको आज भी है. किरण बेदी से ले कर नुपुर शर्मा तक, यह तलाश असफल साबित हुई है। इस बार क्या होगा? ऐसी चर्चा है कि एक बार फिर एक महिला शक्ति की तलाश है, जो केजरीवाल को शिकस्त दे सकें. मेरे सूत्र बताते हैं कि इस महिला शक्ति की तलाश मीनाक्षी लेखी के नाम पर जा कर थम रही है। लेखी एक पढी-लिखी, क्लीन इमेज वाली महिला है। दिल्ली में भाजपा की एक भरोसेमंद फेस हैं। पार्टी के आदेश पर वह बिना किसी सवाल-जवाब के यह काम कर सकती हैं। वैसे भी, 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा आने अपने 7 में से 6 निर्वार्तामान सांसदों के टिकट काट दिए थे, जिसमें मीनाक्षी लेखी का नाम भी शामिल था। संभवतः इसके पीछे शायद यह भी रणनीति हो कि इन्हें विधानसभा में आजमाया जाए और अब ऐसी खबरें आ भी रही है कि उक्त 6 में से 3 नेताओं को दिल्ली विधानसभा चुनाव में कूदने को कहा जाएगा। ऐसे में, मीनाक्षी लेखी दिल्ली भाजपा की फेस हो और उन्हें केजरीवाल के खिलाफ मैदान में उतार दिया जाए, तो बहुत चकित होने की जरूरत नहीं है।

2013 में दिल्ली विधानसभा का चुनाव अद्भुत था। तब तक नरेन्द्र मोदी दिल्ली आए भी नहीं थे। शीला दीक्षित के 15 साल पुराने शासन को एक नई-नवेली पार्टी ने ख़त्म कर दिया। यहाँ तक कि खुद शीला जी को उनके ही विधानसभा सीट पर एक ऐसे शख्स ने बुरी तरह चुनाव में परास्त कर दिया, जो जिन्दागे एका पहला चुनाव लड़ रहा था. खैर, यह इतिहास है। लेकिन, उसके बाद 2015, 2020 का चुनाव भी आया और तब तक दिल्ली की गद्दी पर नरेन्द्र मोदी आ गए थे, गुजरात से निकला उनका विजयी रथ समूचे पश्चिम, पूरब और उत्तर भारत को जीतता दिल्ली आ गया था। लेकिन, अपने राजनैतिक जीवन के इतिहास के जिन पन्नों को मोदी कभी नहीं सहेज कर रखना चाहेंगे, वह दिल्ली विधानसभा चुनाव से जुड़ा हुआ है. चुनावी इतिहास की सर्वाधिक बड़ी जीतों में से दिल्ली विधानसभा चुनाव की जीत आम आदमी पार्टी के खाते में गयी। नरेन्द्र मोदी का तमाम करिश्मा, भाषण कौशल, पर्सनल इंटेग्रिटी आदि काम नहीं आया। दिल्ली राज्य की 7 लोकसभा सीटें हमेशा भाजपा के खाते में जाती रही, लेकिन, विधानसभा में आम आदमी पार्टी को 70 में से कभी 67 तो कभी 62 सीटें मिलती रही. तो इतिहास का यह पहिया ऐसे ही आगे बढेगा या थमेगा या उलटा घूम जाएगा? तो इंतज़ार कीजिये, 'हुनूज दिल्ली दूर अस्त' या कि इस बार होगा कोई 'चमत्कार' !

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# ट्रंप की बेहतरीन टीम में शामिल साथी भारत को एक सहयोगी के रूप में देखते हैं?



किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर सारी दुनियाँ की नज़रे अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस जाकर पद संभालने पर लगी हुई है,क्योंकि उनके चुने जाने भर से ही इज़राइल हमास का 60 दिवसीय युद्ध विराम लागू हो गया है। ब्रिक्स सम्मेलन में डॉलर के स्थान पर ब्रिक्स करेंसी का विचार,बांग्लादेश चीनपाकिस्तान पर नकेल कसने की बातों सहित अनेक निर्णयों पर एक्शन रिएक्शन की संभावना का बाजार गर्म हो गया है तो दूसरी ओर ट्रंप प्रशासन के लिए,की जा रही महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे, मूल भारतवंशियों की झोली में आई है,जिसमें हम देख रहे हैं कि ट्रंप की बेहतरीन टीम में अभी तक शामिल साथी भारत को एक सहयोगी के रूप में देखते हैं, इसलिए बांग्लादेश के इस्कॉन पीठाधीश की गिरफ्तारी, जमानत रद्द कर जेल भेजने तथा अन्यों की गिरफ्तारी व भारत बांग्लादेश संबंधों की खराबी के एक्शन पर रिएक्शन देखने को मिल सकता है तो वहीं दूसरी ओर ब्रिक्स सम्मेलन में डॉलर के स्थान पर ब्रिक्स करेंसी लाने के विचार पर भी रिएक्शन आ गया है,शनिवार दिनांक 30 नवंबर 2024 को देर शाम ट्रंप का बयान आया कि भारत सहित 9 देशों को खुली चेतावनी देकर कहा ऐसा हुआ तो 100 पेर्सेंट टैरिफ लगाकर अमेरिकी बाजार उन देशों के लिए बंद कर देंगे, सहित अन्य मुद्दों पर पूरी दुनियाँ की नज़रें लगी हुई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से,इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिकी मूल्यों से लबरेज परोकार बेहतरीन टीम के साथ पद संभालने व्हाइट हाउस में आ रहे हैं ट्रंप...ट्रंप प्रशासन में भारतवंशियों का दबदबा दिखने की संभावना? साथियों बात अगर हम ट्रंप प्रशासन के व्हाइट हाउस आने व भारतवंशियों के ट्रंप प्रशासन में दबदबा दिखने की संभावना की करें तो, अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की धमक लगातार बढ़ती जा रही है। वे शीर्ष अमेरिकी कंपनियों के उच्च पदों से लेकर देश की राजनीति में भी अहम पदों तक पहुंच रहे हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने आगामी प्रशासन के लिए अब तक कई भारतवंशियों को नामित कर चुके हैं। जबकि ट्रंप के पूर्व आध्यात्मिक सलाहकार जानी मूर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय अमेरिकी समुदाय रिपब्लिकन नेता के दूसरे कार्यकाल के केंद्र में होगा।अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने काश पटेल को एफबीआई डायरेक्टर पद के लिए नामित किया। पटेल ट्रंप के प्रशासन में कानून और सुरक्षा को मजबूत करेंगे। ट्रंप ने विवेक रामास्वामी को डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के लिए चुना है। साथ ही, तुलसी गबार्ड और जय भट्टाचार्य को भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं मिली हैं। उषा वेंस ट्रंप प्रशासन की नई सेकंड लेडी बनेंगी।अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को संघीय जांच ब्यूरो के डायरेक्टर पद के लिए अपने निकट सहयोगी एवं विश्वासपात्र काश पटेल को नामित किया। यह सेलेक्शन ट्रंप के इस दृष्टिकोण के अनुरूप है कि सरकार की कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। साथ ही ट्रंप ने अपने विरोधियों के विरुद्ध प्रतिशोध की इच्छा जताई है। ऐसे में इस पद के लिए पटेल का चयन मायने रखता है।काश पटेल की नियुक्ति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही। पटेल अमेरिका में कानून व्यवस्था और नेशनल सिक्योरिटी को मजबूत करने पर फोकस करेंगे। 44 वर्षीय पटेल 2017 में तत्कालीन ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन के अंतिम कुछ हफ्तों में अमेरिका के कार्यवाहक रक्षा मंत्री के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में भी काम कर चुके हैं।पेशे से वकील पटेल का संबंध गुजरात में वडोदरा से रहा है। पटेल भारत में



अयोध्या में बने राम मंदिर को लेकर दिए बयान की वजह से भी चर्चा में रहे थे। निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने विवेक रामास्वामी को नए डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के लिए चुना है। बिजनेसमैन रामास्वामी का काम सरकार को सलाह देना होगा। भारतवंशी रामास्वामी करोड़पति शख्स हैं और एक दवा कंपनी के फाउंडर भी हैं।वें राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल थे लेकिन बाद में उन्होंने अपनी दावेदारी वापस ले ली। इसके बाद उन्होंने ट्रंप का समर्थन करने का फैसला किया था।उनके माता-पिता केरल से अमेरिका चले गए थेसिनसिनाटी, ओहियो में जन्मे और पले-बढ़े, भारतीय मूल के बिजनेसमैन राष्ट्रीय स्तर के टेनिस खिलाड़ी थे। डेमोक्रेटिक पार्टी की पूर्व सदस्य तुलसी गबार्ड डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस (डीएनआई) के रूप में सेवाएं देंगी। गबार्ड चार बार सांसद रह चुकी हैं। वह 2020 में वह राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए उम्मीदवार भी थीं। गबार्ड के पास पश्चिम एशिया और अफ्रीका के संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में तीन बार तैनाती का अनुभव है। वह हाल ही में डेमोक्रेटिक पार्टी को छोड़कर रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हुई थीं।ट्रंप ने भारतीय अमेरिकी वैज्ञानिक जय भट्टाचार्य को देश के टॉप हेल्थ रिसर्च एवं वित्त पोषण संस्थानों में से एक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के निदेशक के रूप में चुना है। इसके साथ ही भट्टाचार्य, ट्रंप द्वारा शीर्ष प्रशासनिक पद के लिए नामित होने वाले पहले भारतीय अमेरिकी बन गए हैं। डॉ. भट्टाचार्य रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर के साथ मिलकर राष्ट्र के मेडिकल रिसर्च की दिशा में मार्गदर्शन करेंगे भारतीय अमेरिकी वकील उषा चिलुकुरी वेंस उस समय चर्चा में आई, जब उनके पति जे डी वेंस को रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नामित किया गया। ट्रंप-वेंस की जीत के साथ, 38 साल की उषा अमेरिका की सेकंड लेडी बनने वाली हैं। इस भूमिका में उषा पहली भारतीय-अमेरिकी होंगी। उषा, ओहियो के सीनेटर जे डी वेंस (39) के साथ खड़ी थीं, जब ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद समर्थकों को संबोधित किया। साथियों बात अगर हम भारत बांग्लादेश तनाव व अल्पसंख्यकों पर अत्याचार में अमेरिकी प्रभाव की करें तो,हाल के दिनों बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न की ख़बरों और सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ़्तारी के बाद भारत और बांग्लादेश के राजनयिक रिश्तों में कड़वाहट साफ दिख रही है।इस मामले को लेकर बांग्लादेश और भारत, दोनों एक दूसरे के ख़िलाफ़ टिप्पणी कर चुके हैं।दोनों जगह एक दूसरे के ख़िलाफ़ अभियान और विरोध प्रदर्शन भी देखने को मिले हैं। ताज़ा घटनाक्रम के बाद बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ प्रमुख लोगों और विश्लेषकों ने यह सवाल उठाना शुरू कर दिया है कि क्या सरकार अल्पसंख्यकों के साथ हो रही घटनाओं को आंतरिक और कूटनीतिक तौर पर ठीक तरह से संभाल पाने में पूर्ण सक्षम है? ऐसे में अमेरिका से एक बड़ा बयान आया है, जिसमें कहा गया है कि,अमेरिका की बाइडेन सरकार ने बांग्लादेश पर अधिक ध्यान नहीं दिया है,यह समय बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के अस्तित्व पर खतरे की तरह है।लेकिन ट्रंप अब आ रहे हैं,उन्होंने कहा कि मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि ट्रंप के पहले कार्यकाल में धार्मिक स्वतंत्रता मानवाधिकारों में शीर्ष प्राथमिकता थी।अमेरिका और भारत के बीच ऐसा सहयोग देखने को मिलेगा, जो अभी तक कभी भी नहीं देखने को मिला था। साथियों बात अगर हम ब्रिक्स सम्मेलन में ब्रिक्स करेंसी लाने पर विचार के रिएक्शन की करें तो,भारत समेत 9 देशों को ट्रंप की खुली चेतावनी,ट्रंप ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के अपने हैंडल पर लिखा,डॉलर से दूर होने की ब्रिक्स देशों की कोशिश में हम मूकदर्शक बने रहें, यह दौर अब ख़त्म हो गया है,हमें इन देशों से प्रतिबद्धता की ज़रूरत है कि वे न तो कोई नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही ताक़तवर अमेरिकी डॉलर की जगह लेने के लिए किसी दूसरी मुद्रा का समर्थन करेंगे, वरना उन्हें 100 प्रतिशत टैरिफ़ का सामना करना पड़ेगा उन्होंने लिखा अगर ब्रिक्स देश ऐसा करते हैं तो उन्हें शानदार अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अपने उत्पाद बेचने को विदा कहना होगा,वे किसी दूसरी जगह तलाश सकते हैं।इसकी कोई संभावना नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में ब्रिक्स अमेरिकी डॉलर की जगह ले पाएगा और ऐसा करने वाले किसी भी देश को अमेरिका को गुडबॉय कह देना चाहिए। बीते अक्तूबर में रूस के शहर कज़ान में ब्रिक्स की बैठक हुई थी और उस दौरान भी इस ब्लॉक की ओर से अपनी मुद्रा बनाने से जुड़े कयास लगाए जा रहे थे।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अमेरिकी मूल्यों से लबरेज़ परोकार बेहतरीन टीम के साथ व्हाइट हाउस में आ रहे हैं ट्रंप! प्रशासन में भारतवंशियों का दबदबा! ट्रंप की बेहतरीन टीम में शामिल साथी भारत को एक सहयोगी के रूप में देखते हैं? ट्रंप के आते ही बांग्लादेश मामले पर सख्ती,ब्रिक्स करेंसी पर लगाम व भारत से अटूट दोस्ती प्रगाढ़ होने की संभावना।

# राहुल गांधी को राजनीति के कुछ सबक सीखने होंग



किशन भावनानी

कांग्रेस की उलटी गिनती का क्रम रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। महाराष्ट्र के नतीजे इसी बात को रेखांकित कर रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस न तो भारतीय जनता पार्टी को टक्कर दे पा रही है और न ही देशहित के प्रभावी मुद्दे उठा पा रही है। देश में कॉर्पोरेट विरोधी जो एकसूत्री एजेंडा राहुल ने अपनाया है, या संविधान-रक्षा एवं धर्म-निरपेक्षता के नाम पर एक सम्प्रदाय-विशेष की जो राजनीति वह कर रहे हैं, उसके सकारात्मक परिणाम नहीं आ रहे हैं, उनके इन मुद्दों के पक्ष में वोट नहीं मिले हैं। निश्चित ही राष्ट्रीय राजनीति में अगर कोई एक चीज है, जो नहीं बदली है, तो वह है भाजपा को मात देने में कांग्रेस की अक्षमता। भाजपा से सीधी टक्कर में कांग्रेस की हार का औसत प्रतिशत बढ़ता ही जा रहे हैं। अब तो कांग्रेस के मुद्दों से इंडिया गठबंधन के सहयोग दल ही कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं। भाजपा जब कांग्रेस से मुकाबले में होती है तब उसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहता है। जबकि क्षेत्रीय नेताओं के मुकाबले राहुल का जादू फीका पड़ता है। इसके उदाहरण हैं झारखंड के हेमंत सोरेन और बंगाल की ममता बनर्जी जिन्होंने उपचुनाव में सारी सीटें जीत ली। कांग्रेस के लिये जटिल से जटिलतर होते हालातों में केरल के वायनाड में प्रियंका गांधी वाड्रा की 4.1 लाख से अधिक वोटों के अंतर से हुई भारी जीत कांग्रेस पार्टी के लिये एक उत्साहजनक संदेश हो सकता है। निश्चित रूप से प्रियंका के राजनीतिक जीवन और कांग्रेस पार्टी के लिये यह एक महत्वपूर्ण क्षण है, लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व पर लगा अक्षमता एवं अपरिपक्व राजनीति का दाग इससे कैसे कम हो सकता है?



राहुल गांधी संसद के बाहर और भीतर दोनों जगह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर पूरी तरह हमलावर रहते हैं, वे गैर-जरूरी मुद्दों को लेकर अक्सर संसद की कार्रवाई को बाधित करते हैं। अडाणी एवं कॉर्पोरेट विरोधी उनका एजेंडा देश की अर्थ-व्यवस्था के लिये कितना नुकसानदायी साबित होता रहा है, देश की जनता ने इसे महसूस किया है। राहुल दस साल से यह गलती कर रहे हैं और उनकी पार्टी इसकी कीमत चुका रही है। कांग्रेस और विशेष रूप से उसके नेता राहुल गांधी न जाने कब से अदाणी समूह को कोस रहे हैं। एक अमेरिकी अदालत के फैसले के बाद वह हाथ धोकर इस समूह के पीछे पड़ गए हैं, लेकिन शायद वह यह देखने से इन्कार कर रहे हैं कि इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल कांग्रेस के इस रवैये से सहमत नहीं है। विभिन्न राज्यों में जहां-जहां इंडिया गठबंधन दलों की सरकारें हैं, वे ऐसे मुद्दों से दूरी बनाना चाहते हैं। ममता बनर्जी ने जिस तरह यह कहा कि उनका दल कांग्रेस की ओर से उठाए गए किसी एक मुद्दे को प्राथमिकता नहीं देगा, उससे यही संकेत मिला कि वह नहीं चाहतीं कि अदाणी मामले को तूल दिया जाए। कांग्रेस को इसकी भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि गत दिवस ही माकपा के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने बंदरगाह के विकास के लिए अदाणी समूह के साथ एक पूरक समझौते को अंतिम रूप दिया। साफ है कि माकपा भी अदाणी मामले में कांग्रेस के रुख से सहमत नहीं। तेलंगाना सरकार ने अदाणी समूह के साथ एक समझौता कर रखा है और अतीत में राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने भी राज्य में इस समूह के निवेश को हरी झंडी दी थी। आखिर राहुल गांधी इन स्थितियों को क्यों नहीं समझ एवं देख रहे हैं? यदि राहुल गांधी को यह लगता है कि अदाणी समूह दागदार है तो वह अपनी सरकारों को उससे कोई नाता न रखने के लिए क्यों नहीं कह पा रहे हैं? यह समझना भी कठिन है कि कांग्रेस अमेरिकी अदालत के आकलन को अंतिम सत्य की तरह क्यों ले रही है और वह भी तब, जब उसने रिश्वत के कथित लेन-देन के कोई प्रमाण नहीं पेश किए हैं?

नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर चल रहे राहुल गांधी अपनी इस आक्रामकता से हासिल क्या करना चाहते हैं। विडम्बना देखिये कि संयुक्त अरब अमीरात, तंजानिया और श्रीलंका जैसे देश अदाणी समूह पर अमेरिकी अदालत की टिप्पणी को महत्व नहीं दे रहे हैं, लेकिन भारत में कांग्रेस के नेता और कुछ अन्य लोग उसे बिनी किसी जांच-पड़ताल दंडित करने को उतावले हैं। यह उतावलापन इसलिए भी ठीक नहीं, क्योंकि निवेशक अदाणी समूह पर भरोसा जता रहे हैं और इसी कारण उसके शेयरों में तथाकथित अमेरीकी कार्रवाई से भारी गिरावट के बाद पुनः तेजी देखने को मिल रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में राहुल गांधी जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। प्रश्न है कि कब राहुल गांधी इस महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाले पद पर रहते हुए उसके साथ न्याय करेंगे? वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है।

हर जगह कांग्रेस अपने मजबूत सहयोगियों के बूते सीटें जीतने में कामयाब रही है। ओडिशा में कांग्रेस का वजूद खत्म हो चुका है। एक वक्त में पूर्वोत्तर के राज्यों में कांग्रेस का दबदबा था, लेकिन अब वहां भाजपा छाई हुई है। जबकि इन राज्यों की डेमोग्राफी कांग्रेस के पक्ष में हैं, लेकिन सरकारें भाजपा की है। कांग्रेस मुद्दे नहीं तय कर पा रही है। बीजेपी हर राज्य के हिसाब से मुद्दे तय करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर सीट के हिसाब के मुद्दों के हिसाब से बोलते हैं। वहां के इतिहास, भूगोल, राजनीतिक परिस्थितियां सबको ध्यान में रख कर बोलते हैं। लेकिन कांग्रेस इसके हिसाब से मुद्दे और रणनीति तय नहीं कर पाती। बड़ा सवाल ये है कि लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित दिख रही कांग्रेस इसके बाद एक भी राज्य का चुनाव क्यों नहीं जीत पाई। आखिर उसकी रणनीति में कहां खामी है और वो बार-बार कहां चूक रही है?

लगभग जीत के मुहाने पर खड़ी कांग्रेस को हरियाणा में हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के साथ यही किस्सा अब राजनीतिक तौर पर देश के दूसरे बड़े अहम राज्य महाराष्ट्र में भी दोहराया गया। झारखंड में पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुआई वाले गठबंधन में शामिल थी और वो 2019 में जीती 16 सीटों में एक भी सीट का इजाफा नहीं कर पाई। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस बुरी तरह नाकाम रही। कांग्रेस 90 में से छह सीटें ही जीत पाई और नेशनल कॉन्फ्रेंस की जूनियर पार्टनर बन कर किसी तरह अपनी नाक बचा पाई। भाजपा ने महाराष्ट्र में हिंदू मतदाताओं के रुझान का ख्याल रखा। इसी के हिसाब से नारे गढ़े। लाडकी बहिन जैसी लाभार्थी योजना, आरक्षण के सवालों और महाराष्ट्र के किसानों के मुद्दों के इर्द-गिर्द अपनी रणनीति बनाई। लेकिन राहुल गांधी ऐसे चुनावी मुद्दों को गढ़ने में क्यों असफल रहे?

# वाह रे अकड़बाज-अकड़ में रहोगे तो रास्ते भी ना देख पाओगे,मंजिल पाना तो बहुत दूर की बात है!

*किशन*

वैश्विक स्तरपर अकड़बाजी एक ऐसा अनूठा मानवीय विकार है, जो मानवीय कतार में अंतिम व्यक्ति से लेकर प्रथम व्यक्ति में,चपरासी से लेकर उच्चस्तरीय अधिकारी,संतरी से लेकर मंत्री व देशी उच्चस्तरीय पदासीन से लेकर पूरी दुनियाँ के उच्चस्तरीय पदासीनों में पाया जा सकता है इसीलिए ही अनेक जुमले जैसे,चीन ने दिखाई अपनी अकड़बाजी,अकड़बाज कलेक्टरों को सबक सिखाएंगे सीएम,पद मिलते ही अकड़बाजी बढ़ी जैसे अनेकों जुमले हमें जीवन में अनेकों बार सुनने को मिलते रहते हैं।अभी 23 नवंबर 2024 को विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आते ही एक खबर, प्रिंट व डिजिटल मीडिया में वायरल हुई कि चुनाव जीतने के बाद सर्टिफिकेट मिलते ही चुनाव जीते उम्मीदवार अकड़बाज हुए, यह हेडिंग देखने को मिलीकुदरत ने इस खूबसूरत सृष्टि में मानव काया की अनमोल रचना कर उसे कुशाग्र बुद्धि क्षमता के रूप में अनमोल अस्त्र सौंपा है! तो गुरूर, अभिमान, अहंकार, अकड़, अहंवाद, गुमान, नखरो जैसी अनेक विशुद्धयां भी डाली है, और उसे चुनने की ताकत भी इस मानवीय जीव में डाल दी है ताकि मानवीय जीवन यात्रा में अच्छे काबिल और उचित लोग उस उचित स्थान याने मंजिल तक पहुंच सके और सारी मानवता का कल्याण कर अच्छाई से अपनी जीवन यात्रा पूर्ण कर वापस वैकुंठ धाम में प्रवास करें, हमने अपने बड़े बुजुर्गो से सुने हैं कि जिस मानव के पास लक्ष्मी मां प्रवास करती है तो उसे पद, प्रतिष्ठा देकर उसकी परीक्षा लेती है,जिसमें विकारों से लेकर उपरोक्त विशुद्धियां और नम्रता, सहयोग, इमानदारी जैसी शुद्धियों का घेरा डालती है, फिर मानव का कार्य है कि अपनी बुद्धि के बल पर विशुद्धियों और शुद्धियों का चुनाव करें स्वाभाविक ही है, कुशाग्र बुद्धि का व्यक्ति शुद्धियों को और बाकी लोग विशुद्धियों को चुनेंगे जिसके कारण विशुद्धियों को चुनने वाले के यहां से लक्ष्मी मां प्रस्थान करती है यह महत्वपूर्ण बात संपूर्ण मानव जाति के लिए रेखांकित करने योग्य बात है। इन उपरोक्त पैरा में बताए गए शब्दों को हम गुरूर में परिभाषित कर सकते हैं, यही लक्ष्यों की सफलताओं में सबसे बड़ा बाधक है इसलिए हर व्यक्ति को चाहिए कि नम्रता, सहयोग, ईमानदारी सहित सभी शुद्धि सूचक शब्दों को अपनाकर लक्षित मंजिलों तक पहुंचकर अपना खुद का, समाज, जिला, राज्य और राष्ट्रीय का भला कर सकते हैं।

साथियों बात अगर हम अकड़ को समझने की करें तो, किसी भी व्यक्ति में अकड़ आती है तो उसके पीछे ज्यादातर दो ही वजह हो सकती है पहला पैसा दूसरा पावर। इन दोनों से अकड़ का बढ़ जाना स्वाभाविक हो जाता है, इनके आगे कोई रिश्ता मायने नही रखता है लोगों के लिए।मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि ऐसा मेने अपने आस पास होता हुए देखा है। इतिहास गवाह है कि अकड़ में रहने से नुकसान ही होना है रावण का उदाहरण अद्वितीय है।अकड़ एक खुशहाल परिवार को तबाह कर बस अकेले जीने के लिए भी मजबूर कर सकती है।ये एक तरह का पर्दा आंखों पर डाल देती है जिससे उसको कुछ दिखाई ना दे।जब कोई इंसान आपसे मेलजोल बनाये नही रखेगा तो अपने आप ही अपने मन मे में ब उसके प्रति व्यवहार कम हो जाएगा या यूं कहें कि खत्म ही हो जाएगा। आजकल सबको ये पसन्द है कि अच्छे से विनम्र होकर कोई बात करे सम्मान दे। अकड़ में रहने से इंसान अकडा जाता है।उनकी विचारधारा अलग ही स्तर की होती है वो मानते हैं कि बस जो है हम है तो ऐसे स्वभाव के लोग रिश्ते क्या समझ पाएँगे? रिश्तों को निभाने के लिए विन्रम के साथ साथ मिलनसार होना भी बहुत आवश्यक है।

साथियों बात अगर हम अपने दैनिक दिनचर्या की करें तो हमारा शासकीय, अशासकीय, निजी क्षेत्रों में अनेक ऐसे पदों पर बैठे अधिकारियों, व्यक्तियों, कर्मचारियों से पाला पड़ा होगा और हम सोचने पर मजबूर हो गए होंगे? कि पद के लिए कितना गुरूर है इन्हें! जब यह पद चला जाएगा या रिटायर्ड हो जाएंगे तो इनका क्या होगा और हमने अपनी आंखों से ऐसे व्यक्तियों की बुरी हालत होते देखी है,उनका परिवार अशांत रहता है, आंतरिक सुख उन्हें कभी नहीं मिलता क्योंकि उन्होंने जीवन भर अपने गुरूर और भ्रष्टाचार को अपना रखा था तो उनका जीवन कभी सुखी नहीं होगा वह अपने जीवन के लक्ष्य तक कभी पहुंच नहीं पाएंगे ऐसी गारंटी है।

साथियों बात अगर हम गुरूर रूपी विशुद्धि से हानियों की करें तो, गुरुर जीवन का सबसे बड़ा संकट है, ये जिस पर छा जाता है, उसके जीवन को बर्बाद कर देता है। गुरुर को हम गर्व भी मानते है, इतिहास गंवा है,जो व्यक्ति गुरुर से अलंकृत हुए है, उनका नाश शीघ्र ही हुआ है! !जिसमे हम सबसे प्रमुख राजा रावण को ले सकते है। गुरुर से बुद्धि का नाश होता है। गुरुर एक लत है और यह लत जिसको लगती है उसका जीवन बर्बादी की ओर अग्रसर होता है अपने जीवन में गुणों को प्रवेश नहीं देता है और खुद को बड़ा समझ कर दूसरों को नीचा समझता है।

# ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का द्वितीय दिवस संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत आयोजित जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता द्वितीय दिवस की सम्पन्न युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, जनपद सोनभद्र के तत्वावधान में वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत 03, 04 व 05 दिसम्बर को विशिष्ट स्पोर्ट्स स्टेडियम, तियरा, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र में आयोजित तीन दिवसीय जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता दूसरे दिन बुधवार को सकुशल सम्पन्न हुई। द्वितीय दिवस की खेल प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में बालक/बालिकाओं की वालीबाल एवं फुटबाल विघा में आयोजित की गयी, जिसमें जनपद के समस्त 10 विकास खण्डों से ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

दूसरे दिन की प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को शील्ड एवं प्रमाण-पत्र का वितरण शैलेन्द्र कुमार यादव, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र द्वारा किया गया। इन्होने इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि आप जोन तथा राज्य स्तर की प्रतियोगिता में विजेता बनकर इस जनपद का नाम रोशन करें तथा जो खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में विजेता नहीं बन सके वे निरन्तर प्रयास कर भविष्य की प्रतियोगिताओं की तैयारी करे और विजयी बनें मेरी यही आप सभी के प्रति शुभकामनायें हैं। जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इस जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता के प्रथम स्थानधारक खिलाड़ियों द्वारा वाराणसी में आयोजित होने वाली जोन स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जाएगा। राजेश द्विवेदी सचिव जिला बैडमिण्टन संघ, सोनभद्र ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता जनपद के छिपी प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करने हेतु बहुत ही कारगर साबित होगी आप सभी उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर जनपद का गौरव बढ़ायें। तृतीय दिवस की प्रतियोगिता दिनांक 05 दिसम्बर, 2024 को सब जूनियर जूनियर एवं सीनियर वर्ग में बालक/बालिकाओं की भारोत्तोलन एवं जूडो विधा में आयोजित की जाएगी। इस मौके पर जिला क्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद, सचिव जिला फुटबाल संघ नुरुद्दीन, सचिव जिला बैडमिण्टन संघ राजेश द्विवेदी, अमरेश चन्द्र पाठक, अमर सिंह, संजय सिंह युवा कल्याण विभाग के व्यायाम प्रशिक्षक प्रदीप कुमार सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अनुज त्रिपाठी, रवि शंकर कुशवाहा, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, विकास दूबे, कनिष्ठ सहायक महफूज अली खान, जितेन्द्र कुमार, विजय कुमार विश्वकर्मा, भूपेन्द्र सिंह, प्रभुनारायण, विरेन्द्र राव, अवधेश सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## संसद में गूंजी रेवती स्टेशन बहाली की मांग

**बलिया।** रेवती रेलवे स्टेशन बहाली की मांग बुधवार कसे संसद में गूंजी। इसके बाद आंदोलकारियों के चेहरे पर आशा की किरण जगी है। सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने बुधवार को संसद में कहा कि रेवती रेलवे स्टेशन को हॉल्ट कर प्लेटफार्म की पटरी उखाड़ ली गई। इसके चलते एक व्यक्ति मर चुका है और तीन लोग घायल हो चुके हैं।

उन्होंने स्टेशन बहाल करने की मांग की। साथ ही मंगलवार के दिन प्रदर्शन के दौरान आरपीएफ से नोंक-झोंक के मामले में आरपीएफ के कांस्टेबल रामजीत चौधरी ने रेवती थाने में महावीर तिवारी के विरुद्ध धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। इसी क्रम में बुधवार को 6वें दिन तबीयत खराब होने के कारण ओमप्रकाश उर्फ मुन्नु कुंवर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अब 12वें दिन यानी बुधवार से भूख हड़ताल में सीताराम बैठे हैं। वहां लोगों की मांग जायज है।

# कोटेदारों ने लाभांश व मानदेय बढ़ाने के लिए सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददता

**प्रयागराज।** खाद्यान्न व चीनी का प्रति कुंतल लाभांश बढ़ाने और मानदेय की मांग को लेकर कोटेदारों ने जिलाधिकारी प्रयागराज व जिला पूर्ति अधिकारी प्रयागराज के कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन प्रयागराज के जिला अध्यक्ष गणेश प्रसाद द्विवेदी नेजिलाधिकारी व जिला पूर्तिअधिकारी प्रयागराज के कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा।कोटेदारों ने कहा प्रधानमंत्री अन्य योजना व राष्ट्रीय खाद्य सूचना अधिनियम के तहत खाद्यान्न का वितरण कोटेदार विगत विगत कई वर्षो से करते आ रहे हैं।



शासन के निर्देश में ई-पास मशीन से राशन कार्ड धारकों को समय पर खाद्यान्न वितरण कराया जा रहा है। लेकिन मिनिमम लाभांश की गारंटी सरकारने नहीं दी जिससे कोटेदार परेशान हैं। उनका कहना है उन्हें प्रति कुंतल सिर्फ90 लाभांश मिल रहा है जबकि हरियाणा गोवा केरल में200 कुंतल कमीशन कोटेदारों को दिया जा रहा है। यही नहीं गुजरात में 20000 मिनिमम गारंटी का लाभ कोटेदारों को मिल रहा है। कोटेदारों ने जिलाधिकारी प्रयागराज के अनुपस्थिति में एसीएम थर्ड को ज्ञापन सौंपा व जिला पूर्ति अधिकारी प्रयागराज के अनुपस्थिति में ए आर ओ संजय को कोटेदारों ने लाभांश व मानदेय बढ़ाने के लिए सौंपा ज्ञापन सौंपा। कोटेदारों ने लाभांश व मानदेय बढ़ाने के लिए सौंपा ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी यदि हमारी मांगे नहीं मानी जाती हैं तो 5 फरवरी 2025 को कोटेदार जवाहर भवन लखनऊ का घेराव करेंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन में प्रमुख रूप से गंगा शंकर मिश्र अध्यक्ष बहरिया, राजू प्रसाद केसरवानी अध्यक्ष कौंधियारा, शिवधर दुबे, महेंद्र प्रसाद द्विवेदी, केशव प्रसाद मिश्रा सहित तमाम कोटेदार उपस्थित रहे।

## स्टाम्प की कमी को लेकर किया क्षेत्रों का निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने स्टाम्प में कमी की जांच को लेकर विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया, सर्वप्रथम वह फिरोजाबाद के इंडस्ट्रियल एरिया में गए, उसके बाद वह शिकोहाबाद के सहजलपुर में गए एवं उसके बाद टूण्डला में बदनपुर व चूल्हावली गए, जहां पर उन्होंने स्टाम्प के संबंध में निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद एआईजी स्टाम्प को स्टाम्प अवशेष के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा में आयोजित होगा प्रशिक्षण, कृषक गोष्ठी एवं मेला

**बहराइच।** जिला उद्यान अधिकारी डॉ. दिनेश चौधरी ने बताया कि वर्ष 2024-25 अन्तर्गत राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत जनपद में औद्यानिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि विज्ञान केन्द्र, नानपारा, बहराइच में 06 व 07 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से 02 दिवसीय औद्यानिक कृषक गोष्ठी/मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कृषि कार्य से सम्बन्धित विभागों द्वारा प्रदर्शनी/स्टाल भी लगाये जायेंगे। श्री चौधरी ने बताया कि 02 दिवसीय औद्यानिक कृषक गोष्ठी/मेला के अवसर पर शाकभाजी, मसाला एवं पुष्प फसलों के उत्पादन व उत्पादकता को बढ़ाने हेतु 06 दिसम्बर 2024 को प्रशिक्षण तथा 07 दिसम्बर 2024 को कृषक प्रक्षेत्र भ्रमण का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 09 दिसम्बर को

**बहराइच।** अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग/सचिव, जिला सड़क सुरक्षा समिति ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में 09 दिसम्बर 2024 को अपरान्ह 04:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी है। सभी सम्बन्धित अधिकारियों से वांछित सूचनाओं के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गई है।

# लिया में अग्निकांड, लपटों में चार रिहायशी झोपड़ी जलकर राख

अवधनामा संवाददता

**बलिया।** सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चक कलंदर (चकिया) गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में चार रिहायसी झोपड़िया सहित नगद व खाने-पीने के गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गए। घटनास्थल पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना हल्का लेखपाल को दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चक कलंदर (चकिया) गांव में बुधवार की दोपहर रामचंद्र गोंड पुत्र स्व. वस्जित गोंड के झोपडी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग विकराल रूप ले लिया तथा बगल के रामाश्रय खरवार पुत्र स्व. हरदेव राम तथा ममता देवी पत्नी मनोज राजभर के भी झोपडी को अपने चपेटे में ले लिया। घटना की जानकारी होते ही गांव के आसपास के लोग दौड़े हुए आए तथा आग को बुझाने का प्रयत्न करने लगे करीब 2 घंटे अथक प्रयास के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया गया। जब तलक रामचंद्र गोंड के दो रिहायशी झोपड़ी, बच्चे का इलाज कराने के लिए रखा करीब पचास हजार नगद, तीस कुंतल गेहूं, बीस कुंतल चावल,गहना,कपड़ा और गृहस्थी के सामान और बक्से में रखा जरूरी कागजात भी जलकर राख हो गए। वही रामाश्रय खरवार का एक झोपडी, चारपाई,कपड़ा, तथा गृहस्थी के सामान,और ममता देवी का एक झोपड़ी, नगद,कपड़ा तथा गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गया। वही पीड़ितों का रो रो कर बुरा हाल है।पीड़ित खुले आसमान के नीचे आ गए है। घटना की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे ग्राम प्रधान स्वामी नाथ यादव ने हल्का लेखपाल तथा तहसीलदार को इसकी सूचना दिया और पीड़ितों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## 2027 के चुनाव में तीसरी बार प्रदेश में खिलेगा कमल : डॉ. अरुण कुमार

**प्रयागराज।** वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना का भाजपा नेता कुमार नारायण अपने आवास पर एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा सर्किट हाउस में मिलकर स्वागत किया। इस अवसर उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा उप चुनाव में कार्यकर्ताओं के दम पर जीत मिली। प्रदेश की जनता ने झूठ प्रपंच और धोखे की राजनीति करने वाली सपा और कांग्रेस को सत्य का आइना दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश की विधानसभा चुनाव का भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार बनाने का संदेश दे दिया है। स्वागत करने वालों में महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा कुंज बिहारी मिश्रा देवेश सिंह, वरुण केसरवानी रवि, राजेश केसरवानी, कुमार नारायण, रमेश पासी, संजय श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, सुमित श्रीवास्तव, आदि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्तागण रहे।

# स्कूली वाहन को लेकर प्रधान व प्रिंसिपल के बीच मारपीट

अवधनामा संवाददता

■ थाने तक पहुंची शिकायत

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के दोपहीं (अगरौली) ग्राम सभा में स्थित वाईबीएन पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल व दोपहीं ग्राम प्रधान पति के बीच बुधवार की सुबह गाली-गलौज व मारपीट हुई है। इस दौरान विद्यालय में तोड़फोड़ भी किया गया है। इस मामले में दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दिए हैं।

वाईबीएन पब्लिक स्कूल दोपही की स्कूल बस बुधवार की सुबह करीब आठ बजे बच्चों को लेकर आ रही थी, स्कूल के बगल में स्थित ग्राम प्रधान के घर के सामने बस पहुंची तो वहां सड़क पर पिकअप खड़ी थी। उसी को हटाने को लेकर विवाद शुरू हो गया। विद्यालय के प्रिंसिपल अनिल कुमार यादव ने थाने में दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान पति गणेश गुप्ता और उनके भाईयों ने हमारे स्कूल बस के ड्राइवर को मारपीट कर घायल कर दिया। इसकी शिकायती पत्र थाने में देकर वापस स्कूल आ रहे थे, तो अपने घर के समीप रास्ते पर मुझे भी मारे-पीटे और पुनः वे लोग विद्यालय परिसर में आकर केबिन में तोड़-फोड़ किया और अन्य लोगों से भी मारपीट की।

जबकि ग्राम प्रधान पति गणेश गुप्ता ने प्रिंसिपल अनिल कुमार यादव समेत चार लोगों पर आरोप लगाया है कि मेरे पिता के साथ गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर मुझे व मेरे भाई को जबरन घसीट कर विद्यालय में ले गए और वहां हम लोगों के साथ मार-पीट की। इस बावत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया कि स्कूल बस जाते समय कुछ विवाद हुआ था, दोनों पक्ष से तहरीर मिली है। जांच चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### रेनुसागर में दो दिवसीय शरद मेला 7 दिसम्बर को

**अनपरा/सोनभद्र।** दिशिता महिला मंडल के तत्वावधान में हिण्डालको रेनुसागर के आवासीय परिसर में स्थित आदित्य विडला इंटरमीडिएट कालेज में 7 दिसम्बर को दो दिवसीय शरद मेला का भव्य आयोजन किया गया।उक्त आशय की जानकारी देते हुये दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इंदु सिंह ने देते हुये बताया कि मेले का शुभारंभ 7 दिसम्बर को सायं 5 बजे होगा।यह मेला 8 दिसम्बर तक चलेगा।दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इंदु सिंह ने रेनुसागर एवं आस-पास के ग्रामीण आँचल में निवास करने वालों से अपील करते हुये कहा कि दिशिता महिला मंडल द्वारा आयोजित शरद मेले भारी संख्या में आयें और लुत्फ उठाइये तथा ढेर सारे इनाम जीत कर जाइये।मेले मेले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को साइकिल द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को ट्राली बैग तीन सेट एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को एयर फ्रायर दिया जाएगा।

### सड़क हादसा : एक भाई की मौत, दूसरा गंभीर

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के रुद्रपुर गायघाट के पास बलिया-बैरिया मार्ग पर बीती रात बारात से लौट रहे दो सगे भाइयों की बाइक खड़े ट्रक से टकराने व अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक भाई की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए तथा घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के बिगहीं गांव निवासी विजय कुमार वर्मा व नंद कुमार वर्मा पुत्रगण स्व0 बृज बिहारी वर्मा बारात में बाइक से बैरिया गए थे। सोमवार की रात बारात से वापस लौटते समय हल्दी थाना क्षेत्र के रुद्रपुर गायघाट के पास खड़े ट्रक से टकरा जाने के कारण रोड पर दोनों भाई गंभीर रूप से घायल होकर गिर गए। तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से विजय कुमार वर्मा-59 की मौके पर मृत्यु हो गई। दूसरा भाई नंदकुमार वर्मा- 57 वर्ष घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए तथा घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। सूचना मिलते ही परिवार के लोगों का रोते रोते बुरा हाल है, वहीं घटना को लेकर गांव में मातम पसरा है।

### विद्युत निजीकरण के खिलाफ मार्क्सवादी कम्युनिस्टों ने भरी हुंकार

**बलिया।** विद्युत निजीकरण के खिलाफ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बुधवार की दोपहर एक बजे कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारे भी लगाए गए। इस दौरान उप्र शासन को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में जिक्र किया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा वाराणसी एवं आगरा विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण करने का निर्णय लिया है। लंबे अरसे से भाजपा सरकार बिजली को निजी हाथों में देकर उनको मनमाना मुनाफा करने की छूट देना चाहती है। जनहित में इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। पावर कारपोरेशन जो घाटे का बात करता है। वास्तव में उसकी जड़ में सरकारी की नीतियां है। विद्युत सुधार के नाम पर तत्कालीन सुधार के नाम पर सरकार द्वारा वर्ष 2000 में विद्युत बोर्ड का विभाजन किया था और बताया था कि प्रति वर्ष 77 करोड़ रूपए का घाटा हो रहा है। इसके 25 वर्ष बाद घाटा बढ़कर एक लाख 10 हजार करोड़ हो गया। सरकार के विभाजन का प्रयोग पूरी तरह से विफल रहा। बिजली निजीकरण के विनाशकारी परिणाम हम सबके सामने हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा वाराणसी एवं आगरा विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण करने का जो निर्णय लिया गया है। उसे तत्काल वापस लें।

# पीएम मोदी के दौरे से पूर्व सीएम योगी करेंगे प्रयागराज में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण और समीक्षा

■ अलोपीबाग फ्लाई ओवर,6 लेन गंगा सेतु, गंगा रिवर फ्रंट रोड और शिवालय पार्क का कर सकते हैं निरीक्षण

अवधनामा संवाददता

**प्रयागराज।** प्रयागराज विश्व से सबसे बड़े मानवीय समागम और सनातन संस्कृति के सबसे बड़े आयोजन महाकुम्भ 2025 का साक्षी बनने जा रहा है। दुनिया के कोने-कोने से 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के महाकुम्भ में आने का अनुमान है। मुख्यमंत्री महाकुम्भ को दिव्य और भव्य बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रखना चाहते। उनके विजन और मार्गदर्शन के मुताबिक मेला प्राधिकरण और अन्य सभी विभाग महाकुम्भ की तैयारियों में पूरे जोश और उत्साह के साथ कार्यरत हैं। 13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुम्भ के निर्माण कार्यों का निरीक्षण और उद्घाटन करने के लिए मुख्यमंत्री स्वयं प्रयागराज आ रहे हैं। इस अवसर पर वो मेला क्षेत्र में बने केंद्रीय हॉस्पिटल और खोया पाया केंद्र का उद्घाटन व अन्य निर्माणाधीन प्रोजेक्टस का निरीक्षण भी करेंगे। महाकुम्भ 2025, 13 जनवरी पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ शुरू होगा। इसके पहले महाकुम्भ मेला नगरी के साथ-साथ प्रयागराज शहर में भी कई स्थाई व अस्थाई निर्माण कार्य हो रहे हैं। मेला प्राधिकरण के साथ-साथ, नगर निगम, पीडब्लूडी, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, राज्य सेतु निगम व अन्य कई विभागों के निर्माण कार्य प्रयागराज में चल रहे हैं। इनमें से कई कार्य पूरे हो चुके हैं और कई अंतिम दौर में है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ स्वयं महाकुम्भ के इन निर्माण कार्यों का निरीक्षण और समीक्षा करने प्रयागराज आ रहे हैं। पीएम मोदी के आगमन से पूर्व सीएम योगी का प्रयागराज दौरा संभावित है। इस अवसर पर वो मेला क्षेत्र में बन रहे केंद्रीय हॉस्पिटल, खोया-पाया केंद्र और सेक्टर-1 में बन रहे पब्लिक एकमोडेशन सेंटर का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान वह महाकुम्भ क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण करेंगे। इसके साथ ही परेड ग्राउंड में बने पुलिस लाइन में महाकुम्भ के लिए आए पुलिस कर्मियों को भी सम्बोधित करेंगे।

### निर्माण कार्यों की प्रगति का ले सकते हैं जायजा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 13 दिसंबर को संभावित प्रयागराज यात्रा से पहले सीएम योगी का प्रयागराज का ये दूसरा दौरा होगा। सीएम योगी अपने इस दौरे पर प्रयागराज में बन रहे 6 लेन गंगा सेतु का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वो शहर के अंदर बन रहे अलोपीबाग फ्लाई ओवर की कार्य प्रगति का निरीक्षण और समीक्षा करेंगे। मेला क्षेत्र में संबोधन और उद्घाटन कार्य के बाद गंगा रिवर फ्रंट रोड, झूंसी का निरीक्षण कर सकते हैं। साथ ही अरैल बंधा रोड, त्रिवेणी पुष्प, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन करने की भी संभावना है। इसके साथ ही वह अरैल क्षेत्र में नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे शिवालय पार्क का भी निरीक्षण करने जा सकते हैं।

# राज्य सूचना आयोग ने सीएमओ को किया तलब

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** सूचना का अधिकार अधिनियम वर्ष 2005 में लागू हुआ था लेकिन 19 वर्ष बीत जाने के बाद भी शासन एवं प्रशासन इस कानून को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जिस कारण विभाग के जन सूचना अधिकारियों द्वारा आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना समय पर नहीं दे रहे हैं, लेकिन ज्यादातर जन सूचना अधिकारियों द्वारा आधी अधूरी सूचना देकर गुमराह जरूर किया जाता है। क्योंकि विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए जन सूचना अधिकारी विधि का पालन न करते हुए जानबूझकर सूचना नहीं देना चाहते हैं। आरटीआई कार्यकर्ता रामसिंह राजपूत निवासी ग्राम औड़ेरा राठ ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने 02 अप्रैल 2024 को जन सूचना अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर से चार बिंदुओं की सूचना चाही गई थी। लेकिन आज तक कोई जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि चार बिंदुओं के अंतर्गत चिकित्सालयो में चिकित्सा उपकरणों, दक्ष चिकित्सक, मरीजों की सुविधाओं से संबंधित, नर्सिंग होम, पंजीयन संख्या, आयुर्वेदिक चिकित्सालय, होम्योपैथिक एवं एलोपैथिक अस्पताल आदि से जुड़ी सूचना मांगी थी। लेकिन विधि द्वारा निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी सूचना नहीं दी गई। सूचना न मिलने पर अपीलार्थी ने प्रथम अपीलीय अधिकारी अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बांदा को 03 मई 2024 को की थी। लेकिन विधि द्वारा निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। जिससे अपीलार्थी मजबूर होकर 24 जून 2024 को राज्य सूचना आयोग को द्वितीय अपील कर कानून का उल्लंघन करने पर अपीलार्थी ने जन सूचना अधिकारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने की आयोग से गुहार लगाई थी। जिसका संज्ञान लेते हुए राज्य सूचना आयोग लखनऊ ने सी.एम.ओ. हमीरपुर को नोटिस जारी कर तलब किया है। नोटिस मिलते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

# अवैध असलहा के निर्माण करने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश, पांच अभियुक्त गिरफ्तार



अवधनामा संवाददता

**आजमगढ़।** जनपद की सिधारी थाना व स्वाट टीम प्रथम की संयुक्त कार्रवाई में जनपद में अवैध असलहा का निर्माण करने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए भारी मात्रा में अवैध असलहा, कारतूस व असलहा व कारतूस बनाने के औजार बरामद किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई में एक हिस्ट्रीशीटर सहित पांच अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने बताया कि लाइसेंसधारी शस्त्र धारक भी इन लोगों से शस्त्र की खरीद की जाती थी ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने बताया कि बुधवार को सिधारी पुलिस व स्वाट टीम प्रथम की संयुक्त टीम द्वारा सूचना के आधार पर भदुली के मौनी बाबा कुटिया के पास से बसवारी में छापा मारकर रात्रि को लगभग 2.30 बजे अवैध शस्त्र फैक्ट्री के भण्डाफोड़ करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर सहित छरू को हिरासत में लिया। अभियुक्तों के पास से चोरी की लाइसेंसी बन्दूक के साथ पांच तमंचा, 68 जिन्दा कारतूस, 69 खोखा कारतूस, एक मैगजीन लोहे का .32 बोर, 1 अर्ध निर्मित तमंचा .315 बोर, 2 अदद मोटर साइकिल तथा अवैध तमंचा व कारतूस बनाने में लगने वाले कुल 73 सामानध्औजार बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में रविकान्त उर्फ बड़क पुत्र स्व0 अशोक यादव सा0 सर्फुद्दीनपुर सिधारी थाने का हिस्ट्रीशीटर है तथा उसके ऊपर लगभग नौ मुकदमें दर्ज हैं। वहीं संजय विश्वकर्मा पुत्र सोहित विश्वकर्मा सा0 आजमबाध थाना जहानागंज पर भी सिधारी थाने में पूर्व में मुकदमें दर्ज हैं। रामविलास चौहान पुत्र स्व0 मोहित चौहान ग्राम बेनपुर अमदही थाना जहानागंज, पंकज निषाद पुत्र बीरबल निषाद निवासी हरबंशपुर थाना सिधारी, मुंशी राम पुत्र बैरागी निवासी कोलारी थाना जहानागंज को हिरासत में लेकर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग अलग अलग सुनसान जगहों पर लगभग दो-ढ़ाई साल से कबाड़ी की दुकान से अपने काम लायक लोहे की पाइप एवं अन्य सामान चुनकर खरीद लेते हैं इसके अलावा असलहा तैयार करने में जो सामान लगता है तथा कारतूस हम लोग रामधारी राजभर पुत्र बनारसी राजभर निवासी बसही लहुआ कला थाना देवगांव जो इसी वर्ष गाजीपुर पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया है और इस समय गाजीपुर जेल में बन्द है व मुंशी राम पुत्र बैरागी निवासी कोलारी थाना जहानागंज से लेते हैं और असलहा तैयार करते हैं।

# अरासिली होण्डा शोरूम में थर्ड जेनरेशन होंडा अमेज़ लांच



अवधनामा संवाददता

**लखनऊ।** अरासिली होण्डा शोरूम लालबाग में आज बहुप्रतीक्षित नई थर्ड जनरेशन होंडा अमेज़ लॉन्च हुई । यह कार पहली बार दुनिया में कहीं भी लॉन्च होने से पहले भारत में पेश की गई है। कंपनी द्वारा भारत में वैश्विक प्रीमियर करने का निर्णय यह दिखाता है कि भारत होंडा के लिए कितना खास और महत्वपूर्ण मार्केट है। इस बारे में अरासिली होण्डा लालबाग लखनऊ के जीएम सेल्स विद्यांत शुक्ला, ने नई अमेज़ के लॉन्च के मौके पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, हम ऑल-न्यू अमेज़ को पेश करते हुए बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। यह कार अपने स्टाइल, सुरक्षा, कनेक्टिविटी, ड्राइविंग अनुभव और आराम के मामले में शानदार साबित होगी। अमेज़ हमेशा से भारतीय उपभोक्ताओं के दिलों में एक खास जगह रखती आई है। यह नई पीढ़ी का मॉडल हमारे ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। हमें पूरा भरोसा है कि यह नई अमेज़ इस सेगमेंट में नए मानक स्थापित करेगी और भारत में होंडा की विरासत को और मजबूत बनाएगी। उन्होंने यह भी कहा, इस बार हम अमेज़ में सेगमेंट की सबसे आधुनिक सुरक्षा और ड्राइवर सहायता तकनीक लेकर आए हैं। अब होंडा के सभी मॉडल्स में एडीएएस टेक्नोलॉजी उपलब्ध है।

# माजसेवी स्वामी शरण श्रीवास्तव द्वारा अनाथ बच्चों को स्वेटर भेंट किए गए

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी स्वामी शरण श्रीवास्तव द्वारा विहान बालिका विद्यालय लोहाना चौराहा एवं विहान बालक विद्यालय गांधीनगर में आशा है एवं अनाथ बच्चों को सर्दी से बचने के लिए स्वेटर वितरित किए गए।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री श्रीवास्तव ने कहा कि यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि समाज के तमाम दान वीरों के रहते हुए चांद निराश्रित एवं अनाथ बच्चों को सर्दी सेठूने को मजबूर होना पड़ता है यह हम सब का मिलकर दायित्व है की इन बच्चों की देखभाल एवं व्यवस्था करें। रक्तदाता समूह के अध्यक्ष शरद तिवारी द्वारा इस विद्यालय के बच्चों को सर्दी से बचने के लिए स्वेटर वितरित करने के लिए कहा गया उसी क्रम में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष स्वामी शरण श्रीवास्तव वरिष्ठ महामंत्री राकेश कुमार सिंह राठौड़ एवं जिला कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार जैन द्वारा लगभग 110 बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर बोलते हुए महामंत्री राठौर ने कहा की इटावा जनपद का समाज बहुत संवेदनशील है और उसे इन बच्चों के बारे में जानकारी नहीं है अन्यथा तमाम दानवीर लोग आकर इन अनाथ एवं सहायक बच्चों का ध्यान अवश्य रखते। जिला कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार जैन ने कहा कि वह इन बच्चियों को स्वेटर वितरित करने के बाद बहुत प्रसन्न है क्योंकि इन बच्चों के चेहरे पर चमक देखकर उनका आत्मीय सुख प्राप्त होता है। जिला अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने बताया कि उनको इस समाजसेवी कार्यो के लिए बकेवर की समाजसेवी महेंद्र नाथ चौधरी अश्वनी चौधरी चार्टर्ड अकाउंटेंट दिल्ली एवं सुनील सिंह राजावत तथा उनके पुत्र डॉक्टर रोमी राजावत यूक्रेन का विशेष एवं सराहनीय आर्थिक योगदान प्राप्त हुआ है इसके लिए वह इन दानवीरों की हृदय की गहराइयों से धन्यवाद व्यक्त करते हैं तथा यह विश्वास करते हैं कि भविष्य में भी उन्हें आवश्यकता पड़ने पर इसी प्रकार आर्थिक सहयोग प्राप्त होता रहेगा द्य इन छात्र-छात्राओं को स्वेटर एवं ड्रेस वितरित करने में श्रीमती आशा श्रीवास्तव सिरसागंज एवं अवधेश श्रीवास्तव जसवंत नगर संदीप कुशवाह लखन एवं सुधीर शर्मा बकेवर का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। श्री श्रीवास्तव ने विद्यालय के इन बच्चों को यह भी अद्य स्वस्थ किया कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार इन असहाय बच्चों को मदद देते रहेंगे।

# स्वकर को लेकर स्थिति स्पष्ट करें अधिशासी अधिकारी : जिलाधिकारी

- व्यापारी बंधुओं की समस्याओं के निराकरण हेतु जिलाधिकारी ने बैठक कर दिये निर्देश
- आमजनमानस की विद्युत सम्बंधी समस्याओं के निराकरण हेतु कमेटी गठित करें
- अटा मंदिर के सामने वाली गली में शौचालय निर्माण हेतु स्थल का चिन्हीकरण करें ईओ



अवधनामा ब्यूरो

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में विभिन्न व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के द्वारा कई समस्याओं को उठाया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा ईओ को अटा मन्दिर के सामने वाली गली में नाले के ऊपर शौचालय का निर्माण कराये जाने हेतु स्थान चिन्हित करने, अन्ना जानवरों को पकड़कर कांजी हाऊस भेजने, स्वकर के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिये गए तथा जनपद के व्यापारियों को अपनी-अपनी दुकानों के बाहर बिना खंभा के फोल्डिंग चद्दर लगाये जाने हेतु स्पष्ट दिशा निर्देश दिये जारी करने को कहा गया। डीएम ने विद्युत अधिशाषी अभियन्ता को आम जनमानस की समस्याओं के समाधान हेतु एक कमेटी का गठन करते हुए समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिये। मनीष सडैया के अवशेष धनराशि के भुगतान हेतु अधिशाषी अभियन्ता जल संस्थान को निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित सभी व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों से आह्वान किया गया कि अधिक से अधिक जीएसटी पंजीयन कराये, जिससे प्रदेश के राजस्व में बृद्धि हो एवं व्यापारियों को भी प्रदेश एवं केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त विभागों के विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं जिसमें व्यापारी वर्ग को शासन द्वारा राहत प्रदान की जा रही हो, का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करायें तथा अगली जिला व्यापार बंधु बैठक में पम्पलैट, फलैक्स इत्यादि लगाकर उनकी जानकारी समस्त व्यापार मण्डलों के पदाधिकारियों को प्रदान करना सुनिश्चित करें। संचालन सहायक आयुक्त राज्यकर नीरज शुक्ला ने व आभार कमलेश सर्राफ ने व्यक्त किया। इस दौरान सहायक आयुक्त राज्य कर आशीष शर्मा, प्रधान सहायक मनीष कुमार, महेन्द्र जैन, सुरेश जैन, शैलेन्द्र सिंघई, समित समैया, पवन बाबा, मनीष सडैया इत्यादि बडी संख्या में व्यापारी नेता उपस्थित रहें।

## दंडवत यात्रा को परमिशन दे सरकार: आप

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन ,महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति द्वारा मथुरा से दिल्ली जाने वाली दंडवत यात्रा की शासकीय अनुमति जारी करने की मांग को लेकर दिनांक 2 दिसंबर 2024 से प्रारंभ भूख हड़ताल आज तीसरे दिन जारी रही भूख हड़ताल के तीसरे दिन रमेश सैनी,लुकेश कुमार राही ,अजय कुमार तीन लोगों द्वारा भूख हड़ताल जारी रखी गई जिसमें अजय कुमार एक दिवसीय पर बैठे। इस मौके रमेश सैनी व लुकेश कुमार राही ने संयुक्त रूप से से अपने बयान में कहा कि प्रशासन, तानाशाही सरकार दबाव में काम कर रही है। समाजसेवी रवि भारद्वाज पूर्व जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी मथुरा ने कहा प्रशासन राज्य सरकार के इशारे पर लोकतांत्रिक अधिकारों लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रहा है जनहित में आवाज उठाना भारत के प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है साथ ही कहा कि प्रदेश भर के साथ मथुरा में आज भी बिना अनुमति के हजारों लोग इकट्ठा होकर कार्यक्रमों को अंजाम दे रहे हैं प्रशासन की सामने प्रशासन की नाक के नीचे लेकिन प्रशासन सिर्फ जाति आधार पर धार्मिक आधार पर प्रशासनिक आयोजनों की अनुमति जारी कर रहा है।

# बांग्लादेश में पिट रहा हिन्दू, मथुरा में सत्ताधारी पार्टी के लोग और संघटनों का विरोध



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ मथुरा में हिंदू स्वाभिमान मंच के बैनर तले गांधी प्रतिमा के निकट बड़ा आंदोलन किया गया बंगलादेश मै हो रही हिंसा के खिलाफ सभी देश एकजुट होकर मांग की कि बंगलादेश के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध करें। मथुरा के विकास बाजार में हो रहे धरना प्रदर्शन मै उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने भी शिरकत की उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बांग्लादेश में इस समय कोई सरकार है ही नहीं जो हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोक सके, सनातन धर्म को बचाने के लिए हमारे पूर्वजों ने सदैव संघर्ष किया है। तत्काल बंगलादेश की सरकार को बर्खास्त कर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोके, बंगलादेश में हिन्दू मंदिरों को टारगेट बनाया जा रहा है हिंदू बहन बेटियों पर अत्याचार हो रहे हैं उसे किसी प्रकार रोकने पर जोर दिया जाना चाहिए। चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि सनातन धर्म में शास्त्र को पढ़ा है साथ ही शस्त्र को भी धारण किया है, शास्त्र से काम नहीं चल रहा है तो शस्त्र उठाना ही पड़ता है, आज पूरे विश्व का हिन्दू कह रहा है कि शास्त्र से काम नहीं चल रहा तो हिंदुओं को अपनी रक्षा के लिए शस्त्र उठाना पड़ेगा। धरना मै शामिल संत गोविंदनंद तीर्थ ने कहा कि अगर बंट के रहेंगे तो बांग्लादेश जैसे हालात भारत मै भी होने मै देर नहीं लगेगी इस समय भारत को दो भागों में बांटने के लिए जिहाद चल रहा है, इस लिए हर हिंदू को एक रहने की आवश्यकता है।

### धारा 163 तो कैसे जमा हुई इतनी भीड़, प्रशासन ने दी परमिशन

**मथुरा।** जनपद में प्रशासन ने 6 दिसंबर के मद्देनजर शहर मै धारा 163 लागू की गई, पर आज हिन्दू स्वाभिमान मंच के बैनर तले सत्ता धारी दल के लोगों ने बांग्लादेश मै हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध मै धरना प्रदर्शन आयोजित किया जिसमें सत्ताधारी दल के तमाम नेता मौजूद रहे और मथुरा में लागू धारा 163 का जमकर मजाक उड़ाया गया। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा लागू की गई धारा 163 के उलंघन पर मथुरा प्रशासन किस प्रकार की कार्यवाही सत्ता धारी दल के नेताओं पर करता है या सत्ता के आगे नतमस्तक होकर भारतीय संविधान के अनुरूप लगाई गई धारा 163 का मजाक सहन करता है। इलाका पुलिस से कार्यक्रम की परमिशन के बारे में जानकारी की गई तो किसी ने भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

## गोवर्धन ब्लाक पर प्रदर्शन करती मनरेगा महिला मजदूर

**मथुरा।** गोवर्धन खंड विकास कार्यालय पर बुधवार की सुबह सिर पर परात और हाथों में फावड़ा लेकर मनरेगा मजदूरों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। वहीं मजदूरों का आरोप है कि गांव महरोली में ग्राम प्रधान और सचिव भुवनेश कुमार मनरेगा के कार्यो में जमकर घोटाला कर रहे हैं। मजदूरों को पुराने कामों की मजदूरी नहीं मिली है और नए काम भी अब नहीं दिए जा रहे है।जिसकी शिकायत लेकर महिला मजूदर पुरुषों के साथ गोवर्धन खंड विकास कार्यालय पर पहुंची। यहां उन्होने पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान समेत जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं मजदूरों ने बताया कि पंचायत सचिव और प्रधान मिलकर हमारा शोषण कर रहे हैं ब्लॉक पर आए तो यहां अधिकारियों द्वारा आश्वासन देकर लौटा दिया गया। वहीं मजदूरों का कहना है कि अगर हमारी सुनवाई नहीं हुई तो हम सभी लोग इकट्ठा होकर जिले के उच्चाधिकारियों से शिकायत करेगे। इस मौके पर बच्चू, बनवारी, नेमा, केदार, अजीत,मुरारी, कल्लो, हरचरण, रामवीर, राजू, हरी, शिशुपाल, तुलसी, कमल, शेर सिंह, गुड्डी, महारानी, वती, मारुति, ममता, अनिता, सुनीता, लालबत्ती, सीमा, अन्नौ, सुमित्रा, भगवंदेई आदि मनरेगा मजदूर मौजूद रहे।

# मजलिसे बरपा की गयी शिया समाज के लोगों ने किया मातम

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** पैगंबर ए इस्लाम की बेटी फातिमा जहरा की शहादत के शोक में मजलिसे बरपा की गयी। नूरियो सराय मे शिया समाज के लोगो ने इमाम बाडा फरमान हुसैन मे गमगीन माहौल मे मजलिस बरपा की गयी जिसमें मरसिया रहबर हुसैन सलीम मेहदी शाने अब्बास शमाईम रजा आदि ने पेश किया मजलिस मे बीबी फातिमा जहरा के मसायब बयान किये गये जिनको सुनकर मजलिस मे मौजूद लोगों की ऑखे नम हो गयी बाद मजलिस के मातम व नोहाख्वानी की गयी मजलिस मे नैय्यर अब्बास शाने अब्बास शाहिद साजिद हुसैन पैकर संभली हैदर मेहदी मजाहिर एसन काजिम हुसैन आदि लोग मौजूद रहे जनानी मजलिस इमामबाडा इमाम अली रज़ा में आयोजित की गयी जिसमें महिलाओं ने शिरकत करके बीबी फातिमा जहरा की शहादत का शोक मनाया मजलिसो का सिलसिला शुकवार तक रहेगा । बीबी फातिमा जहरा पैगंबर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद मुस्तफा की बेटी थी जिनको बादे पैगंबर इतने जुल्मो का सामना करना पड़ा जिनको बताया नहीं जा सकता लोगों ने पैगंबर की बेटी के बाप को याद करके रोने पर भी पाबन्दी लगा दी थी बीबी फातिमा जहरा के शौहर मौला अली अलैहिस्सलाम थे इमाम हसन इमाम हुसैन इनके बेटे है। हजरत अली को माहे रमज़ान मे शहीद किया गया था इनके बाद इमाम हसन इमाम बने थे जिनको 28 सफर को जहर देकर शहीद किया गया था इमाम हुसैन को कर्बला के मैदान मे दसवी मोहर्रम को तीन दिन का भूखा प्यासा कत्ल किया गया था।

# नगर निगम: जीआईएस सर्वे की आड में जनता से लूट, मेयर ने भरी 'हामी'

- सर्वे रिपोर्ट को खारिज करते हुए मुख्यमंत्री से को लिखा पत्र

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जीआईएस सर्वे की आड में नगर निगम क्षेत्र में जनता से खुली लूट हो रही है। अब मेयर ने भी इस पर हामी भर दी है। इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर इस सर्वे के आधार पर की जा रही वसूली को निरस्त करने की मांग की है। नगर निगम मथुरा वृंदावन में हाउस टैक्स और जल कर की दरें और राशि तय करने के लिए जीआईएस सर्वे को माध्यम बनाया गया था। इस सर्वे को आधार बना कर नगर निगम की नगर निगम की सीमा में आ रहीं तमाम संपत्तियों पर टैक्स का निर्धारण किया गया। इस में लोगों ने शिकायत की कि उन्हें औने पौने और बढे हुए टैक्स भेज गये हैं। इस तरह की शिकायतें लगातार मिलने और संख्या बढ़ने पर संशोधन की प्रक्रिया शुरू की गई। शिकायतों की संख्या अधिक होने पर वार्डों में कैंप लगाकर बिलों को संशोधित किया गया। इसके बाद गली गली इस तरह के कैंप लगे। हालांकि इसमें अधिकारियों, कर्मचारियों और नेताओं की खूब चांदी हुई। जिस बात को जनता लगातार चिल्ला चिल्ला कर कह रही थी और टैक्स निर्धारण में बडे पैमाने पर अनियमितता बरते जाने के आरोप लगा रही थी अब उस पर नगर निगम मथुरा वृंदावन के महापौर विनोद अग्रवाल ने मुहर लगा दी है। इसको लेकर मेयर ने मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र भी लिखा है। मेयर को पत्र को पार्टी ने मीडिया के माध्यम से जनता तक लाने की प्रक्रिया शुरू की है।

> जीआईएस सर्वे में खामियां हैं। इस को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की गई है। जिससे जनता को राहत मिल सके।
>
> **-विनोद अग्रवाल, महापौर नगर निगम मथुरा वृंदावन**

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में मेयर ने कहा है कि नगर निगम मथुरा वृंदावन के निवासियों द्वारा दी गई सूचनाओं के अनुसार जीआईएस सर्वे की आड में नगर निगम वासियों का लगातार शोषण किया जा रहा है। गृहकर और जल कर को कई गुना बढाकर भू स्वामियों को लगातार नोटिस दिये जा रहे हैं। अतः आप से अनुरोध है कि जीआईएस सर्वे को तत्काल निरस्त करते हुए नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र के निवासियों को राहत दी जाए।

## देव स्पोर्ट्स और बुंदेलखंड वॉरियर्स रहीं विजयी

**ललितपुर।** आईपीएल की तर्ज पर निशी क्रिकेट एकेडमी द्वारा स्व.पं.महेश तिवारी मसौरा की स्मृति में द विस्टेरिया गोल्ड कप अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरे दिन दो मैच मैच जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम खेला गये। पहला मैच देव स्पोर्ट्स और हैमर जिम व दूसरा मैच पॉवर हिटर्स और बुंदेलखंड वॉरियर्स के बीच खेला गया। मैच में स्थानीय महाविद्यालय के निदेशक सौरभ, पार्षद अब्दुल बारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश रजक, महासचिव रामसिंह यादव, सौरभ ताम्रकार, पंकज हुण्डैत अतिथियों ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया। पहला मैच देव स्पोर्ट्स ने 31 रन से हैमर जिम को हराकर लीग मैच में बढ़त हांसिल कर ली है। वहीं दूसरा मैच में बुन्देलखण्ड वॉरियर्स ने पॉवर हिटर्स को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। पहले मैच में देव स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट नुकसान पर 124 रन बनाये। देव स्पोर्ट्स के बल्लेबाज धारांश जैन ने 23 जड़े। देव सेन 20 रन बनाये, ध्रुव जोशी ने 19 रन, प्रत्यूष 8 रन, तनवीर 5 रन, वाशु 9 रन, कुशाग्र और नरेश ने एक-एक रन, नीरज 8 रन बनाये। अतिरिक्त 30 रनों के साथ 124 रन का स्कोर बनाया। हैमर जिम की ओर से गेंदबाजी करते हुए रिहान खान ने 4 ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट लिये। संस्कार चौबे ने 3 ओवर में 30 रन देकर मात्र एक विकेट लिया। शेष तीन बल्लेबाज रन आउट हो गये। लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरे हैमर जिम के बल्लेबाज दिशांत कुमार और संस्कार चौबे ने 22 रन बनाये। दिव्यांश ने 14 रन, रिहान खान ने 7 रन, वैभव जायसवाल ने 4 रन, अभिसार जैन 2 रन, दीपांश राजपूत ने मात्र एक रन बनाया। बाकी चार बल्लेबाज बिना खाता खोले पवेलियन वापिस लौट गए। अतिरिक्त 21 रन के साथ 93 रन पर टीम ऑल आउट हो गई। वहीं दूसरे मैच में पॉवर हिटर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15.5 ओवर में 62 रन बाकर टीम ऑल आउट हो गई। पॉवर हिटर के बल्लेबाज धीरू ने 20 रन बनाये, बाकी कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक में नहीं पहुँच।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्रकार पुनीत परिहार को पितृशोक



**ललितपुर।** सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में एक शोकसभा का आयोजन प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू की अध्यक्षता में किया गया। सभा में प्रेस क्लब (रजि.) के सदस्य पुनीत सिंह परिहार के पूज्यनीय पिताजी के आकस्मिक निधन होने पर शोक जताया गया। पत्रकार साथियों ने पत्रकार भवन में एकत्र होकर दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामनाएं कीं। तदोपरान्त पत्रकार साथियों ने प्रेस क्लब सदस्य पुनीत सिंह परिहार के सिविल लाइन स्थित आवास पर पहुंच कर शोक पत्र सौंपते हुये श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह पाली, पूर्व महामंत्री मो.नसीम, दिनेश कुमार संज्ञा, अभय श्रीमाली, सर्वदेव तिवारी, शत्रुघन शुक्ल, ब्रजेश पंथ, हितेन्द्र जैन, मनीष पाठक, बलराम पचौरी, अमित लखेरा, शिब्बू राठौर, दिव्यांश शर्मा, विकास सोनी, नीतेश जैन बंटी, कृष्णकांत सोनी, रामप्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह परमार के अलावा अनेकों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

### स्वामी ब्रह्मानन्द की जयन्ती मनायी





**ललितपुर।** सन्त स्वामी ब्रह्मानन्द महाविद्यालय जखौरा में स्वामीजी की जयन्ती का आयोजन महाविद्यालय की प्रबंधक ज्योति सिंह लोधी की अध्यक्षता व लाखन सिंह लोधी जखौरा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गयी। जयन्ती के कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के पूजन के उपरान्त प्रारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि व कार्यक्रम की अध्यक्ष ने स्वामी जी के चित्र का संयुक्त रूप से अनावरण कर माल्यार्पण किया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि महान समाजसेवी संत के रूप में आज हम सभी स्वामी ब्रह्मानन्द को उनके आदर्शों व कार्यो को लेकर याद कर रहे हैं। वक्ताओं ने स्वामीजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये उन्हें महान समाजसेवी बताया और उनके पद चिह्नों पर चलने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर राजकीय इण्टर कॉलेज प्रधानाचार्य डा.मनोज कुमार, जी.डी. नरवरिया, भगवती प्रसाद चौबे, जमुना प्रसाद लोधी, अजय लोधी, प्रधान घिसौली बालकिशन लोधी के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे। अन्त में प्राचार्य डी.पी. वर्मा ने उपस्थितजनों का आभार जताया।

### नगर आयुक्त ने नवीन कार्यालय भवन का किया निरीक्षण

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा वृन्दावन के नवीन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एवं डिजाइन सर्विसेज, उत्तर प्रदेश जल निगम मथुरा द्वारा किया जा रहा है। बुधवार को नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा भूतेश्वर स्थित नगर निगम मथुरा वृंदावन के नवीन कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय निर्माण का कार्य अधिकांश पूर्ण पाया गया। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी अधिकारी , विभागाध्यक्ष एवं कार्य कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक के साथ बैठक की गयी। बैठक में निर्देशित किया गया कि नवीन कार्यालय भवन में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति का कार्य तत्काल करा लिया जाये, जिससे जल्द से जल्द कार्यालय को स्थापित किया जा सके। साथ ही सभी विभागों को एक हफ्ते में नवीन कार्यालय में स्थापित किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में नवीन कार्यालय भवन में व्यापक, फर्नीचर, लाइट, पेयजल, जल निकासी, शौचालय, पार्किंग आदि शेष मूलभूत सुविधाओं को पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त, मो. अनवर ख्वाजा महाप्रबंधक जल, भूपेन्द्र सिंह परियोजना प्रबंधक जल निगम, रिजवान अहमद अधिशासी अभियंता, हेमेन्द्र गौतम सहायक अभियंता जल, मुनिदेव अवर अभियंता आदि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ललित सक्सैना दिल्ली में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्मृति सम्मान से अलंकृत



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** ऑल इंडिया मानव समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में दिल्ली के गांधी शान्ति प्रतिष्ठान के सभागार में आयोजित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्मृति समारोह ऑल इंडिया मानव समाज ट्रस्ट के स्थापना दिवस के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम में देश की 25 विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता सिंह ने समाजसेवी शिक्षक ललित सक्सैना को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर शहर के डॉ.ज्ञान चन्द्र सक्सेना, डॉ.शिवराज सिंह यादव, नरेंद्र रायज़ादा, डॉ.दीपक सक्सेना, डॉ.कुश चतुर्वेदी, अभिषेक दुबे, केशव माधव आदि अनेक लोगों ने शुभकामनाए प्रेषित की।

# श्री कृष्ण की जाती पर उठ रहे सवाल नंदगांव की दीवारों पर कौन लिख रहा श्री कृष्ण थे जाट

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** तीर्थ नगरी मथुरा की शांत फिजा को लगातार किसी न किसी बहाने से खराब करने के पीछे अराजक तत्व सक्रिय हो उठे हैं अब एक नया विवाद छेड़ दिया गया है,मथुरा जिले में एक शख्स नंदगांव के बाजार और आम घरों की दीवारों पर 'नंदगांव का इतिहास' शीर्षक से जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण की जाति 'जाट' लिखवा रहा है, उसके ऐसा करने पर विरोध शुरू हो गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए उप जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पंचायत की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है,पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक भगवन श्रीकृष्ण को यदुवंशी माना जाता है, लेकिन पिछले दिनों किसी ने दीवारों पर कुछ और ही लिखवा दिया।

नंदगांव का इतिहास' शीर्षक से कई चीजें लिखवाई गई और उसमें भगवान श्रीकृष्ण को 'जाट जाति से संबंधित बताया गया, पुलिस के मुताबिक जगह-जगह नंदगांव का इतिहास शीर्षक से लिखवाए गए वक्तव्य के अंत में कुंवर सिंह नाम और एक फोन नंबर दर्ज था, लोगों ने जब उस नंबर पर फोन कर संपर्क करना चाहा, तो या तो वह नंबर बंद मिला, या फिर घंटी गई तो किसी ने फोन ही नहीं उठाया। उप जिलाधिकारी श्वेता सिंह के निर्देश पर नगर पंचायत के लिपिक रामजीत ने कथित कुंवर सिंह के खिलाफ भगवान श्रीकृष्ण के बारे गलत जानकारी देने तथा लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के संबंध में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। बरसाना थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अरविंद कुमार निर्वाल ने बताया कि नगर पंचायत के लिपिक की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है, उन्होंने कहा कि अभी उक्त व्यक्ति की पहचान एवं उसके ठिकाने आदि की कोई जानकारी नहीं मिली है, उसके द्वारा प्रसारित फोन नंबर भी बंद आ रहा है, निर्वाल ने बताया कि अब दूरसंचार कंपनी से उक्त फोन नंबर के लिए जमा कराए गए दस्तावेजों के आधार पर आरोपी की पहचान करने की कोशिश की जाएगी,एसएचओ ने बताया कि वैसे नगर पंचायत द्वारा सभी स्थानों से उक्त टिप्पणी मिटवा दी गई है।

# राष्ट्रीय अधिवेशन के द्वितीय दिवस पर पढ़े गये शोध पत्र

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग, लखनऊ द्वारा आयोजित भारतीय मुद्रा परिषद के 106वें राष्ट्रीय अधिवेशन के द्वितीय दिवस संगोष्ठी में आए समस्त प्रतिभागियों ने मथुरा संग्रहालय का भ्रमण किया। संग्रहालय भ्रमण के अवसर पर रेनू द्विवेदी, निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा प्रतिभागियों को संग्राहलय में प्रदर्शित प्रतिमाओं एवं अन्य पुरावशेषों का विशद विवेचन किया। राष्ट्रीय संगोष्ठी का तृतीय सत्र प्रात 11 बजे से दोपहर दो बजे तक चला जिसकी अध्यक्षता डॉ. बीआर मणि ने की इस सत्र में कुल दस शोध पत्र प्रस्तुत किये गये। डॉ. डी. राजा रेड्डी ने नगर्जुनिकोंडा के उत्खनन से प्राप्त काकतीय सिक्कों पर अपना शोध पत्र पढ़ा प्रथम सत्र में डॉ. मुकेश कुमार सिंह, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. अमितेश्वर झॉ, डॉ. इकरामुल हक, डॉ. जफरूल्लाह खाँ, डॉ. सुप्रतिम रॉय, डॉ. श्रीमन्ती लाहा, धीरज शर्मा एवं डॉ. राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने शोध पत्र पढे। सत्र के अध्यक्ष डॉ. बीआर मणि ने सभी प्रतिभागियों को उनके शोध के लिए बधाई एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि मुद्राशास्त्र के क्षेत्र में हो रहे शोध नित नवीन आयाम गढ़ रहे हैं। इस क्षेत्र में कार्य हेतु विद्यार्थियों को और अधिक प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। संगोष्ठी का चतुर्थ सत्र 2.30 बजे से 4.30 तक चला जिसमें इस शोध पत्र पढ़े गये। इस सत्र को अध्यक्षता प्रो. बिन्दा परांजपे ने की उपाध्यक्ष के रूप में डॉ. राघवेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस सत्र मे प्रो. भगत सिंह एवं संजीव कुमार, डॉ. अमित रंजन, रेनू द्विवेदी, श्रीराम विनय, डॉ. राम नरेश पाल, ज्ञानेन्द्र कुमार रस्तोगी एवं डॉ. मनोज कुमार यादव तथा अनुकृति मिश्रा एवं डॉ. सुजित कुमार सिंह ने अपने शोध प्रस्तुत किये।

# पसमांदा आंदोलन में नई ऊर्जा का संचार

# हमें अब अधिकार नहीं, सत्ता में हिस्सेदारी चाहिए: शारिक

- राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष सारिक अदीब अंसारी ने भरी हुंकार



अवधनामा संवाददाता

**पटना।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के नेतृत्व में पटना में आज एक ऐतिहासिक बैठक का आयोजन हुआ, जो पसमांदा समाज के उत्थान और उनके अधिकारों की लड़ाई को एक नई दिशा देने का मंच बनी। यह बैठक महाज़ के कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ. नसीम अनवर की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जबकि राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष शारिक अदीब अंसारी मुख्य अतिथि रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सारिक अदीब अंसारी का भव्य स्वागत किया गया। फूलों की मालाओं से स्वागत किया। इस आयोजन में पसमांदा समाज के भविष्य को लेकर दूरगामी योजनाओं पर चर्चा हुई।

शारिक अदीब अंसारी ने अपने जोशीले संबोधन से उपस्थित जनसमूह में नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने कहा, पसमांदा समाज केवल वोट बैंक बनकर नहीं रहेगा। यह आंदोलन अब समानता, न्याय और पहचान के लिए निर्णायक मोड़ पर है। हमें अब अधिकार नहीं, सत्ता में हिस्सेदारी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि यह लड़ाई केवल सामाजिक सुधार की नहीं, बल्कि राजनीतिक शक्ति का केंद्र बनने की है। पसमांदा आंदोलन का हर कदम उस दिशा में है, जहां समाज का हर शोषित तबका अपनी आवाज बुलंद करेगा और अपनी हिस्सेदारी तय करेगा। शारिक अदीब अंसारी ने अपने व्यक्तित्व और नेतृत्व कौशल से इस बैठक को खास बना दिया। उन्होंने अपने भाषण में कहा, ÷यह आंदोलन सिर्फ एक समुदाय की लड़ाई नहीं है, यह उस हर इंसान की लड़ाई है जो समानता और न्याय चाहता है। हमें संगठित रहकर हर स्तर पर अपनी ताकत दिखानी होगी।

बिहार के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. नसीम अनवर ने अपने कहा पसमांदा आंदोलन की ऐतिहासिक प्रासंगिकता और इसकी ज़रूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा हमें पसमांदा समाज को एकजुटता और इसे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी के माध्यम से और मजबूत करना होगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पसमांदा समाज का उत्थान तभी संभव है, जब हम संगठित रहकर पसमांदा समाज के लोगों को इस आंदोलन से जोड़ें।

इस बैठक में मौलाना आसिम बिहारी को श्रद्धांजलि दी गई। डॉ. मौलाना आसिम बिहारी का योगदान और उनके आदर्श हमें इस आंदोलन को और आगे ले जाने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में सारिक अदीब अंसारी ने अपने संबोधन में आंदोलन को नई दिशा देने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, ÷पसमांदा आंदोलन रुकने वाला नहीं है। यह उस हर दरवाजे तक जाएगा, जहां समानता और न्याय की जरूरत है। यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक पसमांदा समाज अपने हक और हिस्सेदारी को हासिल नहीं कर लेता।

इस बैठक में पटना से आए बुद्धिजीवियों, और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। जिनमें मो. परवेज आलम उपाध्यक्ष, सोहैलुद्दीन अंसारी, मो. शमीम अख्तर (जिलाध्यक्ष, अरवल), मो. शब्बीर आलम (प्रवक्ता, बिहार), रफी अहमद कादरी, मो. फुरकान, मो. आमिर आदि लोग उपस्थित रहे।

# पीपल के हरे-भरे पेड़ को काट रहे लोगों को रोका



- वन विभाग के दरोगा व रक्षक ने मौके पर पहुंच कर जब्त की कटर मशीन

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नगर क्षेत्र में एक निजी भूमि पर खड़ा पीपल का हरा-भरा पेड़ काटे जाने की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुयी। इस वायरल वीडियो को तत्काल संज्ञान लेते हुये वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर पेड़ काट रहे लोगों को रोका और पेट्रोल से चलने वाली कटर मशीन को कब्जे में ले लिया। मौके पर पहुंचे वन दरोगा यादवेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर वह सिविल लाइन में पूर्व विधायक स्व.रामकुमार तिवारी के आवास के बगल में काटे जा रहे हरे पीपल के पेड़ के समक्ष पहुंचे हैं। यहां उन्होंने पेड़ का एक बड़ा तना काटते हुये लोगों को रोका है। साथ ही पेड़ के करीब 18 फीट से अधिक और करीब 2 से तीन फीट गोलाई की तने की नापजोख करते हुये पेड़ को काटने में उपयोग की जा रही पेट्रोल संचालित मशीन को जब्त कर लिया है। मामले की सूचना आलाधिकारियों को दी जा रही है, आगे जो भी निर्देश प्राप्त होंगे, उस पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। इस कार्यवाही के दौरान वन रक्षक गजेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।

# बल्लेबाजी क्रम में बदलाव अब मानसिक चुनौती नहीं, बस टीम के लिए खेलना चाहता हूं : के.एल.राहुल

भारत के अनुभवी बल्लेबाज लोकेश राहुल ने कहा कि उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में लगातार बदलाव की 'मानसिक चुनौती' पर काबू पा लिया है और वह टीम के लिए किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी करने को तैयार हैं। राहुल ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था और नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में पारी का आगाज करते हुए 26 और 77 रन बनाए थे। रोहित की टीम में वापसी के बाद शुक्रवार से शुरू हो रहे दिन-रात्रि टेस्ट को लेकर राहुल से जब बल्लेबाजी क्रम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कुछ भी (पारी का आगाज करना या मध्य क्रम) हो सकता है।

इस 32 साल के बल्लेबाज ने यहां भारत के अभ्यास सत्र से पहले संवाददाताओं से कहा, मैं सिर्फ अंतिम एकादश में रहना चाहता हूं, जिसका मतलब है कि जहां भी मौका मिले वहां टीम के लिए बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहूं। राहुल ने ऑस्ट्रेलिया में अपना टेस्ट करियर ठीक एक दशक पहले मध्यक्रम बल्लेबाज के रूप में शुरू किया था। उन्होंने बाद में हालांकि सलामी बल्लेबाज की भूमिका भी निभाई। इस बीच टेस्ट और वनडे दोनों में उनका बल्लेबाजी क्रम लगातार बदलता रहा और इसने उन्हें मानसिक तौर पर प्रभावित भी किया। अपने 54 टेस्ट मैचों के करियर में 3000 से अधिक रन बनाने वाले इस बल्लेबाज ने कहा, मैंने कई स्थानों पर बल्लेबाजी की है। पहले यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण था।



यह चुनौती तकनीकी रूप से नहीं, बल्कि मानसिक रूप से थी कि शुरुआती 20-25 गेंदों को कैसे सामना करना है।'' उन्होंने कहा मैं कितनी जल्दी आक्रामक रूख अपना सकता हूं? मुझे कितना सतर्क रहने की जरूरत है? ये ऐसी चीजें थी जो शुरू में मुझे परेशान करती थी। राहुल ने टेस्ट में आठ शतक जड़े है जिसमें से दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड में दो-दो शतक के अलावा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में भी एक शतकीय पारी है। इस कलात्मक बल्लेबाज ने कहा अब मुझे टेस्ट और वनडे में बल्लेबाजी क्रम में लगभग सभी जगहों पर खेलने का अनुभव है। इससे मुझे अंदाजा हो गया है कि मैं अपनी पारी को कैसे आगे बढ़ा सकता हूं।

उन्होंने कहा कि टेस्ट मैचों को लेकर उनके दिमाग में चीजें स्पष्ट हैं। राहुल ने कहा, मैं चाहे शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी कर रहा हूं या मध्य क्रम में अगर मैं शुरुआत में 30-40 गेंदें खेलने में सफल रहा तो सब कुछ सामान्य बल्लेबाजी जैसा लगता है। मैं इसी पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करता हूं। राहुल ने बताया कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया में सलामी बल्लेबाजी की भूमिका निभाने की संभावना के बारे में पहले ही बता दिया गया था। उन्होंने पांच मैचों की इस टेस्ट श्रृंखला से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की श्रृंखला का दूसरा मैच खेला था।

कर्नाटक के इस बल्लेबाज ने कहा मुझे काफी पहले ही बता दिया गया था क्योंकि मैं न्यूजीलैंड (घरेलू) श्रृंखला के आखिरी दो मैचों को खेलने से चूक गया था। मुझे तैयार रहने को कहा गया था क्योंकि मुझे बल्लेबाजी में पारी का आगाज करने का मौका मिल सकता है। उन्होंने कहा, मुझे तैयारी के लिए काफी समय मिला और मैंने अपने करियर में काफी समय तक सलामी बल्लेबाजी की भूमिका निभाई है। मुझे बस फिर से इस तरह की परिस्थितियों से अभ्यस्त होना था। मैंने शीर्ष क्रम में काफी बल्लेबाजी की है और मुझे इसकी जरूरतों के बारे में अच्छे से पता है। उन्होंने कहा, मैंने शुरुआती टेस्ट से पहले काफी अभ्यास किया। मैं यहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने के लिए यहां पहले पहुंच गया था। हमने कुछ अभ्यास मैच भी खेले और इससे मुझे अपनी तैयारी में मदद मिली।

# पिंक बॉल टेस्ट क्या होता है? जानें लाल और गुलाबी गेंद में अंतर, विस्तार में समझें

6 दिसंबर से एडिलेड के ओवल मैदान में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पिंक बॉल टेस्ट मैच खेला जाएगा। इससे पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट पर्थ में रेड बॉल से खेला गया था। इस पिंक बॉल के दौरान दोनों टीमों के बीच डे-नाइट का मैच खेला जाएगा। लेकिन उससे पहले हमारी इस रिपोर्ट में जानें कि, पिंक बॉल टेस्ट आखिर होता क्या है? और पिंक और रेड बॉल में अंतर क्या है? जब भी डे-नाइट टेस्ट मैच का आयोजन होता है तो उसमें पिंक बॉल का इस्तेमाल किया जाता है। इसका कारण रात में लाइट्स अंडर पिंक बॉल की विजिबिलिटी रेड बॉल से बेहतर होती है। पिंक बॉल पर रेड बॉल के मुकाबले एक स्पेशल कोटिंग होती है। इस कोटिंग को क्षद्य4ह्लह्द्धह्ल्द्धड्डठ्ठद्ग कोटिंग कहते हैं। इससे गेंद को ज्यादा लंबे समय तक चमकदार रखा जा सकता है। शाइन लंबा चलने से गेंद ज्यादा स्विंग भी होती है। पिंक बॉल को 40 ओवर तक आसानी से स्विंग किया जा सकता है। कभी तो 40 ओवर के बाद भी गेंद स्विंग होती है। फिर पुरानी गेंद से रिवर्स स्विंग भी मिलने की उम्मीद होती है। जबकि रेड बॉल पर सफेद धागे से सिलाई की जाती है। वहीं पिंक बॉल पर काले कलर के धागे से सिलाई की जाती है। इसको भी बेहतर बिजिबिलिटी के लिए इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि, पिंक बॉल में कुछ अच्छाइयां हैं तो कुछ दिक्कतें भी हैं। इसका मतलब ये है कि जिन खिलाड़ियों को कलर विजन की समस्या होती है उनके लिए इस गेंद की लाइन और लेंथ को जज करना मुश्किल होता है।

वहीं पिंक बॉल का इतिहास ज्यादा पुराना नहीं है।

# भारत पाकिस्तान से ज्यादा बेताब... शोएब अख्तर ने फिर उगला जहर, इंडिया के लिए कह दी ये बात

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर अक्सर अपने बयानों के कारण सुर्खियों में रहते हैं। वह कई बार ऐसे बयान दे जाते हैं जिनको समझ पानाआसान नहीं होता है। अभी हाल में



उन्होंने कहा था कि चैंपियंस ट्रॉफी का हाइब्रिड मॉडल पहले से तय था। साथ ही उन्होंने कहा था कि आने वाले समय में अगर किसी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान को भारत जाना पड़ता है तो जाना चाहिए और भारत को वहीं मार कर आना चाहिए। वहीं अब शोएब अख्तर ने एक और बात कही है। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है।

दरअसल, एक टीवी शो पर पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज ने हा कि पाकिस्तान में खेलने के लिए भारत जो है पाकिस्तान से ज्यादा मर रहा है, मैं आपको बता रहा हूं। विराट कोहली हो सकता है पाकिस्तान में खेलने के लिए मरा जा रहा हो। बीसीसीआई... मैं वहां काम करता हूं ना, इंडिया में... मैं आपको सच बता रहा हूं। अगर इंडिया पाकिस्तान में लैंड कर जाता है तो उनके टीवी राइट्स आसमान छुएंगे, स्पॉन्सरशिप भी कहां से कहां पहुंच जाएगी। वो नहीं आ रहे हैं तभी स्पॉन्सरशिप नहीं आ रही है। मोहम्मद हफीज ने पूछा कि भारत के नाम आने की कोई वजह है? इस पर शोएब अख्तर ने कहा कि हुकूमत नहीं चाहती। बता दें कि, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान को करनी है। हालांकि, बीसीसीआई ने साफ कर दिय है कि टीम इंडिया पाकिस्तान में मैच नहीं खेलेगी। ऐसे में चैंपियंस ट्रॉफी को हाइब्रिड मॉडल में कराए जाने की मांग हुई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पहले इस बात पर अड़ा हुआ था कि चैंपियंस् ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल में नहीं होगी, हालांकि बाद में पीसीबी ने हमेशा की तरह पलटी मारते हुए हाइब्रिड के लिए हामी भर दी है।

# इंग्लैंड के डब्लुटीसी पॉइंट्स में हुई कटौती, आईसीसी ने पर आगबबूला हुए बेन स्टोक्स




इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए मुकाबले में स्लो ओवर रेट के लिए आईसीसी ने जुर्माना लगाया है। दोनों टीमों के डब्ल्यूटीसी के पॉइंट्स भी काट लिए गए। आईसीसी के इस फैसले से इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स नाखुश दिखे। उन्होंने एक स्टोरी शेयर करते हुए आईसीसी पर निशाना साधा है। साथ ही उन्होंने लिखा कि खेल 10 घंटे पहले खत्म हो गया, फिर भी स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है। बेन स्टोक्स ने अपनी इंस्टा स्टोरी में एक न्यूज को पोस्ट किया है, जिसमें इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के पॉइंट्स काटे जाने की खबर छपी है। इसके कैप्शन में स्टोक्स ने लिखा, बहुत अच्छे आईसीसी। खेल खत्म हुआ, अभी 10 घंटे का खेल बाकी था। फिर भी आईसीसी ने धीमी ओवर गति का जुर्माना लगा दिया। वहीं वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के चक्र में अब तक इंग्लैंड के 22 पॉइंट्स काट दिए गए हैं। जिसका मतलब ये है कि करीब दो मैच जीतने के बराबर अंक गंवाए हैं। एक मैच जीतने पर 12 पॉइंट्स मिलते हैं। यही कारण है कि आज इंग्लैंड की टीम छठे स्थान पर है।

# भारत ने यूएई को 10 विकेट से दी मात, वैभव सूर्यवंशी ने खेली विस्फोटक पारी

भारत ने अंडर-19 एशिया कप 2024 के एक मुकाबले में यूएई को 10 विकेट से हरा दिया है। टीम इंडिया ने शारजाह में बुधवार को दमदार प्रदर्शन किया। उसके लिए वैभव सूर्यवंशी ने विस्फोटक प्रदर्शन किया। उन्होंने 76 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। वैभव के साथ-साथ आयुष मात्रे ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। आयुष ने इस दौरान नाबाद अर्धशतक लगाया। यूएई ने पहले बैटिंग करते हुए 138 रनों का लक्ष्य दिया। भारत ने इसके जवाब में महज 16.1 ओवरों में मैच जीत लिया।




यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। इस दौरान टीम ने 44 ओवरों में 137 रन बनाए और ऑलआउट हो गई। उसके लिए सबसे ज्यादा 35 रन रेयान खान ने बनाए। जबकि कप्तान अयान खान 5 रन बनाकर आउट हुए। इस दौरान युद्धजीत गुहा ने 3 विकेट झटके। चेतन शर्मा ने 8 ओवरों में 27 रन देकर 2 विकेट झटके, हार्दिक पंड्या ने भी 2 विकेट लिए। केपी कार्तिकेय और आयुष मात्रे ने 1-1 विकेट लिया।

टीम इंडिया ने यूएई को महज 16.1 ओवरों में हरा दिया। उसके लिए वैभव सूर्यवंशी ने विस्फोटक प्रदर्शन किया। उन्होंने नाबाद 76 रन बनाए। वैभव की पारी में 6 छक्के और 3 चौके शामिल रहे। आयुष मात्रे ने भी दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 51 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 67 रन बनाए। इस दौरान 4 चौके और 4 छक्के लगाए।

# हत्या के मामले में बहन आलिया की गिरफ़्तारी के बाद नरगिस फाखरी की पहली पोस्ट हम तुहारे लिए आ रहे हैं

बॉलीवुड अभिनेत्री नरगिस फाखरी इस हफ़्ते की शुरुआत में गलत वजहों से सुर्खियों में रहीं। उनकी बहन आलिया फाखरी को न्यूयॉर्क में एक डबल मर्डर के सिलसिले में गिरफ़्तार किया गया था। आलिया पर दो मंज़िला गैरेज में आग लगाने का आरोप था, जिसमें उनके पूर्व प्रेमी एडवर्ड जैकब्स और उनकी नई दोस्त अनास्तासिया की मौत हो गई थी। विवाद के बीच, रॉकस्टार अभिनेत्री ने हाउसफुल 5 के अपने सह-कलाकारों के साथ अपनी पहली पोस्ट शेयर की है और यह तस्वीर इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही है।




तस्वीर में सोनम बाजवा और जैकलीन फर्नांडीज के साथ-साथ नरगिस भी हैं, जो हाउसफुल 5 के सेट पर एक साथ मस्ती कर रही हैं। तस्वीर के साथ, नरगिस ने लिखा, हम तुम्हारे लिए आ रहे हैं! साथ ही एक स्टाररी-आई और स्माइलिंग इमोजी भी शेयर की। इसके अलावा, नरगिस ने कथित तौर पर इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी है और पुष्टि की है कि वह 20 साल से अधिक समय से अपनी बहन के संपर्क में नहीं हैं। उसने यह भी दावा किया कि उसे इस घटना के बारे में समाचारों से पता चला। इससे पहले, उनकी माँ ने भी इस घटना पर अपनी पहली प्रतिक्रिया साझा की और कहा, मुझे नहीं लगता कि वह किसी की हत्या करेगी। वह एक ऐसी इंसान थी जो सभी का ख्याल रखती थी। उसने सभी की मदद करने की कोशिश की, उन्होंने कहा। नरगिस की माँ ने आगे बताया कि दांतों की एक दुर्घटना के बाद आलिया ओपिओइड की लत से जूझ रही थी, जिसने उसके व्यवहार में योगदान दिया हो सकता है। एडवर्ड जैकब्स, जो एक पेशेवर प्लंबर थे, और अनास्तासिया एटिएन कथित तौर पर रोमांटिक रूप से शामिल नहीं थे, लेकिन दोस्त थे। एडवर्ड की माँ के अनुसार, दंपति एक साल पहले अलग हो गए थे, लेकिन आलिया कथित तौर पर उनका पीछा करती रही। जैकब एक प्रॉपर्टी पर काम कर रहे थे, जिसे गैरेज में अपार्टमेंट में बदलना था, जो दुखद आग का स्थल था।

# आमिर खान और एमिली ब्लंट को रेड सी फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित किया जाएगा

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान और ब्रिटिश स्टार एमिली ब्लंट को रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित किया जाएगा। फेस्टिवल के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ने इसकी घोषणा करते हुए एक पोस्ट शेयर किया। यह फेस्टिवल इस महीने सऊदी अरब के जेद्दा में शुरू होगा। इस समारोह में आमिर खान के अलावा ब्रिटिश स्टार एमिली ब्लंट को भी सम्मानित किया जाएगा। अभिनेता वियोला डेविस और मोना जकी भी उन मशहूर हस्तियों की सूची में शामिल हैं जिन्हें इस कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। इस बारे में आमिर ने हॉलीवुड रिपोर्टर को एक बयान दिया, जिसमें लिखा था, सिनेमा मेरा आजीवन जुनून रहा है और दुनिया भर के कलाकारों के ऐसे प्रेरक समूह के बीच होना वाकई विनम्र करने वाला है। रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल द्वारा सम्मानित किए जाने



पर मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं क्योंकि यह सिनेमा के प्रभाव और जादू का जश्न मनाता है। मैं अपने अनुभव साझा करने, दूसरों से सीखने और सामूहिक रूप से कहानी कहने की कला का जश्न मनाने के लिए उत्सुक हूं जो हम सभी को एकजुट करती है।

अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अभिनेता को श्रद्धांजलि देते हुए, फेस्टिवल आयोजकों ने एक पोस्ट साझा की, जिसमें लिखा था, अपनी असाधारण कहानी कहने और सार्थक सिनेमा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाने वाले आमिर ने भारतीय फिल्मों की वैश्विक धारणा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस साल फेस्टिवल में फिल्म की दुनिया में उनके अविश्वसनीय योगदान का जश्न मनाने के लिए हमारे साथ जुड़ें। रेड सी फिल्म फेस्टिवल का चौथा संस्करण 5 दिसंबर से शुरू होगा और 14 दिसंबर को समाप्त होगा। आमिर और ब्लंट के अलावा, एंड्रयू गारफील्ड, ईवा लोंगोरिया, करीना कपूर खान और रणबीर कपूर भी फेस्टिवल की शोभा बढ़ाएंगे।

# द रोशन्स : नेटफ्लिक्स ऋतिक रोशन और उनके परिवार की प्रतिष्ठित विरासत को स्क्रीन पर दिखाएगा

द रोशन्स नामक एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज़ अभिनेता ऋतिक रोशन के शानदार फ़िल्मी परिवार की कहानी को दिखाने के लिए तैयार है, जिसमें उनके फ़िल्म निर्माता पिता राकेश रोशन, संगीतकार चाचा राजेश रोशन और उनके दिवंगत दादा और संगीत के उस्ताद रोशन शामिल हैं। नेटफ्लिक्स ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर घोषणा की कि यह डॉक्यूमेंट्री दर्शकों को उनके जीवन के अंतरंग सफ़र पर ले जाएगी, जिसमें हिंदी सिनेमा में जुनून, समर्पण और उत्कृष्ट योगदान की तीन पीढ़ियों की खोज की जाएगी।

इस डॉक्यूमेंट्री के केंद्र में दिवंगत रोशन लाल नागरथ हैं जिन्हें रोशन के नाम से जाना जाता है और फिर उनके वंशजों-राकेश रोशन, राजेश रोशन और ऋतिक रोशन-का अनुसरण किया जाता है, जिन्होंने निर्देशक, निर्माता, संगीतकार और अभिनेता के रूप में भारतीय मनोरंजन के परिदृश्य को अद्वितीय रूप से आकार दिया है।

फ़िल्म उद्योग के दिग्गज शशि रंजन ने राकेश रोशन के साथ इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज़ का निर्देशन और सह-निर्माण किया है, जिसमें उद्योग के साथियों, दोस्तों और सहकर्मियों के साथ स्पष्ट साक्षात्कार शामिल हैं, जो रोशन की विरासत पर अपने दृष्टिकोण पेश करते हैं। रोशन परिवार ने



कहा, हम नेटफ्लिक्स के साथ साझेदारी करके और पहले से अनकही कहानियों को साझा करके बेहद उत्साहित हैं, जिन्होंने हमारे जीवन को आकार दिया। रंजन ने कहा, यह मंच हमें दुनिया भर के दर्शकों तक पहुँचने की अनुमति देता है, और दर्शकों के सामने अपनी यात्रा को प्रदर्शित करना सम्मान की बात है। इस डॉक्यूमेंट्री-सीरीज़ का निर्देशन करना एक अविश्वसनीय रूप से पुरस्कृत करने वाली यात्रा रही है।

उन्होंने कहा, रोशन परिवार की दुनिया में आमंत्रित होना और उनकी विरासत को सौंपना एक विशेषाधिकार है, जिसके लिए मैं आभारी हूँ। रचनात्मकता, साहस और प्रतिबद्धता की उनकी कहानी को दुनिया के सामने लाना सम्मान की बात है, और नेटफ्लिक्स पर इस महान फिल्म परिवार की कहानियों को लाना निस्संदेह एकमात्र रास्ता था। ऋतिक के अन्य प्रोजेक्ट इसके अलावा, ऋतिक रोशन वर्तमान में जूनियर एनटीआर के साथ वॉर की दूसरी किस्त में व्यस्त हैं। वह कृष 4 में भी दिखाई देंगे, जिसे करण मल्होत्रा द्वारा निर्देशित किया जाएगा और इसमें प्रीति जिंटा और नोरा फतेही भी हैं।

# कुंडली भाग्य की अभिनेत्री श्रद्धा आर्या ने जुड़वा बच्चों का स्वागत किया, कहा हमारा दिल दोगुना भर गया है

कुंडली भाग्य की प्रीता उर्फ श्रद्धा आर्या ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है। अभिनेत्री ने कहा कि एक बेटे और एक बेटी के आने से उनका परिवार अब पूरा हो गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिए अपने बच्चों के आने की खुशखबरी साझा की। पोस्ट में वह दोनों बच्चों को गोद में लिए बैठी नजर आ रही हैं।

बता दें कि इस जोड़े ने साल 2021 में शादी की थी श्रद्धा आर्या ने साल 2021 में मुंबई में राहुल नागल से शादी की थी। उन्होंने इसी साल 15 सितंबर को अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। प्रेग्नेंसी के दौरान एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर फैन्स के साथ तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती थीं। अब बच्चों के जन्म के बाद कई टीवी सेलेब्स ने कपल को बधाई दी है।


श्रद्धा आर्या ने भले ही कई शोज में काम किया हो, लेकिन पिछले कुछ सालों में उन्हें कुंडली भाग्य में निभाए गए किरदार से पहचान मिली है। दर्शकों के बीच उनका प्रीता का किरदार काफी मशहूर हुआ था। एक्ट्रेस ने करीब 7 सालों तक प्रीता के तौर पर लोगों के दिलों पर राज किया है। हालांकि, बीते दिनों उन्होंने शो छोड़



दिया और इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट भी शेयर किया था। अब उन्होंने नई जिंदगी की शुरुआत कर दी है। उनके घर में दोहरी खुशी आई है, जिसे लेकर एक्ट्रेस काफी समय से उत्साहित थीं। एक मजेदार किस्से में श्रद्धा आर्या ने मीडिया को बताया कि उन्हें अपनी प्रेग्नेंसी के बारे में सुबह 6 बजे पता चला।

इसके बाद एक्ट्रेस ने अपने पति राहुल को फोन किया। उस वक्त वह मीटिंग में बिजी थे, जिसकी वजह से वह फोन नहीं उठा पाए। कुछ देर बाद जब एक्ट्रेस के पति ने उन्हें कॉल बैक किया तो प्रेग्नेंसी की खबर सुनकर वह कुछ देर के लिए चुप हो गए। प्रेग्नेंसी फेज में श्रद्धा आर्या ने अपनी लाइफस्टाइल में काफी बदलाव किए, जिसकी झलक वह अक्सर सोशल मीडिया पर दिखाती रहती थीं।

# पहाड़ों पर ठंड हुई प्रचंड, हिमपात से हिमाचल में शीतलहर बढ़ी




**नई दिल्ली।** दिसंबर के आते ही ठंड ने भी अपने रंग दिखाना शुरू कर दिए हैं। दिल्ली-यूपी में ठंड हल्की है लेकिन पहाड़ों पर तापमान एक डिग्री तक चला गया है। कश्मीर के कुछ हिस्सों में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा और कई स्थानों पर पारा जमाव बिंदु से नीचे चला गया। भारी कोहरे के कारण दिन निकलते ही श्रीनगर और कश्मीर के कुछ अन्य स्थानों पर दृश्यता 50 मीटर से नीचे गिर गई। वहीं हिमाचल के रोहतांग, कुंजम में बर्फबारी के कारण आवाजाही रोकनी पड़ी। आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली एनसीआर समेत यूपी में ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली एनसीआर में अगले कई दिनों में ठंड बढ़ेगी लेकिन कड़ाके की ठंड के लिए अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। श्रीनगर शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 1.3 डिग्री दर्ज किया गया। स्कीइंग के लिए लोकप्रिय पर्यटन स्थल गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान माइनस 2.6 डिग्री नीचे दर्ज किया गया, जबकि दक्षिण कश्मीर में पहलगाम माइनस 0.3 डिग्री सेल्सियस नीचे गर्म रहा। खराब दृश्यता के कारण वाहन चालकों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार ऊंचे इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने की उम्मीद है। वहीं चार से सात दिसंबर तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना है। इसके बाद आठ दिसंबर को ऊंचे इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है।

# तेलंगाना में आया 5.3 की तीव्रता का भूकंप, आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए झटके

**तीव्रता**

**नवंबर की रात को असम के कार्बी आंगलोंग में 2.9 तीव्रता का भूकंप आया।**




**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुलुगु जिले में बुधवार सुबह 5.3 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके हैदराबाद और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए। भूकंप सुबह 7:27 बजे आया, जिससे निवासियों में दहशत फैल गई। इसकी जानकारी नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने दी है।

किसी के हताहत होने या किसी बड़े नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। अधिकारी स्थिति का आकलन कर रहे हैं, जबकि विशेषज्ञों ने निवासियों को भूकंप के दौरान सतर्क रहने और भीड़भाड़ वाली या असुरक्षित इमारतों से दूर रहने की सलाह दी है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने X पर पोस्ट किया और बताया कि EQ of M: 5.3, On: 04/12/2024 07:27:02 IST, अक्षांशः 18.44 N, देशांतरः 80.24 E, गहराईः 40 किमी, स्थानः मुलुगु, तेलंगाना।

तेलंगाना वेदरमैन नामक एक एक्स यूजर ने कहा, पिछले 20 सालों में पहली बार तेलंगाना में सबसे शक्तिशाली भूकंप आया, जिसका केंद्र मुलुगु में 5.3 तीव्रता का भूकंप था। यूजर ने कहा कि हैदराबाद समेत पूरे तेलंगाना में भूकंप के झटके महसूस किए गए। आमतौर पर तेलंगाना में भूकंपीय गतिविधि बहुत कम देखने को मिलती है, लेकिए अब इस क्षेत्र में भूकंप आना एक दुर्लभ घटना है। भारत में चार भूकंपीय क्षेत्र हैं: जोन II, जोन III, जोन IV और जोन V. जोन V में भूकंप का उच्चतम स्तर होता है, जबकि जोन II में भूकंप का निम्नतम स्तर होता है। तेलंगाना को जोन II में रखा गया है, जो एक कम तीव्रता वाला क्षेत्र है।

देश का लगभग 11% हिस्सा जोन V में, लगभग 18% हिस्सा जोन IV में, लगभग 30% हिस्सा जोन III में और शेष हिस्सा जोन II में आता है। भारत का कुल लगभग 59% भूभाग (भारत के सभी राज्यों को शामिल करते हुए) अलग-अलग तीव्रता के भूकंपों के लिए प्रवण है।

असम के कार्बी आंगलोंग में आया 2.9 तीव्रता का भूकंप 30 नवंबर की रात को असम के कार्बी आंगलोंग में 2.9 तीव्रता का भूकंप आया। एनसीएस के अनुसार, भूकंप का झटका सुबह करीब 2:40 बजे दर्ज किया गया और इसका केंद्र कार्बी आंगलोंग क्षेत्र में 25 किलोमीटर की गहराई पर था। 28 नवंबर को जम्मू-कश्मीर में 5.8 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में 36.49 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 71.27 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 165 किलोमीटर की गहराई पर था।

# हिंसा के बीच मणिपुर सरकार ने लिया बस सेवा शुरू करने का फैसला,



**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा में कमी के बीच सरकार ने अंतर्जनपदीय बस सेवा शुरू करने का फैसला किया है। यह बस सेवा बुधवार को राजधानी इंफाल से पहाड़ी जिलों तक शुरू होगी। पिछले 19 महीने में हिंसा के बीच यह सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बहाल करने का दूसरा प्रयास है। पुलिस व्यवस्था के साथ यह बस सेवा शुरू की जाएगी। सरकार ने लोगों से सहयोग देने की अपील की। मणिपुर के मुख्य सचिव विनीत जोशी ने एक आदेश में कहा कि राज्य सरकार ने सुरक्षा बलों की उपलब्धता, प्रतिक्रिया प्रणाली और विभिन्न एजेंसियों से इनपुट के साथ राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। पर्याप्त सुरक्षा तैनाती के साथ सार्वजनिक परिवहन को बहाल करने का फैसला किया गया है। बुधवार से इंफाल से सेनापति तक और बिष्णुपुर के रास्ते कांगपोकपी और इंफाल से चुराचांदपुर तक बस सेवा शुरू की जाएगी। बता दें कि इंफाल घाटी में मेइती, कंगपोकपी और चुराचांदपुर में कुकी व सेनापति में नागा बहुल आबादी है। सरकार ने सार्वजनिक परिवहन में बाधा डालने वाले उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात भी कही है। बता दें कि पिछले साल दिसंबर में भी मणिपुर सरकार ने बस सेवा शुरू करने का प्रयास किया था। मगर बाद में इस सेवा को बंद करना पड़ा था। मणिपुर के नौ जिलों में जातीय हिंसा के मद्देनजर दो दिन और मोबाइल इंटरनेट सेवा निलंबित रहेगी। गृह विभाग के एक अधिकारी के अनुसार मोबाइल इंटरनेट सेवा पांच दिसंबर शाम 5:15 बजे तक निलंबित की गई है। 25 नवंबर को कांगपोकपी जिले से लापता एक व्यक्ति को छोड़कर 18 नवंबर से नौ जिलों में कोई बड़ी घटना की सूचना नहीं मिली है।

## जेब पर डाका, इकॉनमी और सुरक्षा पर जोखिम, इस वर्ष साइबर फ्रॉड के कारण 11 हजार करोड़ गंवाए

**नई दिल्ली।** इन दिनों साइबर अपराध अखबारों की सुर्खियों में हैं। कभी सेक्टार्शन के नाम पर तो कभी ऑनलाइन फ्राड के नाम पर रोजाना लाखों-करोड़ों रुपये का फ्रॉड हो रहा है। आलम यह है कि हर अज्ञात कॉल को लोग शक की निगाह से देखने लगे हैं। आंकड़े भी चौंकाने वाले हैं। गृह मंत्रालय से जुड़ी एजेंसी सिटीजन फाइनेंशियल साइबर फ्राड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम (सीएफसीएफआरएमएस) के मुताबिक, वर्ष 2024 में नवंबर माह तक साइबर फ्राड की लगभग 12 लाख शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। साइबर क्राइम कोर्डिनेशन सेंटर के आंकड़े बता रहे हैं कि इस वर्ष के पहले नौ महीनों में साइबर फ्रॉड की वजह से 11,333 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है।

# हाईवे पर अतिक्रमण हटाने के लिए तय की जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर अनधिकृत कब्जों और अतिक्रमण के बढ़ते मामलों से चिंतित सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने निरीक्षण और निगरानी और इन कब्जों को तत्काल हटाने की नई योजना अपनी एजेंसियों के साथ ही राज्य सरकारों के साथ साझा की है। इसके तहत निरीक्षण करने वाले अधिकारी के लिए अवैध कब्जों की रिपोर्टिंग और उन पर कार्रवाई का पूरा ब्यौरा देना अनिवार्य किया गया है। कार्रवाई में अवैध कब्जे के कारण हुए नुकसान की वसूली शामिल है। यह कदम एक ऐसे समय उठाया गया है जब केंद्र सरकार ने पिछले दिनों संसद में बताया है कि पिछले तीन वर्षों में हाईवे पर अतिक्रमण के मामलों में न तो कोई कार्रवाई की जा सकी और न ही एक रुपये का जुर्माना वसूला जा सका। इसके साथ ही सरकार ने एक अलग सवाल के जवाब में यह भी स्वीकार किया है।

कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर और उनके किनारे रिबन डेवलपमेंट के रूप में अनधिकृत कब्जों, पार्किंग, अतिक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। अब इस समस्या से निपटने के लिए मंत्रालय ने राज्यों के मुख्य सचिवों और लोक निर्माण विभाग के मुख्य इंजीनियरों के साथ ही अपनी एजेंसियों को भेजी गई चिट्ठी में कहा है कि कंट्रोल आफ नेशनल हाइवेज (लैंड एंड ट्रैफिक) 2002 में एनएचएआइ के सभी परियोजना निदेशकों और राज्यों में पीडब्ल्यूडी के प्रमुखों को हाईवे प्रशासन का अधिकार दिया गया है।

# कोल्लम में पति बना हैवान, पत्नी को कार में जिंदा जलाया; पेट्रोल डालकर लगा दी आग

**झुलस**

**पुलिस ने बताया कि कार सवार सहयात्री भी झुलस गया है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।**




**कोल्लम।** केरल के कोल्लम शहर में एक हैरान कर कर देने वाली घटना सामने आई। यहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को जिंदा कार में जला दिया। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। कार में आग लगा दिए जाने से मंगलवार देर शाम पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पति ने उस कार में लगा दी जिसमें उसकी 44 वर्षीय पत्नी एक व्यक्ति के साथ जा रही थी। इस हादसे में व्यक्ति घायल हो गया है। पुलिस ने बताया कि पद्मराजन नामक व्यक्ति ने कथित तौर पर एक अन्य वाहन से अपनी पत्नी की कार का पीछा किया और रात करीब नौ बजे कोल्लम सिटी ईस्ट पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत चेम्मामुक्कू में उनकी कार को रोका। उसने बताया कि पद्मराजन ने कथित तौर पर गाड़ी पर पेट्रोल डालकर उसमें आग लगा दी, जिससे उसकी पत्नी अनिला कार के अंदर ही फंसी रही और आग में झुलस गई। पुलिस ने बताया कि महिला ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि कार सवार सहयात्री भी झुलस गया है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि पद्मराजन को कोल्लम ईस्ट पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। तेलंगाना के इब्राहिमपटनम पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर ने कहा कि रंगारेड्डी जिले के इब्राहिमपटनम में रायपोलु गांव के बाहरी इलाके में एक महिला पुलिस कांस्टेबल की उसके भाई ने कथित तौर पर हत्या कर दी। महिला ने हाल ही में अंतरजातीय प्रेम विवाह किया था। अधिकारी ने कहा, दो दिसंबर को उसके भाई परमेश ने अपनी कार से उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी और चाकू मार दिया।

## दृष्टि बाधितों से सहानुभूति और करुणा के साथ पेश आने की जरूरत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि दृष्टिबाधित व्यक्तियों के साथ सहानुभूति और करुणा के साथ पेश आने की जरूरत है। उसने कुछ राज्यों में न्यायिक सेवाओं में दृष्टिबाधित व्यक्तियों को आरक्षण न दिए जाने के मामले में स्वतः संज्ञान सहित अन्य याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखा। न्यायमूर्ति जेबी पार्डीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि छह याचिकाओं पर फैसला उस अहम दिन सुरक्षित रखा गया, जब विश्व अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मना रहा था। कहा कि दृष्टिबाधित व्यक्तियों को अपना कर्तव्य निभाने में सक्षम बनाने के लिए सहानुभूति और करुणा की आवश्यकता है। उनके प्रति शत्रुतापूर्ण रवैया नहीं होना चाहिए। न्यायमित्र के रूप में पीठ की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल ने कहा कि अंधेपन और कम दृष्टि जैसी दृष्टि संबंधी दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को दिव्यांग व्यक्तियों के लिए निर्धारित कोटे के दायरे से बाहर नहीं रखा जा सकता। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम की धारा-34 का हवाला देते हुए अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक समुचित सरकार अपने प्रत्येक प्रतिष्ठान में पदों के प्रत्येक समूह में कैडर क्षमता की कुल रिक्तियों की कम से कम चार प्रतिशत संख्या बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों से भरेगी, जिनमें से एक-एक प्रतिशत खंड (ए), (बी) और (सी) के अंतर्गत बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षित होगा और एक प्रतिशत खंड (डी) और (ई) के अंतर्गत बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षित होगा। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जैकोबाइट सीरियन चर्च को केरल में छह चर्चों का प्रशासन मलंकारा आर्थोडाक्स सीरियन चर्च गुट को सौंपने का निर्देश दिया।

# महारानी एलिजाबेथ को हैदराबाद के निजाम से मिला था शादी का शानदार तोहफा



**नई दिल्ली।** राजकुमारी एलिज़ाबेथ को हैदराबाद के अमीर निजाम से एक शानदार शादी का तोहफा मिला था जिसकी कीमत 88 मिलियन डॉलर थी। यह हार और मुकुट का तोहफा था। यह साल 1947 में दिया गया था। द मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, पाँच साल बाद ही वह इंग्लैंड की रानी बन गईं। राजकुमारी एलिजाबेथ को दुनिया के सबसे धनी व्यक्तियों में से एक से यह शानदार उपहार तब मिला था जब उन्होंने फिलिप माउंटबेटन से विवाह किया था, जो बाद में प्रिंस फिलिप बन गए थे, जिसकी कीमत अब 66 मिलियन पाउंड से अधिक है। दिवंगत महारानी एलिज़ाबेथ द्वितीय आभूषणों के प्रति गहरी रुचि रखने के लिए जानी जाती थीं और उन्होंने इतने गहनों का संग्रह किया था कि उन्हें शाही परिवार के सदस्यों के बीच साझा किया जा सके, जिन्हें शाही संग्रह में सुरक्षित रखा गया है। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय, जिनका सितंबर 2022 में बालमोरल में निधन हो गया, आभूषणों के प्रति पैनी नजर रखती थीं, उन्होंने समय के साथ ऐसे अद्भुत आभूषण एकत्र किए, जिन तक पूरे शाही परिवार की पहुंच है। रिपोर्टों के अनुसार, सैकड़ों की संख्या में ये कीमती वस्तुएं सुरक्षित रूप से रखी गई हैं, जो किसी की भी नजरों से दूर हैं। महारानी को हैदराबाद के निजाम से यह अद्भुत उपहार मिला, जो 1937 में दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक थे और अपनी कंजूसी के लिए जाने जाते थे। जब उन्हें यह भव्य उपहार मिला, तो उन्होंने शायद ही कभी अनुमान लगाया होगा कि एक सम्राट के रूप में उनका भविष्य सात दशकों तक चलेगा। निजामों को द्वितीय और तृतीय आंग्ल-मैसूर युद्धोंऔर 1857 के भारतीय विद्रोह में उनकी भूमिका के लिए ब्रिटिश सरकार के वफादार सहयोगी की उपाधि दी गई थी। उन्होंने उसे व्यक्तिगत रूप से एक ऐसा विशेष टुकड़ा बनाने की अनुमति दी जो जीवन भर टिके। ऐसा माना जाता है कि उन्होंने कार्टियर के साथ मिलकर इसे डिजाइन किया था, क्योंकि उन्हें अपनी रचनात्मकता को खुलकर दिखाने के सख्त निर्देश दिए गए थे। उन्होंने हर जटिल विवरण का चयन यह सुनिश्चित करने के लिए किया कि वे उनकी पसंद के हों। ब्रोच के प्रति अपने प्रेम के लिए जानी जाने वाली रानी एलिजाबेथ अक्सर हाई-सोसाइटी इवेंट्स में टियारा पहनती थीं, जो शाही शान को दर्शाता था। यह शानदार आभूषण बिल्कुल मनमोहक था, और रानी ने वर्षों से सफेद टाई-इवेंट्स में टियारा पहना है, जो उन्हें बाकी लोगों से अलग बनाता है। एक्सप्रेस के अनुसार, रानी ने अपने जीवन के अंतिम वर्षों में इस मुकुट का पुनः उपयोग किया तथा इसके केन्द्रीय रत्नों के अधिकाधिक उपयोग के लिए इसे तीन अलग-अलग ब्रोचों में बदल दिया।

# 6 घंटे में वापस ले लिया मार्शल लॉ का फैसला

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया के लोग सड़कों पर थे। वजह भी बहुत बड़ी थी। दरअसल दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने देश में मार्शल लॉ लगाने की घोषणा कर दी थी। हालांकि राष्ट्रपति ने अपने इस फैसले को कुछ ही घंटों के भीतर वापस भी ले लिया। मार्शल लॉ वापस लिए जाने पर अमेरिका की भी प्रतिक्रिया आई है। व्हाइट हाउस ने बयान जारी कर कहा है कि मार्शल लॉ का फैसला वापस लिया जाना राहत की खबर है और हम कोरिया के हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

दक्षिण कोरिया के लोगों के लिए ये 6 घंटे आसान नहीं थे। ऐसे में आपके लिए ये पूरा घटनाक्रम सिलसिलेवार ढंग से समझना जरूरी है। आखिर राष्ट्रपति योल को अपना फैसला वापस लेने के लिए कैसे मजबूर किया गया, चलिए आपको बताते हैं... दक्षिण कोरिया के स्थानीय समयानुसार रात के करीब 11 बज रहे थे। लोग रोजमर्रा की तरह ही अपने काम में व्यस्त थे। तभी टीवी पर राष्ट्रपति यून सुक योल का संबोधन शुरू हुआ। राष्ट्रपति ने विपक्ष पर सरकार को पंगु बनाने का आरोप लगाया। यून सुक योल ने

**घटनाक्रम**

**दक्षिण कोरिया के लोगों के लिए ये 6 घंटे आसान नहीं थे। ऐसे में आपके लिए ये पूरा घटनाक्रम सिलसिलेवार ढंग से समझना जरूरी है।**

कहा, विपक्ष उत्तर कोरिया के एजेंडे पर काम कर रहा है। ये लोग देश विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। देश को ऐसी ताकतों से बचाने के लिए मैं मार्शल लॉ लगाए जाने की घोषणा करता हूं। लेकिन शायद राष्ट्रपति योल को भी अंदेशा नहीं रहा होगा कि अगले कुछ घंटों में क्या होने वाला है। मार्शल लॉ के एलान की बात सुनते ही लोग भड़क गए। विपक्ष ने लोगों ने सड़कों पर उतरने की अपील की। खुद राष्ट्रपति की पीपल्स पावर पार्टी ने भी इस फैसले



का विरोध किया। आर्मी जनरल पार्क अन सू को मार्शल लॉ कमांडर बनाया गया था। सू ने किसी भी तरह की राजनीतिक गतिविधि और प्रदर्शन पर रोक लगा दी थी। लेकिन विपक्ष के आह्वान के कुछ ही समय बाद दक्षिण कोरिया के लोग सड़कों पर उतर आए। दक्षिण कोरिया की संसद के बाहर हजारों की तादाद में लोगों की भीड़ उमड़ आई। पुलिस ने संसद परिसर को घेर लिया। लेकिन ये कोशिश काम नहीं आई। विपक्षी सांसदों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और संसद परिसर में दाखिल हो गए। संसद परिसर में ही विपक्ष के सांसदों की तरफ से इमरजेंसी मीटिंग बुलाई गई। इसमें राष्ट्रपति के फैसले का विरोध किया गया। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों ने मार्शल लॉ को असंवैधानिक बताते हुए तुरंत हटाने की मांग की।

उधर सड़कों पर लोगों की भीड़ उग्र हो गई। लोगों ने सेना की गाड़ियों को जहां देखा, रोक लिया। सड़कों से बैरिकेडिंग हटा दी गई। आनन-फानन में नेशनल असेंबली में वोटिंग हुई।

# अगर दिक्कत है तो कनाडा को अमेरिका में मिला दो, डोनाल्ड ट्रंप ने जस्टिन ट्रूडो को दिया खुला ऑफर

**अर्थव्यवस्था**

**डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूडो से कहा कि अगर 25 फीसदी टैरिफ से कनाडा की अर्थव्यवस्था को खतरा है तो कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बना दीजिए।**



**नई दिल्ली।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात की। मगर इस दौरान ट्रंप ने ट्रूडो को ऐसा ऑफर दे दिया, जिसकी दुनियाभर में चर्चा हो रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूडो से कहा कि अगर 25 फीसदी टैरिफ से कनाडा की अर्थव्यवस्था को खतरा है तो कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बना दीजिए। भले ही डोनाल्ड ट्रंप ने यह बात मजाक में कही। मगर अमेरिका के अगले राष्ट्रपति के मुंह से निकली इस बात के अपने मायने हैं। सोशल मीडिया पर भी लोग इसे मजाक के रूप में नहीं ले रहे हैं। हाल ही में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने डोनाल्ड ट्रंप से मार-ए-लागो में मिले। यह मुलाकात ट्रंप के कनाडा पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी के बाद हुई। फॉक्स न्यूज के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप के साथ डिनर पर जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि 25 फीसदी टैरिफ का प्रस्ताव कनाडा की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर देगा। डोनाल्ड ट्रंप ने जस्टिन ट्रूडो से कहा कि कनाडा ने 70 से अधिक देशों के अवैध अप्रवासियों समेत बड़ी मात्रा में ड्रग्स और लोगों को सीमा पार करने की अनुमति देकर अमेरिकी सीमा को विफल कर दिया है। इसके बाद व्यापार घाटे पर बात हुई तो ट्रंप ने कहा कि कनाडा के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा 100 बिलियन डॉलर से अधिक है। उन्होंने कहा कि अगर कनाडा सीमा मुद्दों और व्यापार घाटे को ठीक नहीं करता है तो वह पद ग्रहण करने के पहले दिन से ही सभी कनाडाई वस्तुओं पर 25 फीसदी टैरिफ लगा देंगे। फॉक्स न्यूज के मुताबिक बातचीत के दौरान ट्रूडो ने ट्रंप से कहा कि वे टैरिफ नहीं लगा सकते हैं, क्योंकि इससे कनाडा की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। इसके जवाब में ट्रंप ने कहा कि आपका देश तब तक जीवित नहीं रह सकता जब तक कि वह अमेरिका को 100 बिलियन डॉलर का चूना न लगा दे।

## फलस्तीन को मिला भारत का साथ, UN में इजरायल के खिलाफ किया वोट



**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। इसमें पूर्वी यरुशलम समेत 1967 से कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र से इजरायल की वापसी का आह्वान किया गया था। साथ ही पश्चिम एशिया में व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति पाने के आह्वान को दोहराया गया। सेनेगल द्वारा पेश फलस्तीन के प्रश्न का शांतिपूर्ण समाधान का मसौदा प्रस्ताव मंगलवार को 193 सदस्यीय महासभा में भारी बहुमत से अपनाया गया। भारत उन 157 देशों में शामिल था, जिन्होंने इसके पक्ष में मतदान किया। वहीं, अर्जेंटीना, हंगरी, इजरायल, माइक्रोनेशिया, नाउरू, पलाऊ, पापुआ न्यू गिनी और अमेरिका ने इसके खिलाफ मतदान किया। कैमरून, चेकिया, इक्वाडोर, जार्जिया, पैराग्वे, यूक्रेन और उरुग्वे अनुपस्थित रहे। प्रस्ताव में प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र संकल्पों के आधार पर बिना किसी देरी के पश्चिम एशिया में व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति की बहाली के लिए अपना आह्वान दोहराया। प्रस्ताव के माध्यम से महासभा ने अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार 1967 से पहले की सीमाओं के आधार पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर शांति और सुरक्षा के साथ इजरायल और फलस्तीन के दो देश समाधान के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की। साथ ही गाजा पट्टी में जनसांख्यिकीय या क्षेत्रीय परिवर्तन के किसी भी प्रयास को खारिज कर दिया।

# पत्नी लापता, पति ने गूगल पर सर्च किया- दूसरी शादी कब तक कर सकते हैं... अब हत्या का चलेगा केस

**नई दिल्ली।** अमेरिका के वर्जिनिया में नेपाली मूल के नागरिक नरेश भट्ट पर पत्नी की हत्या का केस चलाया जाएगा। प्रिंस विलियम काउंटी की अदालत ने नरेश भट्ट को उसकी पत्नी ममता काफले भट्ट की हत्या मामले में आरोपित किया है।



अदालत के रिकॉर्ड्स के मुताबिक, नरेश भट्ट पर डेड बॉडी छिपाने का भी आरोप है। मंगलवार को भट्ट को अदालत में पेश होना था, लेकिन इंटरप्रेटर की उपलब्धता न होने के कारण सुनवाई टाल दी गई। अब बुधवार को केस की सुनवाई होगी। नरेश भट्ट की पत्नी ममता लापता हो गई थी। उसे आखिरी बार 27 जुलाई को प्रिंस विलियम मेडिकल सेंटर में देखा गया था। ममता वहां नर्स थी। लेकिन इसके बाद उसे किसी ने नहीं देखा। आरोप है कि नरेश ने ही ममता की हत्या कर उसकी लाश कहीं छिपा दी। नरेश भट्ट अमेरिकी आर्मी रिजर्व में ऑटोमेटिक लॉजिस्टिक स्पेशलिस्ट था। वह फेयरफॉक्स काउंटी पुलिस का भी सदस्य था। आरोप ये भी है कि भट्ट की पत्नी लापता थी, लेकिन वह गूगल पर सर्च कर रहा था कि पत्नी की मौत के कितने दिन बाद शादी की जा सकती है? नरेश और ममता दोनों ही नेपाली मूल के हैं। 28 वर्षीय ममता एक बच्ची की मां भी है। पुलिस ने बताया कि डीएनए टेस्ट में पता चला है कि बेडरूम में मिला खून ममता का ही है। पुलिस के मुताबिक कि इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 29 जुलाई को ममता की हत्या कर दी गई थी। अधिकारियों ने कहा, क्राइम सीन को देखकर हम शुरुआत से ही आश्वस्त थे कि उसकी हत्या की गई है। डीएनए टेस्ट से हमारा शक भी सही साबित हुआ। अधिकारी अभी भी डेड बॉडी की तलाश कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हमारे पास मजबूत केस है। पुलिस ने कहा कि भट्ट के घर के मेन बेडरूम में खून के निशान मिले थे। कारपेट पर भी हल्के गुलाबी धब्बे थे। बाथरूम में भी काफी खून मिला था। ऐसा लगता था कि किसी चीज को घसीटा गया है। सरकारी वकील ने अदालत में कहा कि उनके पास कुछ रिकॉर्डिंग मौजूद है, जिसमें नरेश भट्ट को अक्सर रात में कार से जाते देखा जा सकता है।

# नोएडा में किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में जमकर प्रदर्शन

**शाम पांच बजे तक का दिया समय, नहीं छूटे, तो ट्रैक्टर से लखनऊ करेंगे कूच**



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** नोएडा में किसानों पर लाठी चार्ज के विरोध में बुधवार को प्रयागराज में किसानों से प्रदर्शन किया। किसानों की मांग थी कि गिरफ्तार 160 किसानों को तत्काल छोड़ा जाए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह राकेश टिकैत के आवाहन पर अपने ट्रैक्टर से लखनऊ के लिए कूच करेंगे। संगठन के नेताओं ने कहा कि किसानों के साथ सरकार का यह यह बर्ताव ठीक नहीं है।

भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने बताया कि बुधवार को भी नोएडा में महामाया फ्लाईओवर के नीचे विशाल धरना चल रहा है। जहां राकेश टिकैत जाने के लिए निकले थे, लेकिन पुलिस ने उनको टप्पल में रोक लिया और हिरासत में ले लिया। इसका भी किसान लगातार विरोध कर रहे हैं। अनुज सिह ने बताया कि बुधवार को भी नोएडा में महामाया फ्लाईओवर के नीचे विशाल धरना चल रहा है। जहां राकेश टिकैत जाने के लिए निकले थे, लेकिन पुलिस ने उनको तप्पल में रोक लिया और हिरासत में ले लिया। इसका भी किसान लगातार विरोध कर रहे हैं। मांगों को लेकर बताया कि सभी 160 किसानों को जब छोड़ा नहीं जाएगा और उनको धरना स्थल तक नहीं पहुंचाया जाएगा। प्रदर्शन जारी रहेगा। कहा कि यह सरकार किसानों की मांगों को नजर अंदाज कर रही है और तानाशाही वाला रवैया अपना रही है। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि अगर सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तो पूरे प्रदेश के सभी जिलों के किसान अपने ट्रैक्टर से लखनऊ पहुंचेगे। इस दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी की।

# बदलापुर महोत्सव की तैयारी के संबंध में बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्रा तथा जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र और पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा की उपस्थिति में बदलापुर महोत्सव की तैयारी के संबंध में सल्तनत बहादुर इंटर कॉलेज में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधायक बदलापुर द्वारा महोत्सव के दौरान कृषि विभाग, उद्यान विभाग, सीएमओ विभाग, खादी ग्रामोद्योग, बेसिक शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाने तथा मौके पर ही लाभार्थियों का पंजीकरण कराए जाने, सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन, सामूहिक विवाह के आयोजन, योजनाओं के प्रचार-प्रसार आदि के संबंध में तथा बदलापुर महोत्सव को लेकर अब तक की गई तैयारी के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान बदलापुर विधायक ने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य है बदलापुर के स्थानीय कलाकारों तथा नई प्रतिभाओं को मंच देना और उनकी प्रतिभा को उभारना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र और वंचित लोगों तक पहुंचाना। जिलाधिकारी ने कहा कि विधायक के वर्षो से जारी इस प्रयास से हमें अपनी संस्कृति को जनता तक पहुंचने में सहयोग मिल रहा है हमें अपने सभी विभागों से अपेक्षा है कि महोत्सव में सभी मनोयोग से योजनाओं की जानकारी लोगों को देंगे तथा रजिस्ट्रेशन कराते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ देने में अपना पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस दौरान यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखने, पहले से रूट चार्ट बनाने, कानून व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, व्यवस्थित रखने में पुलिस प्रशासन अपना पूरा योगदान देगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, डीसी एनआरएलएम, पर्यटन सूचना अधिकारी, प्रबन्धक सल्तनत बहादुर इंटर कॉलेज सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## प्रबंध अध्ययन संकाय की परीक्षा का कुलपति ने किया निरीक्षण

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के प्रबंध अध्ययन संकाय की विषम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2024-25 के दूसरे दिन बुधवार को कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने आईबीएम परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा दोनों पालियों में आयोजित की गयी तथा कुल 324 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। दोनों पालियों में एमबीए, एमबीए(एग्री बिजनेस), एमबीए (ई-कॉमर्स), एमबीए (फाइनेंस और कंट्रोल), एमबीए (एचआरडी) तथा बीकॉम (ऑनर्स) की परीक्षाएं आयोजित की गयी। वर्तमान सत्र से विश्वविद्यालय परीक्षा व्यवस्था प्रणाली में व्यापक बदलाव करते हुए परिसर परीक्षा शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार व दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा विकसित तथा माननीय कुलाधिपति एवं उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा निर्देशित ईआरपी समर्थ पोर्टल के माध्यम से संचालित किया जा रहा है जो कि प्रदेश में पहली बार किया जा रहा है। सहायक केन्द्राध्यक्ष सुशील कुमार ने केंद्र पर व्यवस्था से कुलपति को अवगत कराया। कुलपति ने सभी कक्षाओं में चल रही परीक्षा का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## आयुष्मान केंद्र पर लटक रहा ताला आम जन परेशान



**आजमगढ़।** विकास खंड ठेकमा के ग्रामसभा सरावां में आयुष्मान केंद्र व स्वास्थ्य उपकेंद्र के संयुक्त भवन में वर्षो से ताला लटक रहा है। ग्रामीणों की माने तो केंद्र प्रभारी यदा कदा ही इस केंद्र पर आती हैं, और खाना पूर्ति कर वापस लौट जाती हैं, स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार सप्ताह में चार दिन दिन 10 बजे से 2 बजे तक ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण एवम 2 दिन भ्रमण के कार्यक्रम निर्धारित है, परंतु केंद्र के प्रांगण में उगी घास सरकार की योजनाओं पर पलीता लगाने वाली बात की पुष्टि करते है। आयुष्मान मंदिर का भी लगभग यही हाल है। न ही कोई बोर्ड लगा है न ही कहीं फोन नम्बर लिखा है, गांव के ही मनोज कुमार, सुनील सिंह आदि ने बताया कि दोनों उप केंद्र कभी कभी ही खुलते है। क्षेत्र के समाज सेवी अरुण कुमार उपाध्याय ने भी उप केंद्र का दौरा कर बताया कि उप केंद्र सरावा पर तैनात स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मन मानी पर उतारूँ है। मौके पर कोई कर्मचारी नही मिला।

# जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में तीन दिवसीय कॉम एड्यू फेस्ट का समापन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने बुधवार को महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में अपने तीन दिवसीय कॉम एड्यू फेस्ट 2024 प्रोग्राम जिसका शीर्षक द क्रिसलिस इफेक्ट- ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया फ्रॉम विदिन रहा, उसका समापन किया।

तीन दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन की मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. शेफाली नंदन, एसोसिएट प्रोफेसर इलाहाबाद विश्वविद्यालय रही जिन्होंने स्टार्टअप्स टू मार्केट जायंट्स- द बिजनेस मेटमोर्फोसिस विषय पर छात्राओं को अपना व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन की मुख्य अतिथि डॉ. अदिति नारायण,असिस्टेंट प्रोफेसर यूनाइटेड यूनिवर्सिटी प्रयागराज रही जिन्होंने इंडिया- ट्रांसफॉर्मेटिव पॉवर विषय पर पीपीटी कंपटीशन में निर्णायक की भूमिका निभाई।

तीसरे दिवस समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रो. तनुज नंदन, प्रोफेसर मोतीलाल नेहरू नेशनल इंटीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रहे जिनका स्वागत प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष ने पौधा भेंट करके किया। प्राचार्या ने छात्राओं को कार्यक्रम की महत्वता बताते हुए प्रोत्साहित करने का कार्य किया। प्रो. तनुज नंदन ने सस्टेनेबल कॉमर्स- फ्रॉम प्रॉफिट नो पर्पज विषय पर छात्राओं को अपना व्याख्यान दिया और छात्राओं को सतत विकास, सतत वाणिज्य, कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी, ग्रीन मार्केटिंग, ग्रीन फाइनेंस इत्यादि चीजों से अवगत कराया।

प्रो. तनुज नंदन ने बताया कि कैसे कंपनियों के अतिरिक्त भारत के उपभोक्ता अथवा नागरिक अपने आर्थिक उद्देश्य की पूर्ति करते हुए सतत विकास में अपनी भागीदारी दे सकते है। व्याख्यान में वाणिज्य विभाग की छात्राओं ने भारी मात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इसके बाद प्रो. तनुज नंदन और प्राचार्या ने विकसित भारत विषय पर आधारित रंगोली कार्यक्रम और दूसरे दिवस के इंडिया- ट्रांफरमेटिव पावर विषय पर आधारित पीपीटी कंपटीशन विजेताओं को अवॉर्ड और सर्टिफिकेट्स बांटे। समापन कार्यक्रम का संचालन डा.आयुषी अग्रवाल ने किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम को आयोजित करने से लेके संपन्न करने में वाणिज्य विभाग के फैकल्टी मेंबर्स डॉ. संगीता अग्रवाल, डा. अर्पिता घोष, डा. आयुषी अग्रवाल और सुमित शर्मा ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। समापन कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन करने का कार्य सुमित शर्मा ने किया।

# जिला कार्यालय का हुआ उद्घाटन मासिक बैठक संपन्न




अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा के निर्देशन पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजिश जौनपुर इकाई की मासिक बैठक जिला कार्यालय मुफ्ती मोहल्ला निकट हुमा कालोनी पर सम्पन्न हुई।जिसमें जिला कार्यालय का उद्घाटन जिला प्रभारी शशिकांत मौर्या ने फीता काटकर किया, साथ ही आगामी अधिवेशन पर विशेष चर्चा हुई।

इस महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से तेज़तर्रार पत्रकार रियाजुल हक को महासचिव, कलीम सिद्दीकी को संगठन मंत्री पद व जितेंद्र सिंह को बदलापुर तहसील से तहसील अध्यक्ष पर नियुक्त करते हुए सभी पदाधिकारीयों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष तामीर हसन शीबू ने कहा कि आज के युग में पत्रकारिता करना आसान नहीं है, जब भी कोई पत्रकार अपनी कलम का उपयोग सही दिशा में करते हुए गरीबों, असहाय, लोगो की आवाज़ उठाने का कार्य करता है तो बहुत से दबंग प्रवृत्ति के लोगों को ये रास नहीं आता है।

ऐसे दबंग प्रवृत्ति के लोग अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए पत्रकारों का उत्पीड़न करने लगते है।इस तरह के उत्पीड़न पर अंकुश लगाने के लिए मै पत्रकारों के साथ सदैव खड़ा रहूंगा।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, इम्तियाज अहमद, इज़हार हुसैन, जिला महासचिव मनीष श्रीवास्तव, अनवर हुसैन, राहुल गुप्ता, रियाजुल हक, जिला सचिव अमित तिवारी, असलम खान, जिला संगठन मंत्री कलीम सिद्दीकी, तहसील अध्यक्ष बदलापुर जितेंद्र सिंह, तहसील अध्यक्ष मड़ियाहूं रवि केशरी, आई टी सेल प्रभारी मोश अल्ताफ आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## महाकुम्भ में कुम्भ की गाथा सुनाएंगे देश के चर्चित कलाकार

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 को श्रद्धालुओं के लिए यादगार बनाने हेतु योगी सरकार अनेक तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने की योजना पर काम कर रही है। एक तरफ जहां बॉलीवुड के तमाम सितारे अपनी सुरीली आवाज में यहां श्रद्धालुओं को आध्यात्म और संस्कृति के रस से सराबोर करेंगे तो वहीं दूसरी ओर सांस्कृतिक संध्या में महाकुम्भ से जुड़ी गाथाओं और रामलीला व महाभारत की लीलाओं का भी मंचन होगा। इन प्रस्तुतियों के लिए भी देश के दिग्गज और नामचीन सितारे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में पहुंचेंगे और श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगे। फेमस बॉलीवुड एक्टर आशुतोष राणा हमारे राम पर अपनी प्रस्तुति देंगे तो एक्ट्रेस और सांसद हेमामालिनी गंगा अवतरण पर कला का परिचय देंगी।

# धूमधाम से मनाया गया बी आर पी इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव

अवधनामा संवाददाता




**जौनपुर।** नगर के प्रतिष्ठित कॉलेज बीआरपी इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव एवं देश के प्रथम राष्ट्रपति के जन्मदिवस के अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कॉलेज का वार्षिकोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी ज्ञान प्रकाश सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय संरक्षक यूपी माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रमेश सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रबंधक रविंद्र कुमार अस्थाना ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कॉलेज की महान विभूतियां मुंशी काली प्रसाद कुलभास्कर पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद व अन्य महान विभूतियां के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।इस अवसर पर कॉलेज की छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोगों का मन मोह लिया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश सिंह विशिष्ट अतिथि रमेश सिंह कॉलेज के पुरातन छात्र डॉ लाल बहादुर सिद्धार्थ डॉक्टर एनके सिन्हा व डॉ विवेक कुमार श्रीवास्तव, शरस चंद्र श्रीवास्तव, डॉ. नीतीश सिन्हा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ विवेक श्रीवास्तव ने अपने तमाम अनुभव साझा करते हुए विद्यालय को पूरा सहयोग देने की बात कही उन्होंने कहा कि इस विद्यालय से पढ़े बच्चे

**पुरातन छात्रों को पत्रकारों समाजसेवी को किया गया सम्मानित**

आज देश में जगह-जगह अपना नाम रोशन कर रहे हैं। इसी क्रम में डॉक्टर लाल बहादुर सिद्धार्थ ने कहा कि एक समय था जब बीआरपी इंटर कॉलेज में एडमिशन के लिए लोगों को सोर्स लगाना पड़ता था मैं भी इसी इंटर कॉलेज से पढ़ा हूं और आज डॉक्टर हूं बीआरपी इंटर कॉलेज का अपना एक इतिहास रहा है छात्रों से अपील करता हूं कि वह भी इसी प्रकार कॉलेज और अपने जनपद का नाम भूषण करते रहे।इसी क्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि उनका विद्यालय से बहुत गहरा लगाव है उन्होंने भी अपने गांव में एक कॉलेज खोला है हालांकि इस कॉलेज से पढ़ने वाला उनका दोस्त इंजीनियर है जब रिटायर हो चुका है। उन्होंने कॉलेज को आश्वस्त किया जल्दी ही वह कॉलेज को काफी संख्या में बच्चों को बैठने के लिए 150 लोहे के एंगिल का डेस्क बेंच देंगे और पुरे परिसर मे इंटरलाकिंग करवाने के साथ फिजिक्स लैब का रेनोवेशन कराएंगे।भविष्य में कॉलेज को जो भी आवश्यकता होगी उसे पूरा करेंगे उन्होंने कहा कि कॉलेज से पढ़े बच्चे आज देश दुनिया में अपना नाम रोशन कर रहे हैं बच्चों से आग्रह किया कि बच्चे इसी तरह मन लगाकर पढ़ें और अपने माता-पिता अपने कॉलेज और जनपद का नाम रोशन करते रहे। प्रधानाचार्य डॉ.प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।

# ट्रांजिशनल करिकुलम आयोजित




अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** आरके आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज का 2024 - 2025 के छात्र-छात्राओं का ट्रांजिशनल करिकुलम कार्यक्रम का आयोजन साठियाव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाह आलम उर्फगुड्डू जमाली एमएलसी एवं आरके स्कूलऑफग्रुप के संस्थापक डॉक्टर प्रेम प्रकाश यादव ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया। गुड्डू जमाली ने कहा कि बी ए एम एस कॉलेज खोलकर यहां वह अन्य प्रदेशों के छात्र-छात्राओं को बहुत अच्छा अवसर प्रदान किया है। आज के समय में आयुर्वेदिक दावाओ का महत्व बढ़ता जा रहा है। डॉ प्रेम प्रकाश यादव ने कहा कि जमाली साहब का समाज के प्रति एवं गरीबों के प्रति संवेदनशीलता अतुलनीय है। इनमें समाज सेवा चरम उत्कर्ष पर है स इस अवसर पर एकलाख अहमद डॉक्टर के एन यादव प्राचार्य परवीन खां प्राचार्य नर्सिंग डॉक्टर आरके श्रीवास्तव डॉक्टर डीडी सिंह डॉक्टर पी राय डॉक्टर जायसवाल डॉ अमित प्रजापति डॉक्टर अजय कुमार सिंह थे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अखिलेश शुक्ला ने किया।

# बांग्लादेश में हिन्दूओं पर हमले के विरोध में प्रदर्शन

**बांग्लादेश में साजिश के तहत हिंदुओं का हो रहा नरसंहार : जितेंद्रानंद**

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** बांग्लादेशी हिन्दूओं के लिए बने अलग हिन्दू राष्ट्र' हिंदू रक्षा संघर्ष समिति के तत्वावधान में जनपद कलेक्ट्रेट आजमगढ़ में बुधवार को बांग्लादेश में हिंदू मठ मंदिरों पर हमले, तोड़फोड़ व महिलाओं बच्चियों संग दुष्कर्म, दुकानों में लूटपाट, हत्याएँ, हिन्दू धर्माचार्यों की गिरफ्तारी जैसी घटनाओं के विरोध में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरने की अध्यक्षता कार्यक्रम संयोजक व बड़ा गणेश मंदिर के महंत राजेश मिश्रा ने किया। धरने में हिंदू व इस्कॉन तथा अन्य मठ मंदिरों से आए धर्माचार्यो ने बांग्लादेश में हिंदू धर्मावलंबियों पर अत्याचारों को मुखरता से उठाया। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि इतिहास ने देखा है कि हिंदुओं पर इस देश में कितना अत्याचार हुआ। जो लोग पूछते हैं कि कैसे हिंदू मठ मंदिर तोड़े गए और साजिश के तहत हिंदुओं का नरसंहार हुआ था। वह बांग्लादेश में देख सकते हैं कि ऐसे ही हिंदुओं के साथ हुआ था। चाहे कश्मीर में हिंदुओं का सफाया हो या अन्य स्थान पर एक बार वही फिर बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ दोहराया जा रहा है। पूरे विश्व में 129 देश में बसे हिंदुओं को दिखाना होगा कि आज भारत में कैसे गांव गांव में हिंदू एकजुट हो रहा है और सभी जाति और द्वेष से ऊपर उठकर एक जुटता का परिचय दे रहा है। सरकार इस मामले में पूरी तरीके से गंभीर है। मोदी सरकार निश्चित रूप से इस मामले में कदम उठाएगी। लेकिन हम समय तय करने के पक्ष में नहीं हैं।सरकार ही समय तय करे कि कब कैसे क्या कार्रवाई करनी है। वहीं उन्होंने कहा कि आज बांग्लादेश में एक करोड़ 20 लाख हिंदू हैं। जब इजरायल 55 लाख लोगों के लिए एक अलग देश बन सकता है तो बांग्लादेश में जहां हिंदुओं की बहुत संख्या है। उसको भी हिंदू राष्ट्र घोषित करना चाहिए। वही भारत के मुसलमान के लिए अलग देश के सवाल को लेकर उन्होंने कहा कि पहले ही जब बंटवारा हो रहा था तब 23 परसेंट मुसलमान के लिए 30: भूमि दे दी गई थी। जिनको अलग राष्ट्र में रहने की इच्छा है वह पाकिस्तान में चले जाएं। धरना प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को नामित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। इस अवसर पर महंत श्याम नारायण दास, वराह मंदिर, इस्कान मंदिर से संत गण, निरंकार समाज के संत गण भारतीय जनता पार्टी के गोरखपुर क्षेत्र के अध्यक्ष सहजानंद राय, भाजपा जिला अध्यक्ष लालगंज सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष आजमगढ़ श्री कृष्ण पाल, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, भाजपा नेतागण, विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सहित हजारों संख्या में हिंदू संगठनों से जुड़े लोग उपस्थित रहे व स्वामी जी की मांग का समर्थन किया व जिलाधिकारी को पत्रक सौपा।

# संक्षिप्त समाचार

## रबी फसल की बुआई के वक्त बाजार से खाद-बीज गायब



**बलिया।** रबी फसल की बुआई का समय सबाब पर है। लेकिन बाजार से खाद-बीज गायब है। यह बातें अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला संयोजक बसंत कुमार सिंह उर्फ मुन्नी सिंह ने कही। उन्होंने किसानों की परेशानी को देखते हुए बुधवार को चांदुपाकड़ में बैठक के दौरान बताई। आरोप लगाया कि एक तरफ सरकार दावा कर रही है कि कहीं भी खाद्य-बीज की कमी नहीं है। जबकि सारे केंद्रों व बाजार से खाद-बीज गायब है। किसानों के बीच हाहाकार मचा हुआ है। किसान परेशान हैं। इस पर किसान नेता ने कहा कि सरकार की मंशा है कि खेती को चौपट कर दिया जाए, खाद्य-बीज इतना महंगा कर दिया जाए जिससे खेती से किसानों का मोहभंग हो जाए। ताकि सरकार को आसानी से देश के पूंजीपतियों और कारपोरेट कंपनियों को देने में आसानी हो जाएगी। कहा सरकार के एजेंडे में तीन कृषि कानून हैं। जिसका देश के किसानों ने चौतरफा विरोध किया और शहादतें दी और सरकार को पीछे हटना पड़ा। सरकार तीन काले कृषि कानून को लागू करना चाहती है। बैठक के दौरान बसंत कुमार सिंह, विनय सिंह (मीटर सिंह), जगदीश प्रसाद, वशिष्ठ राजभर, रामकुमार सिंह, बृजेश सिंह उर्फ मिंटू सिंह सहित अन्य किसानों ने भी सरकार के इस रवैये के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया।

## न्याय पंचायत स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन



**बलिया।** जनपद के मनियर न्याय पंचायच स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को न्याय पंचायत पटखौली के ग्राम पंचायत विशुनपुरा अंतर्गत कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर विशुनपुरा के खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष श्रीराम तिवारी उर्फ बबलु तिवारी व विशिष्ठ अतिथि अमरनाथ तिवारी व खंड शिक्षाधिकारी मनियर पवन कुमार सिंह रहे। अतिथियों ने फीता काटकर खेल का शुभारंभ कराया। प्रतियोगिता में प्राथमिक संवर्ग में 50मीटर में सोनु राजभर व 100 मीटर की दौड़ में अभिमन्यु यादव कम्पोजिट विद्यालय मनियर का बच्चा रहा। उधर जूनियर संवर्ग बालिका वर्ग में 100 में अशु, 200 में काजल, 400 मीटर में नेहा कम्पोजिट विद्यालय मनियर के छात्र रहे और कबड्डी में बालक वर्ग जूनियर में कम्पोजिट विद्यालय रामपुर विशुनपुरा के बच्चे प्रथम रहे। वहीं खोखो खेल में जूनियर संवर्ग में कम्पोजिट मनियर कि बच्चियां प्रथम रहीं।इस मौके पर प्रधानाध्यापक कमलेश्वर पांडेय, शिव सागर चौहान, निखिलेश यादव, संदीप कुमार, संजय कुमार, प्रदीप कुमार, विनित यादव, सुभाष तिवारी, किरन देवी आदि उपस्थित रहे।

## ताइक्कांडो में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल बना विजेता




**प्रयागराज।** विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल झलवा की टीम इंटर स्कूल ताइक्कांडो चैंपियनशिप में विजेता बनी है। विष्णू भगवान पब्लिक स्कूल झलवा में आयोजित दो दिवसीय इंटर स्कूल ताइक्कांडो चैंपियनशिप में विभिन्न कॉलेजों के 300 से खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में हुई। प्रतियोगिता के आयोजक विष्णु भगवान ताइक्कांडो अकादमी के प्रशिक्षक अनुराग सिंह के अनुसार विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल झलवा की टीम सर्वाधिक 175 अंक अर्जित करते हुए प्रथम स्थान पर रही। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर की टीम 105 अंक लेकर दूसरे और ताइक्कांडो मंदिर प्रयागराज की टीम 77 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के प्रबंधक निदेशक अभिषेक तिवारी एवं प्रधानाचार्य दिनेश कुमार श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया।

## डीएसए क्लब ने उद्धाटन मुकाबला जीता



**प्रयागराज।** डीएसए क्लब ने शिवपुर क्रिकेट क्लब को हराकर चैलेंजर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्धाटन मुकाबला अपने नाम किया। दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर बुधवार से शुरू हुई प्रतियोगिता के पहले मैच में टॉस जीतकर डीएसए क्लब ने 34.5 ओवर में 256 रन (कार्तिकेय श्रीवास्तव 81, सत्यम साहू 59, विशेष आनंद 38, शाश्वत उपाध्याय 27, मिथिलेश खैरवार 3/41, रितेश यादव 3/50, प्रद्युम्न 2/21) बनाकर शिवपुर क्रिकेट क्लब को 29.3 ओवर में 171 रन (गोपी निषाद 55 नाबाद, शाश्वत उपाध्याय 3/18, विशेष आनंद 2/27) पर समेट दिया। शाश्वत को मैन ऑफ दि मैच चुना गया। मैच में मोहम्मद आरिफ व आमिर आब्दी अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे। इससे पहले मुख्य अतिथि इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स चेस एसोसिएशन के संयुक्त सचिव आबिद अली ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके प्रतियोगिता का उद्धाटन किया। दौलत हुसैन अकादमी के अध्यक्ष सैयद मोहम्मद शहाब विशिष्ट अतिथि रहे। आयोजन सचिव मोहम्मद रिजवान ने माल्यार्पण करके दोनों का स्वागत किया।

## सुमित ने फाफामऊ को दिलाई जीत



**प्रयागराज।** सुमित यादव के हरफनमौला खेल (49 रन एवं तीन विकेट) के दम पर फाफामऊ क्लब ने फिफ्त पिलर क्लब को छह विकेट से हराकर मनीष देब-स्कंद गुप्त अंडर-16 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। फाफामऊ मैदान पर बुधवार को खेले गये मैच में फिफ्त पिलर क्लब ने 27.1 ओवर में 104 रन (आशीष पाल 35, आदित्य वर्मा 14, सुमित यादव 3/05, अनीश पटेल 2/17, गौरव कुमार 2/17, बिपिन पाल 2/30) बनाये। जवाब में फाफामऊ क्लब ने 29.5 ओवर में 4 विकेट पर 106 रन (सुमित यादव 49 नाबाद, बिपिन पाल 39, आनंद कुमार 3/09) बना लिये। मैच में सुधीर सोनकर व राहुल सिंह अंपायर एवं आशीष भारतीय स्कोरर रहे।

## आईजीआरएस रैंकिंग में उत्तर प्रदेश में कमिश्नरेट प्रयागराज फर्स्ट

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनता की समस्याओं की त्वरित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं समाधान हेतु एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस ) पोर्टल का संचालन किया जा रहा है। जिसमें पुलिस आयुक्त प्रयागराज के निर्देशन में माह नवम्बर 2024 में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत सम्बन्धी आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में कमिश्नरेट प्रयागराज ने उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है एवं कमिश्नरेट प्रयागराज के 38 थानों ने भी संयुक्त रुप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने एयरबस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया



**हैदराबाद।** महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने वैमानिकी एवं अंतरिक्ष क्षेत्र में विश्व की अग्रणी कंपनी एयरबस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस गठबंधन का लक्ष्य दोनों संगठनों की ताकत का इस्तेमाल कर भविष्य के लिए प्रतिभाएं तैयार करने के लिए एयरोस्पेस और डिजिटल टेक्नोलॉजीज़ के क्षेत्र में नवप्रवर्तन, अनुसंधान और शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस साझीदारी के तहत ये संगठन पाठ्यक्रम विकास, उद्योग प्रशिक्षण, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के आदान प्रदान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व मशीन लर्निंग (एआई), एडवांस्ड एनालिटिक्स एवं साइबर सुरक्षा सहित डिजिटल टेक्नोलॉजीज़ एवं एयरोस्पेस में गहन अनुसंधान में गठबंधन करेंगे। इस समझौता ज्ञापन से विद्यार्थियों के लिए उन्नत इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के अवसर भी बढ़ेंगे और संगोष्ठी एवं कार्यशालाओं जैसे संयुक्त आयोजन सुगम होने के साथ ही एयरस्पेस से जुड़ी परियोजनाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ जुड़ाव होगा। महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कुलपति डाक्टर यजुलू मेदुरी और एयरबस इंडिया एवं साउथ एशिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री रेमी मेइलार्ड ने महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कुलाधिपति आनंद महिन्द्रा की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कुलाधिपति आनंद महिन्द्रा ने कहा, हम वास्तव में एयरबस इंडिया के साथ हमारी साझीदारी मजबूत कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह गठबंधन एयरोस्पेस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में महिन्द्रा समूह ने जिस मूल्य का सृजन किया है, उसकी एयरबस द्वारा पहचान को परिलक्षित करता है। हम इनके विश्वास के लिए एयरबस का धन्यवाद करते हैं और साथ मिलकर भविष्य का निर्माण करने की उम्मीद करते हैं।

महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कुलपति डाक्टर यजुलू मेदुरी ने कहा, यह समझौता ज्ञापन उद्योग की जरूरतों के मुताबिक अकादमिक क्षेत्र को ढालने में महिन्द्रा युनिवर्सिटी के लिए एक परिवर्तनकारी कदम है। एयरबस इंडिया के साथ इस गठबंधन से हमारे विद्यार्थियों को एयरोस्पेस और डिजिटल टेक्नोलॉजीज़ के क्षेत्र में अत्याधुनिक उन्नति का बेजोड़ अनुभव मिलेगा।

# बैंगलुरु पुलिस ने 5.5 करोड़ रुपये की ई-कमर्स धोखाधड़ी का खुलासा किया

**लखनऊ/बेंगलुरु।** साईबर अपराध पुलिस ने 5.5 करोड़ रुपये की ई-कमर्स धोखाधड़ी का खुलासा करके गुजरात से तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। ये आरोपी ई-कॉमर्स प्लेटफर्म, मीशो का दुरुपयोग कर रहे थे। इस मामले में मीशो ने बीते 1 जुलाई, 2024 को बैंगलुरु साईबर सेल में एक एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अपराधियों की पूरी तफ्तीश की और उनकी धरपकड़ कर ली।

लोपमुद्रा राव, जनरल काउंसेल, मीशो ने कहा हम बैंगलुरु शहर की पुलिस और साईबर क्राईम सेल के आभारी हैं। उन्होंने इस मामले में बहुत तीव्र और प्रभावशाली कार्रवाई की। उनकी कड़ी कार्रवाई से यह संदेश गया है कि इस तरह की धोखाधड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मीशो में हम मजबूत आंतरिक प्रक्रियाओं और कानून प्रवर्तन के सहयोग से अपने प्लेटफर्म की अखंडता बनाए रखने के लिए ढ़निश्चित हैं। प्रोजेक्ट विश्वास जैसी पहल सभी के लिए एक सुरक्षित और भरोसेमंद प्लेटफर्म सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती हैं।

पुलिस अधिकारी का बयान बैंगलुरू साईबर अपराध पुलिस डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने और व्यवसायों एवं उपभोक्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी टीम की तुरंत कार्रवाई और मीशो के सहयोग ने इस तरह के अपराधों को रोकने में ऐसे गठबंधनों का महत्व प्रदर्शित किया है।''

मीशो की ट्रस्ट एवं सेफ्टी टीम ने पहले धोखाधड़ी की गतिविधियों की खोजबीन की और फिर इस मामले को कानून प्रवर्तन को सौंप दिया। पुलिस की टीम ने जाँच की आधुनिक तकनीकों की मदद से इस पूरे मामले की पड़ताल की और बड़े स्तर पर नकली रिटर्न एवं झूठे रिफंड के दावों का खुलासा किया।

इस सहयोग से एक सुरक्षित डिजिटल परिवेश स्थापित करने में व्यवसायों और कानून प्रवर्तन के बीच गठबंधन का महत्व प्रदर्शित होता है। मीशो द्वारा प्रोजेक्ट विश्वास के अंतर्गत आधुनिक फ्रड डिटेक्शन टूल्स एवं एनालिटिकल मडल्स की मदद से जोखिमों को कम किया जाता रहेगा तथा अपना सुरक्षा इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जाता रहेगा।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बिक्री में गति जारी रखी, नवंबर 2024 में 25,586 गाड़ियों की थोक बिक्री दर्ज की


**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने मजबूत विकास दर जारी रखते हुए नवंबर 2024 में 25,586 गाड़ियों की बिक्री दर्ज की। यह पिछले साल की इसी अवधि की बिक्री की तुलना में 44त्न की उल्लेखनीय वृद्धि है। नवंबर 2023 में, कंपनी ने 17,818 गाड़ियां बेचीं। नवंबर 2024 में 1140 गाड़ियों का निर्यात हुआ।

वित्त वर्ष, 2024-25 के शुरुआती आठ महीनों में, टीकेएम ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जिसकी कुल बिक्री 2,19,054 गाड़ियों तक पहुँच गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 में इसी अवधि के दौरान बेची गई 1,63,636 गाड़ियों की तुलना में 39त्न की वृद्धि है। यह प्रभावशाली प्रदर्शन टीकेएम के एमपीवी और एसयूवी पोर्टफोलियो की मजबूत बाजार मांग से प्रेरित था। इसे ग्राहक-केंद्रित पहल और खासतौर से तैयार पेशकशों की सफलता से समर्थन मिला।

इस मजबूत प्रदर्शन के बारे में बताते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय के वाइस प्रेसिडेंट श्री सबरी मनोहर ने कहा, ×ह्लह्वश्ह्ल;हमें एक और महीने में मजबूत बिक्री प्रदर्शन की रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है। यह हमारी निरंतर वृद्धि और ग्राहकों के विश्वास को दर्शाता है। हैचबैक से लेकर एसयूवी तक फैले हमारे विविध पोर्टफोलियो में अलग-अलग जीवन शैली के अनुरूप गतिशीलता समाधान पेश करना जारी है। विशेष रूप से, हमारे दो प्रमुख मॉडल, इनोवा हाइक्रॉस और अर्बन क्रूजर हाइराइडर। प्रत्येक ने 1,00,000 गाड़ियों की बिक्री का उल्लेखनीय प्रदर्शन हासिल किया है। यह उपलब्धि हमारी भारत-केंद्रित उत्पाद रणनीति की सफलता को रेखांकित करती है, जो हमारे ग्राहकों की विविध गतिशीलता आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्नत तकनीक की एक श्रृंखला प्रदान करने पर जोर देता है।इसके अलावा, अर्बन क्रूजर टैसर, टोयोटा ग्लैंजा और रुमियन (सीएनजी रूपांतर को छोड़कर) सहित चुनिंदा मॉडलों पर 31 दिसंबर, 2024 तक उपलब्ध ?1 लाख से अधिक के विशेष साल के अंत के लाभों ने मजबूत बिक्री गति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

यह ग्राहकों को असाधारण मूल्य प्रदान करने और बाजार की मांग को पूरा करने में टोयोटा की निरंतर सफलता में योगदान देने में सहायक रहा है। वर्ष 2024 हमारी अपेक्षाओं से अधिक रहा है और हम इसे एक मजबूत नोट पर बंद करने के लिए कमर कस रहे हैं, जिसमें ग्राहक अनुभव को फिर से परिभाषित करने पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है ताकि बाजार की बदलती मांगों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके।

# ऑफलाइन लेन-देन करने वालों के लिए खुशखबरी, आरबीआई ने 5000 रुपये तक बढ़ाई यूपीआई लाइट वॉलेट की लिमिट




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को यूपीआई लाइट वॉलेट लिमिट को 5000 रुपये और प्रति लेन-देन की लिमिट 1000 रुपये तक बढ़ा दिया। इसका मकसद मोबाइल फोन के जरिए तत्काल भुगतान की प्रणाली को और अधिक बढ़ावा देना है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को मोबाइल फोन के जरिए भुगतान करने वालों को खुशखबरी दी है। केंद्रीय बैंक ने यूपीआई लाइट वॉलेट लिमिट को 5000 रुपये और प्रति लेन-देन की लिमिट 1000 रुपये तक बढ़ा दिया है। इस कदम का मकसद मोबाइल फोन के जरिए तत्काल भुगतान की प्रणाली को और अधिक बढ़ावा देना है। यूपीआई लाइट से पैसे का लेन-देन ऑफलाइन होते हैं। यानी इन लेन-देन में अतिरिक्त सुरक्षा प्रमाण (एएफए) की जरूरत नहीं होती और लेन-देन की जानकारी रियल टाइम में नहीं भेजी जाती।अब तक ऑफलाइन लेन-देन की अधिकतम सीमा 500 रुपये थी और एक भुगतान उपकरण पर कुल ऑफलाइन लेन-देन की सीमा 2000 रुपये थी। आरबीआई ने बुधवार को जनवरी 2022 में जारी ऑफलाइन ढांचे में संशोधन किया था, ताकि छोटी राशि के डिजिट भुगतान को ऑफलाइन मोड में सुगम बनाया जा सके। आरबीआई की एक अधिसूचना में कहा गया, यूपीआई लाइट के लिए बढ़ी हुई लिमिट एक हजार रुपये प्रति लेन-देन होगी और कुल लिमिट 5000 रुपये होगी।

# शालिनी यादव ने वैपिंग और ई-सिगरेट के बढ़ते खतरे के खिलाफ तत्काल कदम उठाने का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की सामाजिक कार्यकर्ता और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता शालिनी यादव ने भारत में बच्चों और युवाओं के बीच ई-सिगरेट और हीट-नॉट-बर्न (एचएनबी) प्रोडक्ट्स के बढ़ते प्रचलन पर चिंता जताई है। शालिनी यादव ने मदर्स अगेंस्ट वैपिंग (एमएवी) की पहल पर भी चर्चा की और उसकी सराहना की। एमएवी चिंतित माताओं का एक समूह है, जो भारतीय बच्चों एवं युवाओं के बीच वैप्स, ई-सिगरेट, हीट-नॉट-बर्न डिवाइस और निकोटीन पाउच जैसे नए निकोटीन डिलीवरी प्रोडक्ट्स के बढ़ते संकट से निपटने के लिए समर्पित है।

शालिनी यादव समाजवादी पार्टी की पूर्व नेता हैं। उन्होंने 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। हालांकि2023 में वह भाजपा में शामिल हो गईं।

इन नए जमाने के गेटवे डिवाइसेज की भ्रामक एवं खतरनाक प्रकृति के बारे में शालिनी यादव ने कहा, इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट और हीट-नॉट-बर्न उत्पादों जैसे नए जमाने के नशे के उपकरण अच्छे और आकर्षक लगते हैं। ये उत्पाद हमारे बच्चों को लुभा रहे हैं और निकोटीन की लत को तेज व ज्यादा खतरनाक बना रहे हैं। ये उत्पाद भारत में प्रतिबंधित हैं, लेकिन विदेशी कंपनियां गलत तरीकों से इन्हें देश में ला रही हैं, जिससे निकोटीन का सेवन करने वाली एक नई पीढ़ी तैयार हो रही है। आगे चलकर इन बच्चों के ड्रग्स का शिकार होने का खतरा बढ़ जाता है।

शालिनी यादव ने कहा, यह एक ऐसी साजिश है जिसे हम नजरअंदाज नहीं कर सकते। इसे हर हाल में रोकना होगा। इसे लेकर तत्काल निर्णायक कार्रवाई की जानी चाहिए, नहीं तो यह खतरा न केवल हमारे बच्चों बल्कि देश के भविष्य को भी बर्बाद कर देगा। इस संदर्भ मेंमैं मदर्स अगेंस्ट वैपिंग ग्रुप को बधाई देना चाहूंगी, जो हमारे बच्चों को इन इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज से बचाने और सुरक्षित रखने की कोशिश कर रहे हैं। हम सभी को इस लड़ाई में उनकी मदद करनी चाहिए।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला जैसे राजनीतिक दलों के अन्य लोगों ने भी वैप्स और ई-सिगरेट सहित इन फैंसी डिवाइसेज पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता के बारे में बात की है।

# टाटा पावर रिन्यूवेबल माइक्रोग्रिड से विकास का नया दौर शुरू किया

**लखनऊ।** टाटा पावर रिन्यूवेबल माइक्रोग्रिड लिमिटेड (टीपीआरएमजी), जो टाटा पावर की 100% स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, भारत के ग्रामीण इलाकों को बिजली पहुंचाने के लिए सौर ऊर्जा पर आधारित इनोवेटिव समाधान पेश कर रही है। भारत के गांवों में लंबे समय से बिजली की कमी के कारण व्यावसायिक विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं बाधित रही हैं। टाटा पावर की सौर ऊर्जा से चलने वाली माइक्रोग्रिड्स इन समस्याओं का समाधान करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों को सस्ती, भरोसेमंद और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध करा रही हैं। पारंपरिक ग्रिड सिस्टम्स के विपरीत, ये माइक्रोग्रिड्स स्थानीय सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय संसाधनों का उपयोग करती हैं और स्वतंत्र रूप से काम करती हैं। इसका मतलब है कि इन्हें बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर या लंबी तारों की जरूरत नहीं होती, जिससे दूरदराज के गांवों तक भी आसानी से बिजली पहुंचाई जा सकती है। यह तकनीक न केवल लोगों को



स्थायी और स्वच्छ ऊर्जा का लाभ देती है, बल्कि उनके जीवन स्तर को सुधारती है। साथ ही, यह आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए मजबूत आधार प्रदान करती है, जिससे समुदायों का लंबे समय तक भला हो सके।

उत्तर प्रदेश में टाटा पावर रिन्यूवेबल माइक्रोग्रिड लिमिटेड ने अपनी सौर ऊर्जा सेवाओं से ग्रामीण इलाकों में एक नई ऊर्जा क्रांति लाई है। राज्य में अब तक 150 माइक्रोग्रिड्स स्थापित की जा चुकी हैं, जिनकी कुल क्षमता 4.5 मेगावाट है। ये माइक्रोग्रिड्स 150 गांवों में सेवा प्रदान कर रही हैं, जिससे लगभग 16,200 ग्रामीण उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है और करीब 2.85 लाख लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इन माइक्रोग्रिड्स ने ग्रामीण उद्यमियों की जिंदगी को भी बदला है। अब लगभग 300 छोटे व्यवसाय स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा पर निर्भर होकर चल रहे हैं। इनमें आटा मिल, तेल निकालने वाले, चावल छीलने वाले, मसाले पीसने वाले और लकड़ी की टाल, गुड़ बनाने वाले, बर्तन बनाने वाले जैसे एसएमई शामिल हैं।

गुड़ बनाने वाले मोहम्मद अकलिम ने बताया, टाटा पावर रिन्यूवेबल माइक्रोग्रिड की सेवा शुरू करने के बाद मेरी मशीनें हर दिन 2 क्विंटल अतिरिक्त गन्ना प्रोसेस (गन्ने की पेराई) कर रही हैं। अगर कोई दिक्कत होती है, तो तकनीकी टीम तुरंत मदद करती है, जिससे मेरा काम आसान हो जाता है।

एक छोटे रेस्त्रां के मालिक नूर मोहम्मद ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, डीजल जनरेटर की जगह माइक्रोग्रिड्स का इस्तेमाल करने से मेरा काम काफी आसान हो गया है। अब धुएं की समस्या नहीं होती और ग्राहक आराम से भोजन का आनंद लेते हैं। तकनीकी टीम ने इंस्टॉलेशन के लिए तुरंत मदद की और सब कुछ सुचारू रूप से हो गया। टाटा पावर रिन्यूवेबल माइक्रोग्रिड के सीईओ मनोज गुप्ता ने कहा, हमारी माइक्रोग्रिड्स सिर्फ बिजली देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह ग्रामीण भारत के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही हैं।

# जेप्टो ने अब उत्तर प्रदेश के लखनऊ और कानपुर में सेवाएं लाइव कीं

**लखनऊ/कानपुर।** भारत का सबसे तेज़ी से बढ़ता क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म जेप्टो ने उत्तर प्रदेश में अपने प्लेटफॉर्म का विस्तार किया है, जिसकी शुरुआत लखनऊ और कानपुर से हुई है। 20 करोड़ से अधिक की आबादी और तेजी से शहरीकरण वाले शहरों के साथ, उत्तर प्रदेश जेप्टो के लिए अपने डिजिटल रूप से जागरूक और गतिशील उपभोक्ता वर्ग के लिए सुविधा की खरीदारी को फिर से परिभाषित करने का एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करता है।जेप्टो के चीफ ग्रोथ ऑफिसर, दिवेश साहनी ने कहा, ÷उत्तर प्रदेश में प्रवेश भारत में क्विक कॉमर्स को फिर से परिभाषित करने की ज़ेप्टो की यात्रा में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। उत्तर प्रदेश, अपने विशाल उपयोगकर्ता आधार और लखनऊ और कानपुर जैसे गतिशील शहरों के साथ, रोज़मर्रा की ज़रूरतों को बेजोड़ गति और सुविधा के साथ सुलभ बनाने के हमारे मिशन के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। अत्याधुनिक तकनीक, उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला और स्थानीय किसानों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ साझेदारी को मिलाकर, हमारे विक्रेता न केवल खरीदारी की आदतों को बदलना चाहते हैं, बल्कि स्थानीय समुदायों के भीतर सार्थक प्रभाव भी पैदा करना चाहते हैं।÷लखनऊ और कानपुर में जेप्टो की तेज़ डिलीवरी सेवाओं ने शानदार शुरुआती प्रतिक्रिया दी है। उपयोगकर्ता प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध विक्रेताओं के माध्यम से 25,000 से अधिक उत्पादों का क्यूरेटेड संग्रह प्राप्त कर रहे हैं, जिसमें ताजे फल, सब्जियां, डेयरी उत्पाद, घरेलू आवश्यकताएं, स्नैक्स और व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद शामिल हैं।

# 100 साल पुराने बॉयलर अधिनियम को बदलने वाले विधेयक को राज्यसभा की मंजूरी

**नई दिल्ली।** संसद के ऊपरी सद राज्यसभा ने बुधवार को बॉयलरों के विनियमन, भाप-बॉयलरों के विस्फोट के खतरे से लोगों की जान-माल की सुरक्षा और पंजीकरण में एकरूपता के प्रावधान वाले विधेयक को मंजूरी दे दी। बॉयलर्स विधेयक, 2024 का लक्ष्य एक सदी पुराने बॉयलर्स अधिनियम, 1923 को निरस्त करना है। आइए इस बारे में और जानें।

राज्यसभा ने बुधवार को बॉयलरों के विनियमन, भाप-बॉयलरों के विस्फोट के खतरे से लोगों की जान-माल की सुरक्षा और पंजीकरण में एकरूपता के प्रावधान वाले विधेयक को मंजूरी दे दी। बॉयलर्स विधेयक, 2024 का उद्देश्य एक सदी पुराने बॉयलर्स अधिनियम, 1923 को निरस्त करना है।

इस विधेयक का उद्देश्य सात तरह के आरोपों को अपराधमुक्त करना और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देना है, जिसे उच्च सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी।

विधेयक में बॉयलर के अंदर काम करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी प्रावधान किया गया है। इसमें बॉयलर की मरम्मत का काम योग्य और सक्षम व्यक्तियों की ओर से किए जाने की बात भी कही गई है।

वाणिज्य मंत्रालय की ओर से पहले दिए गए बयान के अनुसार, इस विधेयक से एमएसएमई क्षेत्र सहित बॉयलर उपयोगकर्ताओं को लाभ होगा, क्योंकि विधेयक में गैर-अपराधीकरण से संबंधित प्रावधानों को शामिल किया गया है। इससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (कारोबार करने में आसानी) को बढ़ावा मिलेगा।

बॉयलरों और कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने करने से जुड़े सात अपराधों में से चार बड़े अपराधों में, जिनसे जान-माल की हानि हो सकती है, आपराधिक दंड बरकरार रखा गया है। अन्य अपराधों के लिए वित्तीय दंड का प्रावधान किया जा रहा है। सभी गैर-आपराधिक मामले के लिए जुर्माना को पेनाल्टी में बदल दिया गया है।

# डब्लूएआईएसएल ने एडब्लूएस द्वारा पॉवर्ड अत्याधुनिक डिजिटल ट्विन पॉवर्ड इंटीग्रेटेड एयरपोर्ट ऑपरेशंस कमांड सेंटर (एपीओसी) लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** एमेज़ॉन.कॉम कंपनी, एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) इंडिया प्राईवेट लिमिटेड ने आज घोषणा की कि उद्योगों में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सेवाओं में अग्रणी, डब्लूएआईएसएल लिमिटेड ने एविएशन पर केंद्रित रहते हुए विश्व के मुख्य क्लाउड पर डिजिटल ट्विन-पॉवर्ड इंटीग्रेटेड एयरपोर्ट ऑपरेशंस कमांड सेंटर (एपीओसी) का विकास कर लिया है। डब्लूएआईएसएल ने इस समाधान का विकास एडब्लूएस पर किया ताकि डिजिटल ट्विन (एयरपोर्ट के फिज़िकल ऑब्जेक्ट्स, सिस्टम और प्रक्रियाओं के वर्चुअल प्रतिनिधि), आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), वीडियो एवं डेटा एनालिटिक्स, और कंप्यूटर विज़न की मदद से एयरपोर्ट्स की ऑपरेशनल एफिशियंसी और ग्राहक अनुभवों में सुधार किया जा सके। डब्लूएआईएसएल अगले कुछ हफ्तों में भारत के एक बड़े एयरपोर्ट पर इस समाधान की शुरुआत करने वाला है, तथा 2025 से इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च कर दिया जाएगा।

भारत में एयरपोर्ट पर भारी भीड़ से एयरलाईन की समयबद्ध परफॉर्मेंस पर असर पड़ रहा है। 2024 की पहली छमाही में 80 मिलियन यात्रियों ने हवाई यात्रा की। यह सॉल्यूशन केंद्रीय नर्वस सिस्टम की तरह काम करेगा, जो रियल टाईम मॉनिटरिंग, तालमेल, और एयरपोर्ट के ऑपरेशंस का प्रबंधन करेगा। इसके द्वारा यात्रियों, वाहनों और हवाई जहाजों के लिए चेक-इन, सुरक्षा और ट्रैफिक कंट्रोल सहित विभिन्न गतिविधियों को संभाला जाएगा। इसके द्वारा यात्रियों को उड़ानों की जानकारी, प्रतीक्षा के समय, गेट में बदलाव, बैगेज की स्थिति, और यात्रियों को नजदीकी रेस्टोरैंट एवं ड्यूटी-फ्री ऑफर्स सहित रियल-टाईम अपडेट्स प्रदान किए जाएंगे। साथ ही इसके द्वारा एयरपोर्ट्स, एयरलाईंस, और ग्राउंड हैंडलिंग संभालने वाले कर्मियों को रियलटाईम ऑपरेशनल जानकारी भी प्रदान की जाएगी। यह जानकारी एयरपोर्ट के ईकोसिस्टम में सभी प्लेटफॉर्म्स से डेटा की सोर्सिंग, मॉनिटरिंग और विश्लेषण के आधार पर दी जाएगी।

डब्लूएआईएसएल डिजिटल ट्विन-पॉवर्ड इंटीग्रेटेड एपीओसी एक ही सॉल्यूशन में इंटीग्रेट किए गए एडवांस्ड एआई एवं एमएल एलगोरिद्म की मदद से 40 अलग-अलग सिस्टम्स के डेटा को एकीकृत करता है, 250 से अधिक उपयोग के मामलों को संबोधित करता है, तथा 100 से ज्यादा परफॉर्मेंस इंडीकेटर्स को ट्रैक करता है। इसके बाद यह प्रेडिक्टिव एवं प्रेस्क्रिप्टिव इंटैलिजेंस प्रदान करता है, जिससे फुटफॉल का पूर्वानुमान और रिसोर्स प्लानिंग जैसी क्षमताएं प्राप्त होती हैं।

डब्लूएआईएसएल लिमिटेड के प्रेसिडेंट एवं सीईओ, ऋषि मेहता ने कहा, ''डब्लूएआईएसएल में हम पूरी दुनिया के एयरपोर्ट्स के लिए नए मानक स्थापित करना चाहते हैं। हम केवल इनोवेट नहीं करते हैं, बल्कि हम, जो कुछ भी संभव है, उसमें परिवर्तन लाते हैं। डिजिटल युग में परिवर्तनकारी प्रभाव केवल टेक्नोलॉजी द्वारा नहीं, बल्कि जटिल ऑपरेशनल चुनौतियों को हल करने के लिए इसके साहसी एवं सामरिक उपयोग द्वारा उत्पन्न होता है। डब्लूएआईएसएल का डिजिटल ट्विन-पॉवर्ड इंटीग्रेटेड एयरपोर्ट ऑपरेशंस कमांड सेंटर इसी में अग्रणी है।

यह एविएशन में ऑपरेशनल एफिशियंसी और डिजिटल परिवर्तन लाने के लिए टेक्नोलॉजी द्वारा समर्थ बनाता है।''

उन्होंने आगे कहा, ''एडब्लूएस जैसे औद्योगिक नेतृत्वकर्ताओं द्वारा हमारा उद्देश्य एयरपोर्ट्स को ज्यादा स्मार्ट, सुरक्षित और सुगम बनाना है, ताकि यात्रियों को बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके।''

# कोटक म्यूचुअल फंड ने साल 2025के लिए जारी किया मार्केट आउटलुक



**नई दिल्ली।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने साल 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की है। कोटक म्यूचुअल फंड ने अपनी इस रिपोर्ट में अगले साल के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था और कैपिटल मार्केट की दिशा पर मैक्रोइकोनॉमिक (व्यापक-आर्थिक) अनुमान साझा करते हुए निवेश की अलग अलग थीम के बारे में बताया है, जिन पर निवेशक नजर रख सकते हैं। रिपोर्ट में 5 प्रमुख थीम पर प्रकाश डाला गया है जो 2025 में बाजारों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

**1. कैपेक्स साइकिल रिवाइवल**

भारत पहले से ही एक महत्वपूर्ण मल्टीप-ईयर कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स) साइकिल में है, जिससे आर्थिक विकास (इकोनॉमिक ग्रोथ) को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। अगले साल केंद्र सरकार और लिस्टेड कॉर्पोरेट खर्च बढ़ने का अनुमान है, जबकि राज्य का खर्च पिछड़ सकता है। कई सेक्टर में कॉर्पोरेट ऑर्डर बुक में विस्तार इस साइकिल की व्यापक प्रकृति को उजागर करता है। परियोजनाओं की संख्या पिछली बार 2017 में देखे गए स्तर पर पहुंच गई है। प्राइवेट सेक्टर की अनुमानित लागत दशक के हाई लेवल 55,122 अरब रुपये पर है।

**2. फाइनेंशियल सर्विसेज की बढ़ती पहुंच**

फाइनेंशियल सर्विसेज (वित्तीय सेवाएं) एक डाइवर्स सेक्टर है, जिसमें सब-कैटेगरीज में अलग-अलग प्रदर्शन देखने को मिलते हैं। बैंक क्रेडिट ग्रोथ और डिपॉजिट ग्रोथ के बीच अंतर कम हो रहा है, जिससे मार्जिन पर दबाव कम होने की उम्मीद है। बैंकिंग सेक्टर में हेल्दी रिटर्न रेश्योड देखने को मिल रहा है और बैंकों के पास पूंजी की उपलब्धता के स्तर में सुधार हुआ है, जिससे नई पूंजी की आवश्यकता कम हो गई है। बैंकिंग सेक्टर का वैल्यूएशन व्यापक बाजार की तुलना में उचित है और सार्वजनिक व निजी दोनों सेक्टर के बैंकों के लिए लॉन्गे टर्म एवरेज के करीब है।

**3. टेक्नो्लॉजी - नए जमाने की सर्विसेज**

ह्य

2022 से 2027ई तक एआई की मांग 15 गुना बढ़ने की उम्मीद है।

4. कंजम्पशन और रूरल रिवाइवल

भारत के कंजम्पशन सेक्टर ने कोविड 19 के बाद मिला जुला सुधार दिखाया है, जिसमें प्रीमियम प्रोडक्ट अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। जबकि बड़े पैमाने पर कंजम्पशन पिछड़ गया है। शहरी क्षेत्रों ने अब

# सैमको म्यूचुअल फंड ने डायनेमिक R.O.T.A.T.E. रणनीति के साथ अभिनव मल्टी एसेट एलोकेशन फंड किया लॉन्च

SAMCO MUTUAL FUND | Cutting-edge Systems For Wealth Creation

**कानपूर।** सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने आज मल्टी एसेट एलोकेशन फंड (एमएएएफ) के नए फंड ऑफर (एनएफओ) की घोषणा की, जो 18 दिसंबर, 2024 को बंद होगा। यह फंड इक्विटी, गोल्ड और डेट/आर्बिट्रेज के बीच आवंटित होगा, ताकि रिटर्न को अनुकूलित किया जा सके और जोखिम को कम किया जा सके। इस योजना की न्यूनतम आवेदन राशि 5,000 है। यह फंड R.O.T.A.T.E. स्ट्रेटजी द्वारा संचालित होगा। इस रणनीति के अनुसार, जब शेयर बाजार में तेजी होती है तो फंड मुख्य रूप से इक्विटी मोड में घूमने की क्षमता रखता है, जब शेयर बाजार में गिरावट आती है लेकिन सोना बेहतर प्रदर्शन कर रहा होता है तो गोल्ड मोड में और जब शेयर और सोना दोनों गिर रहे होते हैं तो डेट/आर्बिट्रेज मोड में घूमने की क्षमता रखता है। इस प्रकार स्थिर रिटर्न देने और निवेशक की संपत्ति की रक्षा करने का प्रयास करता है।

एसेट आवंटन में लचीलापन देते हुए, यह फंड विभिन्न श्रेणियों में निवेश करने के लिए गतिशील दृष्टिकोण प्रदान करता है। इसके तहत, इक्विटी में 20-80%, डेट इंस्ट्रूमेंट्स में 10-70% और गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में 10-70% के बीच आवंटन क्षमता है। यह कमोडिटी डेरिवेटिव्स में 30% तक और REITs और InvITs में 10% तक निवेश कर सकता है। जबकि पारंपरिक निवेश फंड अक्सर सोने और अन्य कमोडिटीज उद्योग के स्थिर जोखिम को बनाए रखते हैं, जो आमतौर पर 10% से 20% तक होता है। सैमको का मल्टी एसेट एलोकेशन फंड मजबूत अपट्रेंड अवधि के दौरान सोने में 70% तक का महत्वपूर्ण आवंटन करने की अनुमति देता है।

# लाइफलोंग फिटनेस एंड वेलनेस स्टोर का लखनऊ में भव्य उद्घाटन



**लखनऊ।** अलीगंज, लखनऊ में लाइफलोंग फिटनेस एंड वेलनेस स्टोर का भव्य उद्घाटन बेहद उत्साहपूर्ण रहा। फिटनेस प्रेमियों के बीच खासा लोकप्रिय यह आयोजन, मशहूर फिटनेस आइकॉन मिलिंद सोमन की उपस्थिति के कारण और भी खास बन गया। उन्होंने फीता काटकर इस नए स्टोर का उद्घाटन किया और सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। यह स्टोर फिटनेस और हेल्थ सेगमेंट में नई ऊर्जा लाने के लिए तैयार है। यहां हर आयु वर्ग के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने वाले उत्पादों की एक विस्तृत रेंज उपलब्ध है। लाइफलोंग स्टोर में ट्रेडमिल्स, एक्सरसाइज बाइक, एडल्ट और किड्स साइकल्स, किड्स स्कूटर जैसे बड़े फिटनेस उपकरण से लेकर योगा मैट्स, केटलबेल्स, डम्बल्स, और एंकल वेट्स जैसे फिटनेस एसेसरीज़ भी शामिल हैं। इसके अलावा, यह स्टोर आराम और रिकवरी के लिए उपयोगी उत्पाद जैसे मसाजर मशीन, गन मसाजर, और लेग मसाजर भी पेश करता है। एडवेंचर प्रेमियों के लिए रक्सैक बैग्स और वॉटरप्रूफ टेंट्स जैसे लोकप्रिय ट्रैवल प्रोडक्ट्स भी उपलब्ध हैं, जिससे यह स्टोर फिटनेस, वेलनेस और एडवेंचर का एक आदर्श डेस्टिनेशन बन जाता है।

लाइफलोंग ऑनलाइन रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के सह-संस्थापक और सीओओ वरुण ग्रोवर ने कहा, हमें लखनऊ में इस स्टोर के शानदार स्वागत से बेहद खुशी है। यह लॉन्च हमारे उस मिशन का हिस्सा है, जिसमें हम लखनऊ के लोगों के लिए किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले फिटनेस एवं वेलनेस उत्पाद उपलब्ध कराना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ फिटनेस को बढ़ावा देना नहीं है, बल्कि इसे लोगों की जीवनशैली का हिस्सा बनाना है।÷

लखनऊ में फिटनेस को और अधिक बढ़ावा देने के लिए, स्थानीय समुदाय से फिटनेस एंबेसडर्स को जोड़ने की योजना बनाई गई है, जो लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके तहत, इन एंबेसडर्स को उनके प्रयासों के सम्मान में विशेष कमीशन प्रोग्राम भी पेश किया जाएगा।

अलीगंज स्थित यह स्टोर कंपनी को भारत में फिटनेस और वेलनेस उत्पादों का अग्रणी विक्रेता बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। केंद्रीय रूप से स्थित यह स्टोर, ग्राहकों की हर प्रकार की जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# अवैध रूप से संचालित न्यू फातिमा अस्पताल सील, प्रेक्टिस करने वाले चला रहे थे अस्पताल

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कसया नगर के बैरिया चौराहे पर अवैध रूप से संचालित न्यू फातिमा अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की सील कर दिया। इस दौरान मरीजों के परिजनों को बरगलाकर भर्ती किए गए आधा दर्जन भर्ती मरीजों को टीम ने एम्बुलेंस से कसया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध अस्पताल संचालित करने वाले कारोबारियों में खलबली मची हुई है।

बता दें कि कसया नगर के बैरिया चौराहा (कसाडा चौक) पर अवैध व बिना प्रशिक्षित डाक्टर के न्यू फातिमा के नाम से अवैध हॉस्पिटल संचालित हो रहा था। जागरूक लोगो द्वारा जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी को लगातार इसकी शिकायत की जा रही थी। शिकायत को गंभीरता से लेते



न्यू फातिमा अस्पताल को सील करती स्वास्थ्य टीम



भर्ती मरीजों को एंबुलेंस से सीएचसी कसया भेजवाते

**जांच टीम ने अस्पताल में भर्ती 6 मरीजों को भेजवाया सीएचसी कसया**

स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ अवधेश कुशवाहा, सीएचसी अधीक्षक मार्कडेय चतुर्वेदी मंगलवार की शाम टीम के साथ न्यू फातिमा अस्पताल पहुंचे जहां पढ़ाई करने वाले छात्र 17 वर्षीय सन्नी पुत्र तूफानी चौधरी दुर्गेश, 26 वर्षीय दुर्गेश पुत्र नरेश, 20 वर्षीय इमरान पुत्र मंसूर आलम एवं 26 वर्षीय इरफान पुत्र वाहिद अली बिना रजिस्ट्रेशन बिना किसी प्रशिक्षित चिकित्सक और बिना किसी नियम के अवैध तरीके से न्यू फातिमा अस्पताल को संचालित कर रहे थे। जांच टीम ने अस्पताल संचालन से संबंधित कागजात की मांग की तो किसी ने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया। जांच के दौरान वार्ड में कुल छह मरीज भर्ती पाए गए। इसमें अख्तर पुत्र एमएच अंसारी, पुनम पत्नी राजू, नीलम पत्नी ब्रह्म गोड, ममता पत्नी राकेश यादव, पुष्पा देवी अनिल शर्मा, ममिना खातून पत्नी शहजाद अंसारी शामिल थे। भर्ती मरीज अख्तर के शरीर से रक्तस्राव हो रहा था जबकि ममिना का पित्त के थैली का आप्रेशन हुआ था। स्वास्थ्य टीम ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर सभी भर्ती मरीजों को कसया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवा दिया। अब तक स्वास्थ्य विभाग अवैध तरीके से संचालित न्यू फातिमा अस्पताल के संचालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत नही कराया है जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

**मानक के विपरीत आप्रेशन थियेटर** – जांच के दौरान आप्रेशन थियेटर पूरी तरह अवैध व मानक के विपरीत पाया गाया। आप्रेशन थियेटर में एक टेबल, एक बडा आक्सीजन सिलेंडर, चार ड्रम, एक एक्जामिनेशन टेबल, एक ओटी लैंप व आप्रेशन से संबंधित औजार उपलब्ध था। इसी कडी मे अस्पताल के वार्ड मे छह बेड, दो बेंच, एक मेज तथा दो प्लास्टिक की कुर्सियां और एक रैक मे दवा रखी गई थी। इसके अलावा चैंबर मे मेज, रिवाल्विंग चेयर, एक परीक्षण मेज और दो प्लास्टिक की कुर्सियां पाई गई।

### अस्पताल और मेडिकल स्टोर का नही है रजिस्ट्रेशन

जांच टीम ने अवैध रुप से संचालित न्यू फातिमा हॉस्पिटल को तत्काल प्रभाव से सील करते हुए मौके पर आठ बिंदुओं पर जांच आख्या तैयार किया। इसमें उन्होंने लिखा है कि न्यू फातिमा अस्पताल का कोई भी रजिस्ट्रेशन नही है। अस्पताल के साथ संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर का कोई भी वैध कागजात संचालक द्वारा प्रस्तुत नही किया गया।, आप्रेशन थियेटर अवैध व मानक के विपरीत पाया गया व अस्पताल का संचालन चार पढ़ने वाले छात्रों द्वारा किया जा रहा था।

## वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य कैंप का हुआ आयोजन




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** वृद्धजनों के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम) राजगढ़ गौरीगंज में जिला अस्पताल असैदापुर के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा पीताम्बर कन्नौजिया व उनकी टीम द्वारा बुधवार को स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में उपस्थित समस्त वृद्धजनो की बीपी चेक की गयी तथा ताकत गैस और बुखार तथा आँख की दवा वृद्धजनों को निशुल्क प्रदान की गयी। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सभी सेवासियों का स्वास्थ्य सामान्य पाया गया। किसी को भी कोई गम्भीर समस्या नहीं थी। चिकित्सा शिविर में डा पीताम्बर कन्नौजिया द्वारा समस्त वृद्धजनों को उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनके खानपान व्यायाम दैनिक दिनचर्या इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी व स्वस्थ्य रहने के विभिन्न उपायों को विस्तार पूर्वक बताया गया।

## संयुक्त जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला अस्पताल गौरीगंज में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने को लेकर वृहद स्तर पर वन स्टॉप सेन्टर अमेठी द्वारा बुधवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। वन स्टॉप सेन्टर केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी ने बताया कि लिंग आधारित हिंसा से महिलाएं और लड़कियां उच्च जोखिम का सामना कर रही हैं हमारे घरों कार्यस्थलों रास्तों सड़को और आनलाइन माध्यमों पर महिलाओं व लड़कियों के लिए लिंग आधारित हिंसा का शिकार होने का जोखिम बहुत अधिक है। इन समस्याओं को दूर करने हेतु हम सभी को एकजुट होकर आगे आना होगा। समाज सरकार और व्यक्तियो के सामूहिक प्रयासों से लिंग आधारित हिंसा को समाप्त किया जा सकता हैं। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त विभागीय योजनाओं जैसे - मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना बाल सेवा योजना स्पांसरशिप योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना चाइल्ड हेल्पलाइन वन स्टॉप सेंटर योजना तथा हेल्पलाइन सेवा जैसे महिला हेल्पलाइन सेवा- 181 पुलिस हेल्पलाइन सेवा -112 एम्बुलेंस सेवा- 108 स्वास्थ्य सेवा -102 चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा -1098 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सेवा- 1076 साइबर हेल्पलाइन सेवा -1930 के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया।

# गेहूं के फसल पर टिड्डो का हमला, किसान हैरान

अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** किसान का जीवन कितना चुनौती पूर्ण और संघर्षो से भरा हुआ है फिर भी वह अपनी पुरानी समस्याओं को भुलाकर कलके सुनहरे भविष्य के लिए पुनः नई उर्जा के साथ काम पर निकल जाता है। धान की फसल बाढ से प्रभावित होने के बाद भी पुनः रवि की बुवाई करता है और ऐसे में बीजों का अंकुरण होते ही टिड्डो का कोपभाजन बन जाय तो किसान बेवस और निरिह बनकर रह जाता है। ऐसा ही कुछ विकास खंड कप्तानगंज और मोतीचक के किसानो के साथ होता दिख रहा है। पोखरभिन्डा, चंदरपुर, भगवानपुर, मेहडा, बनकटा, तुर्कहा, बेलवनिया सिघाडी, गंभीरपुर, मठिया, डोमबरवा सहित दर्जनों किसानो ने गेहूं की बुवाई समय से करके पिछ्ली फसल की भरपाई की आश संजोए हुए था कि अचानक उनके फसलों पर टिड्डो का हमला इस कदर हो गया है कि खेत के खेत देखते ही देखते साफ हो जा रहे हैं. इन टिड्डो के झुंड के उपर किसी भी कीटनाशक का विशेष प्रभाव नहीं पड़ रहा है। दवा का छिड़काव करने के दूसरे या तीसरे दिन और ज्यादा संख्या में फसलों पर हमला करके उन्हें नेस्तनाबूत कर दे रहे हैं। किसान अपनी फसलों को बरबाद होता देख हैरान व बेबस है.दिवाकर मिश्र, भरत राय, विश्वनाथ सिंह, संतोष सिंह, नौरंग, विदेशी, कोदई, जयराम पासवान, सुभाष पासवान, नरसिंह, सतेंद्र सहित दर्जनों किसानों ने जिलाधिकारी से टिड्डो के रोकथाम के लिए त्वरित व कारगर उपाय कराने की गुजारिश की है ताकि समय रहते फसलों को इस नई विपदा से फसलों को बचाया जा सके।

### जाम की समस्या से नगरवासियों को नहीं मिल रही निजात

**अमेठी।** आए दिन लग रहे जाम से नगरवासी परेशान हैं लेकिन उन्हें इस समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। स्थानीय प्रशासन की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण नगर में अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलंद हैं। जिसके कारण सड़कें संकरी हो गई हैं और जाम की समस्या बढ़ गई है। शासन की ओर से निर्देश जारी किया गया था कि नगरों में सड़कों के किनारे अवैध रूप से कहीं वाहन नहीं खड़े रहने चाहिए इन वाहनों की वजह से हो रही जाम की समस्या के दृष्टिगत आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराने का भी निर्देश दिया गया। एक पखवाड़े पूर्व नगर में अतिक्रमण विरोधी अभियान भी चला बावजूद इसके नगर के विभिन्न मार्गो पर सड़क के किनारे बेतरतीब खड़े दो पहिया चार पहिया वाहन दिखाई देते हैं जिनसे जाम की समस्या और बढ़ जाती है। पुलिस फुट पेट्रोलिंग करती जरूर है लेकिन इस तरफ कोई पहल होती नहीं दिखाई दे रही है इस समय सहालग के कारण लोगों का आवागमन बढ़ा है लिहाजा जाम भी अधिक लग रहा है।

# फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष बनने के बाद अजय का हुआ जोरदार स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**फाजिलनगर, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश फुटबाल संघ के उपाध्यक्ष बनने के बाद पहली फाजिलनगर पहुंचे रिटायर्ड आरटीओ अजय त्रिपाठी का कस्बे के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। नगर पंचायत के सभागार में आयोजित आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए श्री त्रिपाठी ने कह कि यहां के युवाओं को खेलों में बेहतर मंच दिलाने का मेरा शुरू से ही प्रयास रहा है। अमिय त्रिपाठी खेल प्रतियोगिता के माध्यम से यहां के कई युवा आईपीएल और देश के विभिन्न प्रदेशों से रणजी खेल रहे है।

अब इस क्षेत्र के युवा जिनका फुटबाल के प्रति लगाव है उनको भी बेहतर मंच दिलाने का प्रयास करूंगा जिससे वह प्रदेश और देश स्तर के फुटबाल प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन कर सके। नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही ने कहा कि श्री त्रिपाठी ने खेल के क्षेत्र में यहां के युवाओं को बेहतर मंच देने के साथ उनके तैयारी के लिए क्रिकेट एकेडमी भी चला रहे है। इस पद पर आने के निश्चित ही यहां के युवाओं को फुटबाल में भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम को सेंट जोसफ स्कूल के निदेशक सीओ जोश, श्यामू द्विवेदी, टीएन राय, मनोज श्रीवास्तव, विनय तिवारी, मनीष मिश्र, दिनेश सिंह आदि ने सम्बोधित किया। संचालन जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला ने किया।इसके पूर्व नगर पंचायत कार्यालय पर पहुंचे श्री त्रिपाठी को कस्बे वासियों ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही ने उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान सभासद कमलेश वर्मा, जेपी सिंह, राहुल सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, आज़ाद अंसारी, विनीत कुमार बंटी, दुर्गेश वर्मा, प्रेमसागर पाण्डेय, मनोज चौबे, चन्दन दुबे, गोविन्द यादव, सतेन्द्र सिंह, मुहम्मद आलम, अब्बास शेख, गुड्डू चौहान, कवींद्र सिंह भास्कर राय आदि उपस्थित थे।



## अहंकार भगवान का आहार है : कथाव्यास



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के परशुरामपुर गांव में देव प्रकाश पांडेय के यहां चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथा व्यास संतोष जी महाराज ने भगवान कृष्ण बलदाऊ के नामकरण के अतिरिक्त मुख्य प्रसंगों में भगवान कृष्ण की मनोरम बाल लीलाओं का वर्णन किया।उन्होंने गोवर्धन लीला का प्रसंग विस्तार से सुनाया।पूतना बध शकटासुर बध तृणावर्त वध बकासुर वध आदि प्रसंगों का मार्मिक वर्णन किया। अच्छाई का बुराई के साथ घनिष्ठ संबंध है। जहां कृष्ण होंगे वहां राक्षस तो होंगे ही लेकिन अंततः उनका विनाश ही होना है।बल सुलभ स्वभाव का चित्रण करते हुए कहा कि बालकों का बल रोना है। कन्हैया गलती भी करते हैं और ज्यादा दबाव बनाने पर मैया यशोदा से रोने भी लगते हैं।गोवर्धन पूजा को विस्तार रूप देते हुए कहा कि कन्हैया ने ब्रह्मा जी को भी क्षमा नहीं किया था। गौचारण लीला पर भी प्रकाश डालते हुए कालिया नाग मर्दन का विधिवत वृत्तांत सुनाया।उन्होंने कहा कि अहंकार भगवान का भोजन है। वे अभिमानी को कभी माफ नहीं करते।फिर चाहे उनके सामने कालिया नाग या ब्रह्मा जी ही क्यों न हो। मुख्य यजमान ओम प्रकाश पांडेय व श्रीमती छोटका के अलावा जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी श्याम शंकर तिवारी कृष्ण चंद्र तिवारी विनोद शुक्ल शेष नारायण पांडेय कृष्ण चंद्र तिवारी ओम प्रकाश मिश्रा गोपी नाथ पांडेय शांताकुमार तिवारी भुल्लर यादव राकेश मिश्र कमलेश पांडेय अमरनाथ यादव अनिल मिश्र छोटे तिवारी सागर पांडेय सहित तमाम सुधी श्रोता मौजूद रहे।

## देश सेवा की भावना व अनुशासन सिखाता है स्काउट-गाइड

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कप्तानगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत लखिमा में स्थित वंशराज सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश की कुशीनगर की इकाई द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय शिविर में छात्र-छात्राओं को रस्सी गांठ, टेंट का निर्माण, मानसिक गेम, दैवीय आपदाओं से निपटना,समाज में सेवा करना, अनुशासित रह कर कार्य करने की सीख दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि तीन दिन के इस शिविर में देश की सेवा करना, आपदाओं में हम कैसे समस्याओं का सामना करके उनसे निपटना और समाज में रहकर के हम सामाजिक सहभागिता कैसे सुचारू रूप से संचालित करें इन सब के बारे में यह हमें याद दिलाता है। विशिष्ट अतिथि सुधीर ने कहा कि आज देश में भारत स्काउट गाइड के तमाम ऐसे प्रशिक्षक हैं जो विभिन्न जगहों पर अपने इस प्रशिक्षण के माध्यम से पदों को सुशोभित कर रहे हैं और उन लोगों से हमको प्रेरणा लेकर के जीवन में आगे चाहिए। प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार यादव ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम जीवन में तभी आगे बढ़ सकते हैं यदि अनुशासन है।तो आप बहुत अच्छे हैं लेकिन अगर अनुशासन नहीं है तो वही आप जीरो हो जाते हैं। भारत स्काउट गाइड देश सेवा के साथ साथ अनुशासन का पाठ पढ़ाता है। इस अवसर पर स्काउट गाइड के प्रशिक्षक जयप्रकाश रावत, शिक्षक नागेश्वर सिंह, महावीर प्रसाद, दीपू सिंह, राजू सिंह, विजय गुप्ता, सुनील सिंह, हरकेश बहादुर, शैलेश सिंह, अंशिका गुप्ता, सौम्या यादव सहित शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# फाइलेरिया के प्रति भ्रान्तियां दूर करने में सहयोग करें पीएसपी : डीएमओ

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पथरदेवा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर गरीब पट्टी से सम्बंधित फाइलेरिया मरीजों को बुधवार कोप्राथमिक विद्यालय गरीब पट्टी में पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) के सहयोग से एमएमडीपी प्रशिक्षण व किट वितरित किया गया। मरीजों को फाइलेरिया बीमारी, उससे बचाव के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सीएचओ द्वारा डेमो देकर फाइलेरिया प्रभावित अंगों की साफ -सफाई व्यायाम के माध्यम से हाथीपांव की सूजन को कम करने और फाइलेरिया रोग प्रबंधन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान 8 फाइलेरिया मरीजों को फाइलेरिया मरीज कार्ड के साथ 12 दिन की खुराक भी दी गई।

कार्यक्रम के दौरानजिला मलेरिया अधिकारी चंद्रप्रकाश मिश्रा ने कहा कि कहा कि पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) के सदस्य रोगी हितधारक मंच के सदस्य फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग करें। इसके साथ ही फाइलेरिया बीमारी के प्रति समुदाय में



व्याप्त भ्रान्तियों को जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक करें। फाइलेरिया मरीजों की खोज और उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिलाने के साथ रोग प्रबंधन के बारे जागरूक करे और हाईड्रोसील के मरीजों को चिन्हित कर उन्हे सर्जरी के लिए तैयार करें। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता। लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे या तो व्यक्ति को हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। महिलाओं को स्तन के आकार में परिवर्तन हो सकता है। हालांकि, अभी तक इसका कोई समुचित इलाज उपलब्ध नहीं है, लेकिन शुरूआत में रोग की पहचान होने पर इसे रोका जा सकता है।सीएचओ श्वेता गुप्ता ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि फाइलेरिया से संक्रमित होने के बाद मरीजों को प्रभावित अंगों की सफाई सहित अन्य बातों को समुचित ध्यान रखना जरूरी होता है। दौरान सीएचओ ने कहा कि एमडीए अभियान के तहत पांच साल तक लगातार साल में एक बार दवा का सेवन करने से इस बीमारी का जोखिम कम किया जा सकता है। सीएचओ ने फाइलेरिया रोग प्रबंधन के लिए डेमो देकर फाइलेरिया के कारण शरीर में सूजन और अंगों पर पड़ने वाले प्रभाव

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर गरीब पट्टी में फाइलेरिया मरीजों वितरित किया एमएमडीपी कीट, बताया गया व्यायाम का तरीका**

के बारे में बताया। छह तरीके के व्यायाम का डेमो देकर फाइलेरिया प्रभावित अंग की सूजन को कम करने की जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम और प्रभावित अंगों की उचित साफ-सफाई से इस बीमारी के संक्रमण को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने मरीजों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें एमएमडीपी के इस्तेमाल के फायदों के संबंध में भी बताया गया। कार्यक्रम के वरिष्ठ मलेरिया नीरीक्षक नवीन भारती, पीएसपी के सदस्य ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नवल किशोर गौतम, प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार द्विवेदी, आशा दिव्या देवी, आशा कुंती, सुनीता देवी, आंगनबाडी रंजू, निर्मला, फाइलेरिया मरीज दुर्गावती सुनैना, सुखदेव, गोरख राव, आरिफ, जय नारायण यादव, सीफार के प्रतिनिधि सहित बीएसडब्ल्यू राकेश, फाइलेरिया मरीज व ग्रामीण मौजूद रहे।

## ट्रक में पीछे से घुस गई लग्जरी कार, दो घायल



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के हाईवे पर पटहेरिया चौराहे के समीप मंगलवार की देर रात लग्जरी कार ट्रक के पीछे घुस गई जिससे कार सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया। बिहार के सिवान जिले के लौवापुर निवासी पवन कुमार शर्मा पुत्र शंकर शर्मा व जनता बाजार निवासी हरेराम सोनी पुत्र अशोक सोनी बीती मंगलवार की देर रात लग्जरी कार से गोरखपुर एयर पोर्ट से अपने घर सिवान के लिए निकले थे और फोरलेन के रास्ते जा रहे थे। अभी जैसे ही वह पटहेरिया चौराहे से 50 मीटर आगे पहुंचे ही थे कि अचानक कार अनियंत्रित होते हुए आगे जा रही ट्रक के पीछे जा घुसी। घटना में कार सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।और लग्जरी कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आस पास काफी दूर तक आवाज सुनाई दी। और लोग जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया।

# किसानों पर लाठी चलाने वाले एडीएम को निलंबित किया जाए: राधेश्याम सिंह

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ने कहा कि ढाढा में एथेनॉल फैक्ट्री के लिए जमीन पर कब्जा दिलाने के दौरान किसानों पर लाठी चलाने वाले एडीएम को निलंबित किया जाए और किसानों को शीघ्र रिहा किया जाए। बुधवार को श्री सिंह हाटा में इस घटना पर एक पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जब चीनी मिल स्थापित हुई उस दौरान सपा सरकार में किसानों की सहमति और उचित मुआवजा देकर ही जमीन ली गई थी। मैं एथेनॉल फैक्ट्री के विरोध में नहीं हूं चीनी मिल को खुश करने के लिए बिना मुआवजा दिए किसानों को पीटकर क्रूरता का परिचय दिया है। एडीएम ने मौके पर खुद लाठी भाजी है



सपा के पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह

जिम्मेदार पद पर रहकर ऐसा करना शोभा नहीं देता है। एडीएम को निलंबित कर तत्काल किसानों को रिहा किया जाए यदि पंद्रह तक रिहा नहीं किया गया तो 16 दिसंबर को तहसील का घेराव किया जाएगा। किसानों की सहमति से दो गुना रेट दिया जाए और भूमिहीन हो रहे किसानों को सरकारी नौकरी दी जाए।

## रोजगार मेले का आयोजन 11 को

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज द्वारा 11 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 10:30 बजे संजय गॉधी पॉलीटेक्निक जगदीशपुर में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि उक्त मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा व रोजगार मेले में 12वीं स्नातक तथा आईटीआई उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थी रोजगार के भाग ले सकते है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर अपना पंजीकरण करते हुए योग्यता के अनुरूप इच्छुक कम्पनी में आवेदन कर सकते है तथा रोजगार मेले में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी फोटो व बायोडाटा सहित उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं इस हेतु उन्हें कोई मार्ग व्यय देय नही होगा।

# देवरिया में हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन हुआ

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** बांग्लादेश में हिन्दूओं पर हो रहे हिंसात्मक अत्याचार एवम बर्बरता से क्षुब्ध समाज ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। इसमें विविध सामाजिक संगठनों एवम संत महात्माओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

विरोध प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, गौ रक्षा दल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, संस्कार भारती समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े समाजसेवी, बुद्धिजीवी, शिक्षाविद आदि शामिल हुए। सभी लोगों ने एक-एक कर धरने के माध्यम से अपनी बातों को सामने रखा। बड़ी संख्या में लोग टाऊन हॉल




इकठ्ठा हुए, वहां से जनआक्रोश प्रदर्शनकारी वन्दे मातरम, जय श्रीराम, बांग्लादेश मुर्दाबाद, हिन्दूओं पर अत्याचार करने वालों को फांसी दो जैसे नारे लगाते हुए देवरिया कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में नागरिकों और साधु-संतों के उत्पीड़न, मुकदमा, गिरफ्तारी की घटनाओं पर जबरदस्त रोष प्रकट किया। धरना में गोरक्ष प्रान्त प्रचारक रमेश ने कहा कि बांग्लादेश राजनीतिक षड्यंत्र और अराजकता के दौर से गुजर रहा है, जिससे वहां रहने वाले निर्दोष सनातनी हिन्दू, धर्मावलंबियों के साथ साथ सिक्ख, बौद्ध एवम जैन के भी आस्था स्थलों एवं नागरिकों पर हमले किए जा रहे हैं। बहनों के साथ बलात्कार हो रहे हैं, साथ ही बांग्लादेश की सरकारी नौकरियों में काम करने वाले हिंदुओं, सिखों, बौद्धों से भी



**हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति देवरिया की ओर से महामहीम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी देवरिया दिव्या मित्तल को सौंपा।**
जिला संयोजक डॉ. अजय मणि त्रिपाठी, गोरक्ष प्रान्त प्रचारक रमेश, बारीपुर महंथ स्वामी नृत्य गोपाल दास, मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर के महंथ राजेश नारायण दास, डा.भावना सिन्हा, कृष्ण प्रताप, वेद प्रकाश, राकेश मिश्र, अवनिंद्र, ने ज्ञापन सौंपा।

बलपूर्वक त्यागपत्र लिया जा रहा है। ऐसे में वहां का हिन्दू समाज एक अनाथ समाज की तरह हो गया है। यह बहुत बड़ी चिंता का विषय है इसके लिए सर्व समाज को एक मंच पर आना होगा। पूर्व सांसद डॉ.रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि पिछ्ले कई महीनों से भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में अशांति फैली हुई है, छात्र आंदोलन के नाम पर शेख हसीना की सरकार को हटा दिया गया। तब से आंदोलन की आड़ में हिंदुओं और हिंदू मंदिरों पर हमले हो रहे हैं। कहा कि बांग्लादेश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए हम भारत सरकार से यह अपेक्षा करते हैं कि कूटनीतिक, राजनीतिक एवं संयुक्त राष्ट्र संघ, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग आदि संस्थानों पर दबाव बढ़ाकर समाधान के लिए कार्यवाही कराई जाए। भारत सरकार बांग्लादेश पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए। जिसके लिए पूरा हिन्दू समाज भारत सरकार के साथ अपने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पीछे चट्टान की तरह खड़ा है।

# टूंडला पुलिस ने अधजले मिले शव की हत्या का किया खुलासा



**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा गांव मोहम्दाबाद में तालाब किनारे हत्या कर अधजली अवस्था में मिले शव की घटना का सफल अनावरण करते हुए मुख्य अभियुक्त को आलाकत्ल सहित गिरफ्तार किया गया। थाना टूंडला पुलिस को सूचना मिली कि मौहम्मदाबाद से प्रतापपुर जाने वाले कच्चे रास्ते पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारीगण एवं थाना टूण्डला पुलिस मय फील्ड यूनिट टीम के मौके पर पहुँची मौके पर पाया कि एक नाम पता अज्ञात व्यक्ति का शव अधजली हालत में पडा हुआ है। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किये गए जिसमें मृतक के भाई मौहम्मद वकील ने मृतक की पहचान कर बताया कि मृतक गुड्डु उर्फ उस्मान अली पुत्र मौहम्मद हनीफ निवासी ग्राम मौहम्मदाबाद थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद मेरा भाई है।मो.वकील पुत्र मौ0 हनीफ निवासी मौहम्मदाबाद थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना टूण्डला पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा हत्या के खुलासे हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसमें ठोस पतारसी सुरागरसी के आधार पर थाना टूंडला गठित पुलिस टीम द्वारा 03-12-2024 को बनकट रोड़ थाना टूण्डला से अभियुक्त ओमप्रकाश पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम मौहम्मदाबाद थाना टूंडला को गिरफ्तार किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त ओमप्रकाश पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम मौहम्मदाबाद थाना टूण्डला फिरोजाबाद का एक मकान गांव मौहम्मदाबाद रोड पर है जिसमें दो हिस्से हैं एक हिस्से में उसका भाई प्रमोद व एक हिस्से में वह स्वयं रहता है। कुछ दिन पूर्व मकान के विवाद के समय गुड्डु ने प्रमोद की मदद की थी और ओमप्रकाश को देख लेने की धमकी दी थी, तभी से अभियुक्त ओमप्रकाश व गुड्डु के बीच तनातनी चली आ रही थी। अभी हाल ही में दिनेश शर्मा पुत्र राधेश्याम जेल से छूट कर आया था तो ओम प्रकाश ने सोनू व दिनेश के साथ मिलकर गुड्डु की हत्या की योजना बनाई कि गुड्डु आये दिन हम सभी को परेशान कर पकडवाने की धमकी देता रहता हैं।योजना के अनुसार दिनांक 29.11.2024 को तीनों ने गुड्डु को शराब पिलाई और नशा होंने पर मीट खाने के लिए सब्जी मण्डी के पास होटल पर आये, वहां से चारों अपाचे मोटर साइकिल से निहाल सिंह की पुलिया होते हुए प्रतापपुर से मोहम्मदाबाद जाने वाले कच्चे रास्ते पर पहुंचे और सिंघाड़े की पोखर के पास गुड्डु को तीनों पकड़ कर ले गये और वहीं पर पड़े तार से सोनू ने गुड्डु का गला कसकर पकड़ लिया और दिनेश ने अपने पास लिये हथियार से गुड्डु के गले पर वार किया और ओमप्रकाश ने गुड्डु की सिर पर ईट से वार किया तो गूड्डु वहीं पर गिर पड़ा फिर तीनों ने उसे पानी में पैर पकड़ कर डूबो दिया और थोड़ी देर बाद पानी से बाहर निकालकर दिनेश व सोनू ने उसके सारे कपड़े उतार दिये और उसकी पहचान छिपाने के लिए उसके ऊपर धान का फूस, लकड़ी बोरा व तौलिया डालकर उस पर पैट्रोल छिड़ककर आग लगा कर जला दिया था।

# शिविर में 2200 से अधिक लोगों का हुआ संतृप्तिकरण



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामवासी को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर संचालित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत मंगलवार को विकास खण्ड शिवपुर की ग्राम पंचायत बितनिया में आयोजित सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 437 मरीज़ों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि का वितरण, 102 मरीजों को ई-संजीवनी के माध्यम से टेली मेडिसिन, 117 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये, 78 लोगों को चश्मा वितरण, 130 लोगों की पैथालोजी जांच, 23 किशोरियों एवं बच्चों का टीकाकरण, 127 किशोरियों को सेनेटरी पैड व आयरन फेलिक एसिड का वितरण, 01 कुष्ठ रोगी को जूता, 07 क्षय रोगियों को गोद लेने के साथ-साथ 68 लोगों की आभा आई.डी. बनायी गई। राजस्व विभाग द्वारा आय, जाति, निवास सम्बन्धी 28 आवेदन-पत्रों का निस्तारण, कृषि विभाग द्वारा 101 किसानों का रजिस्ट्रेशन व 31 की ई-केवाईसी, जल निगम द्वारा 99 लोगों को वाटर टेस्टिंग किट का वितरण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत सिलाई प्रशिक्षण हेतु 63 आवेदन-पत्र प्राप्त किये गये। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा आवासीय योजनाओं अन्तर्गत 275 आवेदन पत्र प्राप्त किये गये तथा मनरेगा योजना के तहत 71 लोगों का रजिस्ट्रेशन कर 62 लोगों को जाबकार्ड का वितरण किया गया। लघु सिंचाई विभाग द्वारा बोरिंग योजना से सम्बन्धित 09 आवेदन-पत्र प्राप्त किये गये जबकि मत्स्य विभाग द्वारा 20 व्यक्तियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

## महिलाओं की आर्थिक सुधार में अहम रोल अदा करेगा अचार मसाला पाउडर बनाने का प्रशिक्षण

**मैनपुरी।** मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने आलीपुर खेड़ा में बैंक ऑफ इण्डिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के तत्वाधान में संचालित 10 दिवसीय अचार और मसाला पाउडर बनाने का प्रशिक्षण का मौके पर जाकर निरीक्षण करते हुये प्रशिक्षण में उपस्थित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कहा कि महिलाओं की आर्थिक सुधारने, उन्हें स्वावलम्बी बनाने में यह योजना काफी कारगर है, आप सब प्रशिक्षण में पूरी गहनता से मसाला पाउडर, अचार की जानकारी करें और योजना के तहत बैंकों के माध्यम से सस्ती ब्याज दर पर उपलब्ध धनराशि से अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाकर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृण करें। उन्होने उम्मीदवारो का परिचय प्राप्त कर प्रशिक्षण के उपरांत व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित करते हुये कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से हर सम्भंव मदद होगी, पात्र, इच्छुक महिलाओं को योजना में लाभान्वित कराया जायेगा। उन्होने कहा कि जनपद में गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने जनपद में ही नहीं बल्कि अपनी मेहनत से प्रदेश स्तर पर भी अपना नाम रोशन किया है।

## संतुलित उर्वरकों का उपयोग जैविक खेती में लाभदायक



**फिरोजाबाद।** विकास खंड फिरोजाबाद के राजस्व गांव दोकैली में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें उप कृषि निदेशक फिरोजाबाद सत्येंद्र प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान रामेश्वर दयाल, सुनील कुमार एटीएम,एवं रमन देव शर्मा द्वारा प्रतिभाग किया गया किसान पाठशाला में उप कृषि निदेशक द्वारा रबी फसलों जैसे गेहूं, सरसों एवं दलहनी फैसले जैसे मसूर, चना की लाइन में बुवाई, उन्नतशील प्रजातियों का प्रयोग, संतुलित उर्वरकों का उपयोग के बारे में किसानों को जानकारी दी गई, एवं विश्व मृदा दिवस पर किसान भाइयों से संतुलित उर्वरकों के प्रयोग के साथ साथ जैविक खेती करने और उससे होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। क्षेत्रीय कर्मचारी सुनील कुमार एटीएम द्वारा किसानों को रवी मै मक्का की खेती के बारे में जानकारी दी गई, और राजकीय बीज भंडार से मिलने वाले कृषि निवेशों के बारे में बताया रमन देव शर्मा एस एम एस ने किसान पाठशाला में फार्मर रजिस्ट्री के बारे मे जानकारी दी पाठशाला मै ग्राम के 120 किसानों ने प्रतिभाग किया।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही से कई मजदूर घायल



**सुल्तानपुर।** नगरपालिका द्वारा कराए जा रहे नाला सफाई के दौरान मिट्टी के टीले के नीचे दबने से घायल हुए मजदूरों का हाल चाल लेने कांग्रेस नेता वरुण मिश्र मेडिकल कॉलेज पहुंचे।घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्होंने इलाज का जायज़ा लिया। घायलों और उनके परिजनों ने लगाया नगरपालिका के ई ओ व चेयरमैन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा एक बार भी नगर पालिका के जिम्मेदारों ने घायल मजदूरों का हाल चाल नहीं पूछा।, कांग्रेस नेता ने कहा मजदूरों की सुरक्षा की पालिका को कोई चिंता ही नहीं है।जिम्मेदार अधिकारियों का सिर्फ कमीशन पर ही ध्यान रहता है।उन्होंने पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मजदूरों को बिना सुरक्षा किट के नाले में क्यों उतारा गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच जरूरी है। कांग्रेस नेता वरुण मिश्रा ने मांग की,कहा कि जिम्मेदार ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

### पंचायत भवन निर्माण में क्या जमकर घोटाला



**कूरेभार,सुल्तानपुर।** जनपद के विकासखंड कूरेभार के ग्राम पंचायत बुआपुर में पंचायत भवन निर्माण में हुए घोटाले ने शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले में लेखपाल और ग्राम पंचायत के सचिव-प्रधान की भूमिका को लेकर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। पंचायत भवन में नहीं बैठते पंचायत सहायक सचिव न ही लेखपाल, सरकारी योजनाओं और जनहितकारी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितताओं के चलते विकास कार्य अधूरे हैं। बुनियादी सुविधाओं का अभाव पंचायत भवन में बिजली, पानी और बैठने जैसी आवश्यक सुविधाएं अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। प्रधानमंत्री स्वच्छता अभियान के तहत बनाए जाने वाले शौचालयों का निर्माण भी अधूरा है। ग्रामवासियों का कहना है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी और सरकारी धन के दुरुपयोग में लेखपाल और सचिव-प्रधान की मिलीभगत है। ग्रामवासियों का कहना है कि लेखपाल और सचिव-प्रधान ने निर्माण कार्य में ठेकेदारों के साथ मिलीभगत कर अधिक भुगतान कराया है, जबकि कार्य अधूरा और निम्न गुणवत्ता का है। लोगों का यह भी आरोप है कि सरकारी योजनाओं का सही लाभ जनता तक नहीं पहुंच रहा है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए। कि इस मामले की जांच की जाए और उचित कार्रवाई की जाए जिससे लोगों का भला हो सके।


## कार्यालय-नगर पंचायत इल्तिफातगंज- अम्बेडकरनगर

पत्र सं0 643(I)/न0पं0इल्ति0/ई-निविदा/2024-25 दिनांक : 02-12-2024

### ई-निविदा सूचना

एतद् द्वारा ठेकेदारों (सिविल) को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत इल्तिफातगंज में ''मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना'' मद के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक- 05/12/24 से दिनांक- 16/12/24 तक दोपहर 12:00 बजे तक आनलाइन डाउनलोड/अपलोड की जा सकेगी एवं निकाय कार्यालय में मूलरूप से दिनांक- 17/12/24 दोपहर 12:00 तक जमा की जायेगी। उक्त निविदा दिनांक- 17/12/24 दोपहर 03:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा प्रापत्र मूल्य बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से अथवा नगर पंचायत के यूनियन बैंक शाखा-इल्तिफातगंज के खाता संख्या-765301010050057 IFSC&UBIN0576531 में आर0टी0जी0एस0 आदि के माध्यम से जमा किया जा सकता है। सम्बन्धित निविदा वेबसाइट-www.etendering.up.nic.in पर देखीं जा सकती हैं। प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर धनराशि के रूप में राष्ट्रीय बचत पत्र/किसान विकास पत्र/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0, जो अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत इल्तिफातगंज अम्बेडकरनगर के पदनाम से बन्धक होगा, स्वीकार किया जायेगा। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। अन्य शर्ते/जानकारी किसी भी कार्य दिवस में निकाय कार्यालय में सम्बन्धित अनुभाग से की जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत इल्तिफातगंज
अम्बेडकरनगर

अध्यक्ष
नगर पंचायत इल्तिफातगंज
अम्बेडकरनगर



## कार्यालय : नगर निगम, अयोध्या

पत्रॉंक : 726/ज0क0वि0न0नि0अयो0/अल्पकालीन निविदा/2024-25 दिनांक : 04/12/2024

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण

नगर निगम अयोध्या में नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति के उपरान्त नगर निगम अयोध्या क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 110 एम0एम0 पी0वी0सी0 पाइप लाइन बदलने के कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा निविदा बाक्स के माध्यम से आमंत्रित की जानी है, तत्क्रम मे दिनांक 16/12/2024 तक महाप्रबन्धक (जल) के कक्ष मे रखी सीलबन्द निविदा पेटिका मे निविदायें पूर्वाहन 10:00 बजे से 3:00 बजे अपरान्ह तक आमंत्रित की जायेगी, तथा उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष 04:00 बजें खोली जायेगी। इच्छुक फर्मे/ठेकेदार निविदा प्रपत्र दिनांक 05/12/2024 से 13/12/2024 तक कार्यालय नगर निगम अयोध्या के जलकल विभाग से प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। अति अल्पकालीन निविदा के नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र मे संलग्न है। अति अल्पकालीन निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली जमानत धनराशि मुख्य वित्त लेखाधिकारी महोदय के नाम एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/डी0डी0 के रूप में सम्बन्धित फर्म के खाते से जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही होगा। नगर आयुक्त महोदय को बिना कोई कारण बताये अति अल्पकालीन निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा। कार्य का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित धनराशि (रूपयों मे) (G.S.T.सहित) | जमानत धनराशि रूपया | निविदा मूल्य +18% G.S.T | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | साकेत नगर वार्ड संख्या- 33 के विभिन्न स्थानों पर 110 एम0एम0 पी0वी0सी0 पाइप लाइन बदलने का कार्य हेतु। | 8,11,835.61 | 81,200.00 | 1770.00 | 30 दिवस |
| 2. | साकेत नगर वार्ड संख्या- 33 के विभिन्न स्थानों पर 110 एम0एम0 पी0वी0सी0 पाइप लाइन बदलने का कार्य हेतु। | 8,06,048.29 | 80,700.00 | 1770.00 | 30 दिवस |

महाप्रबन्धक(जल)
नगर निगम अयोध्या

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम अयोध्या



## उत्तर रेलवे

टेंडर नोटिस संख्या- GEM/2024/B/5520442 दिनांक:- 30.11.2024

इलेक्ट्रानिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | GEM/2024/B/5520442 | Supply of XLPE ISI marked cross linked polyethylene insulated PVC outre sheathed armoured with galvanized round wire or steel strip cable with aluminum conductor suitable for rated voltage 1100 volts grade and confirm to IS 7098 part-1 (amendment or latest) 4 core 400 sq mm LT cable. | 3750 mtr. | 19.12.24 |

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी GEM वेबसाइट यानि https://gem.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 3726/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## कार्यालय नगर पंचायत कुमारगंज, जनपद- अयोध्या

पत्रॉंकः- 284/न0पं0कु0/रा0वि0आ0 2024-25/निविदा सूचना-14 वर्क/2024 दिनांक : 04 दिसम्बर 2024

### अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग से कराये जाने वाले निम्नांकित निर्माण/मरम्मत कार्यो हेतु दिनांकः 18 दिसम्बर 2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आधिशासी अधिकारी कक्ष में रखे सीलबद निविदा बॉक्स में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 03:30 बजे अथवा उसके पश्चात् निविदादाताओं/प्रतिनिधियों की उपस्थिति/अनुपस्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री न0पं0 कुमारगंज कार्यालय में एवं कार्यालय जिलाधिकारी के एल0बी0सी0 पटल से दिनांकः 17 दिसम्बर 2024 तक सायं 04:00 बजे तक नगद मूल्य पर की जायेगी। उपरोक्त तिथियों में अवकाश की दशा में निविदा की बिक्री एवं प्राप्ति अगले कार्य दिवस में की जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड संख्या 02 मोहल्ला पिठला में बुधराम के मकान से जयचन्द्र यादव के मकान के सामने तक मिटटी पटाई रबडमोल्ड इण्टरलांकिग सडक तथा नाली कवर्ड का निर्माण कार्य। | 437265.13 | 450.00 | 10 प्रति | 21 दिवस |
| 02 | वार्ड सं0 04 में अकमा सम्पर्क मार्ग से धर्मराज के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग सड़क तथा नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 266065.47 | 300.00 | 10 प्रति | 21 दिवस |
| 03 | वार्ड सं0 04 में रामराज के मकान से जयप्रकाश के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | 177159.54 | 200.00 | 10 प्रति | 21 दिवस |
| 04 | वार्ड संख्या 04 में रामअभिलाख के घर से विनोद के घर होतें हुऐ पुलिया के आगे तक नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 494104.76 | 500.00 | 10 प्रति | 21 दिवस |
| 05 | वार्ड संख्या 05 नानू तेली के घर से इम्तियाज के घर होते हुए तौफिक के घर तक इण्टरलाकिंग एवं कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 328966.55 | 350.00 | 10 प्रति | 21 दिवस |
| 06 | वार्ड सख्या 05 फल्ले के घर से शिवराम सिंह के घर तक इण्टरलाकिग एवं कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 435978.93 | 450.00 | 10 प्रति | 21 दिवस |
| 07 | वार्ड सं0 08 में कान्ता के मकान से राजकुमार के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिग सडक तथा नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य । | 435883.52 | 450.00 | 10 प्रति | 21 दिवस |
| 08 | वार्ड सं0 09 में राम भारत के मकान से राम सेवक के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग सड़क तथा नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 434279.64 | 450.00 | 10 प्रति | 21 दिवस |
| 09 | वार्ड सं0 10 एन0एच0330ए से सत्य प्रकाश मिश्रा के मकान के सामने तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | 490672.63 | 500.00 | 10 प्रति | 21 दिवस |
| 10 | वार्ड सं0 11 में पवन श्रीवास्तव के मकान से प्रभात श्रीवास्तव के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग सडक तथा नाली मरम्मत व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 214532.61 | 250.00 | 10 प्रति | 21 दिवस |
| 11 | वार्ड सं0 11 में महेश के मकान के सामने से सत्यनाम के मकान होते हुए पक्की सड़क तक स्वरमोल्ड इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | 224911.18 | 250.00 | 10 प्रति | 21 दिवस |
| 12 | वार्ड सं0 12 में लवकुश के मकान से एन0एच0330ए तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग सडक का निर्माण कार्य। | 330636.89 | 350.00 | 10 प्रति | 21 दिवस |
| 13 | वार्ड सं0 12 समीउल्ला के मकान से विशाल के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग सडक तथा नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 307195.81 | 350.00 | 10 प्रति | 21 दिवस |
| 14 | वार्ड 12 में धर्मदेव अग्रहरी के मकान से विनोद अग्रहरी के मकान तक नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 274344.21 | 300.00 | 10 प्रति | 21 दिवस |

मुख्य शर्तेः- 1. निविदा के साथ निर्धारित प्रारूप पर चरित्र प्रमाण-पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 पंजीयन की प्रति, लेबर सेस पंजीयन की प्रति तथा नोटरी द्वारा सत्यापित 100/- रू0 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र व 100/-रू0 के स्टाम्प पेपर पर 1/-रु0 का रसीदी टिकट चस्पा कर संलग्न करना अनिवार्य है। 2. धरोहर/जमानत धनराशिः- उपरोक्त कार्यो में निर्धारित धरोहर/जमानत 10 प्रतिशत की एन.एस.सी./एफ.डी.आर./टी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कुमारगंज के पदनाम से बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है। 3. प्राप्त निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी में निहित है। 4. अन्य शर्तो व प्राक्कलन सम्बन्धित जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

(संजय शुक्ल)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कुमारगंज
अयोध्या

(विकास सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत कुमारगंज
अयोध्या

# नारायन कॉलेज में कैरियर टॉक कार्यशाला का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** नारायण कालेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स, आलमपुर हौज के विशाल टैगोर सभागार में ''शौर्य की उड़ान'' नामक कैरियर कार्यशाला का आयोजन हुआ। आयोजन की विशेषता 3 दिसम्बर में निहित थीं जिस दिन भारतीय सेना ने अपने शौर्य का इतिहास 'विजय दिवस' के रूप में लिखने का प्रण किया था और ठीक 14 दिन बाद भारतीय सेना ने 16 दिसम्बर 1971 को दुश्मन देश पाक को हरा कर बंगलादेश के अस्तित्व को दुनिया के सामने रखा था। युवाओं में इसी शौर्यमय दिन से प्रेरणा लेने तथा उनके कैरियर के तमाम पहलुओं और उन्हें मार्गदर्शित करने के लिये कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेन्ट जनरल अनिल मलिक पूर्व डी.जी.आर्मी हेड क्वार्टर आमंत्रित थे जिन्होने युवाओं के मध्य पहुंचकर उनके भविष्य को संवारने एवं उनके सपनों को साकार रूप देने में सेना के अनुशासन उनकी कार्यशैली आदि विस्तार से साझा की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि लेफ्टिनेन्ट जनरल अनिल मलिक पूर्व डी.जी. आर्मी हेड क्वार्टर, सम्मानित अतिथि सूबेदार मेजर बाबू सिंह, सूबेदार मेक बहादुर थापा, विद्यालय के वाइस चेयरमेन इं. अंकित तिवारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा, योगेश दुबे प्रधानाचार्य हायर एजूकेशन एवं पूनम शर्मा के द्वारा माँ सरस्वती के माल्यार्पण तथा द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा ने मुख्य अतिथि तथा नारायन ग्रप ऑफ इन्सटीट्यूशन के वाइस चेयरमेन इं. अंकित तिवारी जी का स्वागत बुके देकर तथा बैज लगा कर किया। अपने वक्तव्य में डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने मुख्य अतिथि लेफ्टिनेन्ट जनरल अनिल मलिक पूर्व डी.जी.आर्मी हेड क्वार्टर को धन्यवाद देते हुये कहा कि युवा छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिये सर्वाधिक आवश्यकता अनुशासन की होती है। अनुशासन कठिन परिश्रम की सीख, हमें अपनी सीमाओं पर तैनात देश के प्रहरियों से लेनी चाहिये। जो बिना थके बिना रूके अपने लक्ष्य की ओर सदैव अग्रसर रहते हैं। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज के समय में हमारी प्रतिस्पर्धा वैश्विक हो चुकी है हमें आगे बढ़ने के लिये लक्ष्य पर तो फोकस करना ही है साथ ही हमें अपने व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना है जो वैश्विक मंच पर भी खरा उतरे। उन्होंने छात्र-छात्राओं के मध्य पहुंच कर कैरियर से जुड़े उनके प्रश्नों के उत्तर दिये तथा उनका मार्गदर्शन किया।

सेमिनार में अन्य गणमान्य व्यक्तियों में सम्मानित अतिथि के रूप में अजय शर्मा, अनिल कुमार पाल, सुधीर कुमार तोमर, पंकज कुमार एवं रघुवीर सिंह यादव जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण गोपाल त्रिवेदी, फिजिक्स संकाय फेकल्टी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल कॉर्डिनेटर उरूसा रिज़वान तथा सीसीए इंचार्ज एंजिल तोमर व आर.के. तिवारी सीनियर पी.आर.ओ.ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## आई.जी.आर.एस.रैंकिंग में जनपद इटावा रहा प्रथम

**इटावा।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण हेतु संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आई.जी.आर.एस.) सम्बन्धी शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण की मासिक समीक्षा शासन स्तर पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रत्येक माह सम्पादित की जाती है, इसी के क्रम में माह नवम्बर-2024 में जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आई.जी.आर.एस.) का प्रदेश स्तर पर मुल्यांकन किया गया जिसमें जनपद इटावा द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया साथ ही जनपद के 21 थानों में 19 थानों (जसवन्तनगर, बढ़पुरा, सैफई, इकदिल, बसरेहर, बकेवर, सहसों, भरेह, पछायगांव, बलरई, लवेदी, सिविल लाइन, भरथना, ऊसराहार, महिला थाना, फ्रेण्डस कालोनी, वैदपुरा, चौबिया, बिठौली) द्वारा प्राप्त शिकायतों का शत प्रतिशत निष्तारण कराकर प्रदेश स्तर के सभी थानों में प्रथम रैंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

# एसएमजीआई जेनरो बैडमिन्टन नर्सिंग छात्रों ने जीता

**जेनरो स्पोर्ट्स वीकक्रमें चल रही विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं**



वहाज अली निहाल

**इटावा।** एसएमजीआई में आयोजित हो रहे जेनरो स्पोर्ट्स वीक÷के दूसरे दिन बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता छात्र-छात्रा अलग-अलग वर्ग में आयोजित की गई थी जिनमे बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम, बीटीसी, बीसीए, बीबीए, एमबीए, बी.फार्मा तथा डी.फार्मा के कई छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। छात्र वर्ग में सेमीफाइनल में बीसीए प्रथम वर्ष तथा जीएनएम तृतीय वर्ष का पहला मैच आयोजित हुआ जिसमें बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र प्रखर एवं आयुश ने मैच जीतकर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। दूसरा सेमीफाइनल बी.फार्मा प्रथम वर्ष तथा बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के बीच में हुआ जिसमें बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के छात्र संदीप एवं अर्पित ने मैच जीतकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। फाइनल मैच बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष तथा बीसीए प्रथम वर्ष के बीच हुआ जिसमें बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के छात्र संदीप एवं अर्पित विजेता रहे वहीं बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र प्रखर एवं आयुश उपविजेता रहे। छात्रा वर्ग में पहला सेमीफाइनल बीबीए प्रथम वर्ष तथा बीबीए तृतीय वर्ष के बीच खेला गया जिसमें बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा दीक्षा एवं आयरा ने मैच जीतकर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। दूसरा सेमीफाइनल जीएनएम तृतीय वर्ष तथा बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर के बीच हुआ जिसमें जीएनएम की छात्रा अंशिका एवं मोहिनी ने मैच जीतकर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। फाइनल मैच बीबीए प्रथम वर्ष तथा जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्राओं के बीच खेला गया जिसमें बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा दीक्षा एवं आयरा विजेता और जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्रा अंशिका एवं मोहिनी उपविजेता रहीं। सभी विजेताओं, उपविजेताओं को एसएमजीआई के चेयरमैन डा.विवेक यादव एवं डायरेक्टर डा.उमाशंकर शर्मा द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को चेयरमैन डा. विवेक यादव ने शुभकामनायें दीं। प्रतियोगिता के दौरान एसएमजीआई के सभी शिक्षक, स्टाफ एवं छात्र, छात्राएं उपस्थित रही।

# फ़ातिमा ज़हरा के दर से जिंदगी व निजात मिलती है: तालिब



अवधनामा ब्यूरो

**मजलिस में तसलीम रजा, सलीम रजा और ज़हूर नक़वी ने सोजख्वानी की**

**इटावा।** अय्यामे फ़ातमिया की पांच दिवसीय मजलिसों के तहत तीसरी मजलिस शरीफ मंज़िल सैदबाड़ा में राहत अक़ील शक्कन की ओर से हुई। मजलिस में तसलीम रजा, सलीम रजा और ज़हूर नक़वी ने सोजख्वानी की। तीसरी मजलिस में तक़रीर करते हुए कानपुर से आये मौलाना तालिब हुसैनी ने कहा कि फ़ातिमा ज़हरा के दर से जिंदगी के साथ निजात भी मिलती है। अल्लाह ने रसूल अल्लाह को तोहफे में फ़ातिमा ज़हरा को दिया, रसूल को फ़ातिमा को लेने के लिए मेराज पर और अली को लेने काबा गए। फ़ातिमा ज़हरा से रसूल की नस्ल पूरी दुनिया मे फैल गई। रसूल अल्लाह अपनी बेटी से बेपनाह मोहब्बत करते थे और जब फ़ातिमा ज़हरा आतीं थी तो उनके एहतराम में रसूल खड़े हो जाते थे। रसूल अल्लाह ने फरमाया है कि जिससे फ़ातिमा राजी उससे हम राजी और जिससे फ़ातिमा नाराज उससे हम नाराज और जिससे हमें नाराज किया उसने अल्लाह को नाराज किया। मजलिस में अयाज हुसैन बब्लू, सलमान रिज़वी, आसिफ रिज़वी अश्शू ने कलाम पेश किए। तनवीर हसन ने नोहाख्वानी की। शावेज़ नक़वी ने बताया कि आज 5 दिसम्बर दिन जुमेरात को रात 8 बजे शरीफ मंजिल सैदबाड़ा में खमसे की अंतिम मजलिस होगी जिसमें मौलाना अबूज़र अब्बास खान इमामे जुमा शिकोहाबाद जनपद फीरोजाबाद तक़रीर करेंगे।

# अधिकारी सरकार की मन्शा के अनुरूप कार्य करें: कैशव मौर्य

अवधनामा संवाददाता



**कार्यक्रम में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश संदीप सिंह ने भी किया प्रतिभाग**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज स्वामी ब्रह्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय राठ में आयोजित स्वामी ब्रह्मानंद जी की 130वीं जयंती समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उप मुख्यमंत्री के साथ राज्यमंत्री स्वतंत्र भारत बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार संदीप सिंह भी सभी कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री एवं राज्यमंत्री संदीप सिंह का हेलीपैड से उतरने के बाद जनप्रतिनिधियों ने फूलमालों से स्वागत किया। तत्पश्चात उपमुख्यमंत्री ने स्वामी ब्रम्हानंद जी की समाधि प्रेरणा स्थल पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। तदोपरांत उन्होंने अखंड मंदिर में स्वामी जी की चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं महाविद्यालय में कंप्यूटरीकृत कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री एवं राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने श्रद्धांजलि सभा में प्रतिभाग कर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में स्वामी जी के सपने पूरे न हों यह असंभव है। कहा कि स्वामी ब्रह्मानंद विश्वविद्यालय के लिए यदि वह कुछ कर पाए तो उनका सौभाग्य होगा। उन्होंने कहा स्वामी जी के नाम पर विश्वविद्यालय निर्माण ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। समिति से कहा प्रारंभिक प्रक्रिया शुरू कीजिए। वह मुख्यमंत्री से बात करेंगे। उन्होंने कहा केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार में बुंदेलखंड के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि 2017 से 2024 तक बुंदेलखंड में बदलाव आया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से आवागमन सुलभ हुआ है। गरीबी के कारण हो रहा पलायन रुका है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना से जरूरतमंदों के घर बन रहे हैं। हर घर जल पहुंचाने के लिए काम किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने उल्लेखनीय काम किया है। आज बुंदेलखड में तीन विश्वविद्यालय हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बुंदेलखंड के विकास के लिए समर्पित है। तत्पश्चात उपमुख्यमंत्री ने निरीक्षण भवन राठ में पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों/जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। इसके पश्चात मा उपमुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यो एवं योजनाओं को धरातल पर तेजी से आगे बढ़ाया जाए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही ना बरती जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी सरकार की मन्शा के अनुरूप कार्य करें। गांव गरीब, किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम किया जाये। इस दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत जयंती राजपूत, विधायक सदर डॉ मनोज कुमार प्रजापति, विधायक राठ मनीषा अनुरागी ,सदस्य विधान परिषद जितेंद्र सेंगर, जिलाधिकारी घनश्याम मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला ,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक तथा अन्य पार्टी पदाधिकारी/ जनप्रतिनिधिगण एवं अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# हिंदू रक्षा समिति ने निकाला जुलूस किया विरोध प्रदर्शन




अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** हिन्दू रक्षा समिति सोनभद्र के जिलाध्यक्ष नर सिंह त्रिपाठी जी के नेतृत्व में सोनभद्र जिले के दर्जनों सामाजिक संगठनों के द्वारा बांग्लादेश मे हिन्दुओं के प्रति हिंसा और अत्याचार एवं गणमान्य नागरिकों साधु संन्तो की गिरफ्तारी के विरुद्ध आक्रोश प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी सोनभद्र के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया गया। उक्त अवसर पर नर सिंह त्रिपाठी ने कहा कि बांग्लादेश मे सरकार के तख्ता पलट के बाद लगातार विगत 4 माह से हिन्दुओं की हत्या हो रही है माताओं बहनों का मांग भंग किया जा रहा है, हिन्दुओं की सम्पत्ति लूटपाट की जा रही है। हिन्दू समाज का नेतृत्व कर रहे गणमान्य नागरिक साधुसन्तो का उत्पीड़न गिरफ्तारी की जा रही है, बांग्लादेश के अल्पसंख्यको पर हो रहे अत्याचार से पूरे विश्व का हिन्दू समाज आक्रोशित है भारत के कुछ देशद्रोही राजनेता भारत में भी बांग्लादेश घटना की पुनरावृत्ति करने की धमकी दे रहे है। जो चिन्ता का विषय बना हुआ है। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रुप मे उपस्थित सुविख्यात कथावाचक दिलिप कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि हिन्दु समाज पूरे विश्व मे विद्या और शांति का संदेश देने वाला रहा है। दुनिया के किसी भी देश मे हिन्दुओ ने कभी अराजकता नही फैलायी शांति पूर्ण जीवन जीने के बाद भी बांग्लादेश के अन्दर हिन्दुओं की सामुहिक हत्या की जा रही है। वहां के शासन एवं प्रशासन के द्वारा किसी प्रकार की सुरक्षा प्रदान नही कि जा रही है ऐसे मे हिन्दू समाज अनाथ हो गया है, वहां की कानून व्यवस्था निष्प्रभावी और शुन्य हो गयी है। ऐसी परिस्थिति में भारत का हिन्दू समाज शान्त नही बैठ सकता भारत सरकार से निवेदन है कि मुस्लिम समाज दंड की ही भाषा समझता है। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष विद्याशंकर पाण्डेय, प्रान्त उपाध्यक्ष जनार्दन, जिला मंत्री हरिशंकर वर्मा, प्रखण्ड अध्यक्ष अजय सिंह, नगर अध्यक्ष राजेश सिंह, सोनभद्र नगर अध्यक्ष नागेन्द्र राय, बजरंग दल के संतोष पाण्डेय सहित दर्जनो बजरंगी, राष्ट्रीय स्वयं संघ के हर्ष, किर्तन, महेश, रामलगन व भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष नन्दलाल, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश मिश्रा, धर्मवीर तिवारी, अजीत चौबे, जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष रुबी प्रसाद, कुसुम शर्मा, पुष्पा सिंह, प्रमिला त्रिपाठी, संतोष शुक्ल, शंम्भू नारायण सिंह, ओमप्रकाश यादव, नगर अध्यक्ष बलराम सोनी, अनूप तिवारी, बृजेश श्रीवास्तव, आनन्द मिश्रा, प्रमोद गुप्ता, प्रसन्न पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में हिन्दू समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# प्राइवेट खाद विक्रेता खुलेआम लूट रहे है किसानों को

**500 से लेकर 600 रुपया तक अवैध कमाई कर रहे है खाद विक्रेता**




अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र की सहकारी समितियों में डीएपी खाद की जहाँ मारामारी चल रही है वही प्राइवेट दुकानों में खाद विक्रेताओं द्वारा किसानो के साथ खुलेआम डकैती डाली जा रही है। 1350 रुपया में बिकने वाली खाद प्राइवेट दुकानदार 1800 से लेकर 1900 रुपया प्रति बोरी खुलेआम घड्डले से बेच रहे हैं। खाद विक्रेताओं की इस मनमानी को रोकने के लिये प्रशासन भी कोई कार्यवाही नही कर रहा है

सुमेरपुर, इंगोहटा, पचखुरा सहित ब्लास की सहकारी समितियों में डीएपी खाद कम मात्रा में आने से खाद के किये मारामारी मची हुई है। हफ्ता - दो हफ्ता में अगर एकाध ट्रक खाद आ जाती है तो खाद लेने के लिये भारी भीड़ जमा हो जाती है और शाम तक इन्तजार करने के बाद भी खाद नहीं मिल पाती तमाम किसान बैरंग वापस लौट जाते है। इस समय गेहू की बुआई का समय जोरदारी ढंग से चल रहा है। समितियों में खाद न मिलने से किसान बुआई लेट होने की वजह से प्राइवेट खाद विक्रेताओं के यहाँ पहुंचता है तो पता चलता है कि 1350 रूपया बोरी मिलने वाली डीएपी 1800 से लेकर 1900 रुपया तक में बेची जा रही है।

इतने महंगे दामो में खाद बेचने वाले प्राइवेट खाद विक्रेता खुलेआम किसानों को लूट रहे हैं। किसानो ने बताया कि प्राइवेट खाद विक्रेता जब देखते है कि समितियों में खाद नही आ रही तभी मौके का फायदा जमकर उठा रहे है। किसानो का कहना है खाद की किल्लत गत वर्षो की तुलना इस वर्ष अधिक है। सूत्रों से पता चला है कि गत वर्ष खाद की मारामारी इसलिये अधिक नहीं थी क्योकी प्राइवेट खाद विक्रेता समिति के रेट से 50 या 100 रुपया बोरी की कमाई कर किसान को खाद दे देते थे किसान भी आसानी से प्राइवेट दुकानो से खाद उठा लेता था लेकिन इस वर्ष 500 से लेकर 600 रुपका प्रति बोरी का अन्तर होने से किसान परेशान है और समिति से ही खाद लेना चाहता है। किसानो का कहना है कि प्राइवेट खाद विक्रेता आखिर इतने महंगे दामो पर खाद कैसे बेच रहा है प्रशासन इस पर कार्यवाही क्यों नहीं कर रहा है। कुछ भी हो गरीब किसान इस मारामारी से बुरी तरह हताश है गेहूं की बुआई का समय भी धीरे-धीरे निकलता जा रहा है तमाम किसान भगवान भरोसे ही गेहूं की बुआई कर रहे है। किसानो ने जिलाधिकारी से मांग की है प्राइवेट खाद विक्रेताओं द्वारा की जा रही काला बाजारी पर रोक लगाई जाए और उचित दामों पर खाद दिलाई जाए।

# जगह की कमी के कारण बाजरे की खरीद ठप्प

अवधनामा संवाददाता

**ज्वार का बढ़ा लक्ष्य**

**सुमेरपुर हमीरपुर।** खरीद केंद्र में जगह का अभाव होने के कारण बाजरा की खरीद शुरू नहीं हो पा रही है। ज्वार खरीद का लक्ष्य बढ़ाएं जाने से किसानों ने राहत की सांस ली है और ज्वार लेकर केंद्र पहुंच रहे हैं। अभी तक 103 किसानों से 4202 क्विंटल ज्वार खरीदी गई है। यह केंद्र में डंप होने से जगह का टोटा है। इससे केंद्र प्रभारी परेशान है। उन्होंने ठेकेदार पर ट्रक न मुहैया करने का आरोप लगाया है।

शासन के निर्देश पर विपणन शाखा नवीन गल्ला मंडी में खरीद केंद्र खोलकर हाइब्रिड ज्वार, धान व बाजरा की खरीद कर रहा है। किसानों की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने पत्राचार करके ज्वार खरीद का लक्ष्य बढ़वाने में कामयाब हो गए। लक्ष्य बढ़ने से किसानों ने राहत की सांस ली है।केंद्र प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि बाजरा की भी खरीद की जानी है। लेकिन केंद्र में जगह का अभाव है। इससे बाजरा की खरीद नहीं शुरू हो पा रही है।बताया कि अभी तक 4202 क्विंटल ज्वार में महज 1500 क्विंटल ज्वार का उठान हो सका है। ठेकेदार समय पर गाड़ियां नहीं भेज रहे हैं। जिससे खरीद करने में दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष क्षेत्र में मोटे धान का अभाव है। इस वजह से अभी तक पांच किसानों से महज 121 क्विंटल धान की खरीद हो सकी है। ए ग्रेड के धान की कीमत खुले बाजार में अधिक होने के कारण किसान इसको खरीद केंद्र में नहीं ला रहे है।

## व्यापार मंडल ने मदद के लिए बढ़ाया हाथ किया पांच हजार रुपए की मदद



**चोपन/सोनभद्र।** चोपन उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, चोपन नगर के हर छोटे- बड़े दुकानदार, व्यापारी के साथ उसके सुख- दुःख में खड़ा है। भले ही वह व्यापार मंडल का सदस्य हो न हो। गत दिवस चोपन रेलवे स्टेशन रोड पर सड़क के किनारे गुमटी में बाटी चोखा लगाने वाले सागर बाटी वाले की गुमटी में रात्रि में हुये अग्निकांड में उसकी आर्थिक क्षति से चोपन उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल मर्माहत है। संकट की इस घड़ी में व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने बुद्धवार की शाम अपने संगठन के सहयोगियों के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर पुनः व्यापार शुरू करने हेतु पांच हजार रुपये की नगद सहायता राशि प्रदान की। इस दौरान व्यापार मंडल उपाध्यक्ष पप्पू भाई ,महामंत्री अजय भाटिया, कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल, सुशील पांडे,अजय कुमार,मोनू कुमार,अजित पांडा, अनिल शर्मा, शिवशंकर प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# उत्साह के साथ मनाया गया विश्व दिव्यांग दिवस

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एनटीपीसी विंध्याचल प्रबंधन द्वारा परियोजना के विभिन्न विभागों/अनुभागों में कार्यरत दिव्यांग कर्मचारियों हेतु प्रशासनिक भवन के रामानुजन सभागार में विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया, जिसमें उपस्थित सभी दिव्यांग कर्मचारियों का स्वागत पुष्प देकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (मेंटीनेंस एवं एडीएम) ए जे राजकुमार, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा सहित अन्य अपर प्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे , जिन्होंने एनटीपीसी की विविधता और समावेशन के प्रति प्रतिबद्धता को साकार किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर एनटीपीसी गीत के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथिगणों का स्वागत कर सभी को विश्व दिव्यांग दिवस की बधाई दी एवं उन्होंने एनटीपीसी की विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता की बात की। तत्पश्चात डीडीआरसी सिंगरौली के सीनियर प्रोस्थेटिस्ट और ऑर्थोटिस्ट मुकुल किशोर ने प्रेरणादायक भाषण दिया और डीडीआरसी के उत्कृष्ट कार्यों को साझा किया। उन्होंने एनटीपीसी विंध्याचल की सीएसआर पहल के लिए आभार व्यक्त किया, जिसने पुनर्वास केंद्र की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अल्ट्रा सीमेंट फैक्ट्री के कैंपस में मॉक ड्रिल का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशन पर 11वीं बटालियन एनडीआरएफ, वाराणसी के 30 सदस्यों द्वारा जनपद में आज टीम कमांडर इंद्रदेव कुमार जी के नेतृत्व में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह के निर्देशन पर जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण व अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के सहयोग से जनपद की कैमिकल बायलॉजिकल रेडियोलॉजिकल व न्यूक्लियर आदि विभिन्न आपदाओं पर 'आपदा संबंधी मॉक एक्सरसाइज व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अल्ट्रा सीमेंट फैक्ट्री के कैंपस में मॉक ड्रिल का आयोजन 'अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महोदय की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहदेव कुमार मिश्रा जी द्वारा विभिन्न विभागों को अपने दायित्वों के प्रति जागरूक रहकर आपदाओं में सदैव तैयार रहने हेतु एवं आपदा प्रबंधन विभाग को सभी फैक्ट्री कारखाने औद्योगिक इकाइयों की योजनाओं को अधिकतम करते हुए जिले की योजना जिले की आपदा प्रबंधन योजना को अधिकतम करने के प्रति जोर देते हुए संबंधित को निर्देशित किया गया और साथ ही साथ आपदाओं में किस प्रकार जिला प्रशासन द्वारा कार्य किया जाता है बचाव एवं राहत का उसके प्रति विस्तृत चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला आपदा विशेषज्ञ पवन कुमार शुक्ल द्वारा कार्यक्रम की पूर्ण रूपरेखा और इसके उद्देश्य को बताते हुए संबंधित अधिकारियों के व्यक्तिगत दायित्व व जिला प्रशासन के कार्यो का विस्तृत चर्चा कर जागरुक कर जनपद की विभिन्न प्रमुख आपदाओं पर प्रकाश डालते हुए संबंधित को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में एनडीआरएफ टीम द्वारा विस्तृत प्रयोगात्मक रूप से उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को किसी भी कारखाना आदि में यदि कोई गैस रिसाव या अन्य रसायनिक आपदा आने पर किस प्रकार एनडीआरएफ या अन्य जनपद स्तरीय विभिन्न विभागों द्वारा किस प्रकार से कैमिकल बायलॉजिकल रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर से घटित घटनाओं से बचाव करेंगे, इसको लेकर विस्तृत चर्चा प्रत्येक बिंदुओं पर प्रयोगात्मक तरीके से बता कर जागरूककिया गया, साथ ही उनके द्वारा यह भी अवगत कराया एनडीआरएफ द्वारा उपलब्ध विभिन्न संसाधनों के माध्यम से यदि कोई घटना घटित होती है तो उसमें किन किन उपयोगी संसाधनों के माध्यम से जवानों द्वारा बचाव का कार्य एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए किस प्रकार से हम कार्य करते हैं जिससे की नुकसान कम हो सके और उन्हें बेहतर तरीके से बचाए जाने की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा कर उपस्थित अधिकारीयों को जागरूक किया गया। साथ ही इस बात से भी अवगत कराया कि यदि आप इन कारखानों या किसी भी स्थान अग्निकांड की घटना घटित होती है तो उसमें किस प्रकार से बचाया जाए उसके बचाने के बेहतर तरीके क्या हो सकते हैं, जिससे की आग से व्यक्ति का नुकसान कम हो और उसको सुरक्षित बचाया जा सके।

# घरेलू विवाद में पहुंची पुलिस से झड़प, बाईक क्षतिग्रस्त

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे का ऊंछा थोक में नरही मार्ग नेहा चौराहा के समीप भाई बहन के झगड़े की सूचना पाकर पहुंची 112 पुलिस टीम को सिरफिरे युवक ने पत्थर से प्रहार करके क्षतिग्रस्त कर दिया। 112 की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने युवक को दबोच कर थाने ले आई है। कस्बे के नरही मार्ग में पंचमढ़ी के पीछे रहने वाली हैदरी बेगम ने 112 नंबर को फोन करके भाई-बहन के मध्य झगड़े की सूचना दी थी। सूचना पाकर 112 की मोबाइल टीम बाइक से मौके पर पहुंची और झगड़ा कर रहे विक्की अली को दबोच कर थाने लाने की कोशिश की। इसी बीच वह डायल 112 टीम के चुंगल से छूट गया और पत्थर उठाकर बाइक में मार दिए। जिससे बाइक के आगे का लगा वाइजर ब्लॉक टूट गया। इतना ही नहीं युवक ने 112 टीम के सिपाही दिलीप कुमार पटेल व पायलट गिरजा शंकर को भी पत्थर मार कर घायल करने का प्रयास किया। दोनों ने किसी तरह से बचाव करके घटना से थाना पुलिस को अवगत कराया। सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने युवक को दबोच कर थाने ले आई। दारोगा हरी सिंह का कहना कि युवक मानसिक रूप से कमजोर है और आयेदिन पड़ोस में हंगामा करके लोगों को परेशान करता है। युवक ने बहन के साथ मारपीट की थी।

यूपी ग्रामीण खेल लीग (द्वितीय संस्करण) का शुभारंभ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति अखिल भारतीय प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता का समापन समारोह

# विधायक खेल स्पर्धा को प्रोत्साहित करेगी सरकार : मुख्यमंत्री

■ खेल से सबको खेलने, फलने और आगे बढ़ने की मिलती है प्रेरणा : मुख्यमंत्री



अवधनामा ब्यूरो

**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेल की गतिविधियों को ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत, विकास खंड और विधानसभा स्तर तक बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार सांसद खेल स्पर्धा की तर्ज पर विधायक खेल स्पर्धा को प्रोत्साहित करेगी। इसके लिए विधायकों का आह्वान किया जाएगा। गांव से लेकर विधानसभा स्तर तक होने के बाद इस स्पर्धा को जिले स्तर पर सांसद खेल स्पर्धा के रूप में परिवर्तित कर दिया जाएगा। सीएम योगी बुधवार को उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के द्वितीय संस्करण के शुभारंभ एवं षष्ठम ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति अखिल भारतीय प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता के समापन-पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने ग्रामीण खेल लीग की मशाल को गत लीग में दो गोल्ड मेडल जीतने वाले एथलेटिक खिलाड़ी अभय को सौंपकर लीग के दूसरे संस्करण का शुभारंभ किया और कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला समाप्त होने के बाद खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल से सबको खेलने, फलने और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यही बात कहते हैं कि जो खेलेगा वही खिलेगा। जो खिलेगा वही फलेगा और बढ़ेगा भी। पीएम मोदी की प्रेरणा से देश में खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेल स्पर्धा और हर जिले में स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (साई) के सेंटर स्थापित कर खेल की गतिविधियों को पूरी प्रतिबद्धता से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी तरह राज्य के अंदर भी खेल की गतिविधियों को बढ़ाने और आज की वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने के कार्यक्रम युद्व स्तर पर चलाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश ग्रामीण लीग इसी की कड़ी है।

### अब तक पांच सौ खिलाड़ियों को सीधे सरकारी नौकरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेलों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार खेल से जुड़ी निजी संस्थाओं को भी प्रोत्सहित कर रही है। इसके लिए खेल नीति में संशोधन भी किया गया है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में सीधी भर्ती से लेकर स्पोर्ट्स कोटा से नौकरी देने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश सरकार अब तक पांच सौ से अधिक खिलाड़ियों को सरकार के युवा कल्याण, पुलिस, परिवहन आदि विभागों में सेवायोजित कर उन्हें करियर के प्रति आश्वस्त कर चुकी है। प्रदेश सरकार खेलों को लेकर जो कार्यक्रम चला रही है उससे आने वाले समय मे खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने में और मदद मिलेगी।

### ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 6 करोड़

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से ओलंपिक एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता को 6 करोड़, रजत पदक विजेता को 4 करोड़ तथा कांस्य पदक विजेता को 2 करोड़ रुपये देने की व्यवस्था है। ओलंपिक की टीम स्पर्धा में यह राशि क्रमशः 3, 2 व 1 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता को 3 करोड़, रजत पदक विजेता को 1.5 करोड़ तथा कांस्य पदक विजेता को 75 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाता है। इसी तरह कामनवेल्थ खेल तथा विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता को 1.5 करोड़, रजत पदक विजेता को 75 लाख व कांस्य पदक विजेता को 50 हजार रुपये दिए जाते हैं। ओलंपिक में प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को 10 लाख रुपये तथा कामनवेल्थ और वर्ल्ड चैंपियनशिप के प्रतिभागी खिलाड़ियों को 5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

# 'महिलाएं हज़रत फातिमा के बताएं हुए रास्ते पर चलें'

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब (स.अ.) की बेटी हजरत फातिमा जहरा (स.अ.) की शहादत के गम में बुधवार को छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में जमाते जाफरी की ओर से आयोजित मजलिस को मौलाना जैगमूल गरवी ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं हजरत फातिमा के बताएं हुए रास्ते ओर चले ताकि उनको अपनी जिंदगी का असल मकसद पता चले। इमामबाड़ा सिबतैनाबाद हजरतगंज में मौलाना नजीबुल हसन जैदी ने मजलिस को खिताब किया। कल की मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद शाम 7 बजे खिताब करेंगे। दस्ते खतीबुल ईमान की ओर से रौजाए काजमैन में और इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में मौलाना मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब किया। अब्बासिया मस्जिद हसन पुरिया में मौलाना जमन हैदर जैदपुरी ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस का आगाज कारी हबीब आलम रिजवी ने तिलावते कुराने पाक से किया। दरगाह हजरत अब्बास रूस्तम नगर में मौलाना मौहम्मद हुसैन हुसैनी ने मजलिस को खिताब किया। कल की मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद रात 8.30 बजे खिताब करेंगे। रौजाए बैतुल हुज्न में मजलिस को मौलाना एजाज अब्बास ने खिताब किया। कर्बला अजमतुद्दौला बहादुर मेहदीगंज में मौलाना यासूब अब्बास ने मजलिस को खिताब किया। हुसैनी इमामबारगाह अलीगंज में महिलाओं की मजलिस को जाकिरा जाकिया फातिमा ने खिताब किया। इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में मौलाना जैगम अब्बास जैदी ने मजलिस को खिताब किया। हौजाए इल्मिया जामेअतुत्तबलीग मुसाहबगंज में मौलाना जाहिद अहमद रिजवी ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा जन्नतमाब तकी साहब अकबरी गेट में मजलिस को मौलाना अफजाल हुसैन खिताब किया।

# स्वामी ब्रह्मानंद जी की 130वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित केशव



■ कार्यक्रम में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश संदीप सिंह ने भी किया प्रतिभाग

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज स्वामी ब्रह्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय राठ जनपद हमीरपुर में आयोजित स्वामी ब्रह्मानंद की 130वीं जयंती समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। उप मुख्यमंत्री के साथ राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार संदीप सिंह भी सभी कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। उपमुख्यमंत्री ने स्वामी ब्रम्हानंद की समाधि प्रेरणा स्थल पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। तदोपरांत उन्होंने अखंड मंदिर में स्वामी जी की चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं महाविद्यालय में कंप्यूटरीकृत कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री एवं राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने श्रद्धांजलि सभा में प्रतिभाग कर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में स्वामी जी के सपने पूरे न हों ,यह असंभव है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बुंदेलखंड के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि 2017 से 2024 तक बुंदेलखंड में बदलाव आया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से आवागमन सुलभ हुआ है। गरीबी के कारण हो रहा पलायन रुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना- व मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से जरूरतमंदों के घर बन रहे हैं। हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए काम किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने उल्लेखनीय काम किया है। आज बुंदेलखड में तीन विश्वविद्यालय हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बुंदेलखंड के विकास के लिए समर्पित है।

## क्रांतिकारी शायर की पुण्यतिथि पर फातिहाख्वानी पांच दिसम्बर को

लखनऊ। रूमानी और क्रांतिकारी शायर असरारुल हक मजाज की 69वीं पुण्यतिथि 5 दिसम्बर पर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन की ओर से निशातगंज के पेपर मिल स्थित कब्रिस्तान में उनकी कब्र पर फातिहाख्वानी होगी। एसोसिएशन की मानद सचिव शहला हक ने अमुवि से जुड़े सभी और उर्दू प्रेमियों से फातिहे के लिए उपस्थित होने की अपील करते हुए उर्दू का कीट्स कहे जाने वाले शायर को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है। असरारुल हक को मजाज लखनवी के नाम से जाना जाता है, जिन्होंने एएमयू का तराना लिखा था। वे प्रगतिशील लेखक आंदोलन से जुड़े थे। मजाज का जन्म 19 अक्टूबर 1911 को वर्तमान अयोध्या के रुदौली कस्बे में हुआ था और 5 दिसम्बर 1955 को 44 साल की अल्पायु में उनका निधन हो गया था, जिन्हें निशातगंज कब्रिस्तान में दफनाया गया था।

# प्रदेश का सबसे बड़ा एजूकेशन हब बनेगी मोहान रोड योजना

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की मोहान रोड योजना प्रदेश का सबसे बड़ा एजूकेशन हब बनेगी। इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत योजना में 102 एकड़ जमीन पर विशेष शैक्षिक सत्र विकसित किया जाएगा, जहां दुबई और कतर की तर्ज पर एक ही जगह प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा की सुविधा मिलेगी। लविप्रा अध्यक्ष मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में बुधवार को हुई प्राधिकरण की 183वीं बोर्ड बैठक में योजना के संशोधित ले-आउट को मंजूरी मिली। गोमती नगर स्थित प्राधिकरण के पारिजात सभागार में हुई बैठक में विकास एवं जनहित के कई प्रस्ताव पास किये गये। बैठक में प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, मुख्य नगर नियोजक के.के. गौतम, मुख्य अभियंता अवनीन्द्र कुमार सिंह सहित बोर्ड सदस्य पुष्कर शुक्ला और पी.एन. सिंह व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि मोहान रोड योजना का विकास लगभग 785 एकड़ क्षेत्रफल में ग्रिड पैटर्न पर होगा, जिसमें कुल 8 सेक्टर बनेंगे। योजना में शिक्षण संस्थानों के लिए एक ही जगह 102 एकड़ क्षेत्रफल का बड़ा भू-भाग नियोजित किया गया है। जहां प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक व उच्च शिक्षा की सभी सुविधाएं एक ही जगह मिलेंगी। योजना में एजूकेशन फैकल्टी के रहने के लिए पास में ही ग्रुप हाउसिंग के भूखण्ड विकसित किये जाएंगे। योजना में 112.5 वर्गमीटर से 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 2532 आवासीय भूखण्डों के साथ ग्रुप हाउसिंग के बड़े भूखण्ड विकसित किये जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### इमामबाड़ा बहिश्ते ज़हरा मे मजलिसे आज से

**लखनऊ।** रसूले अकरम की प्यारी बेटी शैहज़ादी ए कौनैन फातिमा ज़हरा क़े शहादत क़े सिलसिले से पुराने लखनऊ मे अय्यामे फातिमिया पूरे अक़ीदत से से मनाया जा रहा है, हर इमाम बारगाहों मस्जिदों अज़ाखानो मे मजलिसों का सिलसिला तेज होगया है. इसी सिलसिले की एक मजलिस इमाम बाड़े बहिश्ते ज़हरा कुमैदान की बगिया मुसाहबगंज मे पांच दिसंबर नौचंदी जुमेरात को दिन मे साढ़े तीन बजे से बरपा हो हो रही है, इस मजलिस को हुज्जतुल इस्लाम मौलाना अली सलमान नज़फी ब्यान करेगें। इसी सिलसिले की दूसरी मजलिस जुमे को मौलाना वसीयुल हसन नक़वी, तीसरी मजलिस इतवार को मौलाना अफ़ज़ाल हैदर मजलिस को ख़िताब फरमाएगें.तीनो मजलिसें साढ़े तीन बजे आयोजित होगी।

### किसी को नुकसान पहुंचाना सबसे बड़ी आफ़त है : मौलाना नजीबुल हसन ज़ैदी



**लखनऊ।** पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद (स.अ.व) की इकलौती बेटी हज़रत फातिमा ज़हरा (स.अ) की शहादत के दुखद अवसर पर, अयातुल्लाह सैय्यद अली खामेनाई के दिल्ली स्थित कार्यालय की ओर से इमामबाडा सिबतैनाबाद हज़रतगंज में पहली मजलिस आयोजित हुई। मजलिस की शुरुआत क़ुरान की तिलावत से क़ारी मासूम मेहदी ने की। मजलिस को मौलाना नजीबुल हसन ज़ैदी ने ख़िताब किया और हज़रत फातिमा ज़हरा स.अ की दुआ की तशरीह की। मजलिस के अंत में मौलाना ने हज़रत फातिमा ज़हरा स.अ की शहादत के वाक़िए को बयान किया।

### आज़मते फातिमा यही है कि वो ग्यारह इमामों की मां हैं : मौलाना सय्यद सफी हैदर



**लखनऊ।** गोलागंज स्थित संस्था तंज़ीमुल मकातिब में हज़रत मोहम्मद साहब की बेटी की शहादत के सिलसिले में तीन दिवसीय मजलिसों की दूसरी मजलिस का आयोजन हुआ। जिसकी शुरुआत कुरआन पाक की तिलावत से मौलवी नकी अब्बास ने किया। उसके बाद मौलवी अली हैदर, मौलवी हसन अस्करी और मौलवी अयाज़ रिज़वी ने अशहार पेश किया। मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना सय्यद सफी हैदर ने कहा कि आखिरी इमाम पर्दा ए ग़ैब में रह कर दीन बचाने का काम कर रही हैं और ज़हूर के बाद दीन फैलाने का काम करेंगे। अल्लाह ने हिदायत की ज़िम्मेदारी मर्दों पर रखी लेकिन कायनात की अकेली औरत हैं जो हिदायत के लिए आई जो ग्यारह इमामों की मां हैं। मौलाना ने कहा कि जब जनाबे इस्माइल को ज़िब्ह करने के लिए जनाबे इब्राहीम गए तो शैतान ने जनाबे इब्राहीम की ज़ौजा को बहकाया लेकिन वह बहकी नहीं क्योंकि वह एक मासूम की ज़ौजा थीं और एक मासूम की मां थीं इसी से अज़मते फातिमा पता चलती है जो एक मासूम की मां हो उसका यह मर्तबा है जो ग्यारह मासूमों की मां हो उसकी क्या अहमियत होगी।

### प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में 18389.80 करोड़ का राजस्व प्राप्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के नवम्बर माह में कुल 18389.80 करोड़ रू0 का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के नवम्बर माह में 16610.53 करोड़ रू0 का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के नवंबर माह में गत वर्ष के इसी अवधि की तुलना में 1779.27 करोड़ रू0 राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है। खन्ना ने बताया कि कर राजस्व के अंतर्गत जी0एस0टी0 मद के अन्तर्गत माह नवम्बर, 2024 में कुल 7793.48 करोड़ रू0 की राजस्व प्राप्ति हुई, जबकि इसी माह में प्राप्ति 6652.20 करोड़ रू0 रही थी। वैट के अन्तर्गत माह नवम्बर, 2024 में 2685.19 करोड़ रू0 की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष माह नवम्बर, 2023 में प्राप्ति 2737.13 करोड़ रू0 रही थी। वित्त मंत्री ने बताया कि आबकारी के अन्तर्गत माह नवम्बर, 2024 में कुल 4071.27 करोड़ रू0 की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष इसी माह में प्राप्ति 3788.55 करोड़ रू0 रही थी।

# जन अभियान चलायेगा कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग निचली अदालतों के पूजा स्थल अधिनियम की अवमानना और उस पर उच्चतम न्यायालय की चुप्पी के खिलाफ शुक्रवार 6 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक जन अभियान चलाएगा। अभियान के तहत देश के मुख्य न्यायाधीश को एक लाख पत्र भेजे जाएंगे। यह जानकारी कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने दी। श्री आलम ने बताया कि वर्ष 1991 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पूजा स्थल अधिनियम बनाया था, जिसे देश के दोनों सदनों ने सर्वसम्मति से पास किया था। श्री आलम ने कहा कि जन अभियान के तहत एक लाख लोग पत्र भेज कर मुख्य न्यायाधीश से पूछेंगे कि वे कानून

**पूजा स्थल अधिनियम की अवमानना**

की अवमानना पर चुप क्यों हैं। वहीं मुसलमानों के खिलाफ राज्य प्रायोजित हिंसा पर अदालतें संविधान के आर्टिकल 32 और 226 के तहत स्वत~ संज्ञान क्यों नहीं लेती, जबकि पर्यावरण के मुद्दों पर मीडिया रिपोर्टों पर भी हस्तक्षेप करती हैं। श्री आलम ने कहा कि अभियान के तहत दलित समाज को सम्बोधित पर्चे भी बांटे जाएंगे, जिसमें अभियान को समर्थन की अपील की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज पूजा स्थल अधिनियम का उल्लंघन हो रहा है तो कल जमींदारी उन्मूलन कानून का भी उल्लंघन होगा। पुराने जमींदारों के परिजन दलितों को बांटी जमीन का कागज लेकर फिर से उस पर दावा करने लगेंगे, क्योंकि जब यह कानून बना था तो आरएसएस और जनसंघ ने इसका विरोध किया था।

# बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों पर अत्याचार निंदनीय: डॉ. अम्मार

■ आल इंडिया मायनारिटीज़ फ़ोरम की भारत सरकार एवं सयुंक्त राष्ट्र से तुरंत हस्तक्षेप की अपील



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ऑल इंडिया मायनारिटीज़ फ़ोरम फ़ार डेमोक्रेसी की एक मीटिंग फ़ोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ0 अम्मार रिज़वी, पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में फ़ोरम के लखनऊ स्थित पार्क रोड, कार्यालय पर आहुत की गयी जिसमे फोरम के लखनऊ एवं आसपास के ज़िलों के सदस्यों ने उपस्थित होकर बांग्लादेश की वर्तमान परिस्थितियों पर चिंतन किया।

फ़ोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 रिज़वी ने अपने संबोधन में कहा कि बांग्लादेश में विगत हुई राजनीतिक अशान्ति से उपजे माहौल से वहां की स्थितियॉ अत्यंत भयावह और चिन्ताजनक हो गयी हैं वहां प्रतिदिन अल्पसंख्यक समुदाय हिन्दू-ईसाइयों की जान-ओ-माल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उनके धार्मिक स्थलो को क्षति पहुंचायी जा रही है जिससे उनके दिलो मे भय व्याप्त हो गया है यह बांग्लादेश की वर्तमान अंतरिम सरकार की विफ़लता का स्पष्ट प्रमाण है।

डा0 रिज़वी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि बांग्लादेश सरकार का नियंत्रण उपद्रवियों और कट्टरपंथियों पर बिल्कुल ख़त्म हो चुका है। भारत विरोधी गतिविधियो पर डॉ0 रिज़वी ने कहा कि जब तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में चुनाव में मिली अवामी लीग की जीत को दरकिनार कर जनता पर जुल्म किये जा रहे थे तो भारत ने बांग्लादेश की अवाम को विश्व में पहचान और सम्मान दिलाया और आज भारत विरोधी प्रयासो पर वहा की अंतरिम सरकार मौन रखे है।

डा0 रिज़वी ने भारत सरकार से इस गंभीर मामले पर तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है तथा उन्होंने कहा कि वह अखिल भारतीय मायनारिटीज़ फ़ोरम की ओर से संयुक्त राष्ट्र महासचिव को पत्र लिखकर बांग्लादेश के अल्पसंख्यक विशेषकर हिन्दू भाईयो की जान-ओ-माल की सुरक्षा के लिए अनुरोध करेंगे।

डा0 रिज़वी के अभिभाषण पर सभी सदस्यो ने अपनी सहमति व्यक्त करते हुए उनको अधिकृत किया कि वह इस ज्वलंत मुद्दे पर जो संभव प्रयास हो करें। आल इंडिया मायनारिटीज़ फ़ोरम की ओर से शीघ्र ही लखनऊ जीपीओ पर स्थित महात्मा गाँधी जी की प्रतिमा पर धरना दिया जायेगा। मीटिंग मे मुख्य रूप से डा रिजवी के अतिरिक्त डा0 हारुन रिज़वी, डा ऐहतेशाम ख़ान, जमील हसन नक़वी, शहाबुद्दीन ख़ान, रवि प्रकाश यादव, जितेंद्र वर्मा, श्रीकांत दूबे, ऐजाज़ अहमद, अतीक़ अहमद अंसारी, वसीम अहमद, देवेन्द्र सिंह नारंग, इशान मसीह, मामून आलम मौजूद रहे।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने ई-गुरुकुल लॉन्च किया

■ डिजिटल रोड सेफ्टी एजुकेशन के जरिए कंपनी अगली पीढ़ी को दे रही है सुरक्षित भविष्य की राह



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपने नए डिजिटल रोड सेफ्टी लर्निंग प्लेटफॉर्म ई-गुरुकुल को लॉन्च किया है। यह मंच सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने और इसे हमारे समाज में एक स्थायी संस्कृति के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी की गरिमामयी उपस्थिति ने इसे और भी खास बना दिया। इस मौके पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इनमें विनय धींगरा (सीनियर डायरेक्टर- एचआर एंड एडमिनिस्ट्रेशन; ट्रस्टी, होंडा इंडिया फाउंडेशन) और कात्सुयुकी ओजावा (डायरेक्टर- एचआर एंड एडमिनिस्ट्रेशन) सहित अन्य प्रमुख अधिकारी शामिल थे। कार्यक्रम में राज्य सरकार के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया, जिससे यह आयोजन और प्रभावशाली बन गया। ई-गुरुकुल प्लेटफॉर्म तीन खास आयु वर्गों के लिये तैयार किए गए प्रशिक्षण मॉड्यूल्स प्रदान करता है, ताकि सड़क सुरक्षा शिक्षा के प्रति एक व्यापक दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके:

1. 5-8 वर्ष के लिये : 7 मिनट का मॉड्यूल
2. 9-15 वर्ष के लिये : 9 मिनट का मॉड्यूल
3. 16-18 वर्ष के लिये : 7 मिनट का मॉड्यूल

ई-गुरुकुल प्लेटफॉर्म को सभी के लिए सुलभ और उपयोगी बनाने के लिए इसे कन्नड़, मलयालम, हिंदी, तेलुगु, तमिल और अंग्रेजी जैसी कई भाषाओं में उपलब्ध कराया गया है। इससे यह क्षेत्रीय जरूरतों के हिसाब से प्रासंगिक बनता है और इसे सभी उम्र और स्थान के लोग आसानी से समझ सकते हैं। ई-गुरुकुल को ऑनलाइन एक्सेस करने के लिए egurukul.honda.hmsi.in पर जाया जा सकता है। यह प्लेटफॉर्म अलग-अलग शहरों और क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कई सुविधाएं प्रदान करता है। टियर-1 शहरों के लिए लाइव स्ट्रीमिंग का विकल्प है, जबकि टियर-2 शहरों के लिए डाउनलोड करने योग्य कंटेंट उपलब्ध है। इसके बहुभाषी मॉड्यूल से यह सुनिश्चित किया गया है कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी यह पहल हर किसी तक पहुंच सके।

## छात्रवृत्ति हेतु संशोधित समय-सारिणी जारी

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग ने वित्तीय वर्ष /शैक्षिक सत्र 2024-25 में दशमोत्तर कक्षाओं में अध्यननरत अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति छात्रों के लिए छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) व अन्य कार्यों हेतु संशोधित समय-सारिणी जारी कर दी है। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दशमोत्तर छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) योजना से संबंधित पाठ्यक्रमों का प्रदेश के अंदर एवं वाह्य प्रदेशों में संचालित शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डाटा बेस में सम्मिलित होने, छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन सहित अन्य समस्त कार्यवाही हेतु जारी संशोधित समय-सारिणी समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति पोर्टल पर उपलब्ध है। इस संबंध में जारी संशोधित समय-सारिणी का निदेशक, समाज कल्याण एवं निदेशक, जनजाति विकास विभाग को अपने स्तर से प्रचार-प्रसार कराते हुए वित्तीय वर्ष /शैक्षिक सत्र 2024-25 में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के दशमोत्तर कक्षाओं अध्ययनरत छात्रों के लिए छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) योजना में ऑनलाइन आवेदन से लेकर वितरण का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये हैं।

# हज प्रशिक्षकों के चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार हज यात्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु प्रशिक्षकों के चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में सचिव उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति एस0 पी0 तिवारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आनलाइन आवेदन दिनांक 04 दिसम्बर, 2024 को प्रातः 11:00 बजे आरम्भ होगा जो दिनांक 13 दिसम्बर, 2024 को रात्रि 11.59 बजे तक जारी रहेगा। ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी आफ इण्डिया की वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in पर किया जायेगा। तिवारी ने बताया कि हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा दिसम्बर, 2024 के तीसरे सप्ताह में लिखित परीक्षा ली जाएगी। प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण दिल्ली में जनवरी, 2025 के प्रथम सप्ताह में सम्भावित है। केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जाएंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। 150 हज आवेदकों पर 01 प्रशिक्षक का चयन किया जायेगा। समस्त जिलों से प्रशिक्षकों का प्रतिनिधित्व हो। किसी जनपद में 150 हज आवेदकों से कम संख्या होने पर भी 01 प्रशिक्षक का चयन किया जायेगा। पूर्व प्रशिक्षक जिनको पिछला अनुभव है व पर्याप्त ज्ञान हो का चयन किया जाएगा। गत वर्षो में जिनका बार-बार चयन हुआ है परन्तु उनके द्वारा निराशाजनक प्रदर्शन किया गया है उनका चयन नहीं किया जाएगा। प्रशिक्षक के रुप में शिक्षित, ईमानदार, कुशल, मेहनती और मृदुभाषी व्यक्तियों का चयन किया जाए।